देवता नैव मन्यंते राज्यं च तस्करैर्हतम्।।

वर्ष नाम कार्तिक का फल- वर्ष नाम कार्तिक होने पर लोग नास्तिक होंगे, सत्कर्मों से विरत रहकर, देवपूजा से विमुख रहेंगे। एवं चोरों तस्करों एवं अपराधी तत्वों से लोग पीड़ित होंगे।

विशेष- राजा (राष्ट्रपति), मंत्री (प्रधानमंत्री), सस्येश (वर्षा ऋतु की फसलों का स्वामी), धान्येश (शरद् ऋतु की फसलों का स्वामी), मेघेश (मेघ का स्वामी), रसेश (रस पदार्थों का स्वामी), नीरसेश (धातु वस्त्रादि का स्वामी), फलेश (सम्पूर्ण फलों का स्वामी), धनेश (धन एवं कोष का स्वामी), दुर्गेष (रक्षामंत्री एवं सेनानायक)। यद्यपि इन दशाधिकारियों का फल सर्वत्र होता है तथापि राजा के विशेष फल का प्रभाव काश्मीर और अफगानिस्तान में, मंत्री का फल मालवा प्रान्त में, सस्येश का फल विदर्भ और पौंड्र देश में, धान्येश का नर्मदा नदी के तटवर्ती क्षेत्र तथा मध्यप्रदेश में, मेघेश का मगध देश में, रसेश का कोंकण और गोवा में एवं नीरसेश का फल उज्जैन, इन्दौर, मालवा आदि में एवं धनेश और दुर्गेश का फल सर्वत्र होता है।

संवर्त् चर्तुमेघ- इस वर्ष आवर्तादिक चर्तुमेघों में 'संवर्तनाम' का चर्तुमेघ होने से पर्याप्त वर्षा होगी। कहीं अतिवृष्टि से हानि भी होगी। नवमेघों में पुष्कर नाम का अन्य प्रकार से नील नाम का मेघ होने से वर्षा मध्यम होगी। कहीं अल्प वृष्टि भी हो। इस वर्ष द्वादश नागों में वासुकि संज्ञक नाग है अतः कृषि की उपज उत्तम हो एवं वर्षा पर्याप्त होगी। चर्तुवायु में प्रचण्ड नामक वायु होने से नामानुरूप कहीं आंधी व तेज तूफान से हानि होगी।

समय निवास- समय निवास रजक (धोबी) के घर में होने से जल पर्याप्त होगा

रोहिणी निवास- रोहिणी निवास इस वर्ष 'तट' पर है। "तटे वृष्टिः सुशोभना।" अतः समयानुकूल पर्याप्त वर्षा होगी। परिणामस्वरूप धान्यादि का उत्पादन अच्छा होगा। कृषि के विकास कार्यक्रम सफल होंगे।

वर्ष आदि के विश्वामान- वर्षा ७, धान्य ७, तृण ९, शीत १५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा १५, तृषा ९, निद्रा ७, आलस्य ११ उद्यम ११, शान्ति ७, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ११, उग्रत्व ७, पाप ३, पुण्य ५, व्याधि १, व्याधिनाश १३, आचार ११, अनाचार १५, मृत्यु ११, जन्म १, देशोपद्रव ५, देशस्वास्थ्य ९, चौर १५, चौरनाश ७, अग्नि ३, अग्निशान्त ५, उद्भिज ११, जरायुज ३, अंडज ९, स्वेदज ५, शलभा १५, शुक १७, मूषक १७, सोना ९, तांबा ३, स्वचक्र १५, परचक्र १७, वृष्टि १९, वृष्टि नाश ९।

वर्षस्तम्भ चतुष्टय विचार- इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का योग ५२ प्रतिशत होने से जल स्तम्भ लगभग आधा है। वर्षा सामान्य होगी। वैशाख

शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का योग ७० प्रतिशत के आसन्न है, तृण स्तम्भ पौना बना है। पशुओं के लिए घास चारा पर्याप्त मात्रा में उत्पन्न होगा। घी, दूध का उत्पादन पर्याप्त होगा। ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र का योगाभाव होने से वायुस्तम्भ का अभाव है। अत: गर्मी अधिक पड़ेगी तथा कुछ स्थानों में तापमान अत्यधिक बढ़ेगा जिससे लोग व्याकुल होंगे। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुर्नवसु नक्षत्र का योग नहीं है। अत: अन्न स्तम्भ का अभाव है। जिससे सरकार की दोषपूर्ण नीति से कृषकों को हानि होगी। जनता में अन्न की कमी के कारण व्यापक असन्तोष होगा। जन असन्तोष शासन की शिरोवेदना का कारण बनेगा।

गुरु चार- १६ जून सन् २००१ ईस्वी को घं. ७ मि. २६ पर गुरु वृष राशि से मिथुन राशि में संक्रमण करेगा। गुरु प्राय: एक राशि में एक वर्ष तक रहता है। भिन्नभिन्न राशि वालों पर वृष एवं मिथुन के गुरु का फल नीचे दिया गया है-

वृष राशि के गुरु का फल

राशि	मेष	वृष	मिथु.	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धनलाभ	भय	पीड़ा-रोग	धनलाभ	धनहानि	सुखवृद्धि	पीड़ा,हानि	यशोवृद्धि	दुःख	सुख वृद्धि	लाभ	अशान्ति

मिथुन राशि के गुरु का फल

राशि	मेष	वृष	मिथु.	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	अशान्ति	धनलाभ	भय	पीड़ा-रोग	धनलाभ	धनहानि	सुखवृद्धि	पीड़ा हानि	यशोवृद्धि	दुःख	सुखवृद्धि	लाभ

शनि की दृष्टि- इस वर्ष शनि की दृष्टि पूर्व दिशा में है क्योंकि शनि वृष राशि में संचार कर रहा है। अत: भारत के पूर्वी भागों में प्राकृतिक प्रकोप, जलप्लावन, हिंसा, महामारी, अराजकता, आतंकवादी गतिविधियों, बम्बविस्फोटों से व्यापक क्षति होगी तथा कृषि को हानि पहुंचेगी।

शनिचार का फल- संवत् २०५८ में शनि वर्ष वृष राशि में ही रहेगा। वृष राशि में रहते हुए शनि की ढैय्या व साढ़ेसाती का फल जिन-जिन राशियों पर होगा। उसका फल नीचे दिया गया है।

शनि का प्रत्येक राशि पर संक्रमण या भ्रमण काल अढाई वर्ष हैं फलत: जिस राशि पर शनि होता है, उस राशि से एक राशि आगे और एक राशि पीछे और उस राशि के, ऐसे कुल साढ़े सात वर्ष की शनि की भ्रमणकाल की समयावधि को साढ़ेसाती

वृष राशि के शनि का फल

राशि	ढैय्या या साढ़े साती	अंग	प्रवेश या निर्गम	पाद	फल
मेष	साढ़े साती	पैर	निर्गम	लौह	धन हानि, शारीरिक पीड़ा, रोग
वृष	साढ़े साती	हृदय	— —	ताम्र	सामान्य फल
मिथुन	साढ़ेसाती	शिर	प्रवेश	रजत	भाग्योदय, सम्पत्ति लाभ,
तुला	ढैय्या	-	— —	ताम्र	सम्मान सामान्य शुभ फल,
कुम्भ	ढैय्या	-	— —	सुवर्ण	सुख, सम्पत्ति, भाग्योदय

कहते हैं। शनि अपनी इस साढ़ेसाती के काल में, किसी जातक को लगने में, किसी को उतरने में, किसी को मध्य में अशुभ होता है।

साढ़ेसाती में शनि का अरिष्ट फल प्रत्येक राशि के लिए इस प्रकार है- मेष राशि के व्यक्तियों को मध्य के अढाई वर्ष अशुभ, वृष को प्रथम अढाई वर्ष, मिथुन को अंत के अढाई वर्ष और कर्क को मध्य के अढाई वर्ष अशुभ हैं। सिंह को पहले पांच वर्ष, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। कन्या को प्रथम पांच वर्ष, उसमें भी बीच के अढाई वर्ष विशेष अशुभ और तुला को अंत के अढाई वर्ष विशेष अनिष्ट कारक हैं। वृश्चिक को अन्तिम पांच वर्ष अशुभ, उसमें भी बीच के अढाई वर्ष विशेष नेष्ट हैं। धनु को आरंभ के अढाई वर्ष, मकर को प्रथम पांच वर्ष, उसमें भी पहले के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। कुम्भ को आरंभ और अंत के पांच वर्ष, उस कालावधि में अंत के अढाई वर्ष अधिक नेष्ट हैं। मीन को पूरे साढ़ेसात वर्ष उसमें भी अन्तिम अढाई वर्ष विशेष अशुभ फलदायक होते हैं।

जिनकी कुंडली में शनि शुभ फलप्रद हो तथा दशान्तर्दशा भी शुभ चल रही हो उनके लिए शनि का अशुभ फल कम होगा। जन्मकुंडली में चन्द्र शनि अशुभ ग्रहों से युक्त अशुभ स्थानों में हों तो साढ़ेसाती और ढैय्या चिन्ता, पीड़ा, धन-हानि, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, कलह पशु पीड़ा, धन खर्चा एवं हानि आदि नेष्ट फलप्रद होती है। शनि के अनिष्ट फल निवारणार्थ तैल-छायापात्र का दान, शनि मंत्र का जप, दशांश हवन व श्रीहनुमानजी की पूजा, अभिषेक, तैलयुक्त सिन्दूर समर्पण कर भक्तिपूर्वक शनिवार का व्रत, सप्तधान्य दान, प्रात: शनिवार को पीपल का पूजन करने से शनि का अनिष्ट फल निवृत होता है। साढ़ेसाती, ढैय्या का विचार जन्मकालीन स्पष्ट चन्द्रमा के अंशों से करना चाहिए। केवल राशि से साढ़ेसाती का विचार स्थूल है।

राहु चार का फल- १६ फरवरी सन् २००२ ईस्वी को रात्रि १२ बजकर ४२ मिनट

पर राहु वक्र गति द्वारा मिथुन राशि को छोड़कर वृष राशि में प्रवेश करेगा। विभिन्न राशियों पर इसका प्रभाव निम्नवत् होगा-


मिथुन राशि के राहु का फल

राशि	मेष	वृष	मिथु.	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धन लाभ	धन हानि	हानि	दुःख	शुभ	शत्रु वृद्धि	कष्ट	कष्ट	अशान्ति	धन लाभ	शोक	शत्रु वृद्धि

वृष राशि के राहु का फल


राशि	मेष	वृष	मिथु.	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धन हानि	हानि	शोक	धनलाभ	शत्रुवृद्धि	दुःख	कष्ट	अशान्ति	धनलाभ	दुःख	कृतता	धनलाभ

आर्द्रा प्रवेश लग्न




आर्द्रा प्रवेश- २१ जून रात्रि घं. २६ मि. ४२ सन् २००१ ई. आषाढ़ कृष्ण अमावस्या गुरुवार को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में मेष लग्न के समय प्रवेश करेगा। लग्न में शुक्र स्थित होकर सप्तम स्थान को पूर्ण दृष्टि से देखरहा है। अतः भारत में पूर्व एवं पश्चिमी भागों में वर्षा पर्याप्त होगी। दशम स्थान का अधिपति शनि बुध के साथ स्थित है अतः दक्षिणी भागों में तेज हवाओं एवं चक्रवात आने से जन धन की हानि होगी। लग्नेश का अष्टमस्थ होना हानि को बढ़ाने वाला है। चतुर्थ भाव में जलचर राशि स्थिति है एवं इस राशि का अधिपति शुभ एवं पाप ग्रहों के साथ है अतः अतिवर्षण; अल्पवर्षण एवं पर्याप्त वर्षा उत्तर के भागों में अलग-अलग स्थानों पर होगी।

शारदीय सस्य कुंडली



शारदीय सस्य- दिनांक १४ मई सोमवार को रात्रि ८ बजकर ३५ निट पर सूर्य वृष राशि में प्रवेश करेगा। लग्नाधिप शुक्र उच्च का रोगाधिप भी होकर लाभस्थ है एवं द्वितीय भाव में राहु स्थित होकर अष्टमस्थ भौम से भी दृष्ट होने के कारण शारदीय फसलों की कीट एवं रोगों प्राकृतिक प्रकोपों से बहुत हानि होने का योग है। लग्न में पाप ग्रह के साथ शुभ ग्रह भी स्थिति है जिससे धान्यों की हानि के साथ धान्यों की निष्पति भी होगी। केन्द्र में चतुग्रही योग कहीं बाढ़ जलप्लावन तूफान ओलावृष्टि से फसल की भारी तबाही करेगा। फलस्वरूप कुछ भागों में अन्न की भारी कमी होगी एवं खाद्यान्न की आपूर्ति करने के लिए विशेष व्यवस्था की आवश्यकता समझी जायेगी।

ग्रीष्म सस्य कुंडली




ग्रीष्मसस्य- दिनांक १६ नवम्बर शुक्रवार सन् २००१ ई. को दिन में ९ बजकर ५६ मिनट पर सूर्य वृश्चिक राशि में प्रवेश करेगा। केन्द्र में चन्द्रमा नीच का हीन बली है क्योंकि सूर्य के सान्निध्य में है तथा शनि से पूर्ण दृष्ट है तथा शनि केन्द्र में भी है अतः केन्द्र स्थान पाप ग्रह के प्रभाव में है जिससे ग्रीष्म ऋतु के धान्यों की प्राकृतिक प्रकोपों कीटों, रोगों असमयवर्षण, ओलावृष्टि आदि से हानि होगी। सूर्य से द्वादश भाव में बुध एवं शुक्र शुभ ग्रहों के भी स्थित होने से ग्रीष्म धान्यों की पैदावार प्राकृतिक प्रकोपों के होने पर भी पर्याप्त होगी।

"अर्कात्सिते द्वितीये बुधेऽथवा युगपदेव व वा स्थितयोः।
व्ययगतयोरपि तद्वन्निष्पत्तिरतीव गुरुदृष्टया"

जहाँ एक ओर लग्नाधिप मंगल उच्चस्थ होने से धान्यों की निष्पति बढ़ाने वाला है तो दूसरी ओर सप्तमस्थ शनि धान्य की उत्तम पैदावार को नष्ट करने वाला भी है "पापः सप्तमराशौ जातं जातं विनाशयति" इसी प्रकार द्वितीय भाव पर केतु की स्थिति एवं उस पर अष्टमस्थ गुरु की सप्तम दृष्टि कुछ भागों में पहली बुवाई की पौध की नष्ट कर दुबारा बीज बोने को बाध्य करेगी तथा धान्य की निष्पति पर्याप्त होगी।


यूरोपीय राष्ट्र-दिनांक १ जनवरी का प्रवेश कन्या लग्न के समय हो रहा है। वर्ष प्रवेश के समय लग्नाधिपति चतुर्थ भावस्थ होकर सूर्य एवं केतु के साथ है। लग्नाधिप एक ओर तो केतु के साथ अंशों की निकटता लिये हुये है तो दूसरी ओर वह सूर्य के सानिध्य से अस्त हो रहा है जिससे यूरोप के कुछ देश इस वर्ष समस्या ग्रस्त होंगे, क्योंकि लग्नाधिप अस्त है अतः समस्या गम्भीर प्रकार की होगी जिससे भारी अशान्ति का वातावरणा बनेगा तथा भय व्याप्त होगा। कुटुम्बाधिपति छठे भाव में स्थित है एवं अष्टमाधिपति कुटुम्बभाव में स्थित हो गया है जिससे यूरोप के कुछ भाग युद्ध या किसी अन्य प्राकृतिक आपदा या आतंकवाद से बहुत अधिक

यूरोपीय राष्ट्रों की कुंडली १/१/२००१
(रात्रि घं. ० मि. ०)



प्रभावित होंगे जिससे जन धन की भारी हानि एवं लोगों का पलायन भी सुरक्षा की दृष्टि से होगा क्योंकि शनि-मंगल का षडष्टक योग भी विद्यमान है अतः यूरोपीय देशों में भारी अशान्ति का वातावरण रहेगा तथा शान्ति के प्रयास सफल नहीं होंगे। कुछ देशों की आर्थिक स्थित डांवाडोल होगी। एवं व्यापारिक हितों को क्षति पहुंचेगी। तृतीयेश द्वितीय भाव में स्थित है, तथा शनि से षडष्टक बना रहा है जिससे कुछ पड़ौसी देशों से संबंध गम्भीर स्तर तक बिगड़ेंगे तथा कुछ बड़ी विमान दुर्घटना, बम्बविस्फोट, अग्निकांड आतंकवादी कार्यवाही का प्रभाव बढ़ेगा। जिससे चिन्ता एवं भय व्याप्त होगा। चतुर्थ भाव का अधिपति नवम में स्थित है तथा विपरीत प्रकृति के ग्रह के साथ स्थित है अतः राजनीतिक दृष्टि से कहीं आन्तरिक टकराव सत्तासंघर्ष एवं राजनीतिक अस्थिरता जन्म लेगी। पंचमेश षष्ठेश एक ही ग्रह के होने से शासन तन्त्र की विचार धारा दूषित होगी तथा बच्चों के प्रति अपराधों की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी एवं बाल शोषण की घटनायें चिन्ता का कारण बनेंगी तथा बालरोग भी इस वर्ष अधिक होंगे। सप्तमाधिप के नवमस्थ होने से व्यापारिक दृष्टि से यथा स्थिति बनी रहेगी। शनि के प्रभाववश कुछ देशों के व्यापारिक हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। द्वादशेश के चतुर्थस्थ होने एवं लाभेश के छठे भाव में होने से कुछ यूरोपीय देश आर्थिक दृष्टि से संकटापन्न होंगे एवं अपने यहाँ राजनीतिक स्थिरता बनाये रखने के लिए कड़े प्रयास करने पड़ेंगे।

मुस्लिम राष्ट्रों की कुं.



मुस्लिम राष्ट्र-दिनांक २६ मार्च २००१ ई. को सूर्यास्त समय कन्या लग्न के समय चन्द्रदर्शन होगा। लग्नाधिप बुध छठे स्थान में स्थित है तथा उस पर शनि की दशम दृष्टि एवं भौम की भी अष्टमेश होकर पूर्ण दृष्टि होने से लग्न अत्यधिक पीड़ित हो गया है जिससे यह वर्ष मुस्लिम राष्ट्रों के लिए शुभ नहीं है। गुरु की लग्न पर पूर्ण पंचम दृष्टि कुप्रभाव को कुछ कम करने वाली है। तृतीयाधिपति के अष्टमाधिपति भी होने से कुछ राष्ट्रों में आन्तरिक सत्ता संघर्ष एवं रक्तपात होगा तथा भय व्याप्त होगा। किसी राष्ट्र का पड़ौसी राष्ट्र से सैनिक टकराव उग्ररूप धारण कर ले तो कोई आश्चर्य नहीं तथा परिणाम स्वरूप व्यापक जनधन हानि होगी क्योंकि पड़ोसी देश का प्रतिनिधिग्रह शनि के साथ समसप्तक योग भी बना रहा है शनि शत्रु स्थान का प्रतिनिधि होकर पड़ौसी देश के प्रतिनिधि ग्रह से पूर्ण दृष्टि संबंध बना रहा है। केवल गुरु ही लग्न व तृतीय भाव को देखकर स्थिति को सम्भालने का प्रयास कर रहा है कुटुम्बाधिपति शुक्र जो कि स्वयं उच्च का होकर सप्तमस्थ है द्वादशेश सूर्य के साथ अंशों की निकटता लिए हुए होकर वृद्धत्व को प्राप्त होकर निष्क्रियता की ओर अग्रसर है अतः मुस्लिम राष्ट्रों की प्रगति में बाधक बन गया है तथा कुछ राष्ट्रों की आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव शुक्र वशात् पड़ेगा। चतुर्थ स्थान में केतु की स्थिति भी चिन्ता व भय बढ़ाने वाली है। पंचमेश शनि त्रिकोण में स्थित होकर शुभ ग्रह गुरु के साथ स्थित है किन्तु भौम से दृष्ट होने के कारण युद्ध प्रिय नीति पर चलने को बाध्य कर रहा है। अतः मुस्लिम राष्ट्र किसी समस्या विशेष को सुलझाने में अड़ियल रवैया अपनायेंगे। जिसके परिणाम आगे सुखद नहीं होंगे एवं विश्व शान्ति के प्रयास विफल होंगे। सप्तमाधिप के शत्रु राशि में स्थित होने से मुस्लिम राष्ट्रों की विदेश नीति त्रुटिपूर्ण होगी। सूर्य के द्वादशेश होकर सप्तमस्थ होने से व्यापारिक हितों को आघात पहुंचेगा तथा दशम स्थान में राहु की स्थिति तथा दशमेश का छठा होना कुछ शासकों को पदच्युत करेगा एवं सत्तासंघर्ष बढ़ायेगा। संघट्ट चक्र में टकराव का पूर्ण योग न बनने के कारण शान्ति प्रयासों को बल मिलने की भी कुछ सम्भावना है।

विंशोत्तरी मत से आय व्यय चक्र

राशि	मेष	वृष	मिथु.	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	११	५	११	५	८	११	५	११	८	२	२	८
व्यय	१४	८	५	२	१४	५	८	१४	५	८	८	५

योगिनी मत से आय व्यय चक्र

राशि	मेष	वृष	मिथु.	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृशि.	धनु.	मक.	कुम्भ	मीन
आय	१४	८	११	५	८	११	८	१४	२	५	५	२
व्यय	२	११	८	८	२	८	११	२	११	५	५	११

आय-व्यय देखने की विधि- आय-व्यय के दोनों अंकों को जोड़कर एक घटावें और आठ का भाग देकर यदि १, २, ६, ७, शेष रहें तो उस वर्ष में अच्छा लाभ होगा और यदि ३, ४, ५, ० शेष रहें तो लाभ कम खर्च अधिक होगा तथा अनेक प्रकार की चिन्ताएं उपस्थित होंगी।

जगल्लग्न से व्यक्तिगत फल विचार- जन्म कुण्डली में लग्न बलवान हो तो लग्न से और चंद्रमा बलवान हो तो जन्म राशि से जगल्लग्न जिस स्थान से आये वह भाव स्वस्वामी शुभ ग्रहों से युक्त दृष्ट बलवान हो तो उस भाव की वृद्धि होती है। यदि वह भाव पाप ग्रहों से युक्त दृष्ट हो तो उस भाव की हानि होती है। जन्म राशि और अपने वर्ष प्रवेश लग्न से यदि वर्षेश लग्न (जगल्लग्न) आठवें बारहवें हो तो उस व्यक्ति के लिए वह वर्ष शुभ लाभ फल प्रद नहीं होता।

दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र



पं० हरदेव शर्मा त्रिवेदी

संवत् २०५८ वि. (सन् २००१-२००२ ई.) की ग्रह परिषद् का विचार

संसार की राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक स्थिति का दिग्दर्शन

दिग्दर्शक- सुधाकर शर्मा त्रिवेदी, सोलन (हि.प्र.)

श्री विनोद बिजल्वाण, ऋषिकेश (उ.प्र.)

- विश्व में अशान्ति व्यापेगी, प्राकृतिक प्रकोपों, क्षेत्रीय विवादों, हिंसा, सशस्त्र संघर्ष, विग्रह से व्यापक क्षति के संकेत हैं।
- धार्मिक कट्टरवाद उलझनपूर्ण समस्याओं का सृजन करेगा। कृषि उपज की हानि अन्न संकट का कारण बनेगी।
- आन्तरिक व बाह्य शत्रु प्रधान शासक की शिरोवेदना का कारण बनेंगे। सत्ता संचालन का मार्ग अधिकाधिक कंटकाकीर्ण होगा।
- शासन की आर्थिक नीति से जन असंतोष भड़केगा। रुपये की क्रयशक्ति ह्रासमान तथा मंहगाई की सुरसा विशाल रूप लेगी।
- पड़ौसी शत्रु देश द्वारा प्रायोजित आतंकवाद व्यापक रक्तपात का जनक बनेगा। जनता त्रस्त होगी।
- सड़क, रेल, यान दुर्घटनाओं, अग्निकांडों, बम विस्फोटों से भयंकर जनधन की क्षति।
- आगामी वर्षों में यदि सरकार निष्क्रिय रही तो बरोजगारी, सामाजिक विघटन, असन्तोष की जनक बनेगी।
- औषधि विज्ञान, आयुर्विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिकों को विशेष उपलब्धि प्राप्त होने के योगायोग।
- राजकोष का बड़ा भाग विकासेतर कार्यों में व्यय होने से योजना व्यय में कटौती के लिए शासन विवश।
- संसद में सरकार तथा विपक्ष में टकराव, तीव्र वाक्युद्ध से शासनाध्यक्ष की शिरोवेदना में वृद्धि व सरकार को अस्थिर करने के गम्भीर प्रयास होंगे।
- विश्व में भारत की प्रतिष्ठा तथा गौरव बढ़ेगा।
- वर्तमान प्रधानमन्त्री पाँच वर्ष के पूर्ण काल तक सत्तारूढ़ नहीं रह पायेंगे।
- कुछ महत्व के संविधान संशोधन तथा नये कानून बनेंगे। महिलाओं के प्रभाव में वृद्धि के संकेत।


स्वतन्त्रता का ५४वाँ वर्ष

इस वर्ष वृश्चिक लग्न के समय ५४वाँ वर्ष आरम्भ हो रहा है। वर्ष लग्न के फलित विश्लेषण में मुंथा का विशेष महत्त्व माना गया है। इस वर्ष मुंथा वर्ष लग्न से द्वादश भाव में स्थित है। द्वादश भावस्थ मुंथा का फल ताजिक शास्त्र में इस प्रकार कहा है-


"व्ययोधिको दुष्ट जनैश्च संगो रुजातनौ विक्रमतोप्यसिद्धिः।
धर्मार्थहानिर्मुथहा व्ययस्था यदा तदास्या ज्जनतोऽपिवैरम्।।"

अर्थात् व्यय की अधिकता हो एवं दुष्ट मनुष्यों की संगति मिले शरीर में रोग हो एवं परिश्रम का फल न मिले, धर्म एवं धन की हानि हो एवं सज्जनों से दूरी बढ़े। किसी राष्ट्र के सन्दर्भ में लगभग यही रूप फलितार्थ होता है अतः मुंथा की स्थिति के फलस्वरूप आन्तरिक समस्यायें अधिक होंगी, राजकोष की स्थिति संतोष जनक नहीं होगी, योजना व्यय में कटौती करनी पड़ेगी, पड़ौसी देशों का व्यवहार शत्रुतापूर्ण होगा एवं योजना व्ययों में अनुमान से अधिक खर्चा होगा तथा रोगों, प्राकृनिक प्रकोपों एवं आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि होगी फलस्वरूप अपव्यय की अधिकता होगी। धन भाव में केतु की स्थिति तथा अष्टम में राहु की स्थिति भी प्रतिकूल फल देने वाली ही है क्योंकि द्वितीयेश शत्रु राशि का बैठा है तथा अष्टमेश सूर्य के सानिध्य से अस्त है। लग्नाधिप भी नीच का होकर बलहीन है। अतः यह वर्ष समस्याओं से घिरा हुआ होगा। जन्मकालिक दशाओं का अवलोकन करें तो भी स्थिति प्रतिकूल ही दिखाई दे रही है। सन् १९८९ से विंशोत्तरी में शुक्र की महादशा चल रही है तथा शुक्र शत्रु स्थान का अधिपति भी है जिससे यह पूरी अवधि, शत्रु से पीड़ा आतंकवाद के रूप में दे रही है। वर्तमान में गुरु की अन्तर्दशा अष्टमेश की होने से जनता के लिए कष्टदायी ही है। अष्टमेश का छठा होना कष्टकारक माना जाता है। शुक्र जिसकी महादशा चल रही है सूर्य के साथ होने से अस्त है। अतः यह वर्ष आर्थिक दृष्टि से विषम स्थिति वाला ही है क्योंकि राजकोष का स्वामी भी अस्त है, धन स्थान भी केतु युक्त है एवं मुंथा तो बारहवें भाव में स्थित है ही अतः जनता को मंहगाई, बेरोजगारी एवं आतंकवाद की मार झेलनी पड़ेगी। दशम भाव में द्वादशाधिपति शुक्र की स्थिति संसद में सरकार को प्रबल विरोध का सामना कराकर विचित्र स्थिति में डालेंगी। विरोधी पक्ष मजबूत होगा क्यों कि विरोधी पक्ष का प्रतिनिधि

स्वतन्त्रता का ५४ वाँ वर्ष




स्वतन्त्र भारत की कुंडली



ग्रह मित्र राशि में बैठा है एवं तृतीय दृष्टि से सत्ता पक्ष के ग्रह को हानि पहुंचा रहा है तथा सत्तापक्ष का स्वामी चर राशि में भी है अतः सत्ता पक्ष को सत्ता में बने रहने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा। निष्कर्ष रूप में यह वर्ष सरकार के लिए भारी विरोधवाला एवं बहुत विपरीत स्थिति वाला होगा। क्योंकि सत्ता पक्ष का प्रतिनिधि ग्रह शत्रु भाव के स्वामी एवं अष्टम् भाव के स्वामी के साथ स्थित हो गया है। एवं राज्येश शनि से भी दृष्ट हो गया है अतः यह ग्रह स्थिति सत्तापक्ष के परिवर्तन का भी संकेत दे रही है। कर्म की प्रधानता सर्वत्र है अतः यदि सत्तापक्ष को सत्तारुढ़ रहना है तो बाधक ग्रहों के निवारणार्थ उनसे सम्बंधित कर्म मंहगाई, बेरोजगारी एवं आतंकवाद से जनता को छुटकारा दिलाने हेतु दृढ़ प्रतिज्ञ होकर सरकार को कार्य करना होगा।


भारतीय गणतन्त्र का ५२ वाँ वर्ष

शुक्रवार २६ जनवरी सन् २००१ ई. को दिन में १२ बजकर ०५ मिनट पर मेष लग्न में भारतीय गणतन्त्र के ५२ वें वर्ष का प्रवेश होगा। **गणतंत्र के ५२ वें वर्ष की कुं**



इस वर्ष मुंथा तृतीया भावस्थ है। ताजिक शास्त्र में तृतीयस्थ मुंथा का फल शुभ लिखा है। साथ ही यह भी लिखा है कि अपने पराक्रम से यश, धन व सुख प्राप्त हो। अर्थात पराक्रम की आवश्यकता है अतः स्पष्ट है कि शत्रु बाधा रहेगी। वैसे भी जो ग्रह तृतीयेश है वही षष्ठेश भी है अतः पड़ौसी राष्ट्र शत्रुवत कार्यवाही करता रहेगा तथा आतंकवाद को बढ़ावा देकर अशान्ति उत्पन्न कर राष्ट्र की प्रगति में बाधा उत्पन्न करेगा। जो ग्रह लग्न का अधिपति है वही ग्रह अष्टम स्थान का भी अधिपति है जिससे लग्न पीड़ित हो गया है अतः आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि होगी, बम्ब विस्फोट, अग्निकाण्ड एवं दुर्घटनाओं में वृद्धि से लोगों में भय व्याप्त होगा। तृतीयेश तथा शत्रु स्थान का अधिपति जो कि मुंथा का भी अधिपति है कुटुम्ब भावस्थ शनि से दृष्ट होने से मिश्रित फलदायक है। कुटुम्ब स्थान में गुरु एवं शनि स्थित हैं कुटुम्बेश लाभस्थ है। कुटुम्ब स्थान में दो विपरीत प्रकृति के ग्रहों के होने से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में बाधा उत्पन्न होगी। कुटुम्ब स्थान अष्टमेश द्वारा दृष्ट होने से कहीं जातीय हिंसा से भारी रक्तपात भी सम्भव है। इसका दूसरा अर्थ यह भी है कि आतंकवादी गतिविधियों, अग्निकाण्ड, बम्बविस्फोट, दुर्घटनाओं से लोगों में भयव्याप्त हो एवं अशान्ति का वातावरण बढ़े। कुटुम्बेश के लाभस्थ होने से यह भी

भारतीय गणतन्त्र की कुं.



अभिप्राय है कि जनता पर करों का भार बढ़ेगा अर्थात् शासन जनता पर कर लगाकर अपनी (राष्ट्र की) आय बढ़ायेगा जिसके फलस्वरूप विरोध-प्रदर्शन होंगे एवं अशान्ति बढ़ेगी। चतुर्थ भाव जो कि सुख शान्ति कृषि, कृषि योग्य भूमि, एवं सम्पत्ति को दर्शाता है, की स्थिति भी सन्तोष जनक नहीं है क्योंकि शनि की तृतीय दृष्टि चतुर्थ भाव पर है यद्यपि तृतीय भाव पर गुप्त मित्र दृष्टि है किंतु इसी नियम से चतुर्थेश पर शत्रु दृष्टि होने से अशान्ति का वातावरण बनेगा। कुछ भागों में कृषि की भारी हानि प्राकृतिक कारणों से होगी। तथा कृषि योग्य भूमि तथा रिहायशी भूमि की भी प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी। तृतीय स्थान पर शनि की दृष्टि लोगों के किसी स्थान विशेष से प्राकृतिक प्रकोप के कारण पलायन का संकेत भी कर रही है। पंचम भाव से मूल रूप से शिक्षा का स्तर व शासन तन्त्र की विचार धारा का पता चलता है। पंचमाधिप शत्रु राशि में स्थित है शुभ ग्रहों बुध-शुक्र चन्द्र से दृष्ट होने से मिश्रित प्रभाव पड़ रहा है। पंचमेश की स्थिति शासन तन्त्र की विचार धारा पर विपरीत प्रभाव डालेगी जिससे सही लाभप्रद व सामाजिक उत्थान की योजनाओं का क्रियान्वयन त्रुटिपूर्ण होगा। शुभ ग्रहों से दृष्ट होने के कारण बालक-बालिकाओं के लिए तथा शिक्षा के लिए कुछ नवीन योजनाएं सामने आयेंगी। परिवार कल्याण के कार्यक्रमों पर जोर दिया जायेगा किन्तु उसका क्रियान्वयन ठीक प्रकार से नहीं होगा। षष्ठेश की लाभ स्थान में स्थिति बाल रोगों की ओर संकेत दे रही है। क्योंकि छठा भाव रोग एवं शत्रु का संकेत करता है अत: बुध बालकों को विशेष प्रकार से रोगों से पीड़ित करेगा। कहीं बाल रोग महामारी का रूप ले ले तो कोई आश्चर्य नहीं। शत्रु कृत बाधा तो प्रारम्भ से ही है तथा शत्रु भाव का अधिपति शत्रु से समस्यायें भी उत्पन्न करायेगा। प्रादेशिक विवाद भी उत्पन्न करेगा। सप्तम भाव विदेशों से सम्बन्ध, विदेश व्यापार, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को दर्शाता है। जहां एक ओर सप्तमेश लाभस्थ होने से शुभ संकेत दे रहा है वहीं अष्टमेश की सप्तम भाव में स्थिति अशुभ संकेत भी दे रही है। जहां कुछ क्षेत्रों में विदेश व्यापार के नये अवसर प्राप्त होंगे वहीं कुछ क्षेत्रों में मंगल के कारण विदेश व्यापार पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इसी प्रकार कुछ राष्ट्रों से अन्तर्राष्ट्रीय संबंध बहुत अच्छे होंगे तो कुछ से संबंधों में विशेष अवरोध होगा। इस वर्ष तलाकों में विशेष वृद्धि होगी। यहाँ गणतन्त्र की कुण्डली का विश्लेषण सामान्य दृष्टि से किया गया है विशेष प्रभाव वर्ष प्रवेश चक्र का ही पड़ता है। राज्येश लाभेश धर्मेश के द्वितीयस्थ होने से कुछ समस्यायें राज्यकार्य संचालन में प्रधानशासक के सामने आयेंगी। क्योंकि गुरु जो कि धर्मेश है कर्मेश से स्वभाव में एकदम भिन्नता लिए हुए है। तथा धर्म स्थान में केतु की स्थिति कुछ व्यवधान का संकेत भी कर रही है। भारतीय गणतन्त्र की जन्मकालीन कुण्डली के अनुसार अभी राहु की महादशा चल रही है। राहु लग्नस्थ होने से विभिन्न प्रकार की समस्यायें उत्पन्न करने वाला है जनता में अशान्ति, अत्याचारों व अन्याय में वृद्धि चोरी, डकैती व हत्याओं में वृद्धि राहु के लग्नस्थ होने से हो रही है। शनि का अन्तर वर्तमान में चल रहा है। शनि के छठे भाव में होने से शत्रु कृत बाधा सन् २००१ ई. के मध्य तक विशेष रहेगी। यही शनि शत्रु को अपनी दृष्टि से निर्बल करेगा। व्यय भाव पर स्वगृही पूर्ण दृष्टि योजनाओं में अपव्यय को बढ़ाने वाली है साथ ही आय का स्वामी भी होने से राजकोष पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अत: योजना व्यय में कटौती एवं वित्तीय अनुशासन ही एक मात्र विकल्प है।

ज्योतिष एक विज्ञान है

विगत ५६ वर्षों से इस पंचांग में यह स्तम्भ लिखा जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन अनुशीलन करके देश-विदेश के संबंध में जो भी भविष्यवाणी की गयी हैं, वे अधिकांश में सत्य सिद्ध हुई हैं। इसके साक्षी "श्रीविश्वविजयपंचांग" के विज्ञ वाचकवृंद दे रहे हैं। दैवज्ञ ने कभी यह अभिमान नहीं किया कि जो कुछ भविष्यवाणी वह करता है वह शत-प्रतिशत सही होती है। जहां राज्याश्रय प्राप्त एलौपैथी डाक्टरी और आयुर्वेद-विज्ञान अभी तक शत-प्रतिशत सफलता की गारंटी नहीं दे पाये, वहां निराश्रित ज्योतिष-विज्ञान के गणित-विज्ञान ने शत-प्रतिशत सत्यता सिद्ध कर दिखाई है। ज्योतिष गणित के द्वारा वर्षों पूर्व सूर्य-चन्द्र ग्रहणों के स्पर्श मोक्ष का जो समय निश्चित कर दिया जाता है उसमें एक मिनट का भी अंतर नहीं आता। यद्यपि ज्योतिष शास्त्र के फलित विभाग में अभी इतनी सूक्ष्मता नहीं बन पायी है। फलित ज्योतिष को 'दैव-विद्या' कहा गया है, इसलिए राष्ट्र, समाज और व्यक्ति के संबंध में भविष्यवाणी करने वाले को "दैवज्ञ" कहा जाता है। यह "दैव-विद्या" तपस्या, साधना एवं अनुभव गम्य है। आधुनिक वातावरण का एक साधनहीन दैवज्ञ भी मनुष्य है सर्वज्ञ निर्भान्त नहीं, अत: उसकी बुद्धि भी भ्रान्त हो सकती है। ग्रहगति रूप दैवी संकेतों को समझने में भूल हो सकती है। उसका ज्ञान ईश्वरीय ज्ञान के समान सत्य ही हो- यह नहीं कहा जा सकता। मेरा विश्वास है कि भारतीय ज्योतिष विज्ञान का भविष्य कथन शास्त्र इस देश का अत्यन्त पुरातन विज्ञान है। इसका निरीक्षण-परीक्षण अवश्य होना चाहिए, और उससे प्राप्त होने वाले तथ्यों का विचार शासकीय स्तर पर भी अवश्य होना चाहिए। आज तक बिना किसी रिसर्च या शासकीय आश्रय के यह शास्त्र देश के कुछ चोटी के विद्वानों के पास सुरक्षित चला आ रहा है, और अब तक चमत्कारी विज्ञान की मान्यता पाने लगा है। आज के विज्ञान ने चाहे प्रगति क्यों न की हो पर भविष्य जानने का उसके पास कोई साधन नहीं है। अत: इस भारतीय विज्ञान की ओर शासन का ध्यान अवश्य जाना चाहिए। अनेक उच्च राज्याधिकारी फलित ज्योतिष पर पूर्ण विश्वास रखते हैं। श्री नेहरू जी और स्वर्गीया प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी एकाधिक बार दैवज्ञों से परामर्श लिया जिसके प्रमाण मौजूद हैं, किन्तु जो मंत्री निजी तौर पर दैवज्ञों के सामने नतमस्तक होते हैं वे सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि "हम ज्योतिष पर आस्था नहीं रखते।" इस पर सर्वसाधारण जनता को इनके दोहरे चरित्र पर आश्चर्य और खेद ही होगा, अस्तु।

मोदिनीय अथवा राष्ट्रीय भविष्य

राष्ट्रीय भविष्य अनेक प्रकार से देखा जाता है। इस विज्ञान की अनेक शाखाएं हैं, जिसके लिए जो मार्ग प्रशस्त हो जिसको गुरु से जैसा ज्ञान मिलता हो- निर्णय करें, यही उचित है। हमारे सामने सर्वप्रथम वराह-मिहिराचार्य कृत 'वाराही-संहिता' प्रमुख ग्रन्थ है, इसके अनुसार ग्रहों के परस्पर युद्ध, उदयास्त वक्रमार्ग, ग्रहों के विशेष योग और विश्व में कहाँ पर शांति और कहाँ अशांति रहेगी, इसके निर्णयार्थ सर्वतोभद्रचक्र, कर्पूरचक्र, कूर्मचक्र और नरपतिजयचर्या का संघट्ट चक्र भी है। अतिवृष्टि, अनावृष्टि, झंझावातादि के लिए सप्तनाड़ी चक्र उपयोगी है। इन्हीं को आधार मानकर जो कुछ इस पंचांग में लिखा जा रहा है वह भी ८० प्रतिशत से अधिक सत्य सिद्ध हुआ है। यदि इस विज्ञान को राज्याश्रय प्राप्त हो और सभी शाखाओं के विशेषज्ञ अनुभवी विद्वान एकत्र होकर सामूहिक निर्णय दें, तो इसमें शत-प्रतिशत सफलता निश्चित है। नये वर्ष का फल जानने के लिए ग्रहों की राश्यंशात्मक सूक्ष्म स्थिति का पर्यवेक्षण आवश्यक है अत: यहाँ प्रमुख ग्रहों की स्थिति का वर्षारंभ और वर्षांत का उल्लेख किया जाता है।

नये वर्ष संवत् २०५८ वि. में ग्रह स्थिति

नये वर्ष संवत् २०५८ वि. (२६ मार्च २००१ ई. से १२ अप्रैल २००२ ई.) में प्रमुख ग्रहों की स्थिति चित्रापक्षीय निरयण मान से इस प्रकार है-

	चैत्र शुक्ल १ दि. २६ मार्च २००१ ई.						चैत्र कृ. ३० दि. १२ अप्रैल २००२ ई.					
प्रमुख ग्रह	राशि	अं.	क.	मार्गी वक्री	उदय अस्त	नक्षत्र	राशि	अं.	क.	मार्गी वक्री	उदय अस्त	नक्षत्र
शनि	वृष	३	१९	मार्गी	उदय	कृतिका	वृष	१७	३३	मार्गी	उदय	रोहिणी
गुरु	वृष	१२	४३	मार्गी	उदय	रोहिणी	मिथुन	१४	२२	मार्गी	उदय	आर्द्रा
मंगल	वृश्चि.	२४	३१	मार्गी	उदय	ज्येष्ठा	वृष	४	५५	मार्गी	उदय	कृत्तिका
हर्षल	मकर	२९	२१	मार्गी	उदय	धनिष्ठा	कुंभ	३	५३	मार्गी	उदय	धनिष्ठा
नेप्च्यून	मकर	१४	२१	मार्गी	उदय	श्रवण	मकर	१६	४९	मार्गी	उदय	श्रवण
वेंकटेश	वृश्चि.	२१	२७	मार्गी	उदय	ज्येष्ठा	वृश्चि.	२३	४७	वक्री	उदय	ज्येष्ठा
राहु	मिथुन	१७	२२	वक्री	अस्त	आर्द्रा	वृष	२७	७	वक्री	अस्त	मृगशिर
केतु	धनु	१७	२२	वक्री	अस्त	पू.षा.	वृश्चि.	२७	७	वक्री	अस्त	ज्येष्ठा

गुरु- वर्षारम्भ में गुरु वृष राशि में है तथा १६ जून को गुरु मिथुन राशि में प्रवेश करेगा तथा वर्षान्त में मिथुन राशि में ही रहेगा। ३ नवम्बर को वक्री तथा २ मार्च को गुरु मार्गी होगा।

शनि- पूरे वर्ष में शनि वृष राशि में रहेगा। २७ सितम्बर को वक्री तथा ८ फरवरी को मार्गी होगा।

मंगल- वर्षारम्भ में मंगल वृश्चिक राशि में रहेगा। १० अप्रैल को धुन राशि में। १० जून को वक्र गति द्वारा वृश्चिक राशि में। २६ अगस्त को धनु में। १८ अक्टूबर को मकर में। ३० नवम्बर कुम्भ में। १० जनवरी मीन में। २१ फरवरी मेष में तथा ४ अप्रैल को वृष में मंगल प्रवेश करेगा। ११ मई को वक्री तथा १९ जुलाई को मार्गी होगा।

राहु-केतु- वर्षारम्भ में राहु मिथुन में तथा केतु धनु में रहेगा। १६ फरवरी से वक्र गति द्वारा राहु वृष में तथा केतु वृश्चिक में प्रवेश करेगा।

हर्षल- वर्षारम्भ में हर्षल मकर राशि में तथा १० अप्रैल से कुम्भ में। १९ जुलाई से वक्र गति द्वारा मकर में। २८ जनवरी से पुन: कुम्भ में। २९ मई को हर्षल वक्री एवं ३० अक्टूबर को मार्गी होगा।

नेपच्यून- पूरे वर्ष नेपच्यून मकर राशि में रहेगा। ११ मई को नेपच्यून वक्री तथा १८ अक्टूबर को मार्गी होगा।

वेंकटेश- पूरे वर्ष प्लूटो (वेंकटेश) वृश्चिक राशि में ही रहेगा। १८ मार्च को वक्री एवं २३ अगस्त को मार्गी होगा।

कुछ मुख्य अशुभ योग- वर्षारम्भ के पहले से ही शनि-मंगल का समसप्तक योग तथा गुरु-शनि की एक राशि में युति, वैशाख कृष्ण पक्ष १० अप्रैल से शनि-मंगल का षडष्टक योग, ज्येष्ठ कृष्ण में चर्तुग्रही योग, ५ जुलाई को खण्डग्रास चन्द्रग्रहण, श्रावण कृष्ण पक्ष में चर्तुग्रही योग, भाद्रपद कृष्ण पक्ष तक शनि मंगल का समसप्तक, भाद्रपद शुक्ल से १८ नवम्बर तक शनि मंगल का षडष्टक योग, कार्तिक कृष्ण में चर्तुग्रही योग, मार्गशीर्ष शुक्ल में पुन: चर्तुग्रही योग, पौष कृष्ण में पुन: चर्तुग्रही योग, माघ शुक्ल से शनि मंगल का द्विर्द्वादश तथा चैत्र कृष्ण में शनि-मंगल-राहु की एक ही राशि में स्थिति।

कुछ अन्य अशुभ योग- ज्येष्ठ मास में पांच मंगलवार, भाद्रपद में पाँच रविवार, अधिक आश्विन में पाँच मंगलवार तथा भौमवारी अमावस्या, मार्गशीर्ष में पाँच शनि का रविवार, माघ में पाँच मंगलवार।


वर्ष सन् २००१-२००२ ई.

ज्योतिष के आधार पर आपके प्रिय इस 'श्रीविश्वविजयपंचांग' में की गयी सैकड़ों भविष्यवाणियाँ अक्षरश: सत्य सिद्ध हो चुकी हैं। वि० सं० २०५७ के पंचांग पृष्ठ ३४ में लिखा गया था कि-'लग्नाधिप के रोगाधिप भी होने से लग्न पीड़ित हो गया है अत: यह वर्ष किसी सुखद स्थिति का संकेत नहीं दे रहा है। प्रधान शासक का


शासन मार्ग कंटकाकीर्ण हो गया है। स्वयं अपने ही लोग बाधा उत्पन्न करेंगे। प्रधान शासक को आन्तरिक एवं बाह्य दो प्रकार के प्रतिरोधों-विरोधों का सामना करना पड़ेगा।' लग्नाधिप का विचार करते हुए आगे लिखा गया था-'प्रधान शासक विपरीत स्वास्थ्य के कारण अपनी सामर्थ्य के अनुरूप कार्य नहीं कर पायेगा।' प्रधान मन्त्री के घुटनों की शल्य चिकित्सा इसका प्रमाण है तथा इनकी ही सरकार के सहयोगी मन्त्रियों ने इस्तीफा देकर परेशानी उत्पन्न की। आर्थिक स्थिति का विश्लेषण करते हुए पृष्ठ ३५ में स्पष्ट लिखा गया-'कठोर कदमों, उपायों के अभाव में स्थिति बहुत खराब होती दिख रही है। भुगतान संतुलन बनाने के लिए कड़े वित्तीय उपायों के अलावा शासक वर्ग के पास दूसरा मार्ग नहीं होगा। फलस्वरूप जनता में असन्तोष की लहर दौड़ेगी। सामान्य लोगों को आर्थिक उपायों, कठोर वित्तीय नियमों की मार को झेलना पड़ेगा तथा मंहगाई पर नियन्त्रण करना एक बड़ी समस्या बनेगी। राजकोषीय घाटा कम नहीं हो पायेगा किन्तु घाटा कम करने के उपायों के परिणामस्वरूप अशान्ति बढ़ेगी।' तेलपूल घाटे को कम करने के लिए सरकार ने रसोई गैस की कीमतों एवं पैट्रोल की कीमतों में वृद्धि की है जिससे सामान्य जनों में भारी असन्तोष है। आतंकवाद के विषय में लिखा गया था-'शनि के राशि परिवर्तन के अभाव में तृतीयेश शनि ही है तथा नीच का है, मारकाधिप गुरु साथ में आ गया है। अतः पड़ौसी को अधिक क्षति उठानी पड़ेगी। किन्तु पड़ौसी के षडयन्त्र वर्ष के पूर्वार्द्ध में पुनः प्रभावी होंगे। पड़ौसी की नीच प्रवृत्ति में मंगल अंकुश लगायेगा किन्तु गुरु प्रेरक का काम कर रहा है अतः आतंकवादी गतिविधियों में स्थायी कमी नहीं होगी तथा आतंकवाद से ग्रस्त क्षेत्र का दायरा बढ़ेगा तथा आतंकवाद पर वर्ष के उत्तरार्द्ध में कुछ नियन्त्रण होगा।' यहाँ पर कुछ पंक्तियाँ ही उद्धृत की गयी हैं। जिस प्रकार कारगिल जैसे युद्ध की स्पष्ट भविष्यवाणी २०५६ के विश्वविजय पंचांग में की गयी थी वैसी ही आर्थिक क्षेत्र की स्पष्ट भविष्यवाणी २०५७ विक्रम संवत् के श्री विश्वविजय पंचांग में की गयी है। डालर के मुकाबले रुपये की गिरती कीमत से विदेशी कर्ज का भार बढ़ रहा है। इस विषय पर आगे विश्लेषण में लिखा गया है। आगामी संवत् २०५८ विक्रम संवत् का आरम्भ दिनाँक २५ मार्च सन् २००१ ईस्वी रविवार प्रातः ६ बजकर ५१ मिनट पर मीन लग्न के मकर नवमांश में हो रहा है। ग्रह स्थिति किसी शुभ स्थिति का संकेत नहीं दे रही है। अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति के सन्दर्भ में जगत् लग्न का विश्लेषण विश्व में अशान्ति के वातावरण को जन्म देने वाला है। जगत् लग्न का स्वामी गुरु छठे भाव में स्थित होकर विश्व को रोगों, प्राकृतिक प्रकोपों से पीड़ित कर रहा है तथा छठे भाव में ही मित्राधिपति का भी स्थित होना, राष्ट्रों के परस्पर सम्बन्धों पर विपरीत प्रभाव डालकर शस्त्रास्त्रों की प्रतिद्वंद्विता को बढ़ा रहा है। पुनः शत्रु स्थान का अधिपति भी उच्च का होकर चतुर्थ भाव में स्थित होने से क्षेत्रीय विवादों एवं आवासीय समस्याओं को जन्म देने वाला है। अष्टमेश की लग्न में पाप ग्रहों के साथ स्थिति शस्त्रास्त्रों के संग्रह को बढ़ावा देने वाली है। जगत् लग्न चक्र की ग्रहस्थिति कुछ इस प्रकार की बन गयी है कि विश्व के किसी भाग में कोई भयंकर टकराव या राष्ट्रों में परस्पर युद्ध हो जाये तो कोई आश्चर्य नहीं। क्योंकि लग्नेश तृतीयेश चतुर्थेश षष्ठेश का परस्पर सम्बन्ध यही दर्शा रहा है। चतुर्थ भाव का अधिपति छठे भाव में होने से विश्व के कुछ भागों में कृषि की पैदावार प्राकृतिक कारणों, रोगों आदि से बहुत कम होगी एवं कुछ भागों की कृषि विभिन्न कारणों से नष्ट हो जायेगी अतः विश्व में खाद्य समस्या उत्पन्न होगी तथा कुछ राष्ट्र खाद्य समस्या के रहते बहुत प्रभावित होंगे। चतुर्थाधिपति छठे भाव में स्थित है जो कृषि योग्य भूमि के नष्ट होने का संकेत करता है साथ ही भौम जो कि द्वादशाधिपति भी है, चतुर्थ भाव को देखकर पुनः कृषिभूमि की हानि दर्शा रहा है। अतः कृषि उत्पादों की कमी गम्भीर स्थिति उत्पन्न न करे यह ध्यान देने योग्य है। चतुर्थ भाव सुख शान्ति का भी द्योतक है, चतुर्थेश की स्थिति विश्वशान्ति को क्षति पहुंचाने वाली है अतः अशान्ति बढ़ेगी। पंचमेश भौम के होने से जनसंख्या सीमित करने के प्रयास जोर पकड़ेंगे। राज्येश राज्य स्थान को देख रहा है किन्तु राज्येश के साथ षष्ठेश के भी होने से सत्ता संघर्ष भी कुछ राष्ट्रों में होगा। राज्येश को भी द्वादशेश पंचमेश भौम देख रहा है जो कि शनि से पहले ही अशुभकारी षडष्टक योग बनाये हुए हैं अतः सत्ता संघर्ष या सैनिक क्रान्ति या युद्ध का स्वरूप भी देखने को मिल सकता है। राज्येश षष्ठेश का सम्बन्ध होने से विरोधी एवं सत्ता पक्ष में टकराव होगा विरोधी पक्ष का साथ जनता देगी क्योंकि षष्ठेश उच्च का चतुर्थस्थ है। नवमेश उच्च का पंचमस्थ होने से धार्मिक मामले विश्वराजनीति में विशेष महत्व रख सकते हैं क्योंकि कुछ देशों, प्रदेशों में धार्मिक कट्टरवाद विशेष उलझन पूर्ण स्थिति उत्पन्न करेगा अतः विश्व शान्ति के लिए प्रतिकूल स्थिति बनेगी।

नववर्ष प्रवेश कुण्डली में लग्न का स्वामी तृतीय भाव में शत्रु राशि का होकर द्वादशेश के साथ स्थित है तथा अष्टमाधिप एवं षष्ठाधिप लग्नस्थ होने से किसी अनुकूल स्थिति का संकेत नहीं दे रहे हैं। प्रधान शासक के लिए सत्तासंचालन का मार्ग कंटकाकीर्ण

नववर्ष प्रवेश कुंडली




नवमांश चक्र



बल	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.
इष्ट	४०	०	४६	१९	४०	५८	१२
कष्ट	१७	३२	११	३५	२०	१	४०

जगत् लग्न कुंडली




स्वतन्त्रता का ५४वाँ वर्ष

इस वर्ष वृश्चिक लग्न के समय ५४वाँ वर्ष आरम्भ हो रहा है। वर्ष लग्न के फलित विश्लेषण में मुंथा का विशेष महत्त्व माना गया है। इस वर्ष मुंथा वर्ष लग्न से द्वादश भाव में स्थित है। द्वादश भावस्थ मुंथा का फल ताजिक शास्त्र में इस प्रकार कहा है-


"व्ययोधिको दुष्ट जनैश्च संगो रुजातनौ विक्रमतोप्यसिद्धिः।
धर्मार्थहानिर्मुथहा व्ययस्था यदा तदास्या ज्जनतोऽपिवैरम्।।"

अर्थात् व्यय की अधिकता हो एवं दुष्ट मनुष्यों की संगति मिले शरीर में रोग हो एवं परिश्रम का फल न मिले, धर्म एवं धन की हानि हो एवं सज्जनों से दूरी बढ़े। किसी राष्ट्र के सन्दर्भ में लगभग यही रूप फलितार्थ होता है अतः मुंथा की स्थिति के फलस्वरूप आन्तरिक समस्यायें अधिक होंगीं, राजकोष की स्थिति संतोष जनक नहीं होगी, योजना व्यय में कटौती करनी पड़ेगी, पड़ौसी देशों का व्यवहार शत्रुतापूर्ण होगा एवं योजना व्ययों में अनुमान से अधिक खर्चा होगा तथा रोगों, प्राकृनिक प्रकोपों एवं आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि होगी फलस्वरूप अपव्यय की अधिकता होगी। धन भाव में केतु की स्थिति तथा अष्टम में राहु की स्थिति भी प्रतिकूल फल देने वाली ही है क्योंकि द्वितीयेश शत्रु राशि का बैठा है तथा अष्टमेश सूर्य के सानिध्य से अस्त है। लग्नाधिप भी नीच का होकर बलहीन है। अतः यह वर्ष समस्याओं से घिरा हुआ होगा। जन्मकालिक दशाओं का अवलोकन करें तो भी स्थिति प्रतिकूल ही दिखाई दे रही है। सन् १९८९ से विंशोत्तरी में शुक्र की महादशा चल रही है तथा शुक्र शत्रु स्थान का अधिपति भी है जिससे यह पूरी अवधि, शत्रु से पीड़ा आतंकवाद के रूप में दे रही है। वर्तमान में गुरु की अन्तर्दशा अष्टमेश की होने से जनता के लिए कष्टदायी ही है। अष्टमेश का छठा होना कष्टकारक माना जाता है। शुक्र जिसकी महादशा चल रही है सूर्य के साथ होने से अस्त है। अतः यह वर्ष आर्थिक दृष्टि से विषम स्थिति वाला ही है क्योंकि राजकोष का स्वामी भी अस्त है, धन स्थान भी केतु युक्त है एवं मुंथा तो बारहवें भाव में स्थित है ही अतः जनता को मंहगाई, बेरोजगारी एवं आतंकवाद की मार झेलनी पड़ेगी। दशम भाव में द्वादशाधिपति शुक्र की स्थिति संसद में सरकार को प्रबल विरोध का सामना कराकर विचित्र स्थिति में डालेंगी। विरोधी पक्ष मजबूत होगा क्योंकि विरोधी पक्ष का प्रतिनिधि ग्रह मित्र राशि में बैठा है एवं तृतीय दृष्टि से सत्ता पक्ष के ग्रह को हानि पहुंचा रहा है तथा सत्तापक्ष का स्वामी चर राशि में भी है अतः सत्ता पक्ष को सत्ता में बने रहने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा। निष्कर्ष रूप में यह वर्ष सरकार के लिए भारी विरोधवाला एवं बहुत विपरीत स्थिति वाला होगा। क्योंकि सत्ता पक्ष का प्रतिनिधि ग्रह शत्रु भाव के स्वामी एवं अष्टम् भाव के स्वामी के साथ स्थित हो गया है। एवं राज्येश शनि से भी दृष्ट हो गया है अतः यह ग्रह स्थिति सत्तापक्ष के परिवर्तन का भी संकेत दे रही है। कर्म की प्रधानता सर्वत्र है अतः यदि सत्तापक्ष को सत्तारुढ़ रहना है तो बाधक ग्रहों के निवारणार्थ उनसे सम्बंधित कर्म मंहगाई, बेरोजगारी एवं आतंकवाद से जनता को छुटकारा दिलाने हेतु दृढ़ प्रतिज्ञ होकर सरकार को कार्य करना होगा।

स्वतन्त्रता का ५४ वाँ वर्ष




स्वतन्त्र भारत की कुंडली



भारतीय गणतन्त्र का ५२ वाँ वर्ष


शुक्रवार २६ जनवरी सन् २००१ ई. को दिन में १२ बजकर ०५ मिनट पर मेष लंग्न में भारतीय गणतन्त्र के ५२ वें वर्ष का प्रवेश होगा।

गणतंत्र के ५२ वें वर्ष की कुं



इस वर्ष मुंथा तृतीया भावस्थ है। ताजिक शास्त्र में तृतीयस्थ मुंथा का फल शुभ लिखा है। साथ ही यह भी लिखा है कि अपने पराक्रम से यश, धन व सुख प्राप्त हो। अर्थात पराक्रम की आवश्यकता है अतः स्पष्ट है कि शत्रु बाधा रहेगी। वैसे भी जो ग्रह तृतीयेश है वही षष्ठेश भी है अतः पड़ौसी राष्ट्र शत्रुवत कार्यवाही करता रहेगा तथा आतंकवाद को बढ़ावा देकर अशान्ति उत्पन्न कर राष्ट्र की प्रगति में बाधा उत्पन्न करेगा। जो ग्रह लग्न का अधिपति है वही ग्रह अष्टम स्थान का भी अधिपति है जिससे लग्न पीड़ित हो गया है अतः आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि होगी, बम्ब विस्फोट, अग्निकाण्ड एवं दुर्घटनाओं में वृद्धि से लोगों में भय व्याप्त होगा। तृतीयेश तथा शत्रु स्थान का अधिपति जो कि मुंथा का भी अधिपति है कुटुम्ब भावस्थ शनि से दृष्ट होने से मिश्रित फलदायक है। कुटुम्ब स्थान में गुरु एवं शनि स्थित हैं कुटुम्बेश लाभस्थ है। कुटुम्ब स्थान में दो विपरीत प्रकृति के ग्रहों के होने से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में बाधा उत्पन्न होगी। कुटुम्ब स्थान अष्टमेश द्वारा दृष्ट होने से कहीं जातीय हिंसा से भारी रक्तपात भी सम्भव है। इसका दूसरा अर्थ यह भी है कि आतंकवादी गतिविधियों, अग्निकाण्ड, बम्बविस्फोट, दुर्घटनाओं से लोगों में भयव्याप्त हो एवं अशान्ति का वातावरण बढ़े। कुटुम्बेश के लाभस्थ होने से यह भी

भारतीय गणतन्त्र की कुं.



अभिप्राय है कि जनता पर करों का भार बढ़ेगा अर्थात् शासन जनता पर कर लगाकर अपनी (राष्ट्र की) आय बढ़ायेगा जिसके फलस्वरूप विरोध-प्रदर्शन होंगे एवं अशान्ति बढ़ेगी। चतुर्थ भाव जो कि सुख शान्ति कृषि, कृषि योग्य भूमि, एवं सम्पत्ति को दर्शाता है, की स्थिति भी सन्तोष जनक नहीं है क्योंकि शनि की तृतीय दृष्टि चतुर्थ भाव पर है यद्यपि तृतीय भाव पर गुप्त मित्र दृष्टि है किंतु इसी नियम से चतुर्थेश पर शत्रु दृष्टि होने से अशान्ति का वातावरण बनेगा। कुछ भागों में कृषि की भारी हानि प्राकृतिक कारणों से होगी। तथा कृषि योग्य भूमि तथा रिहायशी भूमि की भी प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी। तृतीय स्थान पर शनि की दृष्टि लोगों के किसी स्थान विशेष से प्राकृतिक प्रकोप के कारण पलायन का संकेत भी कर रही है। पंचम भाव से मूल रूप से शिक्षा का स्तर व शासन तन्त्र की विचार धारा का पता चलता है। पंचमाधिप शत्रु राशि में स्थित है शुभ ग्रहों बुध-शुक्र चन्द्र से दृष्ट होने से मिश्रित प्रभाव पड़ रहा है। पंचमेश की स्थिति शासन तन्त्र की विचार धारा पर विपरीत प्रभाव डालेगी जिससे सही लाभप्रद व सामाजिक उत्थान की योजनाओं का क्रियान्वयन त्रुटिपूर्ण होगा। शुभ ग्रहों से दृष्ट होने के कारण बालक-बालिकाओं के लिए तथा शिक्षा के लिए कुछ नवीन योजनाएं सामने आयेंगी। परिवार कल्याण के कार्यक्रमों पर जोर दिया जायेगा किन्तु उसका क्रियान्वयन ठीक प्रकार से नहीं होगा। षष्ठेश की लाभ स्थान में स्थिति बाल रोगों की ओर संकेत दे रही है। क्योंकि छठा भाव रोग एवं शत्रु का संकेत करता है अतः बुध बालकों को विशेष प्रकार से रोगों से पीड़ित करेगा। कहीं बाल रोग महामारी का रूप ले ले तो कोई आश्चर्य नहीं। शत्रु कृत बाधा तो प्रारम्भ से ही है तथा शत्रु भाव का अधिपति शत्रु से समस्यायें भी उत्पन्न करायेगा। प्रादेशिक विवाद भी उत्पन्न करेगा। सप्तम भाव विदेशों से सम्बन्ध, विदेश व्यापार, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को दर्शाता है। जहां एक ओर सप्तमेश लाभस्थ होने से शुभ संकेत दे रहा है वहीं अष्टमेश की सप्तम भाव में स्थिति अशुभ संकेत भी दे रही है। जहां कुछ क्षेत्रों में विदेश व्यापार के नये अवसर प्राप्त होंगे वहीं कुछ क्षेत्रों में मंगल के कारण विदेश व्यापार पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इसी प्रकार कुछ राष्ट्रों से अन्तर्राष्ट्रीय संबंध बहुत अच्छे होंगे तो कुछ से संबंधों में विशेष अवरोध होगा। इस वर्ष तलाकों में विशेष वृद्धि होगी। यहाँ गणतन्त्र की कुण्डली का विश्लेषण सामान्य दृष्टि से किया गया है विशेष प्रभाव वर्ष प्रवेश चक्र का ही पड़ता है। राज्येश लाभेश धर्मेश के द्वितीयस्थ होने से कुछ समस्यायें राज्यकार्य संचालन में प्रधानशासक के सामने आयेंगी। क्योंकि गुरु जो कि धर्मेश है कर्मेश से स्वभाव में एकदम भिन्नता लिए हुए है। तथा धर्म स्थान में केतु की स्थिति कुछ व्यवधान का संकेत भी कर रही है। भारतीय गणतन्त्र की जन्मकालीन कुण्डली के अनुसार अभी राहु की महादशा चल रही है। राहु लग्नस्थ होने से विभिन्न प्रकार की समस्यायें उत्पन्न करने वाला है जनता में अशान्ति, अत्याचारों व अन्याय में वृद्धि चोरी, डकैती व हत्याओं में वृद्धि राहु के लग्नस्थ होने से हो रही है। शनि का अन्तर वर्तमान में चल रहा है। शनि के छठे भाव में होने से शत्रु कृत बाधा सन् २००१ ई. के मध्य तक विशेष रहेगी। यही शनि शत्रु को अपनी दृष्टि से निर्बल करेगा। व्यय भाव पर स्वगृही पूर्ण दृष्टि योजनाओं में अपव्यय को बढ़ाने वाली है साथ ही आय का स्वामी भी होने से राजकोष पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अतः योजना व्यय में कटौती एवं वित्तीय अनुशासन ही एक मात्र विकल्प है।

ज्योतिष एक विज्ञान है

विगत ५६ वर्षों से इस पंचांग में यह स्तम्भ लिखा जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन अनुशीलन करके देश-विदेश के संबंध में जो भी भविष्यवाणी की गयी हैं, वे अधिकांश में सत्य सिद्ध हुई हैं। इसके साक्षी "श्रीविश्वविजयपंचांग" के विज्ञ वाचकवृंद दे रहे हैं। दैवज्ञ ने कभी यह अभिमान नहीं किया कि जो कुछ भविष्यवाणी वह करता है वह शत-प्रतिशत सही होती है। जहां राज्याश्रय प्राप्त एलोपैथी डाक्टरी और आयुर्वेद-विज्ञान अभी तक शत-प्रतिशत सफलता की गारंटी नहीं दे पाये, वहां निराश्रित ज्योतिष-विज्ञान के गणित-विज्ञान ने शत-प्रतिशत सत्यता सिद्ध कर दिखाई है। ज्योतिष गणित के द्वारा वर्षों पूर्व सूर्य-चन्द्र ग्रहणों के स्पर्श मोक्ष का जो समय निश्चित कर दिया जाता है उसमें एक मिनट का भी अंतर नहीं आता। यद्यपि ज्योतिष शास्त्र के फलित विभाग में अभी इतनी सूक्ष्मता नहीं बन पायी है। फलित ज्योतिष को 'दैव-विद्या' कहा गया है, इसलिए राष्ट्र, समाज और व्यक्ति के संबंध में भविष्यवाणी करने वाले को "दैवज्ञ" कहा जाता है। यह "दैव-विद्या" तपस्या, साधना एवं अनुभव गम्य है। आधुनिक वातावरण का एक साधनहीन दैवज्ञ भी मनुष्य है सर्वज्ञ निर्भ्रान्त नहीं, अतः उसकी बुद्धि भी भ्रान्त हो सकती है। ग्रहगति रूप दैवी संकेतों को समझने में भूल हो सकती है। उसका ज्ञान ईश्वरीय ज्ञान के समान सत्य ही हो- यह नहीं कहा जा सकता। मेरा विश्वास है कि भारतीय ज्योतिष विज्ञान का भविष्य कथन शास्त्र इस देश का अत्यन्त पुरातन विज्ञान है। इसका निरीक्षण-परीक्षण अवश्य होना चाहिए, और उससे प्राप्त होने वाले तथ्यों का विचार शासकीय स्तर पर भी अवश्य होना चाहिए। आज तक बिना किसी रिसर्च या शासकीय आश्रय के यह शास्त्र देश के कुछ चोटी के विद्वानों के पास सुरक्षित चला आ रहा है, और अब तक चमत्कारी विज्ञान की मान्यता पाने लगा है। आज के विज्ञान ने चाहे प्रगति क्यों न की हो पर भविष्य जानने का उसके पास कोई साधन नहीं है। अतः इस भारतीय विज्ञान की ओर शासन का ध्यान अवश्य जाना चाहिए। अनेक उच्च राज्याधिकारी फलित ज्योतिष पर पूर्ण विश्वास रखते हैं। श्री नेहरू जी और स्वर्गीया प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी एकाधिक बार दैवज्ञों से परामर्श लिया जिसके प्रमाण मौजूद हैं, किन्तु जो मंत्री निजी तौर पर दैवज्ञों के सामने नतमस्तक होते हैं वे सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि "हम ज्योतिष पर आस्था नहीं रखते।" इस पर सर्वसाधारण जनता को इनके दोहरे चरित्र पर आश्चर्य और खेद ही होगा, अस्तु।

मोदिनीय अथवा राष्ट्रीय भविष्य

राष्ट्रीय भविष्य अनेक प्रकार से देखा जाता है। इस विज्ञान की अनेक शाखाएं हैं, जिसके लिए जो मार्ग प्रशस्त हो जिसको गुरु से जैसा ज्ञान मिलता हो- निर्णय करें, यही उचित है। हमारे सामने सर्वप्रथम वराह-मिहिराचार्य कृत 'वाराही-संहिता' प्रमुख ग्रन्थ है, इसके अनुसार ग्रहों के परस्पर युद्ध, उदयास्त वक्रमार्ग, ग्रहों के विशेष योग और विश्व में कहाँ पर शांति और कहाँ अशांति रहेगी, इसके निर्णयार्थ सर्वतोभद्रचक्र, कर्पूरचक्र, कूर्मचक्र और नरपतिजयचर्या का संघट्ट चक्र भी है। अतिवृष्टि, अनावृष्टि, झंझावातादि के लिए सप्तनाड़ी चक्र उपयोगी है। इन्हीं को आधार मानकर जो कुछ इस पंचांग में लिखा जा रहा है वह भी ८० प्रतिशत से अधिक सत्य सिद्ध हुआ है। यदि इस विज्ञान को राज्याश्रय प्राप्त हो और सभी शाखाओं के विशेषज्ञ अनुभवी विद्वान एकत्र होकर सामूहिक निर्णय दें, तो इसमें शत-प्रतिशत सफलता निश्चित है। नये वर्ष का फल जानने के लिए ग्रहों की राश्यंशात्मक सूक्ष्म स्थिति का पर्यवेक्षण आवश्यक है अत: यहाँ प्रमुख ग्रहों की स्थिति का वर्षारंभ और वर्षांत का उल्लेख किया जाता है।

नये वर्ष संवत् २०५८ वि. में ग्रह स्थिति

नये वर्ष संवत् २०५८ वि. (२६ मार्च २००१ ई. से १२ अप्रैल २००२ ई.) में प्रमुख ग्रहों की स्थिति चित्रापक्षीय निरयण मान से इस प्रकार है-

	चैत्र शुक्ल १ दि. २६ मार्च २००१ ई.						चैत्र कृ. ३० दि. १२ अप्रैल २००२ ई.					
प्रमुख ग्रह	राशि	अं.	क.	मार्गी वक्री	उदय अस्त	नक्षत्र	राशि	अं.	क.	मार्गी वक्री	उदय अस्त	नक्षत्र
शनि	वृष	३	१९	मार्गी	उदय	कृतिका	वृष	१७	३३	मार्गी	उदय	रोहिणी
गुरु	वृष	१२	४३	मार्गी	उदय	रोहिणी	मिथुन	१४	२२	मार्गी	उदय	आर्द्रा
मंगल	वृश्चि.	२४	३१	मार्गी	उदय	ज्येष्ठा	वृष	४	५५	मार्गी	उदय	कृत्तिका
हर्षल	मकर	२९	२१	मार्गी	उदय	धनिष्ठा	कुंभ	३	५३	मार्गी	उदय	धनिष्ठा
नेप्च्यून	मकर	१४	२१	मार्गी	उदय	श्रवण	मकर	१६	४९	मार्गी	उदय	श्रवण
वेंकटेश	वृश्चि.	२१	२७	मार्गी	उदय	ज्येष्ठा	वृश्चि.	२३	४७	वक्री	उदय	ज्येष्ठा
राहु	मिथुन	१७	२२	वक्री	अस्त	आर्द्रा	वृष	२७	७	वक्री	अस्त	मृगशिर
केतु	धनु	१७	२२	वक्री	अस्त	पू. षा.	वृश्चि.	२७	७	वक्री	अस्त	ज्येष्ठा

गुरु- वर्षारम्भ में गुरु वृष राशि में है तथा १६ जून को गुरु मिथुन राशि में प्रवेश करेगा तथा वर्षान्त में मिथुन राशि में ही रहेगा। ३ नवम्बर को वक्री तथा २ मार्च को गुरु मार्गी होगा।

शनि- पूरे वर्ष मे शनि वृष राशि में रहेगा। २७ सितम्बर को वक्री तथा ८ फरवरी को मार्गी होगा।

मंगल- वर्षारम्भ में मंगल वृश्चिक राशि में रहेगा। १० अप्रैल को धुन राशि में। १० जून को वक्र गति द्वारा वृश्चिक राशि में। २६ अगस्त को धनु में। १८ अक्टूबर को मकर में। ३० नवम्बर कुम्भ में। १० जनवरी मीन में। २१ फरवरी मेष में तथा ४ अप्रैल को वृष में मंगल प्रवेश करेगा। ११ मई को वक्री तथा १९ जुलाई को मार्गी होगा।

राहु-केतु- वर्षारम्भ में राहु मिथुन में तथा केतु धनु में रहेगा। १६ फरवरी से वक्र गति द्वारा राहु वृष में तथा केतु वृश्चिक में प्रवेश करेगा।

हर्षल- वर्षारम्भ में हर्षल मकर राशि में तथा १० अप्रैल से कुम्भ में। ११ जुलाई से वक्र गति द्वारा मकर में। २८ जनवरी से पुन: कुम्भ में। २९ मई को हर्षल वक्री एवं ३० अक्टूबर को मार्गी होगा।

नेपच्यून- पूरे वर्ष नेपच्यून मकर राशि में रहेगा। ११ मई को नेपच्यून वक्री तथा १८ अक्टूबर को मार्गी होगा।

वेंकटेश- पूरे वर्ष प्लूटो (वेंकटेश) वृश्चिक राशि में ही रहेगा। १८ मार्च को वक्री एवं २३ अगस्त को मार्गी होगा।

कुछ मुख्य अशुभ योग- वर्षारम्भ के पहले से ही शनि-मंगल का समसप्तक योग तथा गुरु-शनि की एक राशि में युति, वैशाख कृष्ण पक्ष १० अप्रैल से शनि-मंगल का षडष्टक योग, ज्येष्ठ कृष्ण में चर्तुग्रही योग, ५ जुलाई को खण्डग्रास चन्द्रग्रहण, श्रावण कृष्ण पक्ष में चर्तुग्रही योग, भाद्रपद कृष्ण पक्ष तक शनि मंगल का समसप्तक, भाद्रपद शुक्ल से १८ नवम्बर तक शनि मंगल का षडष्टक योग, कार्तिक कृष्ण में चर्तुग्रही योग, मार्गशीर्ष शुक्ल में पुन: चर्तुग्रही योग, पौष कृष्ण में पुन: चर्तुग्रही योग, माघ शुक्ल से शनि मंगल का द्विर्द्वादश तथा चैत्र कृष्ण में शनि-मंगल-राहु की एक ही राशि में स्थिति।


कुछ अन्य अशुभ योग- ज्येष्ठ मास में पांच मंगलवार, भाद्रपद में पाँच रविवार, अधिक आश्विन में पाँच मंगलवार तथा भौमवारी अमावस्या, मार्गशीर्ष में पाँच शनि का रविवार, माघ में पाँच मंगलवार।

वर्ष सन् २००१-२००२ ई.


ज्योतिष के आधार पर आपके प्रिय इस 'श्रीविश्वविजयपंचांग' में की गयी सैकड़ों भविष्यवाणियाँ अक्षरश: सत्य सिद्ध हो चुकी हैं। वि० सं० २०५७ के पंचांग पृष्ठ ३४ में लिखा गया था कि-'लग्नाधिप के रोगाधिप भी होने से लग्न पीड़ित हो गया है अत: यह वर्ष किसी सुखद स्थिति का संकेत नहीं दे रहा है। प्रधान शासक का

शासन मार्ग कंटकाकीर्ण हो गया है। स्वयं अपने ही लोग बाधा उत्पन्न करेंगे। प्रधान शासक को आन्तरिक एवं बाह्य दो प्रकार के प्रतिरोधों-विरोधों का सामना करना पड़ेगा।' लग्नाधिप का विचार करते हुए आगे लिखा गया था-'**प्रधान शासक विपरीत स्वास्थ्य के कारण अपनी सामर्थ्य के अनुरूप कार्य नहीं कर पायेगा।'** प्रधान मन्त्री के घुटनों की शल्य चिकित्सा इसका प्रमाण है तथा इनकी ही सरकार के सहयोगी मन्त्रियों ने इस्तीफा देकर परेशानी उत्पन्न की। आर्थिक स्थिति का विश्लेषण करते हुए पृष्ठ ३५ में स्पष्ट लिखा गया-'**कठोर कदमों, उपायों के अभाव में स्थिति बहुत खराब होती दिख रही है। भुगतान संतुलन बनाने के लिए कड़े वित्तीय उपायों के अलावा शासक वर्ग के पास दूसरा मार्ग नहीं होगा। फलस्वरूप जनता में असन्तोष की लहर दौड़ेगी। सामान्य लोगों को आर्थिक उपायों, कठोर वित्तीय नियमों की मार को झेलना पड़ेगा तथा मंहगाई पर नियन्त्रण करना एक बड़ी समस्या बनेगी। राजकोषीय घाटा कम नहीं हो पायेगा किन्तु घाटा कम करने के उपायों के परिणामस्वरूप अशान्ति बढ़ेगी।'** तेलपूल घाटे को कम करने के लिए सरकार ने रसोई गैस की कीमतों एवं पैट्रोल की कीमतों में वृद्धि की है जिससे सामान्य जनों में भारी असन्तोष है। आतंकवाद के विषय में लिखा गया था-'**शनि के राशि परिवर्तन के अभाव में तृतीयेश शनि ही है तथा नीच का है, मारकाधिप गुरु साथ में आ गया है। अतः पड़ौसी को अधिक क्षति उठानी पड़ेगी। किन्तु पड़ौसी के षडयन्त्र वर्ष के पूर्वार्द्ध में पुनः प्रभावी होंगे। पड़ौसी की नीच प्रवृत्ति में मंगल अंकुश लगायेगा किन्तु गुरु प्रेरक का काम कर रहा है अतः आतंकवादी गतिविधियों में स्थायी कमी नहीं होगी तथा आतंकवाद से ग्रस्त क्षेत्र का दायरा बढ़ेगा तथा आतंकवाद पर वर्ष के उत्तरार्द्ध में कुछ नियन्त्रण होगा।'** यहाँ पर कुछ पंक्तियाँ ही उद्धृत की गयी हैं। जिस प्रकार कारगिल जैसे युद्ध की स्पष्ट भविष्यवाणी २०५६ के विश्वविजय पंचांग में की गयी थी वैसी ही आर्थिक क्षेत्र की स्पष्ट भविष्यवाणी २०५७ विक्रम संवत् के श्री विश्वविजय पंचांग में

नववर्ष प्रवेश कुंडली




नवमांश चक्र



बल	सू.	चं.	मं.	बु.	गु	शु.	श.
इष्ट	४०	०	४६	१९	४०	५८	१२
कष्ट	१७	३२	११	३५	२०	१	४०

जगत् लग्न कुंडली



की गयी है। डालर के मुकाबले रुपये की गिरती कीमत से विदेशी कर्ज का भार बढ़ रहा है। इस विषय पर आगे विश्लेषण में लिखा गया है। आगामी संवत् २०५८ विक्रम संवत् का आरम्भ दिनाँक २५ मार्च सन् २००१ ईस्वी रविवार प्रातः ६ बजकर ५१ मिनट पर मीन लग्न के मकर नवमांश में हो रहा है। ग्रह स्थिति किसी शुभ स्थिति का संकेत नहीं दे रही है। अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति के सन्दर्भ में जगत् लग्न का विश्लेषण विश्व में अशान्ति के वातावरण को जन्म देने वाला है। जगत् लग्न का स्वामी गुरु छठे भाव में स्थित होकर विश्व को रोगों, प्राकृतिक प्रकोपों से पीड़ित कर रहा है तथा छठे भाव में ही मित्राधिपति का भी स्थित होना, राष्ट्रों के परस्पर सम्बन्धों पर विपरीत प्रभाव डालकर शस्त्रास्त्रों की प्रतिद्वंद्विता को बढ़ा रहा है। पुनः शत्रु स्थान का अधिपति भी उच्च का होकर चतुर्थ भाव में स्थित होने से क्षेत्रीय विवादों एवं आवासीय समस्याओं को जन्म देने वाला है। अष्टमेश की लग्न में पाप ग्रहों के साथ स्थिति शस्त्रास्त्रों के संग्रह को बढ़ावा देने वाली है। जगत् लग्न चक्र की ग्रहस्थिति कुछ इस प्रकार की बन गयी है कि विश्व के किसी भाग में कोई भयंकर टकराव या राष्ट्रों में परस्पर युद्ध हो जाये तो कोई आश्चर्य नहीं। क्योंकि लग्नेश तृतीयेश चतुर्थेश षष्ठेश का परस्पर सम्बन्ध यही दर्शा रहा है। चतुर्थ भाव का अधिपति छठे भाव में होने से विश्व के कुछ भागों में कृषि की पैदावार प्राकृतिक कारणों, रोगों आदि से बहुत कम होगी एवं कुछ भागों की कृषि विभिन्न कारणों से नष्ट हो जायेगी अतः विश्व में खाद्य समस्या उत्पन्न होगी तथा कुछ राष्ट्र खाद्य समस्या के रहते बहुत प्रभावित होंगे। चतुर्थाधिपति छठे भाव में स्थित है जो कृषि योग्य भूमि के नष्ट होने का संकेत करता है साथ ही भौम जो कि द्वादशाधिपति भी है, चतुर्थ भाव को देखकर पुनः कृषिभूमि की हानि दर्शा रहा है। अतः कृषि उत्पादों की कमी गम्भीर स्थिति उत्पन्न न करे यह ध्यान देने योग्य है। चतुर्थ भाव सुख शान्ति का भी द्योतक है, चतुर्थेश की स्थिति विश्वशान्ति को क्षति पहुंचाने वाली है अतः अशान्ति बढ़ेगी। पंचमेश भौम के होने से जनसंख्या सीमित करने के प्रयास जोर पकड़ेंगे। राज्येश राज्य स्थान को देख रहा है किन्तु राज्येश के साथ षष्ठेश के भी होने से सत्ता संघर्ष भी कुछ राष्ट्रों में होगा। राज्येश को भी द्वादशेश पंचमेश भौम देख रहा है जो कि शनि से पहले ही अशुभकारी षडष्टक योग बनाये हुए हैं अतः सत्ता संघर्ष या सैनिक क्रान्ति या युद्ध का स्वरूप भी देखने को मिल सकता है। राज्येश षष्ठेश का सम्बन्ध होने से विरोधी एवं सत्ता पक्ष में टकराव होगा विरोधी पक्ष का साथ जनता देगी क्योंकि षष्ठेश उच्च का चतुर्थस्थ है। नवमेश उच्च का पंचमस्थ होने से धार्मिक मामले विश्वराजनीति में विशेष महत्व रख सकते हैं क्योंकि कुछ देशों, प्रदेशों में धार्मिक कट्टरवाद विशेष उलझन पूर्ण स्थिति उत्पन्न करेगा अतः विश्व शान्ति के लिए प्रतिकूल स्थिति बनेगी।

नववर्ष प्रवेश कुण्डली में लग्न का स्वामी तृतीय भाव में शत्रु राशि का होकर द्वादशेश के साथ स्थित है तथा अष्टमाधिप एवं षष्ठाधिप लग्नस्थ होने से किसी अनुकूल स्थिति का संकेत नहीं दे रहे हैं। प्रधान शासक के लिए सत्तासंचालन का मार्ग कंटकाकीर्ण

हो गया है। पंचमाधिप अस्त होकर अष्टमेश के साथ है अत: यह वर्ष प्रधान शासक के लिए शुभ नहीं कहा जा सकता है। आन्तरिक एवं बाह्य शत्रु अशान्ति का वातावरण उत्पन्न करने में कोई कमी नहीं करेंगे। प्रतिकूल परिस्थिति की दृढ़तापूर्वक सामना करने का तृतीयेश लग्नेश का अन्योन्यास सम्बन्ध संकेत दे रहा है किन्तु लग्नेश के शत्रुराशि में होने से लग्नेश के बल में कमी प्रधान शासक की इच्छाशक्ति में दृढ़ता की कमी की ओर इंगित कर रहा है जिससे समस्याओं का समाधान होने में बाधा उत्पन्न होगी जिससे जनता में चिन्ता एवं अशान्ति बढ़ेगी। क्योंकि लग्नाधिपति अपने से विपरीत प्रकृति के ग्रह शनि के साथ स्थित है तथा शनि मंगल का अशुभकारी समसप्तक योग बन रहा है जो कि विषम स्थिति निर्माण में प्रभावी है। प्रधान शासक को आन्तरिक समस्याओं के समाधान हेतु विशेष प्रयास करने पड़ेगे। अपने ही लोग अप्रत्यक्ष रूप से विषम स्थिति उत्पन्न करेंगे। द्वितीय भाव का स्वामी त्रिकोण में स्वगृही बैठा है जो कि राजस्व के बढ़ने का संकेत दे रहा है किन्तु शनि मंगल का समसप्तक राजस्व के अधिकांश भाग को गैर योजना व्यय या आकस्मिक व्यय में बदल रहा है क्योंकि शनि लाभ भाव के अधिपति के साथ है अत: शनि की दृष्टि को ध्यान में रखने से आर्थिक स्थिति सुधारने के प्रयासों को आघात लगना प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर हो रहा है। आमलोगों को अधिक आर्थिक बोझ के कारण कष्ट उठाना पड़ेगा जिससे जनता में अशान्ति की लहर होगी तथा सरकार को जनता के प्रबल विरोध का सामना करना पड़ेगा। धनभाव कुटुम्ब की स्थिति को भी दर्शाता है तथा कुटुम्बेश शनि गुरु से दृष्ट है अत: जनता को प्राकृतिक प्रकोपों, शत्रुकृत बाधाओं एवं राजस्व बढ़ाने के उपायों द्वारा कष्ट उठाना पड़ेगा। शनि प्राकृतिक प्रकोपों से जन-धन हानि दर्शा रहा है। मंगल का संबंध शुक्र से भी है तथा शुक्र अष्टमाधिप है अत: मुद्रा का अवमूल्यन होगा एवं मंहगाई सुरसा की तरह बढ़ेगी। आम आदमी के लिए मंहगाई बहुत अशान्ति का कारण बनेगी। तृतीय भाव पड़ौसी देश से सम्बन्धों का द्योतक है तथा राज्यों के आपसी संबंधों केन्द्र राज्यों के सम्बन्ध एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को भी यह भाव प्रभावित करता है। तृतीय भाव का अधिपति जो कि अष्टमाधिपति होकर अधिक घातक होकर उच्चस्थ है तथा साथ में शत्रुभाव के अधिपति के साथ स्थित है अपनी शत्रुवत् कार्यवाही को बनाये रखेगा। अत: पड़ौसी देशों का भारत के साथ मित्रवत् व्यवहार नहीं रहेगा दूसरे शब्दों में शत्रुतापूर्ण कार्यवाही-आतंकवाद को बढ़ावा देना, विध्वंसक कार्यवाही कर्त्ताओं को सहयोग करना यह पड़ौसी देशों की कुत्सित चालों का मुख्य भाग होगा। अत: आतंकवादी गतिविधियों के फलस्वरूप कुछ भीषण दुर्घटनायें भी होंगी। शनि मंगल का समसप्तक तृतीय भाव के साथ है अत: भयंकर टकराव संभव है किन्तु संघट्ट चक्र में वेध न होने से अवश्यम्भावी नहीं है। किन्तु पड़ौसी द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को कुचलने के प्रबल प्रयास किए जायेंगें। फलस्वरुप रक्तपात होगा। पड़ौसी देश भारत की प्रगति में बाधा उत्पन्न करने के हर संभव प्रयास करेंगे। तृतीयेश के उच्चस्थ होने से संचार साधनों रेलवे, यातायात टेलीफोन, दूरसंचार के माध्यमों में सुधार एवं विकास होगा। तृतीयेश के अष्टमेश भी होने के कारण रेलवे व यातायात कुछ बड़ी भयंकर दुर्घटनाओं से अपने को मुक्त नहीं रख सकेंगे। चतुर्थ भाव जो कि राहु से युक्त है भूमि- सम्पत्ति कृषि व कृषियोग्य भूमि को प्रभावित करता है। सुखेश द्वादशस्थ होने से कृषि की भारी हानि की सम्भावना कुछ भागों में है। कीट-पतंगों तथा कृषि रोगों से कृषि की हानि कुछ क्षेत्रों में होगी। प्राकृतिक प्रकोपों से कृषिभूमि की भी हानि होगी। कुछ क्षेत्र प्राकृतिक प्रकोप से इतना अधिक प्रभावित होंगे कि वहाँ के निवासियों को स्थान छोड़ कर विस्थापित होना पड़ेगा। इस प्रकार बड़ी संख्या में लोगों का विस्थापन होने से शासन को पुर्नवास समस्या का सामना करना पड़ेगा। चतुर्थ भाव का अधिपति वर्गोत्तमी भी है अत: कुल मिलाकर कृषि उत्पादन संतोष जनक होगा। मंगल से भी चतुर्थ भाव दृष्ट है अत: बड़े अग्निकांड व दुर्घटना भी भौम के कारण होगी। चतुर्थ भाव खदानों का भी द्योतक है अत: बड़ी खदान दुर्घटना इस वर्ष होगी। लोक सभा में विरोधी दल की स्थिति में राहु के कारण विशेष विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। यहाँ शुभ व अशुभ प्रभाव दोनों ही एक साथ परिलक्षित हो रहे हैं। बुध के द्वादशस्थ होने से प्रतिकूल प्रभाव व वर्गोत्तमी होने से प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी। ऐसा लगता है कि विरोधी दल के अन्दर कुछ पदलोलुपता के कारण आपसी टकराव होगा तथा परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी। वर्गोत्तमी होने से प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी। मंगल की दृष्टि से भी विरोधी पक्ष को कुछ हानि होगी। राहु आन्तरिक कलह बढ़ाने वाला होने के कारण पार्टी में आपसी फूट डालेगा। शिक्षा, मनोरंजन, जन्मदर, नैतिकता तथा शासन तन्त्र की विचारधारा को पंचम भाग दर्शाता है। पंचमेश चन्द्रमा है तथा लग्न में स्थित होकर प्रभावशाली बन गया है। किन्तु चन्द्रमा का षड्बलों में बल शून्य प्राय: है। क्योंकि वर्ष प्रवेश अमावस्या को होता है तथा अमावस्या को चन्द्रमा क्षीण हो जाता है अत: शिक्षा के स्तर में अभी सुधार की सम्भावना तो दूर गिरावट ही दर्ज होगी क्योंकि नवमांश में भी वह तुलाराशि में है। बालमृत्युदर बहुत अधिक होगी तथा नैतिकता का मार्ग पतनोन्मुखी होगा। इसी से यह भी सिद्ध है कि शासन तन्त्र की विचार धारा दोष पूर्ण होगी तथा शिक्षा नीति व विकास नीति उत्थान एवं सामाजिक स्तर को सुधारने में असफल होंगी। सुखेश, लग्नेश के सन्दर्भ में यदि पंचमेश को देखें तो गरीब लोगों की संख्या घटना या स्थिर होना तो दूर अपितु इसके विपरीत गरीबी बढ़ेगी ही। यहाँ इसी सन्दर्भ में भारत के शासन संचालकों को चेतावनी भरा एक सद्परामर्श ज्योतिषीय दृष्टि से देना आवश्यक है कि वर्तमान में गुरु का अन्तर स्वतन्त्र भारत के जन्मचक्र में चल रहा है एवं सन् २००२ ई. के मध्य में शनि का अन्तर शुक्र महादशा में प्रारम्भ होगा। उस समय आनेवाली परिस्थिति के लिए क्या वे तैयार हैं? क्या उन्हें पता है कि बेरोजगारी एवं गरीबी से त्रस्त एक विशाल भारतीय समाज के आक्रोश का उन्हें सामना करना पड़ सकता है एवं भारतीय समाज एक विघटन के दौर से गुजरेगा। "श्रीविश्वविजयपंचांग" ने पूर्व में ज्योतिष के आधार पर कई महत्त्वपूर्ण सत्य भविष्यवाणियाँ एवं सारगर्भित

चेतावनियां भारतीय समाज के उत्थान हेतु शासन तन्त्र को समय-समय पर दी हैं। गरीबी बेरोजगारी से त्रस्त नवयुवकों की प्रतिक्रिया को उन्हें भलीभाँति समझ लेना चाहिए एवं तदनुरूप योजना शीघ्रातिशीघ्र बनानी चाहिये। नहीं तो परिस्थितियाँ किसी भारी सामाजिक अस्थिरता को जन्म देने वाली बनेंगी। जिसके परिणाम विपरीत होंगे। क्योंकि शनि का यह अन्तर सितम्बर २००५ तक रहेगा। एवं शनि सूर्य के साथ अंशों की निकटता लिए हुए अस्त है तथा लग्नाधिप महादशानाथ भी अस्त है अत: असामान्य परिस्थितियाँ उत्पन्न होंगी। रिपु भाव से विभिन्न रोगों, जनता के स्वास्थ्य, शत्रु का प्रभाव, ऋणों की स्थिति, नौ सेना एवं आयुर्विज्ञान का विचार करते हैं। इस वर्ष रोगाधिप लग्नस्थ मित्र राशि में है साथ अष्टमाधिप भी है। नवमांश में षष्ठाधिप अष्टमाधिप की ही राशि में है अत: जनता रोगों से त्रस्त होगी, अन्तर्राज्यीय विवाद भी बढ़ेंगे। कुछ भागों में संक्रामक रोगों के फैलने से भयव्याप्त होगा। देश के ऋणों के सन्दर्भ में देखने पर वैदेशिक ऋणों का बोझ बढ़ेगा तथा मुद्रा का अवमूल्यन होगा। मुद्रा के अवमूल्यन से पूर्व ऋणों की राशि में स्वत: वृद्धि होगी तथा कुछ बड़े नये ऋण भी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्राप्त होंगे क्योंकि षष्ठेश मित्र राशि में है तथा इसका इष्टबल भी बहुत है अत: नये ऋण प्राप्त होने में कोई विशेष बाधा इस वर्ष उत्पन्न नहीं होगी। षष्ठेश के प्रभाव वश यद्यपि शत्रुकृत बाधा में कमी होती दिखाई नहीं दे रही है किन्तु ऐसा लगता है कि पड़ोसी से वार्ता के द्वार भारत इस वर्ष खोल देगा क्योंकि लग्न की राशि, षष्ठेश की मित्र है तथा शत्रु भाव को नीतिवान सप्तमाधिप बुध पूर्ण दृष्टि से देख रहा है। भारत को, चाहे कारण कुछ भी हो, बाध्य होकर वार्ता में भाग लेना पड़ेगा। यहाँ साथ में अष्टमाधिप के भी लग्नस्थ होने से कदम फूंक-फूंक कर रखने वाला समय होगा। भारत को वार्ता की मेज पर जाते समय यह अवश्य ध्यान रखना होगा कि वार्त्ता की मेज पर बैठा दूसरा पक्ष विश्वसनीय नहीं है एवं उसकी कथनी एवं करनी में जमीन-आसमान का अन्तर होने से सतर्क पैनी दृष्टि हर दृष्टिकोण से रखनी होगी क्योंकि कुछ भी अशुभ घटित हो सकता है। अष्टमाधिप उच्च का शुक्र होने पर व पंचमेश के भी अस्त होने से नीतिनिर्धारण में कुशलता का अभाव अनुभव किया जायेगा। सूर्य का औषधियों से संबंध है अत: सूर्य के लग्नस्थ होने से औषधि विज्ञान आयुर्विज्ञान में विशेष उपलब्धि अर्जित होगी। नौ सेना की मारक क्षमता बढ़ेगी। तृतीयेश षष्ठेश शत्रु हैं एवं लग्नस्थ हैं अत: नौ सेना का शत्रु की कुत्सित चालों के विरुद्ध प्रयोग होने की प्रबल सम्भावना ग्रह स्थिति दर्शा रही है।

सप्तम भाव से विदेशों से सम्बन्ध, अन्तर्राष्ट्रीय विवाद, विदेश व्यापार, अनैतिकता, विवाह एवं तलाकों का विचार मुख्यत: किया जाता है। सप्तमाधिप इस वर्ष द्वादश भाव में मित्र राशि में है तथा वर्गोत्तमी भी है एवं शनि से दृष्ट भी है अत: कुछ देशों से भारत के संबंध प्रगाढ़ होंगे तो कुछ देशों से सम्बन्धों में निष्क्रियता बढ़ेगी। अष्टमेश एवं षष्ठेश की दृष्टि सप्तमभाव पर है अत: कुछ देशों से संबंधों में गतिरोध भी उत्पन्न होगा। विदेश व्यापार में कुल मिलाकर स्थिति लगभग यथा स्थिति वाली ही रहेगी, क्योंकि सप्तमाधिप के व्ययस्थ होने से विदेश व्यापार में कमी होगी किन्तु वर्गोत्तमी होने से सुधार का द्योतक है फलत: स्थिति सामन्य रहेगी। इस वर्ष तलाक के मामलों में भारी वृद्धि होगी क्योंकि सप्तमाधिप शनि से दृष्ट है एवं मंगल की भी दृष्टि है अत: महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में भारी वृद्धि होगी। महिलाओं पर अत्याचार की बढ़ती घटनायें शासन की शिरोवेदना बनेगी एवं शासन को कठोर कदम उठाने को बाध्य होना पड़ेगा। अष्टम भाव से मुख्यत: राजकोष, राष्ट्रीय मृत्युदर, आत्महत्याओं एवं राष्ट्रीय शोक का विचार किया जाता है। अष्टमाधिप लग्न में उच्चस्थ है अत: राजकोष की स्थिति सुदृढ़ रखने के पर्याप्त प्रयास किये जायेंगे एवं शुक्र के उच्चस्थ होने से इसमें सफलता भी मिलेगी किन्तु शुक्र के ही साथ षष्ठेश सूर्य के भी स्थित होने से अधिकांश राशि गैर योजनाखर्च, आकस्मिक खर्च, प्राकृतिक प्रकोपों से त्रस्त लोगों के सहायतार्थ व्यय भाव में चल जाने से राजकोष की स्थिति सन्तोषजनक नहीं रह सकेगी। सरकार को बाध्य होकर योजना व्यय में कटौती करनी पड़ेगी। राजकोष के सन्दर्भ में हम पूर्व वर्ष के पंचांग में भी लिख चुके हैं कि कठोर वित्तीय नियम लागू करना सरकार की मजबूरी एवं अनिवार्यता होगी इसके अभाव में वित्तीय स्थिति बहुत विपरीत होगी एवं इसको पटरी पर लाने में बहुत समय लग जायेगा। किन्तु प्रत्यक्ष देखने में आ रहा है कि वित्तीय स्थिति के सुधार हेतु सरकार किसी दूरगामी परिणाम की योजना पर कार्य न कर तात्कालिक उपाय ही कर रही है। आश्चर्य है कि घाटे में चल रहे संस्थानों का गैर सरकारी करण ही सरकार को एक उपाय नजर आ रहा है, जबकि घाटे में चलने वाले संस्थानों को लाभप्रद स्थिति में कैसे लाया जा सकता है एवं रोजगार के अवसर कैसे बढ़ाये जा सकते हैं इस पर विचार नहीं किया जा रहा है। हम पूर्व में भी लिख चुके हैं कि शासन की विचारधारा दोषपूर्ण होगी तथा नीति निर्धारण त्रुटिपूर्ण होगा। यही कारण है कि सरकारी संस्थानों का गैर सरकारी करण एवं रोजगार के अवसरों में निरन्तर कमी होने के कारण बेरोजगारी एवं गरीबी निरन्तर बढ़ती जा रही है। इस मूल समस्या के निदान के लिए शासन के पास कोई दूरगामी योजना है, ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है। नेताओं को पुन: नेक सलाह है कि वह पदलोलुपता के पाश से स्वयं को मुक्त कर राष्ट्र की मूल समस्या बेरोजगारी एवं गरीबी को कम करने के लिए एक जुट होकर कार्य करें। अन्यथा वह स्मरण रखें हम ऊपर की पंक्तियों में लिख चुके हैं कि ग्रह स्थिति वशात् एक भारी सामाजिक अव्यवस्था का समय आनेवाला है जिससे भारी विकट स्थिति उत्पन्न होने का पूर्वाभास ग्रह स्थिति दे रही है। अत: नेताओं-राष्ट्र के कर्णधारों, उठो एवं अपने निजी स्वार्थों को तिलाञ्जलि देकर राष्ट्र की उपरोक्त दो मूल समस्याओं के निराकरण के लिए एक जुट हो जाओ, यही आग्रह श्री विश्वविजय पंचांग, भारत माता की सच्ची सेवा के लिए आपसे कर रहा है। नवम भाव से न्याय व्यवस्था, सांप्रदायिक स्थिति, धार्मिक माभले, धार्मिक स्थल एवं धर्म गुरु एवं न्यायाधीश इन सब विषयों का विचार किया जाता है। नवम भाव में भौम अपनी राशि में बैठा है। जातक शास्त्रों में मंगल की नवमभाव में स्थिति को धार्मिक दृष्टि से शुभ नहीं कहा गया

है यह पाप की ओर प्रवृत्ति कराने वाला ग्रह है एवं स्वराशिस्थ होने से अधिक प्रबल हो गया है अत: दिखावे का धार्मिक कट्टरतावाद बढ़ेगा। धर्म दूसरों को उपदेश देना मात्र रह गया है इसका अनुसरण करने वाले वैसे भी प्रतिदिन कम होते जा रहे हैं एवं भौम इस स्थिति को और अधिक बढ़ायेगा फलस्वरूप सांप्रदायिक सद्भाव में कमी होगी एवं धर्म का राजनीतिक लाभ के लिए दुरुपयोग होगा। धार्मिक नेता अपने-अपने अनुयायियों को सद्मार्ग दिखाने में वैसे भी विफल हो रहे हैं एवं ग्रह स्थिति भी उन्हें विफल ही करेगी। प्लूटोग्रह भी नवम भाव में होने से अधिनायकवादी प्रवृत्ति का है जिससे धार्मिक नेता धर्म का दुरुपयोग अपने स्वार्थों के लिए करेंगे। शनि-मंगल का समसप्तक योग नवम भाव को प्रभावित कर रहा है अत: किसी धार्मिक स्थल को लेकर विवाद अपने चरम पर पहुंचकर सांप्रदायिक सौहार्द के लिए विपरीत परिस्थिति पैदा करेगा। यही किसी धार्मिक नेता को हानि भी पहुंचाने वाली ग्रहस्थिति हो सकती है। केवल गुरु विपरीत स्थिति को संभालने का कार्य कर रहा है। न्याय व्यवस्था के संदर्भ में न्यायालय कुछ कठोर फैसले व्यापक जनहित में लेंगें तथा नये कठोर कानूनों की पृष्ठभूमि भी बनेगी जिसमें शनि के कारण कुछ विरोध के स्वर जनाकांक्षाओं के विरोधियों की ओर से उठाये जायेंगे। न्यायालयों की भूमिका सामाजिक उत्थान में प्रबल होगी। दशमभाव प्रधानशासक-लोकसभा-राज्यसभा तथा अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को दर्शाता है। दशमाधिपति गुरु शत्रु राशि का होकर तृतीयस्थ है तथा अपने से एकदम विपरीत विचारधारा वाले द्वादशाधिपति शनि के साथ स्थिर राशि में स्थित है। इससे यह प्रत्यक्ष है कि प्रधानशासक को विपरीत परिस्थितियों में ही शासन चलाना होगा तथा पद-पद पर बाधायें आयेंगी एवं बाधा बाहर के विपरीत अपने ही लोग अधिक उत्पन्न करेंगे। क्योंकि नवमांश में दशमाधिपति मित्र राशि में बैठा है साथ ही वह राशि चर भी है अत: यह स्पष्ट है कि प्रधान शासक को पदच्युत करने का प्रबल प्रयास उनके ही निकटस्थ लोग इस वर्ष सुनियोजित ढंग से करेंगे। क्योंकि लोकसभा का विचार भी इसी ग्रह स्थिति के परिप्रेक्ष्य में करना है अत: स्पष्ट है कि लोकसभा तथा राज्य सभा में कुछ ऐसे प्रश्न सामने आयेंगे एवं ऐसी स्थितियां बनेगी कि सरकार को भारी असुविधा संसद के दोनों सदनों में होगी। विपक्ष का ग्रह नवमांश में भी उसी राशि का है जिससे वह वर्गोत्तमी हो गया है तथा जिस राशि में विपक्ष का ग्रह बैठा है उसी राशि का अधिपति शनि गुरु के साथ है अत: सरकार को भारी शिरोवेदना इस वर्ष होगी, दशम स्थान में केतु भी स्थित है। सामान्य विचार से केतु चिन्ता एवं बाधा उत्पन्न करने वाला है। धनुराशि में इसकी स्थिति प्रबल हो जातीहै तथा केतु को प्रबल मारक ग्रह भी माना जाता है यदि इसके अच्छे बुरे प्रभावों का विश्लेषण करें तो यह शासक के लिए शासन चलाने में बाधा एवं चिंता उत्पन्न करने वाला ही है। अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के संदर्भ में देखने से यह स्पष्ट है कि दशमेश की तृतीयस्थ स्थिति विश्व में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाली ही होगी। तथा हम पूर्व वर्ष के पंचांगों में लिख चुके हैं कि अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात को महत्त्व दिया जायेगा। इस वर्ष भी ग्रह स्थिति ऐसी है कि भारत की बात एवं प्रतिष्ठा को विश्व समुदाय महत्त्व देगा। लाभेश की तृतीयस्थ स्थिति अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के सन्दर्भ में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। पूर्व में सप्तम भाव के विश्लेषण में भी लिखा है एवं लाभेश की स्थिति भी दर्शा रही है कि कुछ देशों से भारत के संबंध प्रगाढ़ होंगे एवं अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की स्थिति मजबूत होगी तथा विदेश व्यापार में कुछ नये अवसर प्राप्त होंगे लेकिन कुछ पूर्व प्राप्त व्यापारिक अवसरों पर विपरीत प्रभाव भी पड़ेगा क्योंकि षष्ठेश की लग्नस्थ स्थिति प्रतिस्पर्धा को बढ़ानेवाली है। लाभेश मित्र राशि में होने से कुछ व्यापारिक क्षेत्रों में प्रगति विशेष उत्साहवर्धक होगी क्यों कि नवांश में लाभेश अपने घर में है जो कि लाभेश की स्थिति को प्रबल बना रहा है अत: भारत को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष महत्वपूर्ण राष्ट्र की दृष्टि से देखा जायेगा एवं तदनुरूप स्थान भी प्राप्त होगा। लाभेश की स्थिति ही नये कानूनों का प्रावधान भी दर्शा रही है अत: कुछ महत्वपूर्ण नये कानूनों का प्रादुर्भाव भी होगा जिनका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। सामाजिक दृष्टि से देखने पर महिलाओं से संबंधित कानून भी बनेंगे क्योंकि तृतीयस्थ शनि की द्वादशस्थ सप्तमाधिपति पर पूर्ण दृष्टि पड़ रही है अत: नये कानून पर महिलाओं द्वारा प्रसन्नता एक समर्थन प्रदर्शित किया जायेगा क्योंकि बुध एवं शनि मित्रता का स्वभाव लिए हुए हैं। कुछ इसी प्रकार की स्थिति संविधान संशोधन के सन्दर्भ में भी है। ऐसा प्रतीत होता है कि संविधान में कोई महत्त्वपूर्ण संशोधन किया जायेगा जिसका व्यापक समर्थन महिलाओं द्वारा भी किया जायेगा। इस वर्ष द्वादशाधिपति पराक्रम स्थान में बैठा है तथा द्वादश भाव में बुध का होना एवं द्वादशाधिपति पर शनि की दृष्टि इस वर्ष जासूसी गतिविधियों की ओर इंगित करती है। अत: शत्रु पक्ष गुप्त षडयन्त्र कर यहाँ की महत्त्वपूर्ण सूचनाओं को अवांच्छित गतिविधियों द्वारा प्राप्त करने का प्रयास करेगा ऐसा लग रहा है कि कुछ अतिमहत्वपूर्ण गुप्त सूचनायें बाहरी शत्रु के हाथ लग जायेंगी जिससे कुछ विशेष विकास योजनायें प्रभावित हो सकती हैं। द्वादशाधिपति की स्थिति के कारण अपराधों में वृद्धि होगी एवं अपराधी तत्त्व अवांछित गतिविधियों में वृद्धि करेंगे जिससे भय व्याप्त होगा। भौम की द्वादश भाव एवं द्वादशेश पर दृष्टि अपराधी तत्त्वों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने का संकेत देती है अत: शासन असामाजिक तत्त्वों के विरुद्ध नीतिगत कठोर निर्णय लेगा। द्वादश भाव जल से भी संबंधित होने के कारण एवं अग्नितत्त्व युक्त भौम से दृष्ट होने के कारण कुछ भागों में जल का भारी संकट होने की इस वर्ष सम्भावना है अत: कुछ भूभाग विशेष भयंकर सूखे की चपेट में आयेंगे तथा लोगों को विस्थापित होना पड़ेगा तथा कहीं बड़े अग्निकांड या दुर्घटना से बड़ी हानि होगी। द्वादशभाव स्वास्थ्य केन्द्रों के सन्दर्भ में देखने पर स्वास्थ्य केन्द्रों के विकास एवं सुधार की विशेष नीति बनेगी। इस वर्ष अपने गुप्तचर तन्त्र को विशेष रूप से सतर्क रखना राष्ट्रहित में होगा क्योंकि राष्ट्रविरोधी असामाजिक तत्त्वों की गतिविधियाँ रोकने के लिए उनके विरुद्ध कार्यवाही आवश्यक होगी जो कि वांच्छित सूचना के बिना सम्भव नहीं है। मंगल के कुम्भ नवमांश में स्थित होने से यह स्पष्ट है कि यदि इस वर्ष शासन

व गुप्तचर तन्त्र ने सतर्कता से काम नहीं लिया तो भारी क्षति, दुर्घटनाएं, अग्निकांड, बम्बविस्फोट, आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि के कारण होंगे।

विश्व परिदृश्य सं. २०५८ वि.

अमेरिका- भारतीय पद्धति से अमेरिका में तुला लग्न के समय वर्ष प्रवेश हुआ है। लग्नाधिप शुक्र उच्च का होकर छठा गया है। तथा राज्याधिप भी शत्रु स्थान में स्थित है अतः प्रधान शासक को विपरीत स्थिति का सामना करना पड़ेगा। विरोधी पक्ष शासक दल के लिए समस्यायें खड़ी करेगा। कुटुम्बेश के कुटुम्ब स्थान में ही स्थित होने से आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ होगा किन्तु चतुर्थेश के अष्टमस्थ होने से तथा शनि मंगल के समसप्तक होने से बड़ी दुर्घटना या आतंकवादी गतिविधि के परिणाम स्वरूप धन जन की हानि होगी एवं लोगों में असुरक्षा की भावना बनेगी एवं भय व्याप्त होगा। आतंकवादी गतिविधियों अग्निकाण्ड, बम्बविस्फोट आदि से शान्ति भंग होगी। पराक्रम भाव का अधिपति अष्टमस्थ होने से किसी देश विशेष से सम्बन्धों में गतिरोध उत्पन्न होगा। नवमेश के पंचमस्थ होने से नीतिनिर्धारक कुशलता का परिचय देते हुए बाल विकास तथा बच्चों की मनोवृत्ति के बारे में सुधार लाने हेतु नीति बनायेंगे। सप्तमेश के द्वितीयस्थ होने से व्यापार में पकड़ मजबूत होगी तथा तकनीकी क्षेत्र का विकास होगा। सप्तमेश मंगल स्वगृही होकर शनि से पूर्ण दृष्टि संबंध बना रहा है। अतः यह देश दूसरों को शान्ति का पाठ पढ़ायेगा तथा विध्वंसक हथियारों की तकनीक हस्तान्तरण न करने को कहेगा किन्तु स्वयं विध्वंसक हथियारों का उत्पादन व अपने मित्र देशों को विध्वंसक शस्त्रों से युक्त कराने में सहयोग करेगा। कहीं किसी देश के विरुद्ध बल प्रयोग भी अमेरिका इस वर्ष करेगा। नवम स्थान का अधिपति मित्र राशिस्थ होकर महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय करेगा। इससे धार्मिक क्षेत्र भी प्रभावित होगा। कर्मेश के षष्ठष्थ होने से सत्तारूढ़ दल व प्रधानशासक को शासन तन्त्र चलाने में विपरीत स्थिति का सामना करना पड़ेगा। लाभाधिप के भी व्ययस्थ होने से योजना व्यय में भारी वृद्धि होगी। व्ययेश का पंचमस्थ होना भी इसी ओर इंगित करता है। भारत व अमेरिका के नववर्ष प्रवेश लग्न परस्पर षडष्टक योग बना रहे हैं अतः इसी वर्ष भारत को अमेरिका के कारण किसी गतिरोध या विपरीत स्थिति का सामना करना पड़ सकता है तथा अमेरिका भारतीय हितों को क्षति पहुँचा सकता है।

रूस- मास्को में धनु लग्न के समय नववर्ष प्रवेश हो रहा है। लग्न में केतु के स्थित होने से इस वर्ष रूस हथियारों के उत्पादन, निर्यात, रखरखाव एवं विकास पर विशेष ध्यान देगा। लग्नाधिप एवं चतुर्थाधिप मन्द के साथ रिपु भावस्थ होने से आन्तरिक स्थिति विषम रहेगी। आतंकवादी गतिविधियों से जनता में भय व अशान्ति का वातावरण रहेगा तथा कुटुम्बेश की स्थिति वशात् मंहगाई बढ़ेगी एवं लोगों की क्रय शक्ति में कमी भी चिन्ता का विषय बनेगी। मंगल की भी लग्नेश पर दृष्टि है तथा लग्नेश सहित शनि मंगल का दृष्टि सम्बन्ध होने से दुर्घटनाओं में वृद्धि होगी एवं आतंकवादी गतिविधियों के कारण बम्ब विस्फोट अग्निकाण्ड एवं दुर्घटनायें होंगी जिससे जन-धन की हानि होगी। तृतीयेश भी छठा गया है जिससे पड़ोसी राष्ट्र से संबंधों में गतिरोध उत्पन्न होगा एवं मंगल की दशमेश पर दृष्टि शासकों से कठोर कदम उठवायेगी। द्वितीयेश की स्थिति वशात आर्थिक ढांचे को मजबूत करने के लिए कठोर कदम उठाये जायेंगे। सप्तमेश बुध तृतीयस्थ होने से निर्यात व्यापार वृद्धि के लिए प्रभावी नीति बनायी जायेगी किन्तु राहु के भी सप्तमस्थ होने से तथा द्वादशेश की भी सप्तम भाव पर दृष्टि होने से सफलता प्राप्त नहीं होगी। अष्टमेश के चतुर्थस्थ होने से मुद्रा भण्डार-राजकोष में वृद्धि के प्रयास होंगे इसमें आंशिक सफलता प्राप्त होगी। क्योंकि लाभेश उच्च का है तथा वह षष्ठेश भी है। जिससे अनुमान से अधिक व्यय होगा अतः गैर योजना व्यय बढ़ेगा। षष्ठेश के प्रभाववश अनिच्छित व्यय करना पड़ेगा। प्राकृतिक आपदा या शत्रु-आतंक वादी कार्य वाही आदि में व्ययाधिक्य होगा। नवम भाव के अधिपति के केन्द्रस्थ होने से कानून व्यवस्था की स्थिति सन्तोष जनक होगी किन्तु शत्रु स्थान का अधिपति आन्तरिक अशान्ति उत्पन्न कर कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करेगा। दशमेश के तृतीयस्थ होने से शासक शासन चलाने में अपनी दक्षता का परिचय नहीं दे पायेंगे अतः प्रधान शासक को कुछ विरोधों का समाना भी करना पड़ेगा। लाभेश के उच्चस्थ होने से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस वर्ष रूस का मान बढ़ेगा तथा अन्य राष्ट्रों से सहयोग में वृद्धि होगी। मंगल के द्वादशस्थ स्वगृही होने से रूस के वर्चस्व में वृद्धि होगी। भारत व रूस के वर्ष प्रवेश लग्नों का अधिपति एक ही ग्रह होने से इस वर्ष दोनों देशों में आपसी सहयोग बढ़ने की अधिक सम्भावनायें हैं।

पाकिस्तान- वर्ष प्रवेश लग्न मीन है। लग्नाधिप तृतीय भाव में शत्रु राशि में स्थित है। अतः शासकों को आन्तरिक विरोधों का सामना करना पड़ेगा। यहाँ यह भी दृष्टव्य है कि लग्नेश के तृतीयस्थ होने से भ्राता (पड़ोसी भारत) से संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया आरम्भ होगी किन्तु लग्नेश शत्रु राशि में है अतः वार्ता या संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया में गतिरोध उत्पन्न होगा। यद्यपि लाभेश भी वहीं स्थित है किन्तु लाभेश व्ययेश भी होने से अनपेक्षित रूप से अधिक समय तक वार्ता चलेगी। चतुर्थेश के व्ययस्थ होने से आन्तरिक अशान्ति मंहगाई- प्राकृतिक प्रकोपों दुर्घटनाओं से लोग त्रस्त रहेंगे। किसी भाग विशेष से लोगों का पलायन इस वर्ष सुरक्षा की दृष्टि से होगा। पंचमेश के लग्नस्थ होने से इस वर्ष नीतिनिर्धारक, भविष्य की योजनाओं के विषय में नये सिरे से विचार करेंगे तथा शिक्षा के स्तर को सुधारने के उपाय किये जायेंगे किन्तु पंचमेश के रश्मिहीन होने से शासन की विचार धारा एवं योजनायें त्रुटिपूर्ण एवं अपरिपक्व ही होंगी। षष्ठेश के लग्नस्थ होने से इस वर्ष शासक को कई अन्तर्विरोधों का सामना करना पड़ेगा। हो सकता है कि आतंकवादी संगठन जो कि पाकिस्तान में कई वर्षों से

अपनी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं वहीं के शासन तन्त्र एवं जनता की शिरोवेदना बन जायें एवं स्वयं पाकिस्तान आतंकवाद की छाया से ग्रसित हो जाये क्योंकि एक ओर तो षष्ठेश अष्टमेश लग्नस्थ हैं तो दूसरी ओर लग्नेश द्वादशेश के साथ होकर शनि- मंगल के समसप्तक योग से प्रभावित है। इस दृष्टि से पाकिस्तान के लिए यह वर्ष सामान्य नहीं कहा जा सकता। सप्तमेश के द्वादशस्थ होने से विदेश सम्बन्ध विदेश व्यापार एवं निर्यात में यह वर्ष उलट फेर वाला है। क्योंकि पाकिस्तान का वर्ष प्रवेश सिंह नवांश में है एवं सूर्य नीच नवांशक है।

ग्रहयोगों को देखते हुए पाकिस्तान में इस वर्ष प्रजातंत्र को पुन: स्थापित करने का पाखण्डपूर्ण प्रयास आरम्भ हो सकता है। इस कपट, पाखण्ड के छद्मावरण के भीतर, सत्ता सूत्र सैनिक शासक के ही हाथ में रहेगा अत: भारतीय जनमानस को दिग्भ्रमित होना उचित न होगा। पाकिस्तान का जन्म ही, खोखली मध्ययुगीन अन्ध धार्मिक, सामन्तवादी कट्टरवादिता, घृणा, द्वेष, हिंसा तथा अराजकता की तामसिक, राक्षसी मनोवृत्ति से हुआ है। पाकिस्तान के शासन तन्त्र पर हावि यह मनोवृत्ति, कभी भी, भारत से मधुर, सौहार्द्रपूर्ण संबंध स्थापित नहीं होने देगी, अत: भारत के शासकों, सरकार, राजनेताओं और जनता को यह चेतावनी देना प्रासङ्गिक होगा, कि वह अराजक, आतंकवादी तत्वों तथा उनके प्रायोजकों के कपटजाल में फंसकर उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों में युद्धविराम, सैनिक कार्यवाहियों पर आवांछित रोक लगाकर व्यापक राष्ट्रीय हितों से अमंगलकारी खिलवाड़ न करें। अराजक तत्वों तथा उनके प्रायोजकों से सख्ती से निपटना हितावह होगा अन्यथा विनाशकारी परिणाम सामने आ सकता है।

अफगानिस्तान- काबुल भी मीन लग्न पर ही नववर्ष प्रवेश कर रहा है अत: वहाँ की सत्तारूढ़ सरकार को बाध्य होकर वहाँ स्थित आतंकवादी संगठनों को अपनी कार्यवाही रोकने के लिए निर्देश देना पड़ेगा। इसके फलस्वरूप वहाँ की सत्तारूढ़ पार्टी को भी दोतरफा दबावों को झेलना आसान नहीं होगा जैसा कि पाकिस्तान के सन्दर्भ में पहले लिख चुके हैं कि एक ओर तो षष्ठेश व अष्टमेश लग्नस्थ हैं तो दूसरी ओर राज्येश- लग्नेश शत्रु के घर में स्थित होकर शनि-मंगल के समसप्तक योग से प्रभावित हो रहा है। अत: सत्तारूढ़ दल के लिए यह वहाँ असामान्य स्थिति पैदा करने वाला है एवं जनता को आन्तरिक परेशानी मंहगाई एवं आतंकवादी संगठनों से भी विपरीत स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

चीन- वर्ष प्रवेश वृष लग्न में हो रहा है। लग्नेश भृगु उच्चस्थ होकर लाभस्थान में स्थित है तथा दशमेश शनि लग्नस्थ होकर शासक को दृढ़ता प्रदान कर रहा है। अत: शासक की शासन पर पकड़ मजबूत होगी। विकास की दर तेज होगी। गुरू के अष्टमेश होकर लग्नस्थ होने से एवं शुक्र के लग्नेश के साथ षष्ठेश भी होने से अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों में किसी देश या देशों से गतिरोध उत्पन्न होगा। शनि मंगल का समसप्तक योग किसी विकट स्थिति को जन्म दे सकता है जिससे भय एवं अशान्ति का वातावरण उत्पन्न होगा। कुटुम्बेश यद्यपि केन्द्रस्थ है तथापि कुटुम्ब भाव में राहु उलझन पैदा करने वाला है जिससे अशान्ति का वातावरण बनेगा। तृतीयेश अस्त होकर लाभ स्थान में है तथा तृतीय भाव शनि के प्रभाव में होने से पड़ौसी राष्ट्रों से संबंध सन्तोष जनक नहीं होंगे। आर्थिक दृष्टि से चीन प्रगति करेगा क्योंकि धन स्थान का अधिपति केन्द्रस्थ है एवं चीन अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य को ही मुख्यत: अपनी योजनाओं का आधार बनायेगा। धनेश ही पंचमेश भी है एवं इस कार्य में उसे पर्याप्त सफलता मिलेगी। कृषि क्षेत्र में भी उन्नति होगी क्योंकि कृषि क्षेत्राधिपति लाभस्थ है। भारत के साथ सम्बन्धों को सुधारने के प्रयास होंगे किन्तु वर्ष प्रवेश लग्नों की परस्पर मित्रता न होने से कुछ बातों को लेकर संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया में गतिरोध उत्पन्न होगा। षष्ठेश के उच्चस्थ होने से रोगों प्राकृतिक प्रकोपों से इस वर्ष चीन त्रस्त रहेगा। मंगल के स्वक्षेत्र सप्तमस्थ होने से विदेशों से सम्बधों के मामले में चीन अपनी नीति पर दृढ़ रहेगा तथा लचीलेपन का सर्वथा अभाव होने से तथा शनि-मंगल के समसप्तक योग के प्रभाववश किसी देश से सम्बन्धों में गम्भीर गतिरोध उत्पन्न होगा। यह गतिरोध इस स्तर का भी हो सकता है कि इससे विश्व में शान्ति चाहने वाले राष्ट्र चिंतित होंगे।

जापान- भारतीय पद्धति से टोकियों में मिथुन लग्न के समय वर्ष प्रवेश होगा। लग्नाधिप एवं चतुर्थाधिप के नवमस्थ मित्रराशिस्थ होने से यह वर्ष राष्ट्र के लिए उन्नतिकारक है। नवमेश-दशमेश के द्वादशस्थ होने से इस वर्ष प्रधान शासक को विपरीत स्थिति का सामना करना पड़ेगा तथा राजनीतिक दृष्टि से सत्तारूढ़ दल व शासक की पकड़ कमजोर होगी व कोई विवाद जन्म लेगा। कुटुम्बेश की स्थितिवशात् आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। तृतीयेश के प्रभाव वश अन्य देशों से संबंध मैत्रीपूर्ण होंगे। भारत के साथ संबंध सामान्य एवं आपसी सहयोग बढ़ाने वाले होंगे क्योंकि दोनों देशों के वर्ष प्रवेश लग्न चतुर्थ एवं दशम का संबंध बनाये हुए हैं। पंचमेश के उच्चस्थ होने से शिक्षा एवं बाल विकास को दृष्टिगत रखते हुए योजनाओं का प्रारूप तैयार होगा। मंगल के स्वगृही होकर रिपुभाव में स्थित होने से आयुर्विज्ञान में विशेष प्रगति एवं नवीन खोज होगी। सप्तमाधिप के द्वादशस्थ होने से विदेश व्यापार में वृद्धि होगी एवं निर्यात बढ़ेगा। विदेश व्यापार में प्रतिस्पर्धा स्वरूप किसी देश विशेष से व्यापारिक संबंधों में गतिरोध उत्पन्न होगा। सप्तमाधिप शत्रु राशिस्थ है तथा अष्टमाधिप के साथ है अत: व्यापार के कुछ क्षेत्र विशेष में जापानी हितों को विपरीत स्थिति का भी सामना करना पड़ेगा। अष्टमाधिप के प्रभाववश मुद्राबाजार में जापानी मुद्रा की क्रय शक्ति में कुछ न्यूनता दृष्टिगोचर होगी। जिससे वित्तीय प्रबन्धक चिंतित होंगे किन्तु यह स्थिति अस्थायी ही होगी।

फ्रांस- नव वर्ष का प्रवेश धनु के लग्न के मेष नवमांश में हो रहा है जिससे यह देश रक्षा उपकरणों शस्त्रास्त्रों के उत्पादन को बढ़ाने की ओर ज्यादा ध्यान देगा। सुखादि पति एवं लग्नाधिपति की नवमांश स्थिति सुखद प्रगति का संकेत कर रही है। राज्येश यद्यपि वर्गोत्तमी है तथापि तृतीयस्थ होने से शासक व शासन तन्त्र के लिए स्थिति चुनौती पूर्ण

रहेगी। कुछ अपनी ही पार्टी के लोग समस्या पैदा करेंगे। प्रधान शासक के निकट सहयोगी बाधा उत्पन्न करेंगे। आर्थिक दृष्टि से ग्रह प्रगति कारक है। मुद्रा की क्रय शक्ति बढ़ेगी एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों से सहयोग बढ़ेगा। लग्नस्थ केतु कुछ समस्यायें भी उत्पन्न करेगा। शस्त्र निर्माण एवं विकास से संबंधित व्यापार में फ्रांस के किसी देश विशेष से संबंधों में गतिरोध उत्पन्न होगा। इस वर्ष शस्त्रास्त्र निर्यात में भारी वृद्धि की भी संभावना है। पंचमाधिप मंगल नीति निर्धारण में कुछ कठोरता का परिचय देते हुए कठोर नीति अपनाने को शासकों को प्रेरित करेगा क्योंकि पंचमाधिप द्वादशस्थ है अत: इससे विदेश नीति प्रभावित होगी। शनि मंगल के समसप्तक योग वशात् कुछ बड़ी दुर्घटनाओं की भी आशंका है जिससे जन-धन की हानि होगी। इन दुर्घटनाओं में समाज विरोधी या आतंकवादी संगठनों की भूमिका भी होगी। फलस्वरूप शासन कुछ कठोर कदम उठायेगा। फ्रांस के वर्ष प्रवेश लग्न का अधिपति एवं भारत के वर्ष प्रवेश लग्न का अधिपति एक ही ग्रह के होने से इस वर्ष दोनों देशों के संबंधों में भावियोजनाओं के संदर्भ में निकटता आयेगी एवं कुछ महत्वपूर्ण समझौते होंगे जिनका निकट भविष्य में बहुत महत्त्व होगा।

ब्रिटेन (लंदन)- भारतीय पद्धति से ब्रिटेन में नववर्ष का प्रवेश वृश्चिक लग्न के समय हो रहा है। लग्न का अधिपति मंगल लग्न में षष्ठेश होकर स्थित है। अत: ब्रिटेन अर्न्तराष्ट्रीय संबंधों के सन्दर्भ में दृढ़ता का परिचय देगा तथा कहीं कठोर रुख के कारण अन्य देश से संबंधों में गतिरोध उत्पन्न होगा। शनि तृतीयेश होकर सप्तमस्थ है तथा शनिमंगल का समसप्तक योग अशान्ति का वातावरण बनाने वाला है। इसके फलस्वरूप दुर्घटनाओं में वृद्धि होगी तथा आतंकवादी तत्व समाज विरोधी कार्यवाही कर भय का वातावरण बनायेंगे। कुटुम्ब स्थान का केतु भी अशान्ति को दर्शा रहा है। आर्थिक दृष्टि से इस वर्ष मुद्रा बाजार में ब्रिटेन की मुद्रा की क्रय शक्ति में अल्पावधि के लिए भारी गिरावट सम्भव है क्योंकि अष्टम स्थान में राहु है एवं धनेश शनि-मंगल के समसप्तक योग से प्रभावित हो रहा है जिससे अचानक मुद्राबाजार पर किसी अन्तर्राष्ट्रीय घटना का प्रभाव पड़ेगा। भारत के साथ संबंधों एवं सहयोग के सन्दर्भ में ब्रिटेन के वर्ष प्रवेश लग्न के अधिपति एवं भारत के नववर्ष प्रवेश के अधिपति की परस्पर मित्रता है फलत: दोनों देशों में आपसी समझ एवं सहयोग बढ़ेगा। मंगल के लग्नस्थ होने से हथियार शस्त्रों के निर्माण में भी ब्रिटेन रुचि लेगा तथा कहीं सैनिक सहायता या सैनिक कार्यवाही में आगे बढ़चढ़ कर भाग लेगा। राज्येश त्रिकोण में धर्माधिपति एवं सप्तमाधिपति-द्वादशाधिपति के साथ है अत: शासक योजना बनाते समय विदेश व्यापार एवं नैतिक-मूल्यों को विशेष स्थान देंगे किन्तु नैतिक मूल्यों का अधिपति चन्द्र क्षीण होने से सुधार की कोई सम्भावना नहीं है अत: बाल अत्याचार-शोषण की घटनाओं में वृद्धि चिन्ता का कारण बनेगी।

जर्मनी- धनु लग्न के मिथुन नवमांश में नववर्ष प्रवेश हो रहा है अत: शासक विदेश व्यापार को दृष्टिगत रखते हुए अपनी नीति निर्धारित करेंगे। लग्नाधिपति जो कि सुखाधिपति भी है छठे भाव में स्थित है तथा मंगल के नवमांश में स्थित है अत: शासक दल को विरोधों का सामना करना पड़ेगा तथा शासक के शीघ्र निर्णय एवं दृढ़ निर्णय के कारण विरोध के स्वर उठेंगें क्योंकि भौम का नवमांश बिना पर्याप्त विचार के निर्णय करायेगा जिससे शासक एवं शासक दल विपरीत स्थिति को देखकर चिंतित होंगें। केतु का लग्नस्थ होना भी विरोध का कारण बन रहा है। वर्ष प्रवेश लग्न एवं भारत का वर्ष प्रवेश लग्न एक ही ग्रह होने के कारण भारत एवं जर्मन में परस्पर सहयोग में इस वर्ष विशेष वृद्धि होगी। द्वादशेश भौम की तृतीया भाव पर पूर्ण दृष्टि है एवं नवांश में भी भौम तृतीयेश की राशि पर है एवं तृतीयेश छठे भाव पर स्थित है अत: किसी देश विशेष से संबंधों में गतिरोध उत्पन्न होगा तथा राहु के सप्तमस्थ होने एवं सप्तमेश के तृतीयस्थ होकर शनि से दृष्ट होने के कारण व्यापारिक हित प्रभावित होंगे किन्तु सप्तमेश के वर्गोत्तमी होने से जर्मनी व्यापारिक क्षेत्र में उन्नति करेगा। न्याय व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार की आवश्यकता समझी जायेगी क्योंकि पंचमाधिप नवमांश में नीच राशि का बैठा है। आर्थिक दृष्टि से इस वर्ष जर्मनी को भारी उतार-चढ़ाव देखने पड़ेंगे क्योंकि राजकोष का स्वामी अस्त है एवं धनेश के रिपु भाव में स्थित होने से जर्मन मुद्रा की क्रय शक्ति अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अस्थायी रूप से कम होगी जो कि वित्त प्रबन्धकों में चिंता का कारण बनेगी। लाभेश के उच्चस्थ होने से जर्मनी की प्रतिष्ठा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी।

बर्मा- रंगून में नववर्ष प्रवेश के समय मेष लग्न है। लग्न का स्वामी मंगल अष्टमस्थ होकर यद्यपि अपनी राशि में ही स्थित है किंतु शनि के साथ समसप्तक योग भी होने से ग्रह स्थिति असामान्य हो गयी है। इस वर्ष बर्मा को आन्तरिक एवं बाह्य दोनों प्रकार के दबावों या विरोधों का समाना करना पड़ेगा क्योंकि शनि राज्येश भी है अत: शासकों की शासन तन्त्र पर पकड़ कमजोर होगी। कुटुम्ब स्थान का अधिपति एवं चतुर्थेश दोनों ही व्यय भाव में स्थित होने से ग्रह स्थिति आन्तरिक अशान्ति की ओर इंगित कर रही है। शासन किसी आन्दोलन आदि को दबाने या विरोध को दबाने के लिए मंगल से प्रेरित हो कठोर कार्रवाई करेगा जिससे भारी रक्तपात सम्भव है। तृतीय भाव में राहु के स्थित होने से पड़ोसी देशों से संबंधों में गतिरोध उत्पन्न होगा। पंचमेश के भी व्ययस्थ होने से नीति निर्धारण त्रुटिपूर्ण होगा। जिससे विदेश व्यापार एवं आर्थिक स्थिति दोनों पर ही विपरीत प्रभाव पड़ेगा क्योंकि सप्तमेश-धनेश भी पंचमेश के ही साथ व्ययस्थ है। भारत एवं बर्मा के वर्ष प्रवेश लग्नाधिपति यद्यपि आपस में मित्र हैं तथापि दोनों परस्पर नवम-पंचम होने से दोनों देशों के बीच कुछ विषयों पर वैचारिक मतभेद उभरेंगे।

आस्ट्रेलिया- केनबरा में वृष लग्न के समय नववर्ष प्रवेश हो रहा है। लग्नेश की लाभ स्थान में स्थिति एवं दशमेश की लग्न में स्थिति शासन तन्त्र को स्थिरता प्रदान कर रही है। विकास की दर तेज होगी। गुरु अष्टमेश होकर लग्नस्थ है एवं शनि-मंगल का समसप्तक योग गुरु पर भी प्रभाव डाल रहा है यहाँ शनि राज्येश है अत: अन्तर्राष्ट्रीय स्तर

पर किसी देश विशेष से संबंधों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। धन स्थान का अधिपति केन्द्रस्थ है अत: आर्थिक दृष्टि से यह राष्ट्र प्रगति करेगा एवं इसकी मुद्रा की क्रय शक्ति बढ़ेगी। पंचम भाव का अधिपति एवं धन भाव का अधिपति एक ही ग्रह है अत: कार्य योजनायें राष्ट्र की प्रगति में सहायक होंगी एवं सुदृढ़ता प्रदान करेगी। औद्योगिक एक कृषि क्षेत्र की उत्पादकता विकासोन्मुखी होगी। आस्ट्रेलिया एवं भारत के वर्ष प्रवेश लग्नों की परस्पर मित्रता न होने से इस वर्ष दोनों देशों के संबंधों में प्रगाढ़ता नहीं आने पायेगी एवं कुछ वैचारिक मतभेद भी उत्पन्न होंगे। प्राकृतिक प्रकोपों, रोगों तूफान आदि से इस वर्ष लोग त्रस्त होंगे क्योंकि षष्ठेश ही लग्नेश होकर उच्चस्थ है।

ईजराइल- नव वर्ष प्रवेश जेरुसलेम में मकर लग्न के समय हो रहा है। लग्न तथा कुटुम्ब भाव का अधिपति शनि द्वादशेश पराक्रमेश गुरु के साथ पंचमस्थ है तथा उस पर सुखेश-लाभेश भौम की दृष्टि होने से यह देश अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के सन्दर्भ में शक्तिशाली राष्ट्र की तरह व्यवहार करेगा। क्योंकि समसप्तक योग में कुटुम्बेश एवं सुखेश भी सम्मिलित हैं अत: जन धन की हानि का बड़ा कारण बनेगा जो कि बड़ी सैनिक कार्यवाही का सूत्रधार होगा। अष्टमेश एवं राज्येश दोनों तृतीयस्थ हैं जिससे शासक कोई कठोर निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा। छठे भाव में राहु के स्थित होने एवं षष्ठेश के कुटुम्ब भाव में स्थित होने से पड़ोसी या किसी अन्य राष्ट्र से संबंधों में भारी गतिरोध उत्पन्न होगा जिसके फलस्वरूप आन्तरिक व्यवस्था एवं शान्ति प्रभावित होंगें। सप्तमेश के तृतीयस्थ होने से व्यापाकिर संबंधों पर भी कुछ विपरीत प्रभाव पड़ेगा किन्तु लाभेश भौम के लाभस्थ होने से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ेगा। अष्टमेश रवि तृतीयस्थ होने से भी पड़ौसी राष्ट्रों से संबंधों में गतिरोध उत्पन्न होगा। कर्माधिपति पंचमाधिपति होकर तृतीयस्थ उच्च का है अत: विदेश नीति को बहुत महत्व दिया जायेगा। व्ययेश के पंचमस्थ होने से तथा धनेश के साथ स्थित होने से रक्षा व्यय में भारी वृद्धि होगी। भारत एवं इजराइल के नववर्ष प्रवेश लग्न के स्वामी ग्रह एक ही स्थान पर स्थित हैं तथा दोनों नैसर्गिक रूप से सम हैं तथा सुखेश से दृष्ट हैं अत: आपसी लाभ को दृष्टिगत रखते हुए संबंधों में निकटता आयेगी।

प्रांतीय राज्यसंघ

इस पंचांग में प्रतिवर्ष ग्रह-गणना के आधार पर केन्द्र एवं प्रान्तों का संक्षिप्त भविष्य विवेचन यथामति विगत ५७ वर्षों से करा जा रहा है। अब यहाँ इस वर्ष सं. २०५८ वि. के वर्ष लग्न कुण्डली और केन्द्र एवं प्रान्तों की ग्रह स्थिति कूर्मचक्र विचारादि से संक्षेप में भारत के प्रमुख प्रान्तों का भविष्य विवेचन किया जाता है। प्रान्त एवं नगरों की प्रभाव राशियों पर प्रामाणिक निर्णय अभी तक सर्वसम्मत नहीं हो पाया है। कोई भारत की मकर राशि मानते हैं तो कुछ विद्वान कन्या राशि मानते हैं यही स्थिति प्रान्तों की भी है। यद्यपि अब राजतंत्र तो है नहीं, प्रजातंत्र में हर पांचवें वर्ष में मंत्रीमंडल एवं प्रधान शासक बदलते रहते हैं-उनकी प्रामाणिक जन्म कुंडलियां उपलब्ध न होने से केवल नाम राशि एवं सत्तारूढ़ लग्न से यथामति विचार लिखा जाता है, जिसके लिए यह नहीं कहा जा सकता कि यह विचार शत-प्रतिशत सही ही उतरेगा। तथापि गोचर स्थिति से मध्यम मानेन जो प्रान्तों का भविष्य लिखा जाता है वह ७५ प्रतिशत सही होता है ऐसा पंचांग पाठकों का मत है।

उत्तर प्रदेश- धनु राशि से प्रभावित भारत के इस सबसे बड़े राज्य की राशि में केतु स्थित है। जिसके प्रभाव वश इस वर्ष यह प्रदेश राजनीतिक दृष्टि से शीर्ष नेतृत्व के लिए चिन्ता का कारण बनेगा। क्योंकि राशि कुण्डली का लग्नाधिप रिपुभाव में कुटुम्बेश के साथ स्थित है। कुटुम्बाधिप पर मंगल की व्ययेश होकर दृष्टि पड़ने से राज्य सरकार व्ययभार वहन करने में अपने को असमर्थ समझेगी तथा राज्य की आर्थिक दृष्टि से स्थिति विपरीत होगी। सरकार को अपने गैर योजना व्यय में भारी कटौती करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। योजना-नीति का स्वामी भौम द्वादश भाव में अपने घर में स्थित होकर शनि से दृष्ट है। तृतीयेश के भी छठे होने से तथा शनि-मंगल के समसप्तक योग के प्रभाव वश उत्तर प्रदेश के अपने पड़ौसी राज्यों से संबंधों में गतिरोध उत्पन्न होगा तथा यह गतिरोध योजनाओं को प्रभावित करने वाला होगा। सुखभाव का अधिपति भी छठे भाव में गया है। सुखभाव सम्पत्ति, भूमि, मकान आदि परिसम्पत्तियों को दर्शाता है अत: परिसम्पत्तियों के बंटवारे में भी बाधा गतिरोध-विरोध उत्पन्न होगा। जनता को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि की मार भी झेलनी पड़ेगी। सड़क-यातायात में सुधार की योजनाओं पर भी कुछ प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। शिक्षा के स्तर में सुधार की सम्भावना क्षीण है, पञ्चमाधिप मंगल द्वादश भाव में है एवं नैतिक शिक्षा का स्तर गिरने के साथ नैतिक पतन भी बढ़ेगा। यहाँ परिवार नियोजन को लागू करने के भी गम्भीर प्रयास करने पर विचार होगा किन्तु शनि की दृष्टि अभी प्रयासों को सफल नहीं होने देगी। बाल मृत्युदर में वृद्धि होगी एवं बाल शोषण की घटनाओं में वृद्धि होगी। षष्ठेश के उच्चस्थ होने से किसी रोग के महामारी का स्वरूप धारण करने की प्रबल सम्भावना है जिससे लोगों में भय व्याप्त होगा क्यों कि चतुर्थेश एवं षष्ठेश का अन्योन्यास संबंध हो गया है जिससे कुछ भाग अत्यधिक प्रभावित होकर कुछ लोग प्राकृतिक प्रकोपादि कारणों से स्थान परिवर्तन करने हेतु बाध्य होंगे। सप्तम स्थान में राहु की अवस्थिति तथा मंगल की सप्तमेश और सप्तम भाव पर दृष्टि तलाक एवं स्त्रियों पर अत्याचार की घटनायें बढ़ायेंगी। सप्तमेश बुध के होने से व्यापारिक उन्नति के अथक प्रयास किये जायेंगे एवं सूचना प्रौद्यौगिकी के क्षेत्र में इस वर्ष उत्तर प्रदेश विशेष उन्नति करेगा, बुध कर्मेश भी है और नीति निर्धारक ग्रह भौम से दृष्ट भी है। चन्द्रमा जो कि अष्टमेश है चतुर्थ भाव में स्थित होने से भूमिविकास एवं प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से राजकोष की स्थिति सुदृढ़ करने का प्रयास करेगा किन्तु चन्द्रमा के क्षीण होने से सफलता आंशिक ही मिलेगी।

नवमेश के षष्ठेश के साथ केन्द्रस्थ होने से कानून व्यवस्था की समस्या शासन की शिरावेदना बनेगी एवं कानून को शक्ति से लागू कर अपराधी तत्वों को नियन्त्रित करने के प्रयास किये जायेंगे। दशमेश तृतीयस्थ है एवं पंचमेश दशमेश को देख रहा है अत: शासक एवं शासक दल सत्ता पर पकड़ मजबूत करने की दृष्टि से नीति निर्धारण करेंगे किन्तु धनेश तृतीयेश एवं द्वादशेश की भी दशमेश पर दृष्टि शासक की सत्ता पर पकड़ को कमजोर करेगी। सत्ता पक्ष को सत्ता में बने रहने के लिए अथक प्रयास करने पड़ेंगे। सूर्य जो कि चतुर्थ भाव में स्थित है, धर्म के राजनीतिक दुरुपयोग का सूचक है क्योंकि चतुर्थ भाव विपक्ष को प्रभावित कर रहा है। अत: इसका लाभ विपक्ष को भी मिलेगा।

पंजाब- मीन राशि से प्रभावित इस राज्य का राश्यधिप तृतीयस्थ होकर लाभेश द्वादशेश शनि के साथ स्थित है। जिससे इस वर्ष यहाँ की राजनीति में गतिरोध उत्पन्न होगा तथा जोड़-तोड़ की राजनीति से यहाँ की सत्ता प्रभावित होगी। षष्ठेश सूर्य एवं अष्टमेश शुक्र दोनों ही लग्न को प्रभावित कर रहे हैं एवं दशम स्थान में केतु स्थित होकर सत्ता पक्ष के लिए विषम स्थिति पैदा करेगा। धनभाव का अधिपति नवम भाव में स्वराशिस्थ होने से इस राज्य की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। मंगल की दृष्टि तृतीय भाव में है एवं तृतीयेश उच्च का है अत: पड़ौसी राज्यों से कुछ नीतिगत विरोध स्वरूप संबंधों में गतिरोध उत्पन्न होगा। चतुर्थेश का द्वादश भावस्थ होना कुछ छोटी- बड़ी आतंकवादी घटनाओं का कारण बनेगा। चतुर्थ राहु लोगों में अशान्ति एवं भय का वातावरण उत्पन्न करेगा। प्राकृतिक प्रकोप एवं मानवीकृत प्रज्ञापराध के कारण कुछ स्थानों पर लोग पलायन के लिए बाध्य होंगे। पंचमेश क्षीण होकर लग्नस्थ है अत: कुशल नीति एवं विकास योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित होगा। सप्तमेश बुध मित्र राशि का होकर व्ययस्थ है तथा मंगल से भी दृष्ट है अत: व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी किन्तु कुछ क्षेत्रों में शनि की दृष्टि के कारण विपरीत प्रभाव पड़ेगा एवं औद्योगिक क्षेत्र प्रभावित होगा। धार्मिक क्षेत्र पर भी शनि के कारण प्रभाव पड़ रहा है। अत: धार्मिक कट्टरतावाद के विरुद्ध भी कुछ स्वर उठेंगे।

हरियाणा- यह प्रदेश बुध की राशि मिथुन के प्रभाव में है। लग्नाधिप बुध नवमभाव में मित्रराशिस्थ होकर मंगल से भी दृष्ट है। मंगल षष्ठेश भी है। अत: यह वर्ष इस राज्य की प्रगति की दृष्टि से मध्यम है। लग्नस्थ राहु शासन संचालकों के लिए नित्य नई समस्यायें उत्पन्न करेगा तथा जोड़-तोड़ की राजनीति भी इस राज्य की प्रगति में कुछ बाधा उत्पन्न करेगी। आर्थिक स्थिति सन्तोष जनक नहीं होगी। धनेश क्षीण चन्द्र है एवं धन भाव पर शनि की दृष्टि भी है अत: राजकोष की स्थिति सुधारने के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे। इन प्रयासों को शनि गुरू के साथ होकर व्यापारिक गतिविधियों द्वारा एवं औद्योगिक क्षेत्र की नीति से बल मिलेगा। तृतीयेश रवि दशमस्थ है अत: उर्जा के क्षेत्र में विद्युत उत्पादन आदि पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। इस राज्य में कुछ महत्त्वाकांक्षी योजनाओं को, पंचमेश शुक्र के उच्चस्थ होने के कारण, मूर्तरूप देने के लिए गम्भीर प्रयास किये जायेंगे। अष्टमेश शनि व्ययभाव में स्थित है तथा अष्टमेश नवमेश भी है अत: आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु बाहरी निवेश को प्राथमिकता दी जायेगी जिसमें आंशिक सफलता भी मिलेगी। नवमेश एवं नवम भाव के भौम से दृष्ट होने के फलस्वरूप कानून व्यवस्था में सुधार किया जायेगा एवं कानून को कठोरता से लागू किया जायेगा। जिसमें राज्याधिप का व्ययस्थ होना सहायक होगा।

काश्मीर- तुलाराशि से प्रभावित इस राज्य का लग्नेश एवं राज्येश छठे भाव में स्थित है अत: शान्ति की कल्पना एक दिवास्वप्न के समान प्रतीत हो रही है। सुखेश-पंचमेश शनि अष्टम में स्थित है तथा षष्ठेश के साथ में ही स्थित है तथा सप्तमेश-कुटुम्बेश के साथ प्रतियुति योग शनि-मंगल का बन गया है जो कि आतंकवादी गतिविधियों में कमी का संकेत नहीं दे रहा है। नवाब खान खाना का यह वाक्य **'यदा शत्रु खाने पड़े उच्च का, करे खाक दौलत, फिरे जावजा'** इस राज्य की आर्थिक स्थिति डांवाडोल होगी। यद्यपि धनेश स्वगृही धनभावस्थ ही है किन्तु शनि से एवं तृतीयेश-षष्ठेश गुरु से दृष्ट होने के कारण प्रभाव हीन हो गया है। मंगल के प्रभाव वश शासन कुछ कठोर निर्णय अवश्य लेगा एवं बुध की पंचमस्थ स्थिति कुछ दूरगामी शान्ति स्थापित करने की योजना बनवायेगी। नवमस्थ राहु सांप्रदायिकता से जुड़े समाज विरोधी तत्त्वों को बढ़ावा देगा जो कि राज्य की प्रगति के लिए बाधक होंगे। शासन तन्त्र को सत्ता का सुचारु संचालन करने के लिए बहुत प्रयास करने पड़ेंगे। शान्ति स्थापित करने के लिए की गई शान्ति वार्ताओं के सार्थक परिणाम प्राप्त नहीं होंगे। पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी इस अभागे भूखण्ड में हिंसा, बम विस्फोट तथा अन्य विध्वंसक गतिविधियों द्वारा जनता को त्रस्त करते रहेंगे। शासन के उदारवादी शान्ति प्रयास तथा सैनिक कार्रवाइयों पर रोक, अनिष्टकारी सिद्ध होगी।

हिमाचल प्रदेश- इस प्रदेश की प्रभाव राशि मीन है। दशमेश शनि के साथ स्थित है एवं दशम में केतु स्थित है अत: शासक दल को या प्रधान शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा राज्य की आर्थिक स्थिति यद्यपि विकासोन्मुख होगी किन्तु शनि की धनेश पर दृष्टि अनपेक्षित व्यय, गैर योजनाव्यय बढ़ जाने पर विकास योजनाओं को प्रभावित करेगी। चतुर्थ भाव का राहु कुछ बड़े प्राकृतिक प्रकोपों का प्रभाव डालकर लोगों में भय एवं अशान्ति का वातावरण उत्पन्न करेगा। पंचमेश यद्यपि लग्नस्थ होकर योजनाओं के कार्यान्वियन का मार्ग प्रशस्त करता है किन्तु क्षीण चन्द्रमा वांछित परिणाम नहीं देगा। सप्तमेश द्वादशभाव में स्थित है एवं लाभेश शनि से भी दृष्ट होने से बाह्य निवेश औद्यौगिक क्षेत्र में विकास हेतु होगा। इस वर्ष कृषि क्षेत्र को प्राकृतिक प्रकोपों से भारी क्षति होगी।

मध्यप्रदेश- प्रभावराशि वृष का स्वामी शुक्र लाभ स्थान में बैठकर सत्तासंचालक को उच्चराशि द्वारा शक्ति प्रदान कर रहा है किन्तु प्रभाव राशि में उससे अष्टम स्थान के अधिपति की उपस्थिति अकस्मात किसी समस्या के उत्पन्न होने का भी संकेत कर रही

है। राज्याधिप- भाग्याधिप शनि लग्नस्थ मित्र राशि का होने से राज्य पक्ष के लिए शुभ हैं एवं राज्य की उन्नति कराने वाला है। द्वितीय भाव में राहु सत्तादल की अर्न्तकलह को जन्म देने वाला है जिससे प्रधान शासक को असुविधा होगी तथा विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। चतुर्थेश के लाभस्थ होने से कृषि क्षेत्र एवं कृषि के विकास की ओर ध्यान दिया जायेगा। पंचमेश बुध केन्द्रस्थ मित्र राशि का होकर विकास योजनाओं को गति प्रदान करेगा एवं तकनीकी दृष्टि से भी, मंगल के सप्तमस्थ होने से, यह राज्य उन्नति करेगा। महिलाओं की प्रगति एवं विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार विशेष प्रयास करेगी। नीति निर्धारण में एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में यह राज्य अग्रणी सिद्ध होगा।

गुजरात- प्रभाव राशि सिंह का अधिपति रवि अपने से अष्टम राशि में पंचमेश एवं द्वादशेश के साथ है अत: शासक दल को विषम परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा कुछ अपने ही लोग राजनीतिक गतिरोध उत्पन्न करेंगे जो नेतृत्व के लिए चिन्ता का विषय होंगे। आर्थिक दृष्टि से यह राज्य औद्यौगिक आधार पर प्रगति करेगा। सुखेश सुख स्थान में बेठकर भूमि विकास एवं कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के उपायों के होने का संकेत दे रहा है। केतु नवमस्थ होकर योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधक बन गया है जिससे विकास की गति अपेक्षित लक्ष्य से कम होगी। तृतीयेश अष्टमस्थ होकर जल सीमा या क्षेत्रीय सीमा विवाद जैसी किसी समस्या को उत्पन्न करेगा। बाल मृत्युदर में भी वृद्धि चिन्ता का कारण बनेगी। नैतिक शिक्षा का ह्रास भी चिन्ता का कारण बनेगा। कानून व्यवस्था की दृष्टि से देखने पर कुछ बड़ी दुर्घटनाओं या आतंकवादी गतिविधियों से जनित दुर्घटनाएं इस वर्ष होंगी जिन्हें नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को कड़े उपाय करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

दिल्ली- देश की राजधानी की प्रभाव राशि वृष है राशि का स्वामी ग्रह लाभस्थ उच्च का होकर बैठा है अत: शासक की सत्ता पर पकड़ मजबूत रहेगी। किन्तु धन भाव में स्थित राहु अर्न्तकलह को जन्म देने वाला है जिससे निपटने के लिए शासक को विकास कार्यों से हटकर ध्यान देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। तृतीयेश के क्षीण होकर लाभस्थ होने से केन्द्र सरकार एवं पड़ौसी राज्यों से कुछ महत्त्वपूर्ण विषयों पर मतभेद होंगे एवं शासक का प्रबल विरोध भी होगा। चतुर्थेश लाभस्थ हैं अत: प्रभावी आवास योजना लागू होगी एवं राज्य की प्रगति अनेक बाधाओं के होने पर भी संतोष जनक होगी। महिलाओं की भागीदारी विकास में सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार विशेष प्रयास करेगी। इस राज्य की योजना एवं विकास दर प्रगति कारक होगी।

राजस्थान- इस राज्य की प्रभाव राशि तुला का स्वामी उच्च का होकर छठा बैठा है जो कि शासक के लिए विपरीत स्थिति पैदा करेगा एवं राज्य की प्रगति में बाधा डालने वाला है। विरोधीदल शासक के लिए चुनौती कारक स्थिति उत्पन्न करेगा। यह राज्य सीमापार से प्रायोजित आतंकवाद एवं समाज विरोधी अपराधी तत्त्वों के कुकृत्यों से

प्रभावित होगा। अत: राज्य की विकास योजनाएं प्रभावित होंगी एवं विकास योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू ढंग से नहीं हो पायेगा। आर्थिक दृष्टि से यह राज्य मजबूत नहीं होगा। यद्यपि धनेश धन भाव में स्वराशिस्थ है क्योंकि तृतीयेश- षष्ठेश की कुटुम्ब भाव पर दृष्टि है तथा शनि भी उसे कमजोर कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार बुध के कारण होगा किन्तु मंगल-शनि की स्थिति वशात् नैतिक पतन एवं बालशोषण की घटनाओं में वृद्धि होगी एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति संतोष जनक नहीं होगी। अत: यह वर्ष सरकार के लिए चुनौती भरा है।

महाराष्ट्र- नामराशि सिंह का स्वामी गुरु अपने से अष्टम स्थान में दशमेश के साथ बैठकर सत्तासंघर्ष को बढ़ाने वाला है एवं शासक के लिए चुनौतियां पेश होंगी। आर्थिक दृष्टि से यह राज्य सम्पन्न होगा किन्तु अपराधों में कमी न होने के कारण सत्तापक्ष को भारी विरोधों का सामना करना पड़ेगा। सुखेश मंगल का रिपु भावाधिप शनि के साथ प्रतियोग होने से कुछ अप्रिय घटनायें घटेंगी तथा अपराधों में वृद्धि चिंता का कारण बनेगी। योजना कारक स्थान केतु के प्रभाव में होने से योजनाओं का क्रियान्वयन उचित प्रकार से नहीं होगा। इस राज्य में औद्यौगिक विकास की दरवांछित लक्ष्य को प्राप्त नहीं करेगी एवं बाह्य निवेशक इस राज्य में निवेश अल्प करेंगे। सप्तमेश पर मंगल की दृष्टिवशात् अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी। कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए यहाँ न्याय पालिका का हस्तक्षेप मंगल के प्रभाव वश होगा।

बिहार- नामराशि वृष से प्रभावित इस राज्य का राश्याधिप उच्च का होकर लाभस्थ है अत: शासक की सत्ता पर पकड़ मजबूत रहेगी किन्तु लग्नाधिप रिपुभाव का भी अधिपति है एवं अष्टमेश लग्नस्थ है जो कि शासकदल एवं शासक के लिए कोई अकस्मात् गम्भीर चुनौती उत्पन्न करेगा जिससे शासक को पार पाने के लिए गम्भीर प्रयास करने होंगे। कुटुम्ब भाव पर राहु के स्थित होने से राज्य की आर्थिक स्थिति विषम होगी एवं घाटे की स्थिति बढ़ेगी। कानून व्यवस्था की स्थिति विस्फोटक होगी एवं शासक पूर्ण प्रयास करने पर भी स्थिति को पूर्ण नियंत्रित नहीं कर पायेंगे। शनि मंगल का प्रतियोग रक्तपात करायेगा। अष्टम स्थान का केतु भूमि संबंधी सुधार में बाधा उत्पन्न करेगा। योजनाओं का क्रियान्वयन बाधित होगा। महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी एवं महिलाओं के अधिकारों को लेकर गतिरोध उत्पन्न होगा। जनता में असुरक्षा एवं भय की भावना बलवती होगी।

दक्षिण राज्य आन्ध्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु- आन्ध्र प्रदेश की नामराशि का अधिपति अष्टम भाव में स्वराशिस्थ है अत: तकनीकी क्षेत्र का विकास राजकोष बढ़ाने में एवं राज्य की प्रगति में सहायक होगा। द्वादशेश एवं धनेश का अन्योन्यास संबंध बाह्य निवेश को राज्य की प्रगति के लिए आकर्षित करेगा। चतुर्थेश के द्वादशस्थ होने के कारण एवं शनि की दृष्टि के प्रभाव-वश प्राकृतिक प्रकोपों से कृषि क्षेत्र एवं कृषि की हानि भी होगी। लग्नेश एवं राज्येश का परस्पर दृष्टि संबंध इस वर्ष प्रधान शासक से कुछ

पुष्य (गुरु)	ज्वर, शूल, [illegible]	७	७	७	१०	२१	कुंकुम गंध, कमल पुष्प, घृत गुग्गल, [illegible], [illegible]दीप, घृतपावस, शर्करा नैवेद्य।	सुवर्ण, गौ, पीत वस्त्र	समण्डक मोदक	घृत पायस	तुषार मूलम्	१० सहस्र	ॐबृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्द्युमद्विभातिक्रतु मज्जनेषु। यदीदयच्छवसऋतप्रजाततदस्मासु द्रविणं चेहि चित्रम्। ॐबृहस्पतये नमः।।
आश्लेषा (सर्प)	सर्वाङ्ग पीड़ा, पाद पीड़ा, मृत्युसमकष्ट	मृ. तु.	०	०	४१	०	कुंकुम अगर गंध, अगस्त पुष्प, घृत गुग्गल धूप, घृतदीप, घृतक्षीर नैवेद्य।	सवत्सा श्याम गौ, छायापात्र	हवि दध्योदन	शर्करा घृत	पटोल मूलम्	१० सहस्र	ॐनमोस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनुः ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः।। ॐ सर्पेभ्यो नमः।।
मघा (पितरः)	शिर पीड़ा, अर्द्धगात्रपीड़ा	२०	१५	७	१७	२०	श्वेत चन्दन गंध, चम्पक पुष्प, घृत गुग्गल धूप, घृतदीप, घृतमिष्टान्न नैवेद्य।	वस्त्र, तिल, माष दान	सतिलाज्य दुग्धान	तिल घृत तण्डुल	भृंगराज मूलम्	१० सहस्र	ॐपितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधानमः पितामहेभ्य स्वधायिभ्यः स्वधा नमः। प्रपितामहेभ्यस्वधायिभ्यः स्वधा नमः अक्षन्नपित्रोमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्तापितरः पितरः शुन्धध्वम्। ॐपि०
पू.फा. (भगः)	गात्र व्यथा, ज्वर, शिर पीड़ा	मृ. तु.	०	१५	०	३०	श्वेत चन्दनगंध, मालती पुष्प, घृतबिल्व धूप, घृतदीप अपूपोदनमोदक नैवेद्य।	पित्तल, यवमाषान्न, स्वर्ण, गौ दान	घृतौदन पायस	कङ्गनी तिलघृत	कष्टकारि मूलम्	१० सहस्र	ॐभगप्रणेतर्भगसत्यराधो भगेमांधियमुदवाददन्नः। भगये प्रणोजनयगोभिरश्वैर्भवप्रनृभिर्नृ वनःस्याय।। ॐभगायनमः।
उ.फा. (अर्यमा)	कुक्षिशूल, ज्वर शिरपीड़ा अतिकष्ट	७	७	१४	७	६०	कर्पूर, केसरगंध अर्कपुष्प, घृतगुग्गल धूप, घृतदीप, घृतपायस, नैवेद्य।	सुवस्त्र, स्वर्ण रजत, अन्न, गौदान	घृत शर्करा शाल्यन्न	तिल घृत	पटोल मूलम्	१० सहस्र	ॐदेवावध्वर्यू आगतरथेनसूर्यत्वचा मध्वायर्णᳪसमंजाथे तं प्रत्नथा यं वेनश्चित्रं देवानाम।। ॐअर्यम्णे नमः।।
हस्त (सविता)	उरुशूल, अफारा सर्वांग पीड़ा प्रस्वेद	१५	१५	१७	१५	०	रक्त चन्दन, केसर गंध, कमल पुष्प, घृत गुग्गल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	सुवर्ण, पयस्विनी गौ दान	मिष्टान्न पायस	दधि घृत	जाति मूलम्	५ सहस्र	ॐविभ्राड्बृहत्पिबतु सौम्य मध्वायुर्दध ज्ञपत चविहुतमम् वातजूतो योअभिरक्षतित्मनाप्रजाः पुपोषपुरुधा विराजति ॐसवित्रे नमः।
चित्रा विश्वकर्मा	विचित्र रोग अतिकष्ट	११	११	९	९	१६	केसर गंध, विचित्रवर्ण पुष्प, घृत गुग्गल धूप, घृतदीप, विचित्रान्नमोदक नैवेद्य।	तिल, गुड़, विचित्र वृषभ, छायापात्र	विचित्रान्न घृत	तिलाज्य घृत तण्डुल	मखव मूलम्	१० सहस्र	ॐत्वष्टातुरीयोअद्भुतइन्द्राग्नी पुष्टिवर्द्धनम्। द्विपदाछन्दऽ इन्द्रियमुक्षागौर्नवयोदधः।। ॐविश्वकर्मणे नमः।।

अथ नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन				गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु	बलिद्रव्य	होमद्रव्य	करे धारणम्	जप संख्या	जपनीय वेदोक्त मंत्र
स्वाति (वायुः)	नानाकष्ट, ज्वरपीड़ा,	मृ.तु.	६०	१७	३०	०	चन्दनगंध (दमनकपुष्प) अगरु गुग्गुल धूप, घृतदीपक घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्ण, रक्तधेनु पक्वान्न	घृतपायस	तिल यव घृत	जाति मूलम्	१० सहस्र	ॐ वायो ये ते सहस्रिणो रथा सस्ते त्रिरागहि नियुत्वा म सोम पीतये।। ॐवायवे नमः।।
विशाखा (इंद्राग्नि)	सर्वाङ्गपीड़ा, कुक्षिशूल	१५	१५	०	४	१३	चन्दन केसरगंध, कमलपुष्प, देवदारु घृतधूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	रक्तपीतवस्त्र कृष्ण-वृष छायापात्रदान	सहवि चित्रान्न	आज्य पायस	गुञ्जा मूलम्	१० सहस्र	ॐ इन्द्राग्नी आगतꣳसुतं गीर्भिर्नमो वरेण्यम्। अस्य पातं धियेषिता।। ॐ इन्द्राग्निभ्यां नमः।।
अनुराधा (मित्रः)	शिर पीड़ा, तीव्र ज्वर	स्थिर	६०	१२	३६	३०	केसरगन्ध, कमलपुष्प, चन्दन धूप घृतदीप, घृतपायस, नैवेद्य।	स्वर्ण गौ छायापात्रदान	मध्वाज्य गुडमाषान्न	यव घृत	सुपुष्प मूलम्	१० सहस्र	ॐ नमो मित्रस्य वरुणस्य चक्षसे महोदेवायतदृतꣳसपर्यत दूर दृशे देव जाताय केतवे दिवसपुत्राय सूर्यायशꣳसत।। ॐमित्रायनमः।।
ज्येष्ठ (इन्द्रः)	पित्तरोग, कम्पन, व्याकुलता	मृ.तु.	११	९	६	४	श्वेत चन्दनगंध, चम्पकादिपुष्प, कपूरधूप, घृतदीप, चित्रान्न नैवेद्य।	स्वर्णतिल, नील वस्त्रदान	दध्योदन सुपुष्प	तिल, घृत तण्डुल	अपामार्ग मूलम्	५ सहस्र	ॐ त्रातारमिन्द्रमवितार मिन्द्रꣳहवे हवे सुहवꣳशूरमिन्द्रम् ह्वयामि शक्रं पुरुहूतमिन्द्रꣳस्वस्तिनो मघवा धात्विन्द्रः। ।।ॐ शुक्राय नमः।।
मूल (राक्षसः)	मुख तथा उदर रोग सन्निपात	७	०	९	१५	६	कृष्ण अगरगन्ध, नीलोत्पलपुष्प, घृतदीप, कृष्णागुरुधूप, माषमिश्रान्न नैवेद्य।	गौ, छायापात्र वस्त्र कुमारी पूजा	सहवि माषान्न	कंदमूल घृत	मन्दार मूलम्	५ सहस्र	ॐ मातेव पुत्र पृथिवी पुरीष्यमणिꣳस्वेयोनावभारुषा। तां विश्वेदेवर्ऋतुभिः संवदानः प्रजापतिविश्वकर्मा विमुञ्चतु।। ॐ निर्ऋतये नमः।।
पू. षा. (जलम्)	शिरपीड़ा, कम्पन, महाकष्ट	मृ. तु.	०	१५	२४	१०	श्वेत चन्दनगंध, कमलपुष्प, घृत गुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायसान्न, नैवेद्य।	स्वर्णवस्त्र तिल तंडुल जल कुम्भ गौदान	घृतपायस मिष्ठान्नहवि	तिल, घृत तण्डुल	कर्पास मूलम्	५ सहस्र	ॐ अपाघमप किल्विषमपकृत्यामपोरपः। अपाम्मार्गत्वमस्मदप दुःस्वप्न्यꣳसुव।। ॐ अद्भ्यो नमः।।
उ. षा. (विश्वेदेवा)	कटिपीड़ा उरुशूल, प्रलाप	३०	३०	२४	२६	१६	श्वेत चन्दनगंध, कमलपुष्प, घृत गुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायसान्न नैवेद्य।	आमान्न स्वर्णदान	सहविपायस तिलाज्य	तिलाज्य यव	कर्पास मूलम्	१० सहस्र	ॐ विश्वेदेवाः श्रृणुतेमꣳहवं मे ये अन्तरिक्षे य उपद्यविष्ठय। अग्निजिह्वा उतवायजत्रा आसद्यास्मिन्वर्हिषि मादयध्वम्।। ।।ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्यो नमः।।
श्रवण (विष्णुः)	सर्वाङ्गपीड़ा, त्रिदोषमय, अतिसार	११	६०	२४	६	९	श्वेत चन्दनगंध, मालतीपुष्प, कर्पूर, गुग्गुलधूप, घृत दीप, षड्रस शाल्यन्न नैवेद्य।	स्वर्ण गौ छायापात्रदान	सहवि पायस	तिलाज्य यव	अपामार्ग मूलम्	१० सहस्र	ॐ विष्णोरराटमसि विष्णोः श्नप्त्रेस्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णो र्ध्रुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा।। ॐ विष्णवे नमः।।
धनिष्ठा (वसवः)	ज्वर-कम्पन, रक्तातिसार, मूत्रकृच्छ	१५	१५	२	२७	२१	श्वेत चन्दनगंध, कमलपुष्प, गुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	छत्रोपानत् अश्व, स्वर्ण गौ	पायस मोदक पूपतिलपिष्ठ	तिलाज्य पायस	भृङ्गराज मूलम्	१० सहस्र	ॐ वसोः पवित्रमसि शतधारं वसोः पवित्रमसि सहस्रधारम्। देवस्त्वा सविता पुनातु वसोः पवित्रेण शतधारेण सुप्त्वा कामधुक्षः ।।ॐ वसुभ्यो नमः।।
शतभिषा (वरुणः)	वातज्वर, सन्निपात कष्ट	११	०	४५	३	३६	केसर अगरगंध, कमलपुष्प, कर्पूर चंदन धूप, घृतदीपक, घृतपोलिका नैवेद्य।	स्वर्ण, तिलान्न घट, अश्व छायापात्र	घृतचित्रान्न	आज्य दध्योदन	कमल मूलम्	१० सहस्र	ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्यस्कम्भसर्जनिस्थो वरुणस्य ऋत सदन्यसी वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदनमासीद।। ॐ वरुणाय नमः।।
पू. भा. (अजैकपाद)	वमन, व्याकुलता शरीर पीड़ा, त्रिदोष	मृ. तु.	०	१२	५१	१७	केसर चंदनगंध, श्वेताऽर्क पुष्प, शतोषधि मिश्रितधूप, घृतदीपक, दधिपायस, नैवेद्य।	स्वर्णरजत अन्न, श्वेतवस्त्र,छायापात्रदान	दध्योदन पायस	क्षीराज्य शर्करा	भृङ्गराज मूलम्	१० सहस्र	ॐ उतनोऽहिर्बुध्न्य श्रृणोत्वज एकपात्पृथिवी समुद्रः। विश्वेदेवाऽऋतावृधोहुवानास्तुता मंत्राः कविशस्ता अवन्तु।। ।।ॐ अजैकपदे नमः।।
उ. भा. (अहिर्बुध्न्य)	कामला, अतिसार, शूल वात ज्वर	७	१०	२०	७	१५	चन्दन कर्पूरगंध, कमलपुष्प, बिल्वगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्णरजत, तिल कृष्णवस्त्रदान	तिल घृत मुद्ग माष	तिलाज्य यव	अश्वत्थ मूलम्	१० सहस्र	ॐ शिवोनामासिस्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मामाहिंꣳसी नवर्तयाम्यायुषेऽन्नाद्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याम।। ॐ अहिर्बुध्न्याय नमः।।
रेवती (पूषा)	वात पित्तमय ज्वर उरुशूल, चित्तभ्रम	स्थिर	१८	१०	९	२०	रक्तचन्दगंध, मंदारपुष्प, घृतगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	रजतवस्त्र, पैत्तलपात्र वृषभ, छायापात्र	सहवि दध्यन्न	तिलाज्य तण्डुल	अश्वत्थ मूलम्	५ सहस्र	ॐ पूषन् तवव्रते वयं नरिष्येम कदाचन स्तोतारस्त इहस्मसि ।।ॐ पूष्णे नमः।।

घाततिथिर्घातवार: घातनक्षत्रमेव च। यात्रायां वर्जयेत्प्राज्ञैरन्यकर्मसुशोभनम्॥ } **अथ घातचक्र** { यह घातचक्र द्यूत, प्रवास, राजदर्शन और यात्रा में वर्ज्य करें। विवाह व उपनयनादि में यह घातचक्र वर्ज्य नहीं है।

राशि	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनुः	मकर	कुम्भ	मीन
घातमास	कार्तिक	मार्गशीर्ष	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गुन
घाततिथि	१।६।११	५।१०।१५	२।७।१२	२।७।१२	३।८।१३	५।१०।१५	४।९।१४	१।६।११	३।८।१३	४।९।१४	३।८।१३	५।१०।१५
घातवार	रविवार	शनिवार	सोमवार	बुधवार	शनिवार	शनिवार	गुरुवार	शुक्रवार	शुक्रवार	मंगलवार	गुरुवार	शुक्रवार
घातनक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुराधा	मूल	श्रवण	शततारका	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा
घातयोग	विष्कंभ	शुक्ल	परिघ	व्याघात	धृति	शुक्ल	शुक्ल	व्यतिपात	वज्र	वैधृति	गंड	वज्र
घातकरण	बव	शकुनि	कौलव	नाग	बव	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तुघ्न	चतुष्पाद
प्रहर	१	४	३	१	१	१	४	१	१	४	३	४
पुरुषघातचद्र:	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन	धनुः	वृषभ	मीन	सिंह	धनुः	कुम्भ
स्त्री घातचद्र:	मेष	धनुः	धनुः	मीन	वृश्चिक	वृश्चिक	मीन	धनुः	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	कुम्भ

नामाक्षरों से वैरवर्ग देखने का कोष्ठक। स्वकीय-वर्ग से पंचम वर्ग वैरी समझना

अ इ उ ए	क ख ग घ ङ	च छ ज झ ञ	ट ठ ड ढ ण	त थ द ध न	प फ ब भ म	य र ल व	श ष स ह
गरुड	मार्जार	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	मृग	मेंढ़ा

अवकहडाचक्र (नक्षत्र, राशि, स्वामी, वर्ण वश्य, नाड़ी, योनि, गणबोधकचक्र)

नक्षत्र	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशीर्ष	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुष्य	अश्लेषा
नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी
योनि	अश्व योनी	गज योनी	मेष योनी	सर्प योनी	सर्प योनी	श्वान योनी	मार्जार योनी	मेष योनी	मार्जार योनी
गण	देव गण	मनुष्य गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	देव गण	मनुष्य गण	देव गण	देव गण	राक्षस गण
चरणांक / चरणाक्षर	१ चू, २ चे, ३ चो, ४ ला	१ ली, २ लु, ३ ले, ४ लो	१ अ, २ इ, ३ उ, ४ ए	१ ओ, २ वा, ३ वी, ४ वू	१ वे, २ वो, ३ क, ४ की	१ कू, २ घ, ३ ङ, ४ छ	१ के, २ को, ३ हा, ४ ही	१ हू, २ हे, ३ हो, ४ डा	१ डी, २ डू, ३ डे, ४ डो

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क
राश्यधिपति	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र
वर्ण	क्षत्रिय वर्ण	वैश्य वर्ण	शूद्र वर्ण	विप्र वर्ण
वश्य	चतुष्पाद	चतुष्पाद	मानव	जलचर

नक्षत्र	मघा	पूर्वाफाल्गुनी	उत्तरा फाल्गुनी	हस्त	चित्रा	स्वाति	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा
नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी
योनी	मूषक योनी	मूषक योनी	गो योनी	महिष योनी	व्याघ्र योनी	महिष योनी	व्याघ्र योनी	मृग योनी	मृग योनी
गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	मनुष्य गण	देव गण	राक्षस गण	देव गण	राक्षस गण	देव गण	राक्षस गण
चरणांक / चरणाक्षर	१ मा, २ मी, ३ मू, ४ मे	१ मो, २ टा, ३ टी, ४ टू	१ टे, २ टो, ३ पा, ४ पी	१ पू, २ ष, ३ ण, ४ ठ	१ पे, २ पो, ३ रा, ४ री	१ रू, २ रे, ३ रो, ४ ता	१ ती, २ तू, ३ ते, ४ तो	१ ना, २ नी, ३ नू, ४ ने	१ नो, २ या, ३ यी, ४ यू

राशि	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक
राश्यधिपति	सूर्य	बुध	शुक्र	मंगल
वर्ण	क्षत्रिय वर्ण	वैश्य वर्ण	शूद्र वर्ण	विप्र वर्ण
वश्य	वनचर	मानव	मानव	कीटक

नक्षत्र	मूला	पूर्वाषाढ़ा	उत्तराषाढ़ा	श्रवण	धनिष्ठा	शततारका	पूर्वाभाद्रपदा	उत्तराभाद्रपदा	रेवती
नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी
योनि	श्वान योनी	वानर योनी	नकुल योनी	वानर योनी	सिंह योनी	अश्व योनी	सिंह योनी	गो योनी	गज योनी
गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	मनुष्य गण	देव गण	राक्षस गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	मनुष्य गण	देवगण
चरणांक / चरणाक्षर	१ ये, २ यो, ३ भा, ४ भी	१ भू, २ धा, ३ फा, ४ ढा	१ भे, २ भो, ३ जा, ४ जी	१ खी, २ खू, ३ खे, ४ खो	१ गा, २ गी, ३ गू, ४ गे	१ गो, २ सा, ३ सी, ४ सू	१ से, २ सो, ३ दा, ४ दी	१ दू, २ थ, ३ झ, ४ ञ	१ दे, २ दो, ३ चा, ४ ची

राशि	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
राश्यधिपति	गुरु	शनि	शनि	गुरु
वर्ण	क्षत्रिय वर्ण	वैश्य वर्ण	शूद्र वर्ण	विप्र वर्ण
वश्य	मानव	जलचर	मानव	जलचर

अथ पुरुषजन्मकुण्डल्यां तन्वादिभावस्थ ग्रहफलम्

ग्रहाः	तनुः १	धनं २	भ्रातः ३	सुखं ४	पुत्रः ५	शत्रुः ६	स्त्री ७	मृत्यु ८	धर्म ९	कर्म १०	लाभः ११	व्यय १२
सूर्यः	शूरः	धनी	सुखी	दुःखी	अपुत्रः	बली	स्त्रीजित्	अल्पायुः	सुखी	शूरः	धनी	पतितः
चन्द्रः	जड़ः	कुटुम्बी	क्रूरः	सुशीलः	पुत्रवान्	अल्पायुः	ईर्ष्यालुः	रोगी	सुभगः	धीरः	ख्यातः	हीनांग
भौमः	व्रणी:	कुटिलः	विक्रमी	पीड़ितः	अपुत्रः	शत्रुजित्	स्त्रीपीड़ा	रोगी	पापात्मा	सुखी	धनाढ्य	पतितः
बुधः	विद्वान्	धनी	दुर्जनः	सुखी	मन्त्री	दुःशीलः	धर्मज्ञः	गुणी	पुत्रवान्	विक्रमी	धनी	जड़ः
गुरुः	चिरायुः	धनी	कृपणः	सुखी	प्रतापी	कामी	प्रसिद्धः	अल्पायुः	पुत्रवान्	सुकृतिः	धनी	दरिद्रः
शुक्रः	सुखी	धनी	पापी	सुखी	धीमान्	रोगी	क्रोधी	नीचः	प्रतापी	सुमतिः	धनाढ्यः	खलः
शनिः	रोगी	वक्ता	विक्रमी	दुःखी	दरिद्रः	सुखी	दुःखी	नेत्ररोगी	सुखी	पराक्रमी	धनी	दुखी
राहुः	रोगी	विरोधी	विक्रमी	दुःखी	दुर्भगः	बली	अशुचिः	गतायुः	दैन्यं	मानी	ख्यातः	पतितः
केतुः	अल्पायुः	धर्महा	शूरः	दुःखी	अपुत्रः	बली	दारहा	क्लेशी	पापी	अधर्मी	धनी	दुर्जनः

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां तन्वादिभावस्थ ग्रहफलम्

ग्रहाः	तनुः १	धनं २	भ्रातः ३	सुखं ४	पुत्रः ५	शत्रुः ६	पतिः ७	मृत्यु ८	धर्मः ९	कर्म १०	लाभः ११	व्यय १२
सूर्यः	सक्रोधा	निर्धना	सुपुत्रा	सपीड़ा	अपुत्रा	धनाढया	दुःखार्त्ता	विधवा	धर्मिष्ठा	सती	सधना	सक्रोधा
चन्द्रः	अल्पायुः	सधना	सुखिनी	दुर्भगा	सुपुत्रा	रोगिणी	पतिप्रि.	दुःखार्त्ता	सुखिनी	धन्या	गुणिनी	हीनांगी
भौमः	दुःखार्ता	वन्ध्या	अभ्रातृ	दुःखिनी	अपुत्रा	नीरोगा	विधवा	कुलटा	दुःखिनी	कुपुत्रा	सधर्मा	दुष्टा
बुधः	सुभगा	धनाढया	सुखिनी	सुगृहा	सुबुद्धिः	सक्रोधा	सती	कृतघ्ना	सुधर्मा	सुधर्मा	सुलाभा	कृशांगी
गुरुः	सती	सधना	भ्रातृम०	सुखिनी	साध्वी	सापदा	सुकीर्ति	रोगिणी	पुत्राढया	सुभगा	सुरुपा	सद्व्यया
शुक्रः	सुखिनी	सहर्षा	धनाढ्या	सुकीर्त्ति	सुसुता	दरिद्रा	पतिप्रिय	प्रमत्ता	सुपुण्या	सुकर्मा	सुपुत्रा	सद्व्यया
शनिः	वन्ध्या	निर्धना	दक्षा	हृद्रोगा	अपुत्रा	सुगुणा	विधवा	दुःखार्त्ता	वन्ध्या	पापा	सुलाभा	मूढ़ा
राहुः	अपुत्रा	दरिद्रा	धनाढ्या	रोगार्त्ता	अपुत्रा	धनाढया	दुःखार्त्ता	क्लेशिनी	वन्ध्या	कुकर्मा	सुभगा	खला
केतुः	दुःखार्ता	शोकार्त्ता	रोगाढ्या	मातृहीना	विपुत्रा	धनाढया	विधवा	सदुःखा	शोकार्त्ता	पापा	सुभगा	सरोगा

अथ सूर्यादिग्रहाणां गोचरफलम्

ग्रहाः	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्यः	स्थानाश	भयं	श्रीः	मानभंग	दैन्य	विजयः	मार्गः	पीड़ाः	सुकृता	सिद्धिः	धनलाभ	द्रव्य नाश
चन्द्रः	धनलाभ	सन्तोष	सुखं	रोगः	ज्ञानवृ.	धनलाभ	स्त्री लाभ	रोगः	धर्म लाभ	सौख्यं	धनलाभ	धन नाश
भौमः	शत्रुभीः	धननाश	धनलाभ	शत्रुभीः	पुत्रकष्ट	धनलाभ	स्त्री कष्ट	शत्रुभीः	शत्रु पीडा	शोकः	धनलाभ	धन नाश
बुधः	सुख	धनलाभ	शत्रु भीः	पशुलाभ	सुखं	स्थानला.	पीड़ा	धन लाभ	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धन नाश
गुरुः	भय	धनलाभ	क्लेश	धनलाभ	सुखं	शोकः	राजमा	पीड़ा	सौख्यं	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्रः	शत्रुनाश	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्र लाभः	शत्रुभीः	शोकः	धन लाभ	वस्त्रलाभ	दुःख	धनलाभ	धनलाभ
शनिः	मयं	धननाश	एश्वर्य	शत्रु भीः	पुत्र कष्ट	धन लाभ	दोषः	पीड़ा	धर्मनाश	दौर्मन	धनलाभ	धनलाभ
राहुः	हानिः	धननाश	धन लाभ	वैर	शोकः	श्रीः	क्लहः	मृत्युः	दुःखं	वैर	सुख	शोकः
केतुः	रोगः	वैर	सुखं	भयं	सुखं	धन लाभ	क्लहः	रोगः	पापं	शौकः	कीर्ति	शत्रु भीः

अथ वर्षकुण्डल्यांतन्वादिभावस्थ ग्रहफलम्

ग्रहाः	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्यः	चिन्ता	नृपभीः	धन लाभ	हानिः	कष्टम्	शत्रु नाश	पीड़ा	कष्टम्	धर्मनाश	सुख	धनलाभ	पीड़ा
चन्द्रः	पीड़ा	धनलाभ	हर्षः	शत्रुनाश	सुखम्.	पीड़ा	कष्टम्	दुःखम्	भाग्योदय	विजयः	धनलाभ	व्यग्रः
भौमः	प्रणाः	धननाश	जयः	व्यसर्न	दुर्भीति	शत्रुनाश	स्त्रीकष्ट	पीड़ा	पुण्योदय	राज्यलाभ	धनलाभ	विरोध
बुधः	सोख्यम्	धनलाभ	सुखम्	द्रव्यलाभ	पुत्र लाभ	क्लेह	धनलाभ	व्यग्रता	सुखम्	मानलाभ	सुखलाभ	रोग
गुरुः	सुखम्	धनलाभ	जयः	वाह.लाभ	पुत्रः प्रा.	अष्टम्	सुखम्	रोग	धर्म लाभ	राज्यलाभ	धनलाभ	शोकः
शुक्रः	मानप्रा.	धनप्राप्ति	कीर्तिलाभ	सुखलाभ	धन लाभ	शत्रुभीः	स्त्री सुख	कष्टम्	धर्मोदय	मानलाभ	क्षेमलाभ	व्यय
शनिः	वातार्ति	पीड़ा	धन लाभः	दुःखम्	पुत्र पीड़ा	जयः	स्त्री कष्ट	रोग	भाग्याहा	धनहानि	धनलाभ	चिन्ता
राहुः	शिरोर्ति	राजभीः	सुखम्	दुःखम्	बुद्धिनाश	शत्रुनाश	रोगभी.	कष्टम्	धर्म हानि	विजय	सुलाभ	व्याधि
केतुः	चिन्ता	क्लेशः	आरोग्य	राजभीः	दुर्बुद्धि	सुखम्	क्लेश	पीड़ा	भाग्याना	धनलाभ	लाभः	शोकः
मुन्था:	सुखम्	यशोऽर्थः	पुष्टिः	दुःखम्	सुखप्राप्ति	कष्टम्	व्यसर्न	दुःखम्	भाग्योदय	राज्यप्राप्ति	लाभः	कष्टम्

अंगस्फुरणफलम्

पुरुषों का दायां अङ्ग और स्त्रियों का बायां अङ्ग फड़कना शुभ है। इन्हीं अङ्गों में तिल, लहसुन, मस्सा हो या खुजली उठे तो भी चक्रोक्त फल जानना। पैर के तलुओं में खुजली उठे तो यात्रा हो। राजाओं के हाथ में तिल या खाज उठे तो जय होती है। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल
मस्तक	पृथ्वीलाभ	स्कन्ध	भोगसमृद्धि	कपोल	शुभाप्ति	हस्त	द्रव्य-लाभ	पादोपरि	स्थानलाभ	हृदय	इष्ट सिद्धि	नाभि	स्त्री नाश	भग	पति प्राप्ति	उदर	कोषलाभ
ललाट	स्थानलाभ	भ्रु मध्य	सुख प्राप्ति	नेत्र	धनाप्ति	नेत्रोर्द्व	विजय	वक्षः स्थल	विजय	कटि	प्रमोद	आंत्रिक	कोषवृद्धि	कुक्षि	सुप्रीति	लिंग	स्त्रीलाभ

ग्रहाः गौचराद्यैर्दशाक्रमाद्यैर्ग्रहकृतानिष्टफलशमनार्थं प्रत्येकग्रहाणां दानपदार्थाः													जप सं.	जपनीय मन्त्रः	समय	समिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूँ	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केसर	मूंगा	रक्तगौ	रक्त चन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	सू. उ.	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेत वस्त्र	श्वेत पुष्प	शंख	कपूर	श्वेत बैल	श्वेत चन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चंद्रमसे नमः	संध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्त वस्त्र	रक्तकनेर	केसर	कस्तूरी	रक्त बैल	रक्त चन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घ. २	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरा वस्त्र	सर्व पुष्प	हाथी दांत	कपूर	शस्त्र	फल	९०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. ५	अपा मार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचणे	खांड	घी	पीत वस्त्र	पीत पुष्प	हल्दी	पुस्तक	घोड़ा	पीतफल	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरुवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेत वस्त्र	श्वेत पुष्प	सुगन्ध	दधि	श्वेत घोड़ा	श्वेत चन्दन	१६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सू.उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुलथी	तेल	कृष्ण वस्त्र	कृष्ण पुष्प	कस्तूरी	कृष्णगो	भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	संध्या	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तेल	नील वस्त्र	कृष्ण पुष्प	खड़ग	कंबल	घोड़ा	शूर्प	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्रौ	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तेल	धूम्र वस्त्र	धूम्र पुष्प	नारियल	कंबल	कबरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्रौ	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेत वस्त्र	श्वेत पुष्प	कर्पूर	मिसरी	श्वेत चन्दन	हाथी दांत	मुथेशवत्	मुन्थेश मन्त्र	मुन्थेशकाले	

सूर्यादिग्रहपीडासु स्नानार्थमौषधानि- (यथा सिद्धौषधै रोगन्नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्। तथा स्नानविधानेन ग्रहदोषः प्रणश्यति।।)

सूर्य	चन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मनःशिला इलायची देवदारु खस, केशर मुलहठी रक्त पुष्प रक्तकनेर	पञ्चगव्य गजमद शंख सिप्पी श्वेत चन्दन स्फटिक	बिल्वछाल रक्त चन्दन धमनी रक्त पुष्प सिंगरफ माल कंगनी मौलसिरी	गोबर अक्षत फल गोरोचन मधु मोती सुवर्ण	मालती पुष्प श्वेत सरसों मुलहठी मधु मालती	इलायची मनशिला सुवृक्षमूल केशर	कालेतिल सुरमा लोबान धमनी सौंफ मुत्थरा खिल्लां	लोबान तिल पत्र मुत्थरा गजदन्त कस्तूरी	लोबान तिल पत्र मुत्थरा गजदन्त छागमूत्र

सप्त धान्य- उड़द १, मूंगी २, कणक- (गेहूँ) ३, छोले (चने) ४, जौ ५, धान्य (तण्डुल) ६, कंगनी ७।।

सर्वग्रहाणां दोषोपशान्तये सामान्यमौषधिस्नानम्

लाजवन्ती (छुईमुई) कूट, खिल्लां, कांगनी, जव सरसों, देवदारू, हल्दी, सर्वौषधी, लौध इन सब औषधियों के जल से सतीर्थोदक स्नान करनेसे सब ग्रहों की पीड़ा नाश होती है, तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शांति होती है। गुरु के वचन, देवता ब्राह्मणों की वन्दना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः)।।

शनि विचार- गोचरे द्वादशे नेत्रे हृदये जन्मभे शनिः। द्वितीये गुल्फयोर्मध्ये द्यना नादौ च विलोमतः।। **फलं-** नेत्रस्थे शत्रुसन्तापो हृद मानसीव्यथा, चरणे भ्रमणं देशे देशः संचारयेच्छनिः।।

अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्- कल्याणीं प्रवदन्ति वै रविसुतो राशेश्चतुर्थाष्टमे, व्यार्धि बन्धुविरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्यु चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्निर्भयं, लोहं शस्त्र भयं, सदैवमसुखं कुर्यादसौ सर्वदा।।१।। **अथ बृहत् कल्याणी (साढ़ेसाती) फलम्-** राशौ द्वादश (१२) मूर्ध्नि जन्म (१) हृदये पादौ द्वितीये (२) शनिर्नाना क्लेश करोति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीड़येत्। हानिः स्थान्मरणं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम्। रामाकृद्धि विनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाथवा।।२।।

अथ ग्रहाणां राशि प्रवेश समये पाद निर्णय- किसी ग्रह का राशि प्रवेश समय में पाद देखना हो तो अपनी राशि से जिस दिन ग्रह बदलता हो उस दिन जिस राशि में चन्द्रमा हो उस राशि तक गिनें, वह संख्या २।५।९ हो तो रजतपाद, ३।७।१० में ताम्रपाद, १।६।११ में सुवर्णपाद, ४।८।१२ में लोहपाद जानना। गुरु सुवर्णपाद में शनि लोहपाद में, मङ्गल ताम्रपाद में, शुक्र रजतपाद में शुभ होते हैं। शनिवाहन- जन्म नक्षत्र से जिस दिन शनि बदले उस दिन के नक्षत्र तक गिनकर ९ का भाग देवें, शेष क्रमशः शनि का वाहन समझें- १ गर्दभ, २ अश्व, ३ हस्ति, ४ महिष, ५ जम्बूक, ६ सिंह, ७ छाग, ८ मयूर, ९ हंस। इसमें वाहनों के गुणानुसार फल समझें।

अथ ग्रहाणां विंशोत्तरीय महादशायामन्तर्दशाज्ञानाय चक्रमिदम्

सूर्य दशा वर्ष ६				चन्द्र दशा वर्ष १०				भौम दशा वर्ष ७				राहु दशा वर्ष १८				गुरु दशा वर्ष १६			
कृ. उ.फा. उ.षा. तन्मध्येऽन्तरम्				रो. ह. श्रवण तन्मध्येऽन्तरम्				मृ. चि. ध. तन्मध्येऽन्तरम्				आर्द्रा स्वा. श. तन्मध्येऽन्तरम्				पुन. वि. पूभा. तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
र	०	३	१८	चं	०	१०	०	मं	०	४	२७	रा	२	८	१२	बृ	२	१	१८
चं	०	६	०	मं	०	७	०	रा	१	०	१८	बृ	२	४	२४	श	२	६	१२
मं	०	४	६	रा	१	६	०	बृ	०	११	६	श	२	१०	६	बु	२	३	६
रा	०	१०	२४	बृ	१	४	०	श	१	१	९	बु	२	६	१८	के	०	११	६
बृ	०	९	१८	श	१	७	०	बु	०	११	२७	के	१	०	१८	शु	२	८	०
श	०	११	१२	बु	१	५	०	के	०	४	२७	शु	३	०	०	र	०	९	१८
बु	०	१०	६	के	०	७	०	शु	१	२	०	र	०	१०	२४	च	१	४	०
के	०	४	६	शु	१	८	०	र	०	४	६	च	१	६	०	मं	०	११	६
शु	१	०	०	र	०	६	०	च	०	७	०	मं	१	०	१८	रा	२	४	२४

शनि दशा वर्ष १९				बुध दशा वर्ष १७				केतु दशा वर्ष ७				शुक्र दशा वर्ष २०			
पु. अनु. उ.भा. तन्मध्येऽन्तरम्				अश्ले. ज्ये. रे. तन्मध्येऽन्तरम्				म. मू. अश्वि. तन्मध्येऽन्तरम्				पूफा. पूषा. भ. तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
श	३	०	३	बु	२	४	२७	के	०	४	२७	शु	३	४	०
बु	२	८	९	के	०	११	२७	शु	१	२	०	र	१	०	०
के	१	१	९	शु	२	१०	०	र	०	४	६	च	१	८	०
शु	३	२	०	र	०	१०	६	च	०	७	०	मं	१	२	०
र	०	११	१२	च	१	५	०	मं	०	४	२७	रा	३	०	०
च	१	७	०	मं	०	११	२७	रा	१	०	१८	बृ	२	८	०
मं	१	१	९	रा	२	६	१८	बृ	०	११	६	श	३	२	०
रा	२	१०	६	बृ	२	३	६	श	१	१	९	बु	२	१०	०
बृ	२	६	१२	श	२	८	९	बु	०	११	२७	के	१	२	०

त्रिराशिपति चक्रम

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	तु.
सू.	शु.	श	शु	गु	च.	बु.
गु.	चं.	बु.	म.	सू.	शु.	श.
वृ.	ध.	म.	कु.	मी.	राशयः	
मं.	श.	मं.	गु.	चं.	दि.	प.
शु	श.	मं.	गु.	चं.	रा.	प.

दशा का भुक्त भोग्य- गत नक्षत्र की घट्यादि को ६० में से घटाकर इष्ट घटी जोड़ने से भयात होता है। ६० में से घटाये हुए अंकों में प्रवेश नक्षत्र की घट्यादि जोड़ने से भभोग होता है। भयात और भभोग की घटियों को ६० से गुणाकर फल बना लें, भयात की पलों को दशा के वर्षों से गुणा कर भभोग की पलों से भाग देवें, लब्ध अंक वर्ष। शेषांक को १२ से गुणें, भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध मास, फिर शेष को ३० से गुणा कर भभोग की पलों से भाग दें लब्ध दिन आवेंगे। यह दशा के भुक्त वर्षादि होंगे। इन्हें दशा के वर्षों में से घटाने पर भोग्य दशा होगी।

योगिनी दशाऽन्तर्दशाज्ञानाय चक्रमिदम्

मंगला १			पिंगला २			धान्या ३			भ्रामरी ४			भद्रिका ५			उल्का ६			सिद्धा ७			संकटा ८		
श्र. आर्द्रा चित्रा			ध. पुनर्वसु स्वाति			श. पुष्य विशा.			अश्वि अश्ले अनु. पूभा.			भर. मघा ज्ये. उ. भा.			कृ. पूफा. मू. रे.			रो. उ. फा. पू. षा.			मृग. हस्त उ. षा.		
मा.	१२	चं.	मा.	२४	सू.	मा.	३६	गु.	मा.	४८	मं.	मा.	६०	बु.	मा.	७२	श.	मा.	८४	शु.	मा.	९६	के.
मं.	०	१०	पिं.	१	१०	धा.	३	०	भ्रा.	५	१०	भ.	८	१०	उ.	१२	०	सिं.	१६	१०	सं.	२१	१०
पिं.	०	२०	धा.	२	०	भ्रा.	४	०	भ.	६	२०	उ.	१०	०	सिं.	१४	०	सं.	१८	२०	मं.	२	२०
धा.	१	०	भ्रा.	२	२०	भ.	५	०	उ.	८	०	सिं.	११	२०	सं.	१६	०	मं.	२	१०	पिं.	५	१०
भ्रा.	१	१०	भ.	३	१०	उ.	६	०	सिं.	९	१०	सं.	१३	१०	मं.	२	०	पिं.	४	२०	धा.	८	०
भ.	१	२०	उ.	४	०	सिं.	७	०	सं.	१०	२०	मं.	१	२०	पिं.	४	०	धा.	७	०	भ्रा.	१०	२०
उ.	२	०	सिं.	४	२०	सं.	८	०	मं.	१	१०	पिं.	३	१०	धा.	६	०	भ्रा.	९	१०	भ.	१३	१०
सिं.	२	१०	सं.	५	१०	मं.	१	०	पिं.	२	२०	धा.	५	०	भ्रा.	८	०	भ.	११	२०	उ.	१६	०
सं.	२	२०	मं.	०	२०	पिं.	२	०	धा.	४	०	भ्रा.	६	२०	भ.	१०	०	उ.	१४	०	सि.	१८	२०

अथांङ्ग विभागे पल्ली (छिपकली कोढ़किरली) पतन फलम्

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभः	भ्रू मध्ये	राज्य संबंधः	वामपादे	नाशः
नासाग्रे	व्याधिः	वामकर्णे	बहुलाभः	प्रधरोष्ठे	ऐश्वर्यलाभः
वामभुजे	राज्यभयं	स्तनयोः	दौर्भाग्यम्	दक्षिणभुजे	नृपतुल्यताः
जानुद्वये	शुभागमः	हस्तयोः	वस्त्र लाभः	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाशः
कटिभागे	अश्वलाभः	वा. मणिबंधे	कीर्तिनाशः	नाभौ	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम्	दक्षिणपादे	गमनम्	मुखे	मिष्ठान्नभोजन
ललाटे	बंधुदर्शनम्	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	स्त्रीनाशः
द.कर्णे	आयुवृद्धि	नेत्रयोः	धनाप्तिः	पादान्ते	मृत्युः
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	मरणम्
जंधयोः	शुभम्	स्कन्धयोः	विजयः	नखेषु	धान्यलाभः
द.मणिबंधे	मनस्तोषः	हृदये	धनलाभः	दक्षांगुष्ठे	धनलाभः

पल्लीपतने (छिपकली के गिरने पर) शुभ तिथिवार नक्षत्र- यदि छिपकली १।२।३।५।६।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में गिरे तो तो श्रेष्ठ लाभदायक है। तथा चं. बु. गु. शु. इन चारों में भी शुभ फल होता है। अश्वि. रो. मृ. पु. पुन. उफा. ह. चि. स्वा. ध. रे. अनु. श. ये नक्षत्र शुभ फलदायक हैं। इनके अतिरिक्त तिथि नक्षत्र वारादि में छिपकली गिरे तो अशुभ होता है। **पल्लीपातेकर्त्तव्य कर्म्म-** पल्ली (किरली) तथा सरठ (गिरगट) स्पर्श पर वस्त्र-सहित स्नान करें। जन्म नक्षत्र, मृत्यु योग, दग्ध दिन, भद्रा आदि से दूषित दिन को पापग्रहयुक्त लग्न में तथा अष्टम चन्द्रमा में पल्ली आदि के स्पर्श होने से अरिष्ट होता है उसकी शांति के लिए जप, होम, मृत्युञ्जय का जप वा तिल स्वर्णदान पंचगव्य से स्नान तथा घृत काञ्चयापात्रदान करना भी उचित है।

छिक्का फल- छिक्का प्रायः सब दिशाओं की नेष्ट होती है। गौ की छिक्का मरण करती है। मदिरा के योग से अथवा "छींक सूंघनी छलकर लीन्हीं। पीनस, सर्दी, धांस फल हीनीं।। छींक पीठ की कुशल उचारे। बांई कारज सबै सवारे।।१।। सम्मुख छींक लड़ाई भाषै, छींक दाहिनी द्रव्य विनाशे।।२।। ऊंची छींक कहे जयकारी, नीची छींक होये भयकारी। अपनी छींक महादुखदायी, ऐसे छींक विचारों भाई।।३।। कन्या, विधवा, मालिन, धोबिन, रजस्वला, वेश्या, चमारी की छींक विशेष अशुभप्रद होती है। भोजनान्त में छींक होय तो दूसरे दिन प्रिय भोजन मिले। शयन के समय और सन्ध्यावन्दन जपादि के आरम्भ में छींक अशुभ नहीं होती।

विविध मुहूर्त्ताः

अथ स्त्रीणामाद्यरजोदर्शने शुभाशुभ विचारः

शुभ मासाः - वैशाख, श्रावण, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन मास और शुक्ल पक्ष श्रेष्ठ हैं।

शुभ तिथि- १।२।५।७।१०।११।१३।१५, कृष्णपक्ष में दशमी पर्यन्त मध्यम, उपरान्त नेष्ट। चन्द्र, बुध, गुरु शुक्रवार श्रेष्ठ। अश्विनी, रो. मू. पुष्य. उत्तरा ३ ह. चि. स्वा. अनु. श्र. श. ध. रे. नक्षत्र शुभ। पुन. कृ. म. वि. मू. नक्षत्र मध्यम, अन्य अशुभ। वृ. मि. कर्क, कं. तुला ध. मी. लग्न शुभयुक्त तथा शुभ दृष्ट हों तो प्रथम रजोदर्शन शुभ है।

अशुभ समय- अष्टमी, द्वादशी, षष्ठी, रिक्ता, अमावस, संक्रांति, भद्रा, व्यतिपात, वैधृति ग्रहण, मार्ग में, कुदेश, उत्पात का समय इन योगों में प्रथम रजोदर्शन होवे तो अनिष्ट है। इसका यथा विधि जाति विधान करने पर शुभ होवे।

स्नान मुहूर्त- ह. स्वा. मृ. अश्विनी अनु. ध. रो. उत्तरा ३. पु. शुभ तिथि, शुभ वार में कुयोग रहित समय में, लग्नबल देख शुभनवांश में, प्रथम ऋतुमती स्नान करें।

अथ गर्भाधान मुहूर्त्त विचार- रजो दर्शन की ४ रात्रि को छोड़कर समरात्रि में, रो. मृ. ह. स्वा. अनु. श्र. ध. श. नक्षत्र तथा मेष कर्क सिंह तुला ध. म. इन लग्नों में, लग्न से ३।६।११ वें में पाप ग्रह और र.मं.गु. लग्न को देखें तथा विषम राशि नवांश में हो, पति पत्नि को चन्द्र शुभ हो, ऐसे समय में गर्भाधान संस्कार करें। पुन. अश्वि. पुष्य चि. नक्षत्र गर्भाधान में मध्यम माने है। गर्भाधान में चन्द्रबल स्त्री को विशेष होना चाहिए।

गर्भाधानान्तर दश मासो के स्वामी- प्रथम मास का स्वामी शुक्र, द्वितीय का मंगल, तृतीय का गुरु, चतुर्थ का सूर्य, पंचम का चन्द्र, षष्ठ का शनि, सप्तम का बुध, अष्टम का गर्भ लग्नपति, नवम का चन्द्र और दशम मास का स्वामी सूर्य है। अष्टम मास में श्र. रो. पुष्य. नक्षत्र शुभ तिथिवार और अष्टम स्थान शुद्ध लग्न में गर्भ रक्षार्थ विष्णु-पूजन करें।

पुंसवन सीमान्त मुहूर्त्त विचार- गर्भ के द्वितीय तृतीय मास में पुंसवन करना चाहिए। छठे और आठवें मास में मासाधिपति बलवान होने पर सीमन्त कर्म करे। पुंसवन सीमन्त में गुरु शुक्र के अस्त का दोष नहीं है। र.मं.गुरूवार, मतांतर से सो. बु. शुक्रवार, दम्पत्ति का चन्द्रबल, तारा शुद्धि देख रो.,मृ.,पुष्य.,पुन.,हस्त,मू.,मं,उत्तरा ३ जन्म नक्षत्र बिना इन नक्षत्रों में तथा १।२।३।५।७।१०।११।१३ शुक्ल पक्ष की तिथियों में, कृष्ण पक्ष में १० पर्यन्त शुभ, पूर्वान्ह श्रेष्ठ है। पुरुष संज्ञक लग्न तथा नवांश में लग्न से १।४।५।८।९।१० में शुभग्रह ३।६।११ में पापग्रह, चन्द्र १।६।८।१२ वें वर्ज्यकर अन्य स्थानों में हो ऐसे मुहूर्त में पुंसवन और सीमान्त संस्कार करना श्रेष्ठ है।

मेधाजनन संस्कार- नालछेदन से पहले दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली के अग्रभाग में स्वर्ण लगाकर स्वर्ण सहित अंगुली से शहद में गौघृत मिलाकर '**ॐ भूस्त्वयि दधामि.**' 'ॐ

मन्त्रों से नवजात बालक को थोड़ा-थोड़ा मधु धृत चार बार चटावें, ऐसा करने से बालक बुद्धिमान और यशस्वी होता है।

स्तनपान मुहूर्त- पंचम दिन अथवा भद्रा व्यतिपात वैधृति रिक्ता तिथि का त्याग कर शुभ तिथि वार में पुन पुष्य. मृ. ह. श्र. रे. नक्षत्र में स्तनपान करना शुभ है।

प्रसूति स्नान मुहूर्त- रिक्ता तिथि को छोड़कर शुभ तिथि, र. मं. गु. वार अश्विनी रो. मृ. तीनों उत्तरा, ह. स्वा. अनु. रेवती नक्षत्रों में कुयोग रहित दिन में प्रसूति स्नान शुभ है।

जल पूजन मुहूर्त- मास के समाप्त होने पर बु. गु. चन्द्रवार, रिक्ता अमावस रहित तिथियों में मृ. पुन. पु. ह. अनु. मू. नक्षत्रों जल पूजन श्रेष्ठ है। चैत्र, पौष, अधिक मास, गुरु शुक्र का अस्त, मास पूरा होने पर वर्ज्य करें अर्थात् एक मास तक इनका दोष नहीं।

जातक कर्म नामकरण संस्कार- जातक कर्म नाल छेदने के पूर्व करना योग्य है। उस समय न हो सके तो सूतक निवृत्त होने पर ब्राह्मण ११वें, क्षत्रिय १३वें, वैश्य १६वें, शूद्र २१वें दिन नाम कर्म पूर्वकुलाचार के अनुसार करें। सूतक समाप्ति पर ११वें या १२वें दिन जातक कर्म नामकर्म संस्कार न हुआ हो तो भद्रा व्यतिपात वैवृति संक्रांति रहित १।२।३।५।७।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में, शुभवार, अश्वि. रो. मृ. पुन. पु. ह. चि. स्वा. अनु. तीनों उत्तरा अभि. श्र. ध. श. रे. इन नक्षत्रों में लग्न नवांश बल की योजना कर विधि के अनुसार बालक के दक्षिण कर्ण में तीन बार राम कहें।

दोलारोहरण (बालक को झूले में झुलाना)- जन्म दिवस से १०।१२।१६।१८।३२ वें दिन रिक्ता अमावस रहित तिथि, शुक्रवार, अश्वि. रो. मृ. पुष्य. ह. चि. अनु. अभि. तीनों उत्तरा रे. नक्षत्रों में शुभ होता है। सूर्य नक्षत्र से आगे ५ और पीछे ७ नक्षत्र शुभ होते हैं।

अथ निष्क्रमण मुहूर्त- बारहवें दिन बालक का निष्क्रमण करें। सूर्य और नक्षत्र पूजन पूर्वक सूर्य और नक्षत्रों के दर्शन करावें। यह न हो तो तृतीय चतुर्थ मास में मं. श. वर्जित वारों में रिक्ता भद्रा अमावस आदि कुयोग रहित शुभ दिन में, अश्वि. रो. पुन. पुष्य. ह. अनु. स्वा. मू. श्र. ध. नक्षत्रों में शुभ है।

भूम्युपवेशन- पांचवें मास में पृथ्वी और वराह का पूजन कर रिक्ता अमा. रहित तिथि शुभवार, अश्वि., रो. मृ. पुष्य. हस्त. अनु. ज्ये. अभि. तीनों उत्तरा नक्षत्रों में, स्थिर लग्न में बालक की कमर में सूत्र बांधकर पृथ्वी पर बिठावें। मन्त्र यह है- "**ॐ रक्षैनं वसुधे देवि! सदा सर्वगते शुभे! आयुः प्रमाणं सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये!।।**"

बालक को पृथ्वी पर बिठाने के समय बालक के सामने पुस्तक, कलम, दवात, सुवर्ण, चांदी, शस्त्र, वेद की पुस्तकें, धान्य, मशीनें, छोटी मोटरें, इन्जिन आदि वस्तुएँ रखें, इनमें से जिस वस्तु को बालक पहले ग्रहण करे उसी से उसकी जीविका होती है, इसलिए आगे वही विद्या उसकी पढ़ाई जावे।

में कन्या को भद्रा व्यतिपातादि दोष रहित १।३।५।[illegible] इन तिथियों में शुभ वार, अश्वि. रो. मृ. पुन. पु. ह. चि. स्वा. अनु. अभि. श्र. ध. श. तीनों उत्तरा, रे. इन नक्षत्रों में, जन्मलग्न या जन्मराशि से आठवां लग्न या नवांश तथा मीन, मेष, वृश्चिक लग्न को त्याग कर दशम स्थान में पापग्रह न हो तो अन्नप्राशन कराना श्रेष्ठ है।

कर्णवेध- चातुर्मास (आषाढ़ शु.११ से कार्तिक शु. ११ तक) चैत्र पौष जन्म मास तिथि नक्षत्र, क्षयतिथि ४।९।१४ और सम वर्षों को त्याग कर जन्म से १२वें या १६वें दिन अथवा ६।७।८ वें मास में या विषम वर्षों में, शुभवार अश्वि. मृ. पुन. पु. ह. चि. अनु. अभि. श्र. रे. नक्षत्रों में लग्न से अष्टम स्थान शुद्ध हो, वृ. तु. ध. मीन लग्न और लग्न में गुरु हो तो कर्णछेदन श्रेष्ठ होता है।

मुण्डन चौल (चूड़ाकर्म) संस्कार- बालक की माता को ५ मास का गर्भ हो तो ५ वर्ष से न्यून के बालक का चौलकर्म नहीं करना। ज्येष्ठ मास में नहीं करना, तथा चैत्र मास को छोड़ विषम वर्ष में उत्तरायण में, २।३।५।७।१०।१२।१३ तिथियों में, अश्वि. मृ. पुन. पुष्य. ह. चि. स्वा. ज्ये. अभिजित्, श्र. ध. श. रे. नक्षत्रों में। अष्टम स्थान शुद्ध होने पर चौल करना श्रेष्ठ है। तथा कुलाचारानुसार इष्टदेवता के आगे भी मुण्डन संस्कार और कर्णवेध कर दिया जाता है, यह 'यथा कुलधर्मतः' इस स्मृति के अनुसार ठीक ही है।

क्षौर करने के नियम तथा मुहूर्त्त- चौलकर्म की तिथि क्षौर नक्षत्र क्षौर (बाल कटाने) के लिए श्रेष्ठ है। रवि मंगल शनिवार, पूर्व क्षौर से ९वां दिन, ४।८।९।१४।१५।३० तिथि, संक्रांति, रात्रि, संध्याकाल, बिना आसन, सग्राम में, यात्रा के दिन, स्नान करके शरीर में उबटन लगाने के अनन्तर भोजन के बाद क्षौर कराना अशुभ है। परन्तु विवाह, यज्ञ, मृतक कार्य, कारागार से छूटने पर ब्राह्मणाज्ञा, राजाज्ञा से किसी समय में क्षौर बनवा सकते है। राजकर्मचारी तथा रूपजीवी जैसे नट, भाट बहुरूपिये नाटक कम्पनी, फिल्म कम्पनियों में काम करने वाले प्रतिदिन क्षौर बनवा सकते है, उनके लिए मुहूर्त्त की आवश्यकता नहीं। ब्राह्मण रविवार को, क्षत्रिय मंगल को, वैश्य शूद्र शनिवार को भी क्षौर बनवा सकते है, तथा ब्राह्मण को शाखेश के वार में भी क्षौर करवाने में हानि नहीं।

कन्या का नाक छेदन मुहूर्त्त- शुक्ल पक्ष, शुभ तिथि शुभ वार कुयोग रहित प्रथम प्रहर में कर्णवेधोक्त नक्षत्रों में तथा उत्तरा ३, स्वाति शत. इनमें नाकछेदन करना शुभ है।

कन्या को सीना पिरोना सिखाने का मुहूर्त्त- रिक्ता अमावस रहित तिथि, रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार। अश्वि. पुन. चि. अनु. ध. इन नक्षत्रों में कुयोगादि रहित शुद्ध दिन में कन्या को चन्द्र बल देख सीना कसीदा आदि का कार्य सिखाना आरम्भ करें।

अक्षरारम्भ- उत्तरायण में जन्म से ५,७ वें वर्ष २।३।५।६।११।१२ तिथि, शुक्रवार,अश्वि, आर्द्रा..पुन..पु..ह..चि..स्वा..अनु..अभि..श्र..रे. इनमें तथा चररहित लग्नों में गणेश विष्णु सरस्वती लक्ष्मी तथा अपने कुल देवताओं का पूजन कर अक्षरारम्भ करें।

विद्यारम्भ मुहूर्त्त- उत्तरायण, फाल्गुन मास छोड़कर २।३।५।६।१०।११।१२ तिथि तथा रवि, गुरू, शुक्रवार और अश्वि. रो. मृ. आर्द्रा. पुन. पु. आश्ले. ह. चि. स्वा. अनु. मू. श्र. ध. श. उत्तरा तीनों और रेवती नक्षत्रों में विद्यारम्भ शुभ है। र. मं. श. वार, रिक्ता तिथि, ज्ये. अश्ले. म. [illegible] शुक्र अंग्रेजी फारसी विद्यारम्भ के लिए शुभ है।

उपनयन संस्कार- बालक के जन्म से वा गर्भ से ब्राह्मण ८ वें, क्षत्रिय ११वें,वैश्य १२ वें वर्ष यज्ञोपवीत धारण करें। किसी कारणवश यह काल लोप हो तो ब्राह्मण १६वें, क्षत्रिय २२वें और वैश्य २४ वें वर्ष तक संस्कार करा सकते हैं। उत्तरायण देवशयन के पूर्व र. चं. बु. गु. शु. वार, सामवेदी को मंगलवार भी विहित है, शुक्लपक्ष की २।३।५।१०।११।१२ तथा कृष्ण पक्ष की २।३।५ तिथि अश्वि. रो. मृ. आर्द्रा पुष्य आश्ले. तीनों उत्तरा ह. चि. स्वा. अनु. मू. अभि. श्र. ध. शत. रे. क्रूरयुक्त तथा वेधरहित इन नक्षत्रों में उपनयन संस्कार शुभ है। बालक का गुरुबल तथा चन्द्रबल देखे। सामवेदी को भोमबल भी आवश्यक है। ज्ये. शु. २, आषाढ़ शु. १०, पौष शु. ११, माघ शु. १२, संक्रांति दिवस, रोगबाण (८।९।७।२६ रवि के गतांशाः) गुरु शुक्र के बालवृद्धास्त को छोड़कर पूर्वान्ह में तथा अभिजित् मुहूर्त में यज्ञोपवीत धारण करावें। लग्नेश और च. शु. गु. ६, ८ में और च. शु. १२ वें, पापग्रह १।५।८ में अशुभ है। वृष तथा कर्क का पूर्णचन्द्र लग्न में शुभ होता है। चैत्र में मीन के सूर्य में यज्ञोपवीत संस्कार श्रेष्ठ है।

अभिजित मुहूर्त्त- नित्य मध्यान्ह संधिकाल की एक घटी अर्थात् स्थानीय (लोकल) ११ बजकर ४८ से १२ बजकर १२ मिनट दोपहर तक अभिजित् मुहूर्त में अनेक दोष निवारण की शक्ति है, अतः कोई शुभ लग्न न बनता हो तो उपनयनादि इस अभिजितमुहूर्त्त में करना शुभ है। यथा-

"अभिजित्सर्वदेशेषु मुख्यदोषविनाशकृत। मध्यंदिन गते भानौ मुहूर्त्तोऽभिजिदाह्वयः।।
नाशयत्यखिलान्दोषान् पिनाकी त्रिपुरं यथा।"

अथ विवाह संस्कार

विवाह संस्कार सर्वश्रेष्ठ संस्कार है, इससे मनुष्य धर्म अर्थ काम और मोक्ष की सिद्धि कर सकता है। विवाह के पश्चात् ही पुरूष पुरूषत्व को प्राप्त होता है। विवाह होने पर पूर्ण पुरुष होता है और सदाचारी सन्तान उत्पन्न करके देश, धर्म जाति सेवा के साथ देव, ऋषि, पितृऋण से भी उन्मुक्त हो सकता है। इसलिए इस संस्कार को मुनियों ने श्रेष्ठ बताया है, यह संस्कार योग्य समय में होने पर ही दाम्पत्य सुख, ऐश्वर्य भोग और उत्तम प्रजोत्पादन करके मनुष्य अपने पितृऋण से मुक्त होता है। अतः विवाह-संस्कार का समय-निर्णय हमारे ऋषि-मुनियों ने अतिसूक्ष्मता से किया है। आजकल नास्तिक लोग सर्वकाल विवाह के लिए शुभ मान कर चाहे जब रजिस्टर पद्धति से कोर्ट में जाकर तथा कपोल-कल्पित नियमानुसार विवाह करवा लेते है, यह सर्वथा अनुचित है। विवाह के लिए वेदों में भी पर्याप्त निर्णय है। जैसे-जैसे विज्ञान-विद्या का विकास होता रहा तैसे-तैसे इस पर सूक्ष्म विचार प्राचीन आचार्यों ने किए है, जो कि आधुनिक नूतन विज्ञान से भी बहुत श्रेष्ठतम माना जा रहा है। जिसका यहाँ संक्षेप में विचार लिखते है-

ब्रह्मचर्य के पश्चात मनुष्य अपने विषम वर्षों में गृहस्थाश्रम में प्रवेश करें। पुरुष २५ के पूर्व तथा कन्या १६के पूर्व विवाह न करें। कन्या के समवर्षों मे शुभ मुहूर्त्त में कन्या का पिता वा पालक योग्य वर्ण के वर का निश्चय कर पहले वाग्दान करें। कन्या का वाग्दान करने से पूर्व वर-कन्या की कुण्डली का मिलान तथा गुण-मिलान अवश्य करें, ताकि नूतन दम्पती अपना जीवन सुखमय

व्यतीत कर सकें। कई नास्तिक मतवादी यह कहते हैं कि इतना घटित मिलान करने पर भी कहीं-कहीं वर कन्या को दुःख का सामना करना पड़ता है, तथा दाम्पत्य वियोग होता है, यह क्यों? परन्तु घटित मिलान करते समय निम्नलिखित बातों का अवश्य ध्यान रखना चाहिए- (१) क्या वर-कन्या का जन्म टाइम ठीक-ठीक है? (२) कई वर्षों से प्राचीन गणित में अन्तर आता है अतः ऐसे गणित से बनाया जन्म पत्र ठीक-ठीक फलदायक नहीं हो सकता, इसलिए वर कन्या के जन्म पत्र शुद्ध सूक्ष्म एवं दृक्तुल्य केतकी गणित से ज्योतिषशास्त्र के अनुसार बने हैं या नहीं? इसकी जांच उत्तम गणितज्ञ से करावें। (३) क्या ज्योतिषीजी ने बालक का जहाँ का जन्म है वही का सूर्योदय लेकर जन्म पत्र बनाया है? (४) क्या लग्नसारिणी एवं सूर्योदय जन्म स्थान के लेकर लग्नसाधन किया है? आदि बातों का निर्णय कर जन्म पत्र विद्वान् गणितज्ञ से बनवाकर मिलाने पर ही वह मिलान योग्य होकर फलदायक होता है।

विवाह के पहले कन्या का नाम बदलना- यदि कन्या और वर की जन्म कुण्डली न हो और दोनों के नाम परस्पर मिलान में शुभ न हों तो आवश्यकता में कन्या का नाम बदला जा सकता है, वर का नहीं। कन्या का नाम बदलने के लिए मेलापक सारिणी में वर के नक्षत्र के नीचे जहाँ दोषाक का अभाव हो या दोष थोड़ा समझकर ऋण (—) का चिन्ह लिखा हो उसी खाने में ऊपर गुणसंख्या भी १८ से अधिक मिले उसी कोष्ठक के बाईं ओर जो नक्षत्र मिले उसी के आद्यक्षरानुसार सुन्दर नाम रख लेना चाहिए।

जन्मम जन्मधिष्ण्येन नामधिष्ण्येन नामभम्। व्यत्ययेन यदा योज्यं दम्पत्योर्निधनप्रदम्।।

वर का प्रसिद्ध नाम तथा कन्या का जन्म नाम, कन्या का प्रसिद्ध नाम और वर का जन्म-नाम ऐसा विपरीत कदापि न लें, यह वर कन्या के लिए हानिप्रद है या दोनों का जन्म-नाम ही लें और जन्म-नाम न हो तो दोनों के प्रसिद्ध नाम लें। विशेषतः दोनों के जन्म नाम ही लेना शास्त्रोक्त और आवश्यक है। यथा-

विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रायां ग्रहगोचरे। जन्मराशेःप्रधानत्व जामराशि न चिन्तयेत् ।।१।।
कुर्यात्षोडशकर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते।।२।।
मन्त्रे पुनर्भूवरणे नामराशेः प्रधानता। कुर्यात्षोड्शकर्माणि जन्मराशौ बलान्विते ।।३।।

नाम राशि विचार

देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके। नामाराशेः प्रधानत्वं जन्मराशि न चिन्तयेत्।।४।।
काकिण्यां वर्गशुद्धौ च दाने द्यूते ज्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे नामराशेः प्रधानता।।५।।
विवाहघटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम्। नाम भात् चिन्तयेत् सर्व जन्म न ज्ञायते यदा।।६।।

इत्यादि विचारों से विवाह-मेलन में जन्म समय से प्राप्त हुए नाम राशि से ही मिलान करना चाहिये। जन्म नाम प्राप्त न हो तो प्रसिद्ध नाम लेकर विवाह मिलायें।

ताराबल विचार-कृष्णाष्टम्यूर्ध्वनो ग्राह्यं दशाहं तारकाबलम्। परतोऽब्जबल ग्राह्यं सर्वमंगलकर्मसु। तारापवादः- पर्याय प्रथमे वर्ज्यः विपत्प्रत्यरिनैधनाः। द्वितीये त्वशंका वऽर्यास्तृतीये त्वखिलाः शुभाः। आद्यांशोविपदि त्याज्यः प्रत्यरौ चरमो शुभः। वधस्त्याज्यस्तृतीयोंशः शेषा अंशास्तु शोभनाः।

अथ शुभाशुभताराज्ञानाय चक्रम्

जन्मनक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिने, गणनानुसार जन्मादि तारा तथा शुभादि फल समझें।

१, १०, १९	२, ११, २०	३, १२, २१	४, १३, २२	५, १४, २३	६, १५, २४	७, १६, २५	८, १७, २६	९, १८, २७
जन्म शुभ	सम्पत शुभ	विपत् अशुभ	क्षेम शुभ	प्रत्यरि अशुभ	साधक शुभ	वध अशुभ	मित्र शुभ	परम मित्र शुभ

वर वरण मुहूर्त्त

पंचांग-शुद्धि देख कुयोग रहित दिन में, शुभ तिथि शुभ वार, कृ.रो.पू. ३ उ. ३ नक्षत्रों में, चन्द्र बल देख शुभ लग्न तथा शुभ नवांश में, अपने कुल का पुरोहित या कन्या का भ्राता वर के यहाँ आकर पूर्वोत्तर या पूर्वा पर दिशा में बैठ कुंकुम वा केसर से वर के तिलक करे, वस्त्र यज्ञोपवीत आदि वर को देकर वर का सत्कार करें। कुलानुसार रुपया, मोहर (अशरफी) और श्रीफल वर को देकर गुड़ खजूर या बताशा वर के मुँह में देकर "मेरी बहन अमुक नाम की (भ्राता हो तो अन्य हो तो यथा उचित संबोधन दें) आपको दी है" ऐसा कहकर यह मन्त्र पढ़ें-

तस्मिन् कालेऽग्निसान्निध्ये स्नातः स्नाते ह्यरोगिणे।
अव्यगेऽपतितेऽक्लीवे पिता (दाता) तुभ्यं प्रदास्यति।।

कन्या वरण मुहूर्त्त :-

पंचांग शुद्धि देख कुयोग रहित दिन में, कृ. पूर्वा. ३. स्वा. अनु. उषा. श्र. ध. वा. विवाह -होक्त नक्षत्रों में शुभ समय में वस्त्रालंकार सहित फल पुष्पों से कन्या वरण कर कुलानुसार आचार करें।

विवाह निश्चय के कुछ नियम

वधू, वर की सगोत्र और वर की माता की सात पीढ़ी में से न हो। दो सगी बहनों का विवाह दो सगे भाइयों से न करें। दो सगी बहनों का, दो सगे भाइयों का वा भाई बहिनों का एक संस्कार ६ मास में साथ ही न करें। लड़की के विवाह के पीछे लड़के का विवाह हो सकता है। पृथक् माता (सौतेली) से हुए भाई बहनों का एक संस्कार द्वार भेद, मण्डपभेद और आचार्य भेद से हो सकता है। यमल (जोड़े) भाई बहनों का एक ही मण्डप में विवाह करने में हानि नहीं। इसी प्रकार विवाह से पीछे मुण्डन, यज्ञोपवीत ६ मास तक न करे। विवाह, उपनयन, चूड़ा, सीमन्त, केशान्त से ६ मास तक लघु मंगलकार्य न करें। संवत्सर भेद से जैसे मांघ, फाल्गुन में एक मंगलकार्य हो तो आगे चैत्र के बाद दूसरा मंगलकार्य कर सकते हैं, उसमें कोई दोष नहीं। ऊपर कहा हुआ ६ मास का व्यवधान तीन पीढ़ी तक के ही पुरुषों को कहा है, अन्य पीढ़ी के पुरुषों को यह बन्धन नहीं।

मंगलकार्य के मध्य पितृकर्म (श्राद्धादि) अमंगल कार्य न करें। वाग्दान के अनन्तर वर कन्या के तीन पीढ़ी में किसी की मृत्यु हो जाय तो १ मास के बाद अथवा सूतक निवृत्त होने पर शांति करके विवाह करने में हानि नहीं। विवाह के पूर्व नांदीमुख श्राद्ध के बाद तथा विनायक स्थापन (बड़ा विनायक) हुए बाद तीन पीढ़ी तक की मृत्यु हो जाये तो वह कन्या तथा वर कन्या के माता [illegible]

वर-वधू गुण मेलापक सारिणी (भाग-१)

ऊर्ध्वाधरस्थाम्यपि भानि पुंसां पार्श्वद्वयस्थानि तथा वधूनाम्।। संपातकोष्ठे शुभयोर्गुणैक्यं सर्वे शुभं तत्स्मृतितोऽधिकं यत्।।१।।

कन्या	वर ➤	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
	चरण →	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२
चरण ↓	नक्षत्र	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन	पुन	पुष्य	श्ले	मघा	पूफा	उफा	उफा	ह.	चि.
मेष ४	अ.	२८ ३	३३ ०	२८॥	१८॥ ४	२१॥ −४	२२॥ −४	२६	१७ ३	१९ ३	२३॥ ३	३२॥	२८	२२ +५	२५ +५	२५॥ ३५	११ ३६	९ २३६	१३ ६
मेष ४	भ.	३४	२८ ३	२९ ०१	१९ ०१	२१॥ −४	१४॥ ३४	१८ ३	२६	२७	३१॥	२३॥ ३	२५॥ १	२० १५−	१८ ३५	२६ +५	२१॥ ६	२० ६	४ १३६
मेष १	कृ.	२७॥	२९ १	२८ ३	१८ ३४	१० १३६०	१६॥ ४	२०	२० १	२२	२५॥	२६॥	२३॥ ३	१६॥ ३५	२० १५	२० १५	१५॥ १६	१५॥ ६	१८ ६
वृष ३	कृ.	१८॥ −४	२० १४	१९ ३४	२८ ३	२० ०१३	२६॥	१७॥ +४	१७॥ १४	१८॥ +४	२२	३३	३० ३	१८॥ ३	२२ १	२२ १	२२ १५	२२ +५	२३॥ +५
वृष ४	रो.	२३॥ −४	२३॥ ४	११ ३४	२० ३१	२८ ३	३६ ०	२५॥ ०४	२३॥ +४	२२॥ +४	२६	२७	१२ ३१	२०॥ ३१	२४॥	२७	२६ +५	२६ +५	२० १५−
वृष २	मृ.	२३॥ −४	१४॥ ३४	१८॥ −४	२७॥	३५	२८ ३	१९ ३४	२४ ०४	२२॥ +४	२६	१९ १	२२	१९॥	२५॥ ३	२४॥	२३॥ +५	२६ +५	१३ ३५
मिथुन २	मृ.	२७	१८ ३	२२	२१॥ +४	२७ +४	२० ३४	२८ ३	३३ ०	३१॥	१९ −४	१२ ३४	१४ ४	२३॥	१९॥ ३	२८॥	३१॥	३४	२१ ३
मिथुन ४	आ.	१९ ३	२७	२२ १	१८॥ १४+	२४॥ +४	२६ +४	३४	२८ ३	२५ ०३	१२॥ ०३४	२० −४	१३ १४	२३॥ १	२९॥	२१॥ ३	२४॥ ३	२४॥ ३	२७ १
मिथुन ३	पुन.	२० ३	२७	२३	२०॥ +४	२२॥ +४	२३॥ +४	३१॥	२४ ३	२८ ३	१५॥ ३४−	२२॥ ०४	१७ −४	२२॥ +२	२६॥ +२	२१॥ ३	२४॥ ३	२५॥ ३	२७॥
कर्क १	पुन	२२॥ ३	२९॥	२५॥	२२	२४	२५	१८ ४	१०॥ ३४	१४॥ ३४	२८ ३	३५ ०	२९॥	१६॥ २४	२०॥ २४	१५॥ ३४	१८ ३	१९ ३	२१
कर्क ४	पुष्य	३०॥	२१॥ ३	२६॥	२३	२५	१८ ३	११ ३४	१८ ४	२१॥ ४	३५	२८ ३	३० ०	१९॥ +४	१५॥ ३४	२३॥ +४	२६	२७	१२ ३
कर्क ४	श्ले.	२६	२४॥ १	२२॥ ३	१९ ३	११ ३१	१९	१२ ४	१२ १४	१५ ४	२८॥	२९ ३	२८	१५ ३४२	१५॥ १४२	१८॥ १४	२१ १	२१	२६
सिंह ४	मघा	२० +५	२० १५	१६॥ ३५	१७॥ ३	९॥ ३१	१७॥	२१॥	२२॥ १	२०॥ −२	१६॥ २४+	१९॥ +४	१६ ३४२	२८ ३	३० ०१	२७॥ १	१६॥ १४	१६॥ +४	२१॥ ४
सिंह ४	पूफा	२६ +५	१८ ३५	२० १५−	२१ १	२३॥	१५॥ ३	१९॥ ३	२८॥	२६॥ −२	२२॥ २४+	१७॥ +३४	१६॥ १२४	३० −१	२८ ३	३५ ०	२४ ०४	२२ +४	७॥ १३४
सिंह १	उफा	१६॥ ३५	२६ +५	२० १५−	२१ १	२६	२४॥	२८॥	२०॥ ३	२१॥ ३	१७॥ ३४	२५॥ +४	१९॥ १४−	२७॥ −१	३५	२८ ३	१७ ३४	१६ ०३४	१३॥ १४२
कन्या ३	उफा	१३ ३६	२२॥ ६	१६॥ १६	२१ १५+	२६ +५	२४॥ +५	३१॥	२३॥ ३	२४॥ ३	२० ३	२८	२२ १	१७॥ १४	२५ +४	१८ ३४	२८ ३	२७ ०३	२४॥ १२+
कन्या ४	हस्त	१० २३६	२० ६	१७॥ ६	२२ +५	२५ +५	२६ +५	३३	२२॥ ३	२४॥ ३	२० ३	२८	२३	१८॥ +४	२२॥ +४	१६ ३४	२६ ३	२८ ३	२८ ०
कन्या २	चि.	१३ ६	५ १३६	१९ ६	२३॥ +५	२० १५	१२ ३५	१९ ३	२६ १	२५॥	२१	१२ ३	२७	२२॥ +४	८॥ १३४	१४॥ १२४	२४॥ १२	२७	२८ ३
	नक्षत्र →	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन	पुन	पुष्य	श्ले	मघा	पूफा	उफा	उफा	ह.	चि.

कन्या	वर ➤	तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन			
	चरण →	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	
चरण ↓	नक्षत्र	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा	उषा	उषा	श्रव	धनि	धनि	शत	पूभा	पूभा	उभा	रेव.	
मेष ४	अ.	२२॥	२६॥ −२	२२॥	१८॥ −६	२५॥ −६	१४ ३६	१३॥ ३५	२५ +५	२३॥ +५	२५	२६	२०	२०	१५ ३	१६ ३	१४॥ ३४	२४॥ +४	२६॥ +४	अ.
मेष ४	भ.	१३॥ १३	२१॥	२१॥ −१	१७॥ −१६	१७॥ ३६	१९॥ −१६	२० −१५	१८ ३५	२६ +५	२७॥	२६	१० १३२	१० १३२	२० −१	२४ −२	२२॥ २४+	१७॥ +३४	२६॥ +४	भ.
मेष १	कृ.	२७॥	१५॥ ३	१९॥ ३	१५॥ ३६	१९॥ −६	२५॥ −६	२४॥ +५	१८ १२५	१२ ३१५	१३॥ १३	११॥ २३	२५	२५	२७	१९ १	१७॥ १४	१९॥ १४	११॥ ३४	कृ.
वृष ३	कृ.	२२॥ −६	१०॥ ३६	१४॥ ३६	२०॥ ३	२४॥	३०॥	२० ६	१३॥ १२६	७॥ १३६	१२ १३५	१० ३५२	२३॥ +५	२१॥	३१॥	२३॥ १	२० १	२२ १	१४ ३	कृ.
वृष ४	रो.	१९ १६	१५॥ ३६	९॥ ३१६	१५॥ ३१	२९॥	२३॥ १	१४ १६	१९॥ ६	११॥ ३६२	१६ ३५२	१७ ३५	२० १५−	२४॥ −१	२४॥ −१	३०॥	२७	२७	१९ ३	रो.
वृष २	मृ.	१२ ३६	२५ −६	१८॥ −६	२४॥	२१॥ ३	२४॥	१५ ६	१० ३६	१७ २६	२१॥ +२५	२५ +५	१३ ३५	१९ ३	२७	२९॥	२६	१८ ३	२७	मृ.
मिथुन २	मृ.	१४ ३५	२७ +५	२०॥ +५	१४ ६	११ ३६	१४ ६	२३	१८ ३	२५ +२	२० −२६	२३॥ −६	११॥ ३६	१३ ३५	२१ +५	२३॥ +५	२५॥	१७॥ ३	२६॥	मृ.
मिथुन ४	आ.	२० −१५	२७ +५	२० १५+	१३॥ १६	१७ २६	५ १३६२	१६ १३	२८	२८	२३ −६	२३ −६	१७॥ −१६	१९ +१५	१२ १३५	१७ ३५	१९ ३	२६॥	२६॥	आ.
मिथुन ३	पुन.	२०॥ +५	२८ +५	२२ +५	१५॥ ६	२१॥ ६	७ ३६	१४ ३	२७	२७	२२ −६	२३ −६	१७॥ −६	१८॥ +५	१४ ३५	१६ ३५	१८ ३	२८	२७॥	पुन.
कर्क १	पुन	२०॥	२८	२२	२०॥ +५	२६ +५	११॥ ३५	८ ३६	२१ −६	२१ −६	२६	२७	२१	१२॥ ६	८ ३६	१० ३६	१६ ३५	२६ +५	२५॥ +५	पुन
कर्क ४	पुष्य	११॥ ३	२६॥	२१	१९ −५	१८ ३५	२१ −५	१७	११ २३६	२१ ६	२६	२५ −२	१३ ३	४॥ ३६	१४॥ ६	१८ ६	२० +५	१८ ३५	२७ +५	पुष्य
कर्क ४	श्ले.	२५॥	१२॥ ३	१७॥ ३	१५॥ ३५	२० −५	२६ −५	२२॥ ६	१६ १६	८ ३१६	१३ १३	१३ ३	२६	१७॥ ६	१९॥ ६	११॥ १६	१७॥ १५−	२१ १५	१३ ३५	श्ले.
सिंह ४	मघा	२४॥	११॥ ३	१६॥ ३	२२॥ ३	२५॥	३३	२५ +५	१९ १५	८॥ १३५	३॥ ३१६	४॥ ३६	१८॥ ६	२४॥	२५॥	१८॥ १	१८॥ १६−	१९॥ १६−	१३ ३६	मघा
सिंह ४	पूफा	१०॥ १३	२५॥	१८॥ १	२४॥ −१	२३॥ ३	२५॥ −१	१९ १५+	१७ ३५	२४ +५	१७॥ ६	१८॥ ६	४॥ १३६	१०॥ १३	१९॥ १	२४॥	२४॥ −६	१७॥ ३६	२५॥ −६	पूफा
सिंह १	उफा	१६॥ १२	२५॥	१६॥ १२	२२॥ −१२	३१॥	१७॥ १३	९॥ १३५	२५ +५	२५ +५	२० ६	२० ६	११॥ १६	१७॥ १	११॥ १३	१५॥ ३	१५॥ ३६	२६॥ −६	२५॥ −६	उफा
कन्या ३	उफा	१६॥ १२४−	२५॥ +४	१६॥ १२४	१८ १२	२७	१३ १३	१४ १३	२९॥	२९॥	२४॥ +५	२४॥ +५	१६ १५+	१६॥ −६	१०॥ ३१६	१४॥ ३६	१७॥ ३	२८॥	२७॥	उफा
कन्या ४	हस्त	२० ०४	२६॥ +४	१८॥ +४	२०	२६	१३ ३	१५ ३	२७	२८॥	२३॥ +५	२४॥ +५	१८॥ +५	१९ ६	८॥ ३६२	१३॥ ३६	१६॥ ३	२६॥	२७॥	हस्त
कन्या २	चि.	२० ३४	१९ ०४	२६॥ +४	२८	११ ३	२५	२७	१४ १३	२२ १	१७ १५	१८॥ +५	१५॥ ३५	१६ ३६	२४ −६	१६॥ १६	१९॥ १	१०॥ १३२	१९॥	चि.
	नक्षत्र →	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा	उषा	उषा	श्रव	धनि	धनि	शत	पूभा	पूभा	उभा	रेव.	

इसमें मेलापक (वर्ण वश्य आदि) की गुण सारिणी दी है। ऊपर की पंक्ति में वर के नक्षत्र, तिरछी पंक्ति में कन्या के नक्षत्र लिखे हैं, ऊपरी भाग में नीचे के महादोषों के चिन्ह दिये हैं। चिन्हों का काम यह है एक नाड़ी के दोष की जगह (३) गण महादोष (मनुष्य, राक्षस) के स्थान में १ भकूट महादोष (षडाष्टक) में (६) नव पंचम में (५) (द्विर्द्वादश) में (४) वैर योनि में (२) लिखें हैं

वर-वधू गुण मेलापक सारिणी (भाग-२)

ऊर्ध्वाधरस्थाम्यपि भानि पुंसां पार्श्वद्वयस्थानि तथा वधूनाम्।। संपातकोष्ठे शुभयोर्गुणैक्यं सर्वे शुभं तत्स्मृतितोऽधिकं यत्।।१।।

कन्या	वर ➤		मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन			
	चरण →		४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	
	↓	नक्षत्र	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन	पुन	पुष्य	श्ले	मघा	पूफा	उफा	उफा	ह.	चि.	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा	उषा	उषा	श्रव	धनि	धनि	शत	पूभा	पूभा	उभा	रेव.	
तुला	२	चि.	२२॥	१४॥ १३	२८॥	२३॥ +६	२० १६	१२ ३६	१३ ३५	२१ १५	१९॥ +५	२०॥	११॥	२६॥	२५॥	११॥ १३	१७॥ १२	१७॥ १२४	२० +४	२१ ३४	२८ ३	२७ ०	३४॥	२३॥ ४	६॥ ३४	२०॥ ४	२७	१४ १३	२२ १	२५ ०१	२६॥	२३॥ ३	१८ ३५	२६ +५	१८॥ २५	१२॥ १६	३॥ १३६२	१२॥ ६	चि.
	४	स्वा.	२७॥ +२	२९॥	१७॥ ३	१२॥ ३६	१५॥ ३६	२६ −६	२७ +५	२६ +५	२८ +५	२९	२७॥	१४॥ ३	१३॥ ३	२५॥	२५॥	२५॥ +४	२७॥ +४	२१ +४	२८	२८	२० ०३	९ ०३४	२१॥ ४	१६॥ ४	२३	२७	१९ ३	२२ ३	२३ ३	२६॥	२१ +५	२० ५२+	२५ +५	१९ ६	१९॥ ६	१२॥ ३६	स्वा.
	३	वि.	२२॥	२२॥ १	२०॥ ३	१५॥ ३६	१०॥ १३६	१८॥ --६	१९॥ +५	२० १५	२१ +५	२२	२१	१८॥ ३	१७॥ ३	१९॥ १	१७॥ १२	१७॥ १४२	१८॥ +४	२७॥ +४	३४॥	१९ ३	२८ ३	१७ ३४	१६ ०४	२०॥ ४	२७	२२ १	१४ १३	१७ १३	१७ ३	३०	२४॥ +५	२६ +५	२० २५	१४ १६	१३ १६२	४॥ ३६	वि.
वृश्चिक	१	वि.	१६॥ +६	१६॥ १६	१४॥ ३६	१९॥ ३	१४॥ १३	२२॥	१२ ६	१२॥ १६	१३॥ ६	१९ −५	१८ −५	१५॥ −५	२१॥ ३	२३॥ १	२१॥ १२	१७ १२	१८	२७	२२॥ ४	७ ३४	१६ ३४	२८ ३	२७ ०	३१॥	२१॥ +४	१६॥ ४२	८॥ १३४	१२ १३	१२ ३	२५	२४	२५॥	१९॥ १	१९ २५	१८ १५	९॥ ३२५	वि.
	४	अनु.	२४॥ −६	१५॥ ३६	१९॥ −६	२४॥	२७॥	२०॥ ३	१० ३६	१५ २६	२०॥ ६	२६ −५	१८ ३५	२१ −५	२४॥	२०॥	२९॥	२५	२६	११ ३	६॥ ३४	२१॥ ४	१६ ४	२८	२८ ३	३१ ०	१५॥ २४+	१३॥ ३४	२१॥ +४	२५	२६	१२ ३	११ ३	२१	२४॥	२४ +५	१८ ३५	२७ +५	अनु.
	४	ज्ये.	१२ ३६	१८॥ १६	२४॥ −६	२९॥	२२॥ १	२२॥	१२ ६	२ ३६२	५ ६३	१०॥ ५३	२० +५	२६ −५	३१	२३॥ १	१६॥ १३	१२ १३	१२ ३	२४	१९॥ ४	१४॥	१९॥ ४	३१॥	३०	२८ ३	१४ ०२३४	१६॥ १४	१६॥ १४	२० १	२०	२५	२४	१८ ३	१० १३	९॥ १३५	२१ १५	२१ +५	ज्ये.
धनु	४	मूल.	१२ ३५	२० १५	२४॥ +५	१९ ६	१३ १६	१३ ·६	२१	१५ १३	१२ ३	८ ३६	१७ ६	२३॥ ६	२५ +५	१९ १५	९॥ १५३	१३ ३१	१३ ३	२७	२६	२१	२६	२२॥ +४	१५॥ २४+	१५ ३४२	२८ ३	२८ ०१	२६॥ १	१५ १४	१५ ४	२० ४	२८॥	२१॥ ३	१४॥ १३	१६ १३	२५ १	२६॥	मूल.
	४	पूषा.	२६ +५	१८ ३५	१८ −२५	१२॥ १६२	१८ ६	१० ३६	१८ ३	२७	२७	२३ ६	१३ २३६	१७ १६	१९ −१५	१७ ३५	२५ +५	२८॥	२७	१३ १३	१३ १३	२७	२१ १	१७॥ १४−	१५॥ ३४	१७॥ १४−	२८ +१	२८ ३	३४ ०	२२॥ ०४	२३ ४	६ १३४	१४॥ १३	२३॥ १	२८॥	३०	२३ ३	३१	पूषा.
	१	उषा.	२४॥ +५	२६ +५	१२ १३५	६॥ १३६	१०॥ २३६	१७ २६	२५ +२	२७	२८	२३ ६	२३ ६	[illegible] १६३	८॥ १५३	२४ +५	२५ +५	२८॥	२८॥	२१ १	२१ १	१९ ३	१३ १३	९॥ १३४	२३॥ +४	१७॥ −१४	२६॥ −१	३४	२८ ३	१६॥ ३४	१४॥ ३४०	१५ १४	२३॥ १	२३॥ १	२९॥	३१	३१	२३ ३	उषा.
मकर	३	उषा.	२७	२८॥	१४॥ १३	१२ १३५	१६ २३५	२२॥ २५+	२० २६+	२२ −६	२२ −६	२८	२८	१४ १३	४॥ १३६	२० ६	२१ ६	२४॥ +५	२४॥ ११	१७ १५	२४ −१	२२ ३	१६ १३	१३ ३१	२७	२१ १	१६ १४	२३॥ ४	१७॥ ३४	२८ ३	२६ ३०	२६॥ +१	१७ १४+	१७ १४+	२३ ४+	३०॥	३०॥	२२॥ ३	उषा.
	४	श्र.	२७	२६	१३॥ ३२	११ ३५२	१६ ३५	२५ +५	२२॥ −६	२२ −६	२२ −६	२८	२६ +२	१५ ३	६॥ ३६	१८॥ ६	२० ६	२३॥ +५	२४॥ +५	१९॥ ५	२६॥	२२ ३	१७ ३	१४ ३	२७	२२	१७ ४	२३ ४	१४॥ ३४	२५ ३	२८ ३	२८ ०	१८॥ ०४	१८ +४	२१ +४	२८॥	२९॥	२२॥ ३	श्र.
	२	ध.	२०	११ १३२	२६	२३॥ +५	२० १५	१२ ३५	९॥ ३६	१६॥ १६	१५ −६	२१	१३ ३	२७	१९॥ ६	५॥ १३६	१२॥ १६	१५॥ १५	१७॥ +५	१५॥ ३५	२२॥ ३	२४॥	२९	२६	१२ ३	२६	२१ ४	७ ३८२	१६ ४२	२६॥ १	२७	२८ ३	१८॥ ३४	२३॥ ४०	१९ १४	२६॥ १	१५॥ १३	२२॥ +२	ध.
कुम्भ	२	ध.	२०	११ १३२	२६	३०॥	२७ १	१९ ३	१२ ३५	१९ १५	१७॥ +५	१२॥ ६	४॥ ३६	१८॥ ६	२५॥	११॥ १३	१८॥ १	१७॥ १६	१९ +६	१७ ३६	१८ ३५	२० −५	२४॥ −५	२५	११ ३	२५	२९॥	१५॥ १३	२४॥ १	१८ १४	१८॥ +४	१९॥ ३४	२८ ३	३३ ०	२८॥ १	१८ १४	७ १३४	१४ ४२	ध.
	४	शत	१५ ३	२१ १	२८	३२॥	२५॥ १	२७	२० +५	१२ १३५	१३ ३५	६॥ ३६	१४॥ ६	२०॥ ६	२६॥	२०॥ १	१२॥ १३	११॥ १३६	८॥ २३६	२५ ६	२६ +५	१९ +५	२६ +५	२६॥	२१	१९ ३	२२॥ ३	२४॥ १	२४॥ १	१८ १४	१८ +४	२४॥ +४	३३	२८ ३	१९ ०	८॥ ०	१७ १४	१६ ४	शत
	३	पूभा.	१८ ३	२५ +२	२० −१	२४॥ −१	३१॥	३१॥	२४ +५	१७ ३५	१८ ३५	१२ ३६	२० ६	१२॥ १६	१९॥ १	२५॥	१६॥ ३	१५॥ ३६	१५॥ ३६+	१७॥ १६	१८॥ २५+	२६ +५	२० −१५	२०॥ १	२६॥	११ १३	१५॥ १३	२९॥	३०॥	२४ +४	२३॥ +४	२० −१४	२८॥ −१	१९ १३	२८ ३	१७॥ ३४	२२॥ ०४	२० ४२	पूभा.
मीन	१	पूभा.	१४॥ ३४	२१॥ +२४	१६॥ −१४	१९ १	२६	२६	२५॥	१८ ३	१८ ३	१७ ३५	२५ ५	१७॥ १५	१७॥ −१६	२३॥ +६	१४॥ ३६	१६॥ ३	१६॥ ३	१८॥ +१	११॥ १६	१९ ६	१३ १६	१९ २५−	२५ +५	९॥ १३५	१५ १३	२९	३०	२९॥	२८॥	२५॥ १	१७ १४	७॥ १३४	१६॥ ३४	२८॥ ३	३३ ०	३०॥ +२	पूभा.
	४	उभा.	२४॥ +४	१६॥ ३४	१८॥ −१४	२१ १	२६	१८ ३	१७॥ ३	२५॥	२८	२७ ५	१९ ३५	२१ १५	१८॥ −१६	१६॥ ३६	२५॥ +६	२७॥	२६॥	९॥ १३२	२॥ १३६२	१९॥ ६	१२ १६२	१८ १५२	१९ ३५	२१ −१५	२४ −१	२२ ३	३०	२९॥	२९॥	१४॥ १३	६ १३४	१६ १४	२१॥ ४	३३	२८ ३	३५ ०	उभा.
	४	रेव.	२५ +४	२४॥ +४	११॥ ३४	१४ ३	१७ ३	२६	२५॥	२४॥	२६॥	२५॥ ५	२७ ५	१४ ३५	१३ ३६	२३॥ +६	२३॥ +६	२५॥	२६॥	१९॥	१२॥ ६	११॥ ३६	४॥ ३६	१०॥ ३५	२७ +५	२२ +५	२६॥	२९	२१ ३	२०॥ ३	२१॥ ३	२२॥ −२	१४ ४२	१६ ४	१८ ४२	२९॥ +२	३४	२८ ३	रेव.
	नक्षत्र →		अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन	पुन	पुष्य	श्ले	मघा	पूफा	उफा	उफा	ह.	चि.	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा	उषा	उषा	श्रव	धनि	धनि	शत	पूभा	पूभा	उभा	रेव.	

और जहाँ थोड़ा दोष समझा गया वहाँ (-) चिन्ह है। जहाँ स्वामी मैत्री आदि के दोष का पूरा निर्वाह है वहाँ (+) ऐसा चिन्ह बता दिया और जिस जगह भर्ता के नक्षत्र से पूर्व वधू का नक्षत्र है (इसका भी महादोष) है। वहाँ (०) शून्य का चिन्ह है। और जहाँ कोई भी महादोष नहीं मिलता वहां गुण ही लिखे हैं।

विवाह काल निर्णय

प्रथम गर्भ के ज्येष्ठ वर-कन्या का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं होता, इसको त्रि-ज्येष्ठ कहते है। वर कन्या में से एक ज्येष्ठ हो तो ज्येष्ठ मास में विवाह करना मध्यम लिखा है। फिर भी आवश्यकता में कृत्तिका का सूर्य निकल जाने पर दानादि करके विवाह करने में हानि नहीं। ऐसे ही वृश्चिक के सूर्य में कार्तिक में भी विवाह होते हैं। इस पंचांग के प्रारंभ में देश भेदानुसार बहुत विचारपूर्वक सभी विवाह मुहूर्त दिये गये हैं।

त्रिबल शुद्धि :-

श्रेष्ठ गुरु :- जन्म राशि से २।५।७।९।११ वाँ। पूज्य गुरु- १।३।६।१०वाँ।

नेष्ट गुरु :-४।८।१२ वाँ। उच्चमित्र स्वराशि का हो तो नेष्ट गुरु भी ग्राह्य है।

श्रेष्ठ सूर्य :- ३।६।१०।११ वाँ पूज्य सूर्य १।२।५।७।९ वाँ। नेष्ट सूर्य ४।८।१२ वाँ।

श्रेष्ठ चन्द्र :- १।२।३।५।६।७।९।१०।११ वाँ। पूज्य चन्द्र १२वाँ। नेष्ठ चन्द्र ४।८ वाँ।

उपनयन में बालक १६ वर्ष से ऊपर हो गया हो और विवाह में कन्या १८ वर्ष से अधिक हो गई हो तो स्वराशि (धनु. मीन राशि) और उच्च (कर्क राशि) का गुरु जन्म या नाम राशि से चौथा १२वां हो तो द्विगुण पूजा से और अष्टम हो तो भी त्रिगुणित पूजा से विवाह और उपनयन संस्कार शुभदायक होता है, ऐसा ऋषियों का मत है।

विवाह में स्तम्भ स्थापन दिग्ज्ञान

मण्डप में प्रथम स्तम्भ-स्थापना के लिये सूर्य ५।६।७ राशि का हो तो ईशान कोण में, ८।९।१० राशि के सूर्य में वायव्य कोण में, ११।१२।१ की संक्रांति में नैर्ऋत्यकोण में, २।३।४ राशि के सूर्य में अग्निकोण में विवाह कार्य के लिए स्तम्भ स्थापित करें।

वधू वर तथा बटु की राशि पर से तैलादि लेपन के दिन

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
७	१०	५	१०	५	७	७	५	५	५	५	७

वधू वर तथा बटु की राशि से दिन तथा मौंजी दिवस के पूर्व दिन लेवें।

१- **नृदूरदोष** - वर के नक्षत्र से कन्या का नक्षत्र दूर होने से नृदूर दोष होता है।

२- **कन्या दूर**- कन्या के नक्षत्र से वर का नक्षत्र बहुत दूर होने 'कन्या दूर' शुभ है।

३- कन्या राक्षस गण की हो और वर मनुष्य गण का हो तथा वश्यादि ६ (वश्य, तारा, योनि, ग्रह मैत्री, कूट, नाड़ी) शुभ हो तो विवाह कल्याणप्रद होता है।

४-वर के नक्षत्र से कन्या का नक्षत्र द्वितीय (दूसरा) होने से धन और कल्याण का देने वाला होता है।

५-कन्या के नक्षत्र से वर का नक्षत्र द्वितीय (दूसरा) हो तो मृत्युदायक विवाह होता है।

६- वर कन्या की एक राशि हो और भिन्न नक्षत्र, भिन्न राशि और एक नक्षत्र हो और चरण भिन्न हो तो विवाह शुभ होता है।

७- अशुभ नवपंचम, अशुभ द्विर्द्वादश, अशुभ षडष्टक (मृत्यु षडष्टक) हो और राशि कूट मैत्री हो तथा नवांशपति मित्र हो तो विवाह शुभ होता है।

न वर्गवर्णो न गणो न योनिर्द्विर्द्वादशे नैव षडष्टके वा।
ताराविरूद्धे नवपंचमे वा राशीशमैत्री शुभदो विवाहे।।

नाड़िदोषश्च विप्राणां वर्णदोषस्तु भूभुजाम्। गणदोषश्च वैश्येषु योनिदोषश्च पादजाम्।।
एकनक्षत्रजातानां नाडिदोषो न विद्यते। अन्यर्क्षपतिवेधेषु विवाहे वर्जितः सदा।।
रोहिण्यार्द्रा-मृगेन्द्राग्नी-पुष्य-श्रवण-पौष्णभम्। अहिर्बुध्न्यर्क्ष मेतेषां नाडिदोषो न विद्यते।।

मरणे पितृमात्रोश्च संग्राह्यौ नवपंचमौ।


वरस्य पंचमे कन्या कन्याया नवमे वर। एतत्त्रिकोणकं ग्राह्य पुत्रपौत्रसुखावहम्।।

कुण्डली मिलान- वर कन्या की कुण्डली मिलान उत्तम होना आवश्यक है, क्योंकि द्रव्य, पुत्र, पति, पत्नी सुख, ऐश्वर्य इत्यादि का विचार कर मिलान करने से दाम्पत्य में सुख होता है। जैसे मनुष्य भाग्यहीन हो और स्त्री भाग्यवती मिले तो मनुष्य स्त्री के भाग्य से अपना जीवन सुखमय बना सकता है। वर कन्या दोनों भाग्यवान् हों तो वह उत्तम होता है। दोनों भाग्यहीन हों तो नेष्ट होता है। ऐसे ही वर को द्विभार्या योग तथा कन्या को वैधव्य योगादि का विचार करें। वर कन्या की कुण्डली में परस्पर मारक हो तो शुभ होता है, जैसे वर की कुण्डली में द्विभार्या योग हो और कन्या की कुण्डली में पति सुख योग न्यून हो तो मिलान उत्तम होता है। तथा कन्या को वैधव्य योग हो और वर को विधुरयोग हो तो मिलान उत्तम होता है। इसी तत्व को ग्राह्य मानकर मंगल आदि का दोष लिखा है। विशेषतः मंगल का निर्णय भावचलित से करना चाहिए।

लग्ने तुर्ये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तृ विनाशाय भर्ता कन्या-विनाशकृत्।।

लग्न चतुर्थ, सप्तम, अष्टम और व्यय स्थान में मंगल होने से कन्या पति को नष्ट करती है और वर कन्या को नष्ट करता है, इसलिए वर कन्या दोनों को मंगल होना आवश्यक है। मंगल लग्न कुण्डली से तथा चन्द्र कुण्डली में देखना चाहिए। एक के तो मंगल हो तो और दूसरे के मंगल न होकर मंगल के स्थान में पापग्रह (शनि राहु) हो तो मंगल का दोष नहीं होता। यथा-

शनिभौमोऽथवा कश्चित् पापो वा तादृशो भवेत्। तेष्वेव भवनेष्वेव भौमदोषविनाशकृत्।।



अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिके स्थिते।
वृषे जाये घटे रन्ध्रे भौमदोषो न विद्यते।।
जामित्रे च यदा सौरिर्लग्ने वा हिबुकेऽथवा।
अष्टमे द्वादशे वापि भौमदोषविनाशकृत।।
सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्यूनेऽपिवाऽथवा भौमे।
वक्रिणी नीचारिगृहे वार्कस्थेपि वा न कुजदोषः।।
केन्द्रकोणे शुभाढ्ये च त्रिषडायेऽप्यद्ग्रहाः।
तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्तथा।।

इत्यादि परिहार से भौम दोष नष्ट होता है। फिर भी वर कन्या के लग्न लग्नेश, सप्तम, सप्तमेश, अष्टम-अष्टमेश इनके योगों को देखकर सूक्ष्म रीति से परिहार योगों को विचार कर ज्योतिषी कुण्डली

का मिलान करे। परन्तु यह स्मरण रहे कि कुण्डली ठीक-ठीक बनी होनी चाहिए। कन्या को अनेक कुयोगों द्वारा वैधव्य योग जान पड़े तो शालिग्राम से, पिप्पल वृक्ष से, अर्क वृक्ष से, वा कुम्भ से यथा विधि विवाह कर गौदान, सुवर्ण-दान, महामृत्युंज्यादि जप करके कन्या का विवाह करने से कन्या सौभाग्य पुत्र, धन से युक्त होती है। इस पंचांग में आगे दी गई मेलापक सारिणी से गुण मिलान करें।

जन्मोत्थं च विलोक्य वालविधवायोगं विधाय व्रतम्,
सावित्र्या उत पैप्पलं हि सुतरां दद्यादिमां वा रहः।
सल्लग्नेऽच्युतमूर्तिपिप्पलघटैः कृत्वा विवाह स्फुटम्,
दद्यात्तां चिरजीविनेऽत्र न भवेद्दोषः पुनर्भूभवः।।

विवाहांग कार्यारम्भ- पंचांग शुद्धि देख विवाह दिन से पूर्व ३।६।९ दिन को छोड़ कर कन्या को चन्द्र बल देखकर विवाह के नक्षत्र में जिस स्त्री को चन्द्रबल उत्तम हो उसके हाथ से हल्दी हाथ लगाना, दलना, पीसना, कूटना, कलशादि स्थापना करना, घर लीपना, आंगन सफाई, भूषण घडाना, वेदी रचना, चंदोवा, बांधना, वस्त्र सिलाना गणेशादि पूजन, नांदि श्राद्ध आदि करना श्रेष्ठ है।

विवाह में दश दोषों का विचार- विवाह समय निश्चित करने के लिए ग्रन्थकारों ने २१ महादोषों को त्याग ने को लिखा है, परन्तु कई दोषों का परिहार होने से दश दोषों का विचार करते है और इन दश मे से क्रूरयुति, वेध, मृत्यु-बाण, क्रान्तिसाम्य और दग्धा से पांच महा दोष ही विवाह में सर्वत्र वर्ज्य है।

चैत्र, पोष मास को छोड़कर देशाचारानुसार मासों में से रो. मृ. उत्तरा ३, म. ह. स्वा. अनु. मू. रेवती इन नक्षत्रों में लत्ता, पात, युति, वेध, जामित्र, बाण, एकार्गल, उपग्रह, क्रांतिसाम्य (महापात) और दग्धा-तिथि ये दश दोष है। इनका विचार कर मुहूर्त्त करना चाहिए। हमने ये दश दोष तथा देशाचारानुसार विवाह मुहूर्त्त इस पंचांग में दिये है। दोषों के क्रम से जहां दोष है वहां (S) और जहां दोष नहीं है वहां (।) ऐसी खड़ी लकीर दी है। विवाह मुहूर्त्त में वर कन्या के जन्म मास, जन्म तिथि, जन्म नक्षत्र लग्न से तथा राशि से अष्टम लग्न वर्ज्य करें। लग्न तथा राशीश के शत्रु राशि का लग्न नवांश न लें। यह विवाह सूक्ष्म केतकी गणित से निश्चित करने से समय शुद्ध और वर कन्या को कल्याण कारक होता है। अन्तर वाले प्राचीन स्थूल गणित से विवाह मुहूर्त्त देखने से फल में विपरीतता प्राप्त होती है और अशुभ होने की सम्भावना रहती है।

यात्राविवाहोत्सवाजातकादौ खेटैः स्फुटैरेव फलस्फुटत्वम्।
स्यात्प्रोच्यते तेन नभश्चरुणां स्फुटक्रिया दृग्गणितैक्यकृद्या।।

लत्तादोष चक्र १

ग्रहा.	सूर्य	पूर्णचन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु
वि.न.	१२	२२	३	७	६	५	८	९
दिशा	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम
फल	धन नाश	भय	मृत्यु	भय	बन्धु नाश	कार्य हानि	कुल क्षय	मरण

उदाहरण :- सूर्य अश्विनी नक्षत्र पर हो और विवाह उ.फा. का हो तो सूर्य नक्षत्र से १२वां होने से यह सूर्य का लत्ता दोष वाला विवाह नक्षत्र होगा। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का लत्ता दोष भी जानें।

पातदोष चक्र २ - हर्षण, वैधृति साध्य, व्यतिपात, गण्ड और शूलयोगों का अंत जिस नक्षत्र में हो वह पात से दूषित होता है। इन नक्षत्रों में विवाह करने से पात दोष होता है।

रो.	मृ.	म.	उफा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उषा	उभा	रे.	वि.न.
आर्द्रा पुनः श. पूफा. चि. मू.	मृ. आ. ज्ये. ध म. ह.	अश्वि. मृ. ज्ये. पुष्य ह. रे.	कृ. आ. वि. पूफा उभा. पूभा.	भ. मृ. श. पूभा. स्वा. म.	कृ. श्र. ध. पुष्य. ह. रे.	अ. आ उषा. पूभा. पूषा. पूफा.	रो. ज्ये. ध. अश्ले. मू. उभा.	भ. पुन. श. वि. अनु. उषा.	भ. श. वि. उफा. मृ. पूफा.	अ. म. ध. ज्ये. पूफा. स्वा	सूर्याक्रान्त नक्षत्र

३. युतिदोष :- जिस नक्षत्र का विवाह हो तो उसी नक्षत्र में यदि कोई ग्रह हो तो उस ग्रह का युति दोष समझा जाता है। चन्द्र उच्च मित्र वा स्वक्षेत्री हो तो युति दोष नहीं होता; अपितु श्रेष्ठ होता है। सू.मं.श.रा.के. की युति दारिद्रय, मृत्यु आदि भयप्रद मानी गई है। शुक्र की युति विशेष करके वर्जित है।

वेध दोष चक्र ४

रो.	मृ.	म.	उफा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उषा.	उभा.	रे.	वि.न.
अभि.	उषा.	पू.	रे.	उभा.	श.	भ.	पुन.	मृ.	ह.	उफा.	ग्र.न.

ऊपर के नक्षत्र का विवाह और नीचे के नक्षत्र पर कोई ग्रह हो तो वेध दोष होता है, यह सर्वत्र विशेष रूप से त्याज्य है।

जामित्र दोष चक्र ५

रो.	मृ.	म.	उ.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उ.	उ.	रे.	वि.
अनु.	ज्य	ध.	पू. भा.	उ भा.	अ शिव	कृ.	मृ.	पुन	उ. फा	ह.	ग्र. न.

विवाह लग्न से ७वें ग्रह होने पर जामित्र होता है। ऊपर विवाह नक्षत्र और नीचे ग्रह नक्षत्र है, अर्थात् १४ वें नक्षत्र में, पापी ग्रह का जामित्र दोष वर्ज्य है।

बाणज्ञानाय सुलभ चक्र ६

बाण नाम	गतांशाः प्रति राशिअर्कस्य	५कर्म वर्ज्या	वार वर्ज्या	समय परत्वेन वर्ज्या
रोग	८।१७।२६	व्रतबन्धे	रवौ	रात्रौ त्याज्यां
वन्हि	२।११।२०।२९	गेहगोपे	भौमे	सदैव वर्ज्य
नृप	४।१३।२२	नृप सेवायां	मन्दे	दिवा त्याज्यं
चौर	६।१५।२४	यात्रायां	भौमे	रात्रौ वर्ज्यम्
मृत्यु	१।१०।१९।२८	विवाहे	बुधे	संध्योः वर्ज्यम्

एकार्गल दोष ७- व्याघात, गण्ड, व्यतिपात, विष्कम्भ शूल, वैधृति, वज्र, परिघ,

अतिगंड ये योग हों और सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र अभिजित् सहित गिनने से विषम हो तो एकार्गल दोष होता है।

उपग्रह दोष ८- सूर्य के नक्षत्र से ५वें, ७वें, ८वें, १०वें, १४वें, १५वें, १८वें, १९वें, २१वें, २२वें, २४वें, २५वें नक्षत्र पर चन्द्र हो तो उपग्रह दोष होता है।

क्रान्तिसाम्य दोष चक्र ९

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	कन्या	तुला
सिंह	मकर	धनुः	वृश्चि.	मीन	कुम्भ

उदाहरण- मेष के सूर्य सिंह के चन्द्रमा में वा सिंह के सूर्य मेष के चन्द्रमा में स्थूल क्रांति साम्य दोष होता है यह सर्वत्र वर्ज्य है। सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य गणित से सिद्ध होता है। इस पंचांग के विवाह मुहूर्तों में गणितगत सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य ही लिया गया है।

दग्धा तिथि दोषः १०

ध.	वृष	कर्क	कं.	सिंह	म.	सूर्य
मीन	कुम्भ	मेष	मि.	वृश्चि.	तु.	राशि
२	४	६	८	१०	१२	तिथि

इन उक्त संक्रान्तियों के सौर मास में ये दग्धा तिथियां विवाह में वर्जनीय है।

भुजंगं क्रान्तिसाम्यं च वाणवेधं तथैव च। लग्नहीनं विवाहं तु कलौ पंच विवर्जयेत्। लत्ता-दिदोषाणं परिहारवाक्यानि- लत्तामालवके (उज्जैन प्रान्त) देशे पातश्च कुरुक्षेत्र वागर जांगले (फिरोजपुर भटिण्डा प्रांत) एकार्गल च काश्मीरे वेधं सर्वत्र वर्जयेत्। उपग्रहर्क्षकुरुवाल्हीकेषु (आगरा प्रान्त बलखबुखारा) कलिंगवंगेषु (जगन्नाथपुरी बंगाल अयोध्या) च पातितं भम्।। सौराष्ट्र (काठियावाड़) शाल्वे (उज्जैन प्रान्त) च लत्तितं भम्। त्यजेतु विद्धकिल सर्वदेशे।। युतिदोषो भवेद् गौड़े (बंगाल) जामित्रस्य च यामुने (मथुरादि प्रान्त) मासदग्धा च तिथया मध्यदेशे विवर्जिताः।।

विशेष परिहार :- चित्रां गते पातविचित्रदेशे, मैत्रे मघा मालवके निषिद्धाः। पौष्णत्रुतिम्वोत्तरदेशजातः सर्वत्र वर्ज्यश्च भुजङ्गपातः।

युति परिहार :- चित्रां गते पातवित्रिदेशे, मैत्रे मघा मालवके निषिद्धाः। पौष्णश्रु-तिम्वोत्तरदेशजातः, सर्वत्र वर्ज्यश्च भुजङ्गपातः।

युति परिहार :- स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो वा मित्रक्षेत्रगतो विधुः। युतिदोषाय न भवेद्दम्पत्योः श्रेयसे सदा।। अत्यावश्यके। **वेध परिहारः-** पादमेव शुभैर्विद्धमशुभैर्नैव कृत्स्नतः (नारदः)। अतोन्त्यपादमादिगो द्वितीयकस्तृतीयकम्। तृतीयगो द्वितीयक चतुर्थगस्तु चादिमम् भिनति वेधकृद्ग्रहो न चान्यपादमादरात् (वशिष्ठः) अथ पापग्रहेण भुक्तभोग्याक्रान्तनक्षत्रस्य शुभेषु त्यागः-भुक्तं भोग्यं तथाकान्तं विद्धं पापग्रहेण च। शुभाशुभेषु कार्येषु वर्जनीयं प्रयत्नतः। अस्यापवादः- ऋक्षाणि क्रूरविद्धानि क्रू रभुक्तादिकानी च भुक्त्वा चन्द्रेण मुक्तानि शुभार्हाणि प्रचक्षते। जामित्रपरिहारः (व्यवहार समुच्चये)- स्वोच्चे सौम्यालये चन्द्रे स्ववर्गे मित्रवर्गगे। हत्वा जामित्रकृद्दोषं करोति विपुलं सुखम्।। मुहूर्त्तचिन्तामणवपि- एकार्ग लोप- ग्रहपातलता जामित्रकर्तर्युदयास्त दोषाः। नश्यन्ति चन्द्रार्कबलोपपन्ने लग्ने यथार्काभ्युदये तु दोषाः।।

विवाहे लग्न शुद्धि चक्रम्

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	भावेषु
च. पापा.	०	शुक्र	०	०	च. शु. लग्नेश	सर्वे	चं.मं. शुभाः लग्नेश	०	मं.	०	श.	त्याज्या ग्रहाः
चंद्रक्रूर	कुलिकं क्रान्ति साम्यंच				चं.	मं.	चंद्र भौम		विद्धभंच गौधूला त्याज्याः			

सर्वथा लग्नभंगयोगाः - व्यये शनिः खेऽवनिजस्तृतीये भृगुस्तनौ चन्द्रखा न शस्ताः लग्नेट् कविग्लौ च रिपौ मृतो ग्लौः लग्नेट्शुभाराश्च मदे च सर्वे (अस्तेऽब्जगुरू समौ)।। वर्गोत्तमं विनांत्यांशो विवाहे न शुभप्रदः। वर्गोत्तमश्चेदन्त्याशं पुत्रपौत्रादिवृद्धिदः।। दम्पत्योरष्टमं लग्नं त्वष्टमो राशिरेव च। यदि लग्नगतस्मोऽपि दम्पत्योर्निधनप्रदः।। पग्वन्धादिलग्नानां गौड़मालवयोरेव त्यागः। वादरायख :- मासशून्याह्वयास्तारा राशयो वधिरादयः। गौडमालवयोस्त्याज्यास्त्वन्यदेशे न गहिताः।।

कर्त्तरी दोष :- लग्नस्य पृष्ठाग्रयोरसाध्वोः। सा कर्त्तरी स्याघ्जुवक्रगत्योः। तावेव शीघ्रो यदि वक्रचारी न कर्त्तरी चेति पितामहोक्तिः। "इयं कर्त्तरी चन्द्रस्यापि द्रष्टव्या"। केषाचिल्लग्नदोषाणां परिहारः- पापौ कर्त्तरिकारकौ रिपुगृहे नीचास्तगौ कर्त्तरी। दोषौ नैव सितेऽरिनीचगृहगे तत्पष्ठदोषोऽपि न। भौमेऽस्ते रिपुनीचगे नहि भवेद् भौमोऽष्टमी दोषकृन्नीचे नीचनवांशके शशिनि रिःफाष्टारि दोषोऽपि न।।

दोषापवादा ज्योतिर्निबंधे :- दोषाश्च बहवः सन्ति गुणाः स्वल्पा कलौ युगे। तथापि दोषा नश्यन्ति स्वापवादगुणैः सह। अपवादन्तरम्- उक्तानुक्ताश्च ये दोषास्तान्निहन्ति बली गुरुः। केन्द्रसस्थे सितो वापि पन्नमान्यरुडो यथा। मुहूर्त्तलग्नषड्वर्गकुनवाशग्रहोद्भवाः ये दोषास्तान्निहन्त्येव यत्रैकादशगः शशी।। अब्दावनर्तुमासोत्याः पक्षतिथ्यवर्क्षसम्भवाः। ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्रसस्थे शुभग्रहे।। लग्नाधिपो यदा केन्द्रे लग्नादेकादशालये। सर्व ग्रहकृतारिष्टमेकोऽपि विलय नयेद्।। बलवान् केन्द्रगः सौम्यो हन्ति दोषशतत्रयम्। द्यूनं विहाय दैत्येज्य सहस्त्र लक्षमंगिराः।।

स्मरण रहे कि पूर्वोक्त अपवाद वाक्यों में सर्वत्र सप्तमरहित केन्द्र (१।४।१०) ही ग्रहण करना।

विवाहलग्ने ग्रहाणां रेखाप्रदस्थानानि

र.	चं.	म.	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	के.	ग्रहाः	मुहूर्त्तगणपतौ
३	२	३	१।२	२।१	१।२	३	३	३		
६	३	६	३।४	३।४	४।५	६	६	६		लग्नं शुभं
८	११	११	५।६	६।५	९	८	८	८		विवाहे
१			९	९	१०	११	११	११	स्थानानि	स्याद्दशविंशो
			१०	१०	११					पकाधिकम्।
			११	११						
३॥	५॥	१॥	२	३	२	१॥	१॥	१॥		विशोपकाबलम्

अथ गोधूलि लग्न विचार- लग्नशुद्धिर्यदा नास्ति कन्या यौवन शालिनी। तदा वै सर्वत्रर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम्।। लग्न यदा नास्ति विशुद्धमन्यद् गोधूलिकं साधु तदा वदन्ति। लग्ने विशुद्धेसति वीर्ययुक्ते गोधूलिकं नैव फलं विधत्ते।। गोधूलि त्रिविधां वदन्ति मुनयो नारीविवाहादिके, हेमन्तेशिशिरे प्रयाति मृदुतां पिण्डीकृते भास्करे। ग्रीष्मेऽधस्तिमिते वसन्तसमये भानौ गते दृश्यता, सूर्ये चास्तमुपागते भगवति प्रावृट्शरत्कालयोः।।

गोधूलिके त्याज्यदोषा:- कुलिकंक्रान्तिसाम्यश्च लग्ने षष्ठेऽष्टमे शशी। तदा गोधूलिकस्त्याज्यः पंचदोषैस्तु दूषितः।। अष्टमे जीवभौमौ च बुधो वा भार्गवोऽष्टमे। लग्ने षष्ठेऽष्टमे चन्द्रस्तदा गोधूलिनाशकः।। **"अस्त याते गुरुदिवसे सौरे सार्के।"** अर्थात् बृहस्पतिवार को सूर्य अस्त होने के पीछे (क्योंकि सूर्यास्त से पहले वारवेला होगी) और शनिवार को सूर्यास्त से पहले (क्योंकि सूर्यास्त हो जाने से कुलिक मुहूर्त होगा।) गोधूलि समझना।

संकीर्णचाण्डालादि जातीनां विवाह मुहूर्त्त:- कृष्णे पक्षे भानुभौमार्कजानां वारे योगे चापि धिरण्ये निषिद्धे। संकीर्णानां दारकर्म प्रशस्तं प्रीत्यर्थायुः प्राप्तये शौनकाद्या।

पुनर्विवाहे सूर्यभात् शुभाशुभ ज्ञानाय चक्रम्

३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
मृत्यु .	धन	मरण	मृत्यु	पुत्र	मृत्यु	दुर्भग	श्रीः	उन्नति	फल

अन्यच्च- सूर्यभात ४।११।१८।२५ संख्यकसाभिजिद्भेषु पुनर्विवाहे मृत्युः। अत्र तिथिमासवेध भृगुगुवैस्तादिदोषोऽपि नावलोकनीयः।।

वधू प्रवेश मुहूर्त्त :- जब विवाह होने पर वधू पति के घर पहले पहल आती है वह वधू प्रवेश कहा जाता है। विवाह से १६ दिन के भीतर दिनों में अथवा ५,७, ९वें दिन, इनके उपरांत एक मास तक विषम दिनो में, एक वर्ष के भीतर विषम मास में और एक वर्ष के उपरांत ३ रे ५ वें वर्ष में भी स्थिर लग्न में वधू प्रवेश शुभ है। ५ वर्ष के उपरांत जब चाहे तब शुभ मुहूर्त्त में हो सकता है। १६ दिन के भीतर पूर्वोक्त दिन में तिथ्यादि पंचांग शुद्धि चन्द्रबल गुरु शुक्र के मूढत्वकां भी विचार नहीं करना। **"व्यतिपाते क्षयतिथौ ग्रहणे वैधृतौ तथा। अमासंक्रांतितिथ्यादौ प्राप्तकालेऽपि नाचरेत्।"** रे. अश्वि. रो. मृ. श्र. ध. ह. चि. स्वा. भ. म. उत्तरा ३ पुष्य. अनु. इन नक्षत्रों और चं. बु. गु. शु. इन वारों में १।२।३।५।६।७।८।१०।११।१२।१३।१५ तिथियों में, २।५।८।११ लग्नों में, चतुर्थाष्टम शुद्ध हो तो वधू प्रवेश शुभ है।

प्रवेशस्य समयमाह:- वधू प्रवेशो न दिवा प्रशस्तः राजप्रवेशो न निशि प्रशस्तः।
दिवा च रात्रौ च गृहप्रवेशः सत्कीर्तिदः स्यात्त्रिविधः प्रवेशः।।

द्विरागमन मुहूर्त्त :- पिता के घर से दूसरी बार पति के घर जाने को द्विरागमन कहते है विवाह से एक वर्ष के भीतर अथवा तीसरे वा ५वें वर्ष में वृश्चिक, कुम्भ, मेष के सूर्य में जब सूर्य और बृहस्पति शुद्ध हों तब सोम, बुध, गुरु, वा शुक्र वार में, २।३।६।७ या १२वीं राशि के लग्न में, ह अश्वि. रेवती तीनों उत्तरा. रो.स्वा.पुन.पुष्य.श्र.ध.श.मृ.मू. चित्रा और अनुराधा नक्षत्रों में शुभ है।

सम्मुख दक्षिण निषेध:- सम्मुख तथा दक्षिण शुक्र में पितृगृह से पति के घर जाना निषेध है। सम्मुख वा दक्षिण शुक्र में नव वधू जावे तो वन्ध्या हो, बालक को लेकर जावे तो बालक की मृत्यु हो। गर्भिणी जावे तो गर्भ का सुख न हो, परन्तु रेवती से मृग. नक्षत्र तक चन्द्रमा रहे तब तक जाने में दोष नहीं। यथा- **रेवत्यादि मृगान्ते च यावतिष्ठति चन्द्रमा। तावच्छुक्रो भवेदन्धः सम्मुखे दक्षिणे शुभ:।।** अति आवश्यकता में शुक्र की शान्ति कर श्वेत वस्त्र, छत्र, स्वर्ण दान देकर जावे। राजविग्रह उपद्रव, दुर्भिक्ष, विवाह, देवता यात्रा आदि में जाना हो तो सम्मुख दक्षिण शुक्र का दोष नहीं।

विवाह के पश्चात वधू के रहने का नियम :- विवाह के पश्चात प्रथम ज्येष्ठ महीने में वधू भर्ता के घर रहे तो पति के ज्येष्ठ भ्राता को, अषाढ़ में सास को, पौष में ससुर को अधिक मास में अपने आपको हानि करती है। चैत्र में पिता के यहां रहे तो पिता को हानि करती है। ज्येष्ठादि के अभाव में (न हो तो) उस मास का कोई दोष नहीं होता।

प्रथम युवति स्त्री संगम मुहूर्त्त :- पुत्र चाहने वाले रजोदर्शनानन्तर १६ रात्रि पर्यन्त ४ रात्री के बाद समरात्रि में, रो. मृ. पुष्य. ह. चि. अनु. ध. उत्तरा ३ रे. रिक्ता अमावसरहित तिथि में, शुभवार, रात्रि के प्रथम प्रहर को छोड़कर शुभ समय में चित को प्रसन्न कर प्रथम स्त्री प्रसंग करे।

नववधू को रसोई बनाने का मुहूर्त्त :- पंचांग शुद्धि देखकर वधू को चन्द्रबल देख, रिक्ता और क्षयरहित तिथि, शुभवार कृ.रो.मृ. उत्तरा ३ पुष्य वि.ज्ये.श्र.ध.श. रेवती इन नक्षत्रों में २।५।८।११ लग्नों में, लग्न चतुर्थ अष्टम शुद्ध, सप्तम भाव बलवान होने पर नूतन वधू से रसोई बनवाये।

पतिगृह से पितृगृह आने का मुहूर्त्त :- गुरु, चन्द्र, शुक्रवार शुभतिथि, भ.आ. अश्ले. मघा. पूर्वा.ज्ये.मू. इन नक्षत्रों के बिना अन्य नक्षत्रों में शुभ लग्न पंचांग शुद्धि देखकर मुहूर्त्त निश्चित करें।

स्त्री को वस्त्रा भूषण धारण मुहूर्त्त :- रिक्तामारहित तिथि चं. गु. शु. बु. वारा. अश्विनी ह. चि. स्वा. अनु. ध. रे. इन नक्षत्रों में नवीन वस्त्र धारण और स्वर्ण रजत आदि आभूषण धारण करना शुभ है।

अनुष्ठानारम्भ मुहूर्त्त :- आश्विन, का., वै., माघ., मार्ग., फा. तथा मेष, कन्या, तुला, वृश्चिक, मकर, कुम्भ के सूर्य १।५।७।१०।१३।१५ तिथि या जिस देवता का अनुष्ठान हो उसकी तिथि, र.शु. गुरुवार, चन्द्रवार मध्यम, पुन, पुष्य, स्वा. उ. ३, श्र. ध. श. रे. अ. ह. अनु. रो. मृ. वि. ज्ये. वा स्वस्वामी नक्षत्रों में लग्नसे ३।६।११ वें पापग्रह १।४।५।७।९।१० वें में शुभ ग्रह, चन्द्र ताराबल सहित, गुरु शुक्र के उदय में, शुभ लग्न मृत्यु आदि कुयोग रहित समय में, विष्णुका स्थिर में, शिव का चर में, दुर्गा का द्विस्वभाव लग्न में, कूर्मचक्र शुद्धि सहित अनुष्ठान आरम्भ करें।

व्ययाष्टशुद्धोपचये लग्नगे शुभदृग्युते। चन्द्रे त्रिषड्दशायस्थे सर्वारम्भः प्रसिद्ध्यति।।

बावड़ी, बगीचा, तालाब, कूआं, मकान का आरम्भ और प्रतिष्ठा, व्रतारम्भ व्रतोद्यापन दान, गोदान, प्रथम उपाकर्म, वृषोत्सर्ग, चौल (मुण्डन) देवता स्थापन, दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह अपूर्व देव तीर्थ दर्शन, सन्यास, अग्न्याधान, अभिषेक, समावर्तन, चातुर्मास्ययाग, कर्णवेध, विद्यारम्भ ये

कर्म गुरू के अस्त, बाल वृद्धत्व और मलमास में करना निषेध है।

कुयोगास्तिथिवारोत्था तिथिभोत्था भवारजाः। हूणवंगखसेष्वेव वर्ज्यास्त्रितयजास्तथा॥

कुयोग परिहार- तिथि वार में उत्पन्न हुए क्रकच (वारदग्ध) मृत्यु आदि रोग हूणदेश बंगाल और खसदेश (शिलांग) में ही वर्ज्य करने चाहिए, अन्य देशों में नहीं।

परिघार्द्धं पञ्चशूले षट् च गण्डातिगण्डयोः। व्याघाते नवनाड्यश्च वर्ज्या सर्वेषु कर्मसु॥ परिघयोग का अर्धयोग, शूल योग की ५ घटी, गण्ड और अतिगण्ड की ६ घटी, व्याघात की ९ घटी, सर्व कार्य में वर्ज्य करें। तथा जन्म मास, जन्म तिथि जन्म नक्षत्र व्यतीपात, वैधृति, भद्रा पितृदिन, श्राद्ध, तिथि का क्षय, वृद्धि काल, अधिकमास, क्षयमास, कुलिक प्रहरार्ध पात, महापात (क्रान्तिसाम्य) और विष्कम्भ योग की तीन घटी प्रारम्भ की सदा शुभ कार्य में वर्ज्य करनी चाहिए।

दुकान खोलने का मुहूर्त्त- रिक्ता तिथि और मंगल के अतिरिक्त अन्य वारों में ह.वि.रो. रे. तीनों उत्तरा, पुष्य, अनु., अश्वि., अभि., नक्षत्रों में कुम्भ लग्न को त्यागकर अन्य लग्नों में, २।१०।११ भावों में शुभ ग्रह हो, ३।६ में पाप ग्रह हों, ८।१२ वां स्थान पापरहित हो, चन्द्र शुक्र लग्न में हो तो अत्युत्तम। कर्त्ता की दशान्तर्दशा भी शुभ होनी चाहिए।

व्यवहार (बही) पत्रारम्भ मुहूर्त्त- अश्वि.रो.मृ.पुन. उत्तरा ३ ह.चि.अनु.श्र.रे. नक्षत्र रिक्तारहित तिथि, र.च.बु.गु.शु. वार, चर द्विस्वभाव शुभयुत दृष्ट लग्न, केन्द्र त्रिकोण में शुभग्रह हो और ८।१२ वें स्थान में पाप ग्रह नहीं होने पर शुभ होता है।

सेवाक्रम (नौकरी) मुहूर्त्त- अ.मृ.चि.ह.पुष्य.अनु.रे. नक्षत्र, रिक्तारहित तिथि, र.च.बु.गु.शु. वार शुभ ग्रह लग्न में हो, १०वें या ११वें सूर्य मंगल हो तो अत्युत्तम। स्वामी और सेवक की परस्पर राशीश मैत्री हो तो सर्वश्रेष्ठ समझना।

अष्टम चन्द्रदोष परिहार- **नीचराशिगते चन्द्रे शत्रु क्षेत्रगतेऽपि वा।**
चन्द्रेष्टमारिरिः फस्थे दोषो नास्ति न सशयः॥

अष्टम भौमदोष परिहार- **नीचराशिगते भौमे शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा।**
कुजाष्टमोद्भवो दोषो किञ्चिदपि न विद्यते॥

षष्ठस्थ शुक्रदोष परिहार- **नीचराशिगते शुक्रे शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा।**
भृगुषट्कस्थितो दोषो नास्ति तत्र न संशयः॥

द्रव्य प्रयोग मुहूर्त्त- पुन.स्वा.मृग.रे.चि.अनु.वि. पुष्य श्र.ध.श. अश्वि. एषु नक्षत्रेषु, १।४।७।१० लग्नेषु, ९।५।८ शुद्धिरहिते द्रव्यप्रयोगः शुभः। अत्रावसरे ९।५ शुभग्रहाणां तु न कोऽपि दोषः।

ऋण लेने के लिए वर्जित काल- मंगलवार, संक्रान्ति दिन, वृद्धियोग हस्त नक्षत्र युक्त रविवार को ऋण ले तो कभी मुक्त न हो। मंगलवार को ऋण चुकाना अच्छा है। बुधवार को धन नहीं देना चाहिए। कृ.रो.आर्द्रा.अश्ले.उ.३.वि.ज्ये.मू. नक्षत्रों में भद्रा व्यातिपात और अमावस में गया धन फिर मिलता नहीं, या झगड़े आदि पर उतारू होना पड़ता है।

ईट का भट्ठा- में आग देने या ईट बनाने में मंगल और शनिवार शुभ है।

श्री काशीनाथमते क्रय-विक्रय मुहूर्त्त- पुष्य.पू.भा.अनु.श्र.ह.म.स्वा. उत्तरा ३, आश्ले.रे. एषु.भेषु सत्तिथौ चंद्र शुभ दिने उत्तमशकुनं विचार्य क्रय विक्रयणं कार्यम्।

वस्तु बेचने के नक्षत्र- पू.फा.पू.षा.पू.भा.वि.कृ.अश्ले.भ. ये ७ नक्षत्र और गुरुवार चन्द्रवार श्रेष्ठ माने गये है, **नोट-** बेचने के नक्षत्रों में खरीदना और खरीदने के नक्षत्रों में बेचने वालों को ९५ प्रतिशत हानि रहेगी, इसमें संशय नहीं। इसी कारण खरीदने बेचनेके नक्षत्र दिखाये गये हैं, परन्तु सम्प्रति प्रचलित सट्टे जैसे भयानक व्यापार में तो धैर्य का काम ही नहीं, सिवाय घबराहट के दिन भर में १० वार बेचना, २० बार खरीदना, ऐसे व्यापारी क्या करेंगे इन नक्षत्रों को। सट्टे में भी प्रथम बार व्यापार करने वाले व्यापारी अवश्य ध्यान करें तभी मालूम होगा कि ऋषियों के वाक्य कहां तक सत्य है।

नालिश अर्जी का मुहूर्त्त- ४।९।१४ तिथि हो, मं. श. वार हो। कृ.आ.पुन.अश्ले.म.ज्ये.मू.वि. पूर्वा ३ नक्षत्र हो, भद्रा होवे तो अत्युत्तम है।

गृहादि निर्माण में आय विचार- गृह स्वामी के हस्तादि लम्बाई चौड़ाई को परस्पर गुणाकर आठ का भाग देवे जो शेष रहे वह क्रम से ध्वजादि आय होती है। १ ध्वज, २ धूम्र, ३ सिंह, ४ श्वान, ५ वृषभ, ६ गर्दभ, ७ हस्ति, ८ (०) काक। इनमें एकादि विषम संख्या की आय शुभ और दो आदि सम संख्या को अशुभ जानना। गृह की भूमि को अन्दर से मापना चाहिए। और देवस्थान की भूमि को बाहर से नापना चाहिए। ३२ हाथ लम्बे चौडे घर में आयादि विचार की आवश्यकता नहीं है, और न चार द्वार वाले घर में ही। ब्रह्मण को ध्वजाय, क्षत्रिय को सिंहाय, वैश्य को गजाय और शूद्र को वृषभाय विशेष शुभ होती है। अन्य आय नीच जाति के लिए शुभ है।

ग्रामभात् वास्तुकर्तु नक्षत्र यावद् गणना कार्या

स्थान	नक्षत्र	फल
मस्तके	७	धनलाभ
पृष्ठे	७	हानि नैःस्वम्
हृदये	७	सुख लाभः
पादे	७	पर्यटनम्

घर का नक्षत्र और व्यय ज्ञान- घर के क्षेत्रफल (हस्तादि लम्बाई, चौड़ाई के गुणन) को ८ से गुणाकर २७ का भाग दें। जो अंक शेष रहे तदनुसार अश्विन्यादि गृह का नक्षत्र जानें। इस नक्षत्र को ८ से भाग दें। शेषांक तुल्य व्यय जाने। आय कम हो तो शुभ है, अन्यथा अशुभ।

वास्तु भूमिका शुभाशुभ जानना- नई बस्ती में गृहादि बनाना हो तो भूमि पूजन पूर्वक शाम को एक हाथ चौड़ा, एकहाथ लंबा, एक हाथ गहरा गड्ढा बनाकर उसको जल से भर देवें। प्रातःकाल उसको देखें, यदि

जलयुक्त हो तो शुभ, निर्जल मध्यम, निर्जल फटा हो तो अशुभ है।

मकान बनाने के लिए पृथ्वी की शुभाशुभ परीक्षा- मकान की नींव को इतना गहरा खोदें कि जल दीखने लगे, अथवा दूसरी मिट्टी जब तक निकले, अथवा साढ़े तीन हाथ गहरी अर्थात् मनुष्य के बराबर खोदें। खोदते समय जो पत्थर निकले तो धन आयु की वृद्धि हो और जो गुठली निकले तो धन नाश हो और जो हाड़ राख बाल निकलें तो मकान बनाने वाले को व्याधि पीड़ा हो।

गृहारम्भ मुहूर्त- वैशा.श्रा.मार्ग.फाल्गुन और मे. वृष. कर्क. सिंह. तुला वृश्चिक मृग कु. सूर्यके सौर महीने गृहारम्भ में श्रेष्ठ कहे है, भाद्रपद और कार्तिक मास मध्यम है। २।३।५।६।७।१०।११। १२।१३।१५ और कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा इन तिथियों में, चं.,बु.,गु.,शु.,श. वारों में रो., मृ., चित्रा ह., स्वा., अनु. उत्तरा ३ ध. श. रे. बेध रहित नक्षत्रों में १।३।५।६।८।११।१२ लग्नों में, पंचवाण और भूमिशयन से रहित दिनों में, लग्न से केन्द्र त्रिकोण स्थानों में शुभ ग्रह और ३।६।११ वें स्थान में पाप ग्रह तथा अष्टम स्थान शुद्ध होने पर गृहारम्भ मुहूर्त शुभ होता है। केवल तृणमय गृहारम्भ में वत्सचक्र व मासादिका विचार नहीं करना।

गृहारम्भे वत्सचक्रम्
सूर्य नक्षत्र से गृहारम्भे नक्षत्र तक अभिजित् सहित गणना करें।

स्थान	नक्ष	फल
शीर्ष	३	अग्निदाह
अ.पादे	४	शून्यमसत्
पृ.पादे	४	स्थिरता
पृष्ठे	३	लक्ष्मीप्राप्ति
द:कुक्षौ	४	लाभ:शुभम्
पुच्छे	३	स्वामिनाश
वामकुक्षौ	४	निर्धनता
मुखे	३	पीड़ा असत्

विशेष- पुष्य. उ. ३ रो. म. आश्ले. पू. षा. इनमें से जिस पर बृहस्पति हो उस नक्षत्र में और बृहस्पतिवार को गृहारम्भ हो तो पुत्र और सम्पत्तिदायक होता है। रो. ह. श्र. उफा. चि. इनमें से जिस पर बुध हो उस नक्षत्र में बुधवार को गृहारम्भ हो तो सुख और पुत्र होते है। वि.आ.चि.ध.श.अश्ले. इनमें से जिस पर शुक्र हो उस नक्षत्र में और शुक्रवार को गृहारम्भ हो तो धन-धान्यदायक होता है।

भूमिप्रसुप्तज्ञानम्- "संक्रांति मिति दिन पाचवें, सप्तम नवमे जाय। दस इक्कीस चौबीसवें षट् दिन पृथ्वी सोय।। तत्रात्यावश्यके क्रमात् ५।११।७।६।२।१० एता घटिका भूमिकर्मण्यवश्यं वर्जनीया:।" अन्यच्च-सूर्यके नक्षत्रसे ५।७।९।१२।२।१९।२६ इतनी संख्या के नक्षत्रों में पृथ्वी शयन के कारण मकान की नींव, तड़ाग, वापी, कूपादि का खोदना उत्तम नहीं होता।

गृहमध्ये कूपविचार

मध्य	ईशान	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	उत्तर	वायव्य
अर्थहीन	सुपुष्टि	ऐश्वर्य	पुत्रनाश	स्त्रीनाश:	गृहेशनाश:	संपत्	सुखम्	शत्रुभयम्

नक्षत्रवारो तिथिसंप्रयुक्तो वेदाहतं तद्गणकेन कार्यम्। एकावशिष्टे च जलं हि नागे द्वाभ्यां च शेषं सलिलं च स्वर्गो॥ त्रिशून्य शेषे भुवि संस्थितं च, भूसंस्थिति सुष्ठु वदन्ति विज्ञाः॥

अथ चुल्लिचक्रविचार- सूर्य के नक्षत्र से ६ नक्षत्र पीठ के सुखप्रद। ४ मस्तक के मृत्यु प्रद। २ चरण के नाशक। ८ बाहु के सुन्दर सुख भोगदायक। ५ गर्भ के नाशक। २ भुजा के भोगदायक। यह चुल्लिकचक्र गर्गाचार्य ने कहा है, पण्डितजन विचार करें। उपरोक्त शुभ नक्षत्रों में चूल्हा बनावे, तथा इन्हीं शुभ नक्षत्रों में प्रथम अग्नि जलावे।

नूतन गृह प्रवेश मुहूर्त्त- माघ-फाल्गुन-वैशाख-ज्येष्ठ मासेषु शोभन:। प्रवेशो मध्यमो ज्ञेय: सौम्य (मार्ग) कार्तिकमासयो:॥ (यहाँ-चान्द्रमास लेना) उत्तरा ३, अनु. रो. मृ. चि. रे. इन नक्षत्रों में, रिक्तामारहित तिथियों में, चं.बु.गु.शु. इन वारों में, २।५।८।११ लग्न में। अत्यावश्यके ३।६।९।१२ लग्न में भी, लग्न से १।२।३।५।७।९।१० इन स्थानों में शुभग्रह हों, ३।६।११ में क्रूर ग्रह हों, १,६,८,१२ वें चन्द्रमा न हो, चौथा ८ वां स्थान शुद्ध हो, जन्मलग्न या जन्मराशि से ८ वी राशि लग्न में न हो, चन्द्र तारा शुभ हों और कुम्भ चक्र की भी शुद्धि हो ऐसे समय में आगे गौ कन्या जलपूर्ण पुष्पमाला युक्त कलश वेद ध्वनि मंगलगान वाद्य के साथ से दम्पत्ति को गृह-प्रवेश शुभ है।

गृह प्रवेश का विशेष मुहूर्त्त- पुराने अर्थात् जीर्ण या तृण कुटीर अग्नि वर्षा इत्यादि के भय से बनवाये हुए नए घर में भी वै.श्रा.का.मार्ग.फा. मासमें शत. पुष्य. स्वा. और ध. नक्षत्रों में तथा गुरु शुक्र के अस्त में भी गृहप्रवेश हो सकता है।

सूर्यराशिवशात् खातज्ञानम्
खाते राहोर्मुखात्पृष्ठेदिग्भाग: शुभदो भवेत्

राहुमुख	ऐशान्यां	वायव्यां	नैऋत्यां	आग्नेय्यां
देवालयारम्भे सूर्य	मी.मेष वृष	मि.कर्क सिंह	कन्या तुला वृश्चिक	धनु: मकर कुम्भ
गृहारम्भे सूर्य:	सिंह कं. तु.	वृश्चि.ध. मकर	कुम्भ मीन मेष	वृष मिथुन कर्क
जलाशायारम्भे सूर्य:	मं. कुं. मी.	मे. वृष मिथुन	कर्क सिंह कन्या	तुला वृश्चिक धनु:
खातदिशा	आग्नेय्यां	ऐशान्यां	वायव्याम्	नैऋत्यां

द्वारशाखाचक्र सूर्यनक्षत्रात्

स्थान	नक्ष	फलानि
शिरसि	४	श्रीप्राप्ति:
कोणे	८	उद्वसनम्
शाखा	८	सौख्यम्
देहल्यां	३	गृहेशनाश:
मध्ये	४	सौख्यम्

चक्रमिदं विलोक्य सुधिया द्वारं विधेयं शुभम्

गृहप्रवेशे कुम्भचक्रम् सूर्यभात्

५	८	८	६
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ

कूप तालाब और बावड़ी खुदवाने का मुहूर्त्त- अनु. ह. तीनों उ. रो. ध. श. म. पूषा. रे. पुष्य. मृ, नक्षत्र हों या चन्द्रमा मकर के उत्तरार्द्ध, मीन या कर्क में हो लग्न में बुध या गुरु हो, शुक्र १०वें स्थान में हो और पापग्रह निर्बल हों तो शुभ है। यदि २।१०।४।११।१२लग्न हों तो अत्युत्तम है।

सूर्यनक्षत्रात्कूप वापी जलचक्रम्

ईशान ३	पूर्व ३	आग्नेय ३
क्षार जल	खण्डितजल	सुजल
उत्तर जल	मध्य ३ स्वादु	दक्षिण ३
उत्तम जल	तथा शीघ्रजल	निर्जल
वायव्य ३	पश्चिम ३	नैर्ऋत्य ३
मिश्रितजल	जल	अमृत जल

गणनाक्रम मध्य पूर्व आग्नेयदक्षिणा दिक्रमेण बोध्यम्

ईशान अ.भ.कृ. मध्यजल	पूर्व पुन.पु.अश्ले जलाभाव	आग्नेय म.पूफा.उफा. सुजलम्
उत्तर पूभा.उभा. रे.मिष्ठजल	मध्य रो.मृ.आर्द्रा शीघ्रजलं	दक्षिण ह.चि.स्वा. जलाभाव:
वायव्य श्र.ध.श. क्षारजल	पश्चिम मू.पू.उषा अमृतजलं	नैर्ऋत्य वि.अनु.ज्ये. बहुजम्

सूर्यभात्तड़ाचक्रम्

ईशान २	पूर्व २	आग्नेय. २
जलनाश	शोक	जलाधिक्य
उत्तर २	मध्य ५	दक्षिण २
अमृतं जल	बहुजल	जलनाश
वायव्य २	प. २	नैर्ऋत्य २
जलनाश	बहुजल	अमृत जल

अवशिष्टानि ६ नक्षत्राणि 'वारिवाह' संज्ञकानि सन्ति। तत्फलं-वारिवाहे वारिहानि:। गणनाक्रम-पूर्व आग्नेय द. नै.प.वा.उ.ई. मध्य, वारिवाह। वाहे चामृत संज्ञकम्।

जलाशयारामप्रतिष्ठा मुहूर्त्त

देवतारामवाप्यादि प्रतिष्ठामुत्तरायणे,
माघादिपञ्चमासेषु कृष्णेऽप्यापञ्चमीदिने।
मातृभैरववाराहनारसिंहत्रिविक्रमा:,
महिषासुरहंत्री च स्थाप्या वै दक्षिणायने।।

अश्वि.रो.मृ.पुन.पुष्य.ह.चि.स्वा.अनु.श्र.ध.श.उत्तरा. ३.रे.एषु भेषु, कुजशनिवर्जिनवारेषु, २।३।५।६।७। ८।१०।११।१२।१३।१५ एतत्तिथौ शुक्ले, १।२।३।५ तिथिषु कृष्णे, गुरुशुक्रयो: नीचनिर्बलास्तादि रहितकाले, कर्तु: सूर्य चन्द्रतारानुकूल्ये सति जन्मलग्नयोरष्टमराशिलग्नरहिते स्थिर (२।५।८।११) लग्नेषु। लग्नात् १।४।७।१०।९।५।२।११ स्थानेषु शुभे, ३।६।११ सेन्दुभि: पापै:, पूर्वान्हे देवप्रतिष्ठा कार्या।

देवताविशेषेण लग्नम्- सिंहे सूर्य: शिवो द्वन्द्वे लग्ने स्थाप्य: स्त्रियां हरि:। कुम्भे वेधाश्चरे क्षुद्रा द्वयगदेव्य: स्थिरेऽखिला:।। यस्य देवस्य यत्तिथिवारनक्षत्रादिकं तद्दिने यदि तस्य प्रतिष्ठा मुहूर्त्तो भवेत्तदा अत्युत्तम:।।

वास्तुशान्ति मुहूर्त्त:- श्र. ध. मृ. मू. अनु. रे. ह. चि. स्वा. उत्तरा ३ पुन. पुष्य. रो. अश्वि. एषु भेषु शुभेऽह्नि सत्तियौ बलिदानपुरस्परं वास्त्वर्चनं कार्यम्।।

अग्नि का वास किस लोक में है- जिस दिन हवन करना हो उस दिन तिथि और वार की संख्या जोड़कर एक और जोड़ना, पुन: ४ का भाग देना। यदि पूरा भाग लगजाय (० शेष रहे) अथवा तीन शेष रहे तब अग्नि का वास पृथ्वी पर सुखकारक होता है,शेष १बचने पर आकाश में प्राण हानिकारक, शेष२ बचने पर पाताल में धनहानि करता है। तिथि ही गणना शुक्ल प्रति पदा से,वार गणना रविवार से करनी। इसके बाद आहूति-चक्र जरूर देखिये।

ग्रहमुखे होमाहुतिज्ञानाय चक्रम्
(सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनना)

सू०	बु०	शु०	श०	चं०	मं०	गु०	रा०	के०	ग्रहा:
३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
नेष्ट	श्रेष्ठ	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	नेष्ट	फलम्

विशेष- यात्राविवाहव्रतगोचरेषु चौलोपनीताद्यखिलव्रतेषु। दुर्गाविधानेषु सुतप्रसूतौ नैवाग्निचक्रं परिचिन्तनीयम्।। महारुद्रव्रतेऽमायां ग्रस्तेन्द्वर्कस्य राहुणा। नित्येननैमित्तके कार्ये अग्निचक्रं न दर्शयेत्।। दिग्दाहेप्यथवा घोरे ग्रहास्ते भूमिकम्पने। केतूनामुदये शान्तौ चक्रं यत्नेन चिन्तयेत्।। लक्षकोटिहवने मखेऽखिले चातिरुद्रकरणे महाविधौ। देवखातभवने सुरालयेऽग्निचक्रमवलोकयेत्सुधी:। दुर्गभङ्गे गृहे वाऽपि विवादे शत्रु विग्रहै। शान्तिक्रमे नृपक्रोधे चक्रं तत्र निरीक्षयेत्।।

पापग्रहमुखेहवनेकृते शान्ति :- क्रूरग्रहमुखे चैव सञ्जाते हवनेऽशुभे। शान्ति विधाय गां दद्याद् ब्राह्मणाय कुटम्बिने। आयसीं प्रतिमां कृत्वा निक्षिपेत्तामधोमुखीम्। गोमूत्रमधुगन्धाद्यै रर्चिता प्रतिमां तत:। कुण्डे निवाय सम्पूज्य तत्र होमो विधीयते।।

अथ ऋणी-धनी विचार :- स्ववर्गं द्विगुणं कृत्वा परवर्गेण योजयेत्। अष्टभिश्च हरेद् भागे योऽधिक: स ऋणी भवेत्।।

यथा- अपने वर्ग को दूना कर दूसरे वर्ग को जोड़ना। फिर ८ का भाग देना। फिर दूसरे का वर्ग दुगूना करके अपना वर्ग जोड़ना, फिर ८ का भाग देना, जिसका शेषांक अधिक बचे वह ही कम बचत वाले का ऋणी जानना।

भूमि का लेन-देन- गुरु, शुक्रवार, १,५,६,११,१५ तिथि, मृग. पुन. अश्ले. म. पूफा. वि. अनु. मूल. पू. षा. उ. भा. नक्षत्र में घर-जमीन का सौदा करना शुभ है।

हलप्रवहण मुहूर्त्त - मृ. रे. चि. अनु. रो. उत्तरा ३ ह. अश्वि. पुष्य अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मू. म. वि. एषु. भेषु, रिक्तामाषष्ठ्यष्टमीरहित सत्तिथौ शुभग्रहस्य वारे, १।५।७।१०।११ लग्नेषु, भूमिशयनभद्रादीन् वर्जयित्वा हलचक्रशुद्धौ सत्यां हलप्रवहणं शुभम्।

हल चक्रम्
सूर्य भुक्त नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिने

३	८	९	८	नक्षत्र
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	फलम्

बीजवपने राहु चक्रम्
राहुनक्षत्रात् दिनभं यावत् गणना कार्या

८	३	१	३	१	३	१	३	४
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ

बीजवपने मुहूर्त्त- ह. अश्वि. पुष्य. उत्तरा. ३. चि. अनु. मू. रे. स्वा. ध. रो. मृ. एषु भेषु सत्तिथौ भौमातिरिक्तवारेषु सुशकुने राहुचक्रशुद्धौ सत्यां शुभ:।

विशेष- रवेरौद्रा (आर्द्रा) द्यपादस्थे भूमे: संजायते रज:। तस्माद्दिनत्रंयतत्तु बीजवापे परित्यजेत्।

नवान्नभक्षण मुहूर्त्त- मू.रे.वि.अनु.ह.अश्वि.पुष्य.अभि.स्वा.पुन.श्र.ध.श.विष घटी रहित नक्षत्रों में शुभ है। नन्दा रिक्ता तिथियों और पौष चैत्र को छोड़कर सू.बु.गु. शुक्रवार शुभ है।

गौ आदि पशु लेने का मुहूर्त- अश्वि. पुन. पु. ह. वि. ज्ये. धनि. शत. रे. नक्षत्र में गौ लेना बेचना। अन्य पशु पुन. पूर्वा ३ ह. अनु. ज्ये. मू. धनि. रे. में लेना बेचना शुभ है। गाय लेनी हो तो उ. फा. से दिन नक्षत्र तक गिने, ३ तक लाभदायक, ५ तक हानि, ११ तक अर्थ लाभ, १६ तक सुख, २२ तक महालाभ, २३ तक वृद्धि, २७ तक भय होता है। वृषभ (बैल) लेना हो तो ६ नक्षत्र लाभदायक, फिर दो-दो के क्रम से गाय के समान फल जानो। महिषी (भैंस) लेनी हो तो भी गौ नक्षत्र-गणना क्रम शुभाशुभफल सूर्य नक्षत्र तक गिने (नौमी चौदस चौथ चौपाया, मंगल हानि करे घर आया)।

सूर्य नक्षत्रात् काष्ठादि (गुहाराआदि) संस्थापनचक्रम्

६	२	४	४	४	४	४	नक्षत्र
उत्तमपाक शुभ	शवदहन नेष्ट	सर्पभय नेष्ट	मित्रलाभ शुभ	रोगभय नेष्ट	क्वाथकर्म नेष्ट	सुख शुभ	संख्या

लतावृक्षाद्यारोपण मुहूर्त- मृ.रे.चि.अनु.उत्तरा.३ रो.ह. पुष्य, अश्वि. श. मू. वि. नक्षत्रों में रिक्तारहित शुभ तिथियों में और चं. बु. शुक्रवार हो, शुक्लपक्ष में ४।९।११।१२ लग्न में शुभ है। तृणकाष्ठादि संग्रह निषेध तृण कष्ठ का सञ्चय और पलंग बुनवाना आदि कर्म कुम्भ, मीन के चंद्रमा में नहीं करना चाहिए।

मशीनरी चालू करने का मुहूर्त- धनि.,अश्वि.,हस्त-चित्रा.,अनु.,पुन.,पुष्य.,ज्ये. एवं रेवती नक्षत्र में मशीनरी चालू करनी चाहिए, इसके लिए वारों में बुधवार उत्तम है।

औषध मुहूर्त: ह. अ. पुष्य अभि. मृ. रे. चि. अनु. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मूल. जन्म नक्षत्र को छोड़कर इन नक्षत्रों में ४।९।१४ को छोड़कर शुभ तिथियों में, भौम शनि को छोड़कर अन्य वारों में शुभ है।

यात्रा मुहूर्त्त विचार

ह. म. श्र. अश्वि. मृ. पुष्य. पुन. ध. अनु. रे. नक्षत्र यात्रा में अत्युत्तम। रो. उत्तरा ३ पूर्वा ३ मू. मध्यम और भ. कृ. आर्द्रा अश्ले. म. चि. स्वा. वि. ज्ये. ये नक्षत्र यात्रा में निन्द्य है। आत्यावश्यकता में भरण्यादि नक्षत्रों मे आरम्भ की क्रमशः ७।२१।१०।१४।११।४०।१४।१४।१४ घटियां यात्रा में त्याज्य करें। कृष्णपक्ष की प्रतिपदा और शुक्लपक्ष की द्वितीया तथा दिग्द्वार लग्न में यात्रा शुभ है। जन्म लग्न और जन्म राशि से अष्टम लग्न नवांश में तथा कुम्भ लग्न या कुम्भ के नवांश में यात्रा कदापि न करें।

चन्द्रवास

मेष, सिंह, धनुः का चन्द्र पूर्व में। वृष, कन्या, मकर का चन्द्र दक्षिण में। मिथुन, तुला, कुम्भ का चन्द्र पश्चिम में। कर्क, वृश्चिक, मीन का चन्द्र उत्तर दिशा में। सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुखसम्पदः। पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः। सर्वे दोषाः लयं यान्ति पुर्णचन्द्रे हि सम्मुखे॥

अथ योगिनीवास चक्र

पूर्व	अग्नि	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	दिशा
१/९	३/११	५/१३	४/१२	६/१४	७/१५	२/१०	८/३०	तिथयः

दिक्शूलचक्र

पूर्व	पश्चिम	दक्षिण	उत्तर	दिशा
चंद्र	रवि	गुरु	बुध	वार
शनि	शुक्र	०	मंगल	वार

कालराहु चक्र

पूर्व	आ.	द.	नै.	प.	वा.	उ.	दिशा
श	शु.	गु.	बुध	मं.	चं.	र.	वार

समय	शूल	आवश्यके दिक्शूले पदार्थाः							
प्रातःकाल	पूर्वदिशा	र०	च०	मं०	बु०	गु०	शु०	श०	वा०
मध्याह्न	दक्षिण	घृत	पय	गुड	पुष्प	दधि	घृत	तिल	भक्ष
संध्याकाल / अर्धरात्रि	पश्चिम / उत्तर	ताम्बुल	चन्दन	मद	तिल	दधि	यव	माषान	धारण

संमुखकालवासवर्ज्यम्

एकराशिस्थ चन्द्रघट्यात्मक निवासः

पूर्व	द०	प०	उ०	पूर्व	द०	प०	उ०	दि
१७	३२	५१	६९	८६	१०१	१३१	१३५	घ

यात्रा शुद्धि- जन्म लग्नेश, राशीश, जन्मदशेश ये अस्त हों और गुरु, शुक्र अस्त सिंहस्थ गुरु, नीचस्थ गुरु ये सब यत्न से वर्ज्य करें।

लग्न शुद्धि- शुभग्रह १।४।५।७।९।१० वें पापग्रह ३।६।१०।११ वें श्रेष्ठ हैं। चन्द्रमा १।६।८।१२ वें, लग्नेश ६।७।८।१२ वें शनि १० वें शुक्र ७ वें नेष्ट है।

अथ यात्रायां दिग्दोहदचक्रम्

पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नेऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	दिशा
घृत	तण्डुल	तिलोदक	सक्तुक	मत्स्य	गोधूम	दुग्ध	पायस	वस्तूनि

यात्रायां वारदोहम्

रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	वार
रसाल	पायस	कांजी	पक्वदुग्ध	दधि	पयोश्री	ति.अ.	वस्तुनि

अथ नक्षत्रशूलम्

पू०	द०	प०	उ०	दिशा
ज्ये.	पूभा.	रो.	उफा.	भानि

यात्रानिवृतौ प्रवेशः- १।२।३।५।७।१०।११।१३ तिथि। चं. बु. गु. शु. श. वार। अ. रो. मृ. पुष्य. उ. ३ ह. चित्रा. अनु. स्वा. श्र. रे. ध. श. नक्षत्र। ३।५।६।८।९।११।१२ लग्न, ४।८ शुद्ध हों १।४।७।१०।५।९स्थान में शुभ ग्रह हों, ३।६।११ वें में षापग्रह हो। शुभ नवांश में प्रवेश करें।

यात्रायां शुभशकुनानि- विप्र २ अश्व, गज, मद, फल, अन्न, दुग्ध, जौ, दधि, सर्षप, कमल, निर्मलवस्त्र, वाद्य, वैश्या, मयूर, नकुल, सिंहासन, शस्त्र, मांस, दीप्ताग्नि,

मत्स्य, सयुतस्त्री, गौरीकन्या, कार्यसिद्धि वाक्य, जलपूर्णघट, पश्चाद्रिक्तघट, एते प्रयाण समये दृष्टाः सत्फलदा भवन्ति। अशुभशकुनानि-वन्ध्यास्त्री, चर्म, ईन्धन, सन्यासी, मार्जारयुद्ध, कुटुम्बेकलि, विधवा, जातिभ्रष्ट, अंगहीन, सेवन, शत्रु, महिषयुद्ध, छिक्का, दुष्टवाणी एते प्रयाणसमये दृष्टा अशुभफलदा भवन्ति।

सर्वाङ्गसिद्धि योग- शुक्लादि तिथि और नक्षत्र तथा वार की संख्या के जोड़ को तीन जगह रखकर क्रमशः ७।८।३ का भाग देना। शेष प्रथम जगह में शून्य हो तो यात्रा में क्लेश, मध्य में शून्य हो तो धन क्षति और अन्त में शून्य हो तो महाकष्ट होता है। सर्वत्र अंक आने से सौख्य जय लाभ हो।

वर्णक्रमेण प्रस्थानविधानम्- यज्ञोपवीतकं शस्त्रं मधु च स्थापयेत्फलम्। विप्रादि क्रमत. स्वर्णसर्वधान्याम्बरादिकम्। (सर्वे स्वप्रियवस्तु वा)। गमनदिशी नगराद् बहिः गृहान्तरे वा विपादिभिः यज्ञोपवीतादिना प्रस्थानं कार्यम्। तच्च क्षितीशो १०, माण्डलीकः ७, सामान्यजन ५ दिनाभ्यन्तरे यात्रा कार्या। परतोऽन्यमुहूर्त्तस्यावश्यकतां बोध्या। प्रस्थानकर्तुर्नियमाः- त्रिरात्रं वर्जयेत्क्षीरं पंचाहं क्षुरकर्म्म च। तदहश्चावशेषाणि सप्ताहं मैथुनं त्येजत् ।।१।। कटुतैलगुडक्षार पक्व मासाशनं तथा। भुक्त्वा यो यात्ससौ मोहाद् व्याधितः स निवर्तते।।

उ (उद्वेग) च (चंचल) ला (लाभ) अ (अमृत) का (काल) शु (शुभ) रो (रोग)

इस चर्तुघटिका मुहूर्तमें ३।।। घटी की जगह दिनमान व रात्रिमानके अष्टमांशानुसार कुछ पल न्यूनाधिक भी हो जाते हैं।

जन्मनक्षत्रप्रशंसा:- कृषि-भवन-विवाहोन्नाशने मौञ्ज्यब्दे, प्रथमयुवतिसंगारामकूपादि कृत्ये। पष्टाविशिष्टाभिषेके जन्मभद्रः प्रशस्त इति वदति वराहः क्षौर-यात्रां विहाय।। गर्भाधाने जन्मकालेऽभिषेके मौञ्ज्यब्दे। पाणिपीड़े प्रयाणे वर्ज्या द्वादशैवः शुभः।।

दिने चतुर्घटिका मुहूर्त्त								रात्रो चतुर्घटिका मुहूर्त्त						
सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	घटी	सू	चं	मं	बु	गु	शु	श
उ	अ	रो	ला	शु	च	का	३।।।	शु	चं	का	उ	अ	रो	ला
चं	का	उ	अ	रो	ला	शु	३।।।	अ	रो	ला	शु	चं	क	उ
ला	शु	च	का	उ	अ	रो	३।।।	चं	का	उ	अ	रो	ला	शु
अ	रो	ला	शु	च	का	उ	३।।।	रो	ला	शु	चं	का	उ	अ
का	उ	अ	र	ला	शु	चं.	३।।।	का	उ	अ	रो	ला	शु	चं
शु	चं	का	उ	अ	रो	ला	३।।।	ला	शु	चं	का	उ	अ	रो
उ	ला	शु	चं	का	उ	अ	३।।।	उ	अ	रो	ला	शु	चं	का
रो	अ	रो	ला	शु	चं	का	३।।।	शु	चं	का	उ	अ	रो	ला

कार्यसिद्धिज्ञानम्- लग्नपः कार्यपश्चापि लग्नगौ कार्यगौ युतौ। मिवस्थौ स्वस्वगौ दृष्टौ स्वोच्चादौ चेत्सुसिद्दिदौ ।।१।। एषु योगेषु चन्द्रदृष्टौ सत्यां कार्यसिद्धिरवश्यम्भवत्यन्यथा सन्देहः।

प्रश्नतो वर्षशुभाशुभविचार- तिथिवारर्क्ष योगानां युतिः संवत्सरान्विता। प्रष्टुर्नामाक्षरैर्युक्ता त्रिहता शेषके फलम् ।।१।। एकेन क्लेश, समता द्वाभ्यां, त्रितये महत्सुखम्।

पथिकागमन विचार-

प्रश्नाक्षरं द्विगुणितं त्रयोदश समन्वितम्। अष्टभिश्च हरेद्भागं शेषांके फलमादिशेत्।।
एकेन गमनं भवति द्वाभ्यां मार्ग उच्यते। तृतीये चार्धमार्गे च चतुर्थे द्वारमागतः।।
पञ्चमे पुनरावृत्ति षष्ठे व्याधि समन्वितः। सप्तमे शून्यतावृत्ति अष्टमे मरणं ध्रुवम्।।

प्रश्नाक्षरों को द्विगुणित कर १३ जोड़ दें और ८ का भाग दें। जो शेष बचे उनका फल इस प्रकार बताए- १. आने की सोच रहा है। २. चल पड़ा है। ३. रास्ते में है। ४. शीघ्र आ जाएगा। ५.ठहर के आएगा। ६. अस्वस्थ है। ७. नहीं आएगा। ८. मृत्यु या कष्ट में है।

देशान्तर से पत्र आयेगा कि नही?- प्रश्न लग्न चर राशि का हो और उससे द्वितीय तृतीय स्थान में शुभ ग्रह युक्त अथवा दृष्ट हो तो पत्र जल्दी आयेगा, मार्ग में है। स्थिर लग्न में विलम्ब से पत्र मिले। प्रश्न लग्न में चन्द्र हो और शुभ ग्रह देखता हो तो पत्र आयेगा, विपरीत हो तो उत्तर नहीं मिलेगा।

पुत्र लाभ होगा कि नही?- तत्कालीन तिथि की संख्या को ४ से गुणाकर, १ जोड़ना, तदनन्तर वार तथा योग की संख्या युक्त करके २ से भाग देना, जो लब्धि आये उसको तीन से गुणा करके ४से भाग देना, जो शेष बचे उससे फल कहें। १ शेष बचे तो विलम्ब से पुत्र सन्तान होगा, चिरंजीविता के लिये पार्थिव शिवपूजन करना चाहिए। शेष २ बचें तो पूर्व जन्म के पाप के कारण सन्तान सुख न होगा, गया यात्रा तथा हरिवंश पुराण का नवान्ह सुनने तथा सन्तान गोपाल के सवालक्ष जप से सम्भव है कि ईश्वर कृपा करें। ३ शेष बचे रहें तो पुत्र लाभ होगा, किसी गरीब की कन्या को विवाह दें, या उस विवाह में गुप्त दान से मदद करें, ऐसा करने से होने वाले पुत्र का पूर्ण सुख होगा। ४।१।० शेष बचे तो सन्तान शीघ्र होगी।

विवाह होगा कि नही?- यदि लग्न से २।३।६।७।१०।११ स्थानों में चन्द्रमा को वृहस्पति देखे तो विवाह हो जायेगा। यदि चन्द्रमा के साथ पापी ग्रह हो या पापी ग्रहों की दृष्टि हो तो विवाह नहीं होगा। यदि लग्न से ३।५।६।७।११ स्थान में चन्द्रमा को सूर्य. बुध वृहस्पति इनमें से कोई देखे अथवा व्ययेश सप्तम में और सप्तमेश लग्न में हो अथवा २।४।७ इन राशियों में से किसी एक राशि में चन्द्रमा या शुक्र हो तो अवश्य विवाह हो जायेगा।

अङ्क प्रश्न तथा फल वर्णन- प्रश्नकर्त्ता से एक सौ आठ अंक के भीतर कोई एक अंक मुख से कहलाये या लिखायें, उनमें १२ का भाग देकर पीछे यदि १।९।७ बचे तो देर से कार्य सिद्ध हो। यदि ८।४।१०।५ बचे तो कार्य नाश हो। ११ बचे तो सिद्धि, २ बचने से वृद्धि, ३।६।१२ (०) बचने से शीध सिद्धि हो, यह फल कहे।

रोग त्रिनाड़ी चक्र

आर्द्रा	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	ज्ये.	ध.	श.	भ.	कृ.	आदि
पुन.	मघा	ह.	वि.	मू.	श्र.	पू.भा.	अश्वि.	रो.	मध्य
पुष्य	अश्ले	चित्रा	स्वा.	पू.षा.	उ.षा.	उ.भा.	रे.	मृ.	अन्त्य

सूर्य नक्षत्र, दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र या नाम नक्षत्र रोग त्रिनाड़ी चक्र में एक नाड़ी पर हों तो रोगी की मृत्यु होती है। प्रति दिन देखने से जिस दिन वह योग मिले उस दिन रोगी की मृत्यु जाने। यह रोग त्रिनाड़ी चक्र यात्रा तथा युद्ध के समय भी वर्जित है।

अथ रोगोत्पत्तौ सन्तानप्रतिबन्धादौ च देवदोषज्ञानम- तृतीय, नवम, द्वादश, षष्ठ स्थान में प्रश्न लग्न से कोई पाप ग्रह हो तो विष, जल, शस्त्र से मरे हुए किसी स्वकुलोत्पन्न व्यक्ति का दोष जानना। यह योग पापग्रहों के साथ शुभ का संयोग होने पर नहीं होता। यदि बारहवें आठवें स्थान में राहु हो तो प्रेत दोष, बृहस्पति के होने से पितर दोष,चन्द्रमा के होने से जलदेवी का दोष कहें। सूर्य के होने से देवी दोष अथवा लग्न अष्टम द्वादश में सूर्य हो तो क्षेत्रपाल का दोष कहें। शनि के होने से अपने गोत्रकी देवी(सती)का दोष और बुध व्यय तथा अष्टम स्थानमें हो तो भूतदोष जानना। व्यय तथा अष्टम स्थान में भौम हो तो शाकिनी दोष, शुक्र के होने से जलदेवी का दोष होता है। परंच जो मनुष्य स्वधर्म निष्ठ नहीं है अथवा जो ईश्वर से विमुख रहते हैं, पूर्वोक्त दोष उन्हीं को होते हैं। दोष सूचक ग्रह अपनी राशि तथा उच्च में हो, बलवान हों तो उक्त दोष साध्य, यदि चन्द्र नीच तथा निर्बल हो और दोष सूचक ग्रह भी नीच शत्रु क्षेत्र में हो तो उक्त दोष असाध्य होते है। बलवान् पाप ग्रह केन्द्र में हो तो पूर्वोक्त देवता असाध्य होते है, यदि शुभ ग्रह केन्द्र स्थानों में हो तो पूर्वोक्त देवगण साध्य अर्थात् मन्त्र स्तुति पूजन आदि से उनका दोष दूर हो जाता है।

मतान्तरेण दोषज्ञानम्- तिथि, वार, नक्षत्र, लग्न प्रहर इनको जोड़ें और ८ का भाग दें। शेष ३।७ बचें तो देवता की बाधा, २।८ बचें तो पितृबाधा और ६।४ बचें तो भूत प्रेत की बाधा जानना। "उदयाद्घटिका त्रिघ्ना तिथिवारेण संयुता। भक्ते द्वादशभिः शेषे जीवनं मरणं वदेत् ।।१।। राम (३), बाण (५), रसा (६), ऽष्टौ च (८), नन्द (९), रुद्राश्च (११), जीवति। एक (१), पक्ष (२), युगा (४), सप्त (७), दशा (१०), ऽर्काः (१२) नात्र जीवति।"

अथ गर्भिणीपुत्रादि ज्ञानम्- तिथिवारं च नक्षत्रं नामाक्षरसमन्वितम्। सप्तभक्ते समे शेषे कन्या च विषमे सुतः।।१।। तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से, वार की रविवार से और नक्षत्र की अश्विनी से करना।

आयुनिर्णयः- जन्मलग्नेश अष्टमेश से और जन्मलग्न चंद्र से आयु का निर्णय करें। दोनों में भेद हो तो जन्मलग्न होरालग्न से प्राप्त आयु जाने। चरे चरे, स्थिरे द्विस्वभावे दीर्घायुः। द्विस्वभावे द्विस्वभावे, चरे स्थिरे, मध्यमायुः। स्थिरे स्थिरे, चरे द्विस्वभावे अल्पायुः। १।४।५।७।९।१०।११ इन स्थानों में लग्नेश अष्टमेश तथा दशमेश हो तो दीर्घायु होती है। २।३।४।५।८।१२ इन स्थानों में पापग्रह हो तो मध्य आयु, इसके अतिरिक्त अल्पायु होती है। लग्नेश सूर्य का मित्र हो तो दीर्घायु, सम हो तो मध्यमायु, शत्रु हो तो अल्पायु जाने।

अथ नष्टवस्तु ज्ञानम्

तिथिवारं च नक्षत्रं प्रहरेण समन्वितम् । दिक संख्यया हतं चैव सप्तभिर्विभजेत्तथा।।
एकेन भूतले द्रव्यं द्वयं चेद् भांडसंस्थितम्। तृतीये जलमध्यस्थं अंतरिक्षे चतुर्थके।।
तुषस्थं पंचमे तुस्यात्षठे गोमयमध्यगम्। सप्तमे भस्मध्यस्थमित्येतत्प्रश्नलक्षणम्।।

अथ नष्ट वस्तुज्ञानाय चक्रं सफलम्

अन्ध	मन्द	मध्य	सुलोचन	संज्ञा
रो.पुष्य.उ. फा.वि.पूषा. ध.रे.	मृ.आश्ले. ह.अनु.उषा. श. अ.	आ.म.चि. ज्ये.अभि पूभा.भ.	पुन.पू.फा. स्वा.मू.श्र. उभा.कृ.	नक्षत्रा-णि
पूर्वे गतम्	दक्षिणेगतं	पश्चि. गतं	उत्तरे गतं	दिशा
शीघ्र लाभः	यत्नेन लाभः	दूरे श्रवण	नैव प्राप्ति	फलं

पशुरन्वेषणं (सूर्यभात)
१ भ्रमति वनेषु।
१५ ग्रामसमीपस्थः।
२२ ग्रहे आगतः।
२३।२४ नष्टप्राप्तिः।
२५।२६।२७ निधनमपि न श्रूयते।

जयपराजय प्रश्न- यदि तीसरे भाव से लेकर आठवें तक शुभ ग्रह अधिक बलवान् हों तो प्रतिवादी (मुद्दालह) जीतेगा। यदि नवम भाव से लेकर दूसरे भाव तक शुभ ग्रह अधिक बलवान् हों तो मुदई जीतेगा और यदि पापग्रह लग्न में बैठा हो तो प्रश्नकर्त्ता जीतेगा, परन्तु वहां पापग्रह नीच राशि में हो या अस्त हो अथवा शत्रु राशि के घर में हो तो हार जायेगा। यदि लग्न और सप्तम स्थान में पापग्रह तुल्य बली हो अथवा लग्नेश और सप्तमेश परस्पर मित्र हों तो सन्धि हो जायेगी। पापग्रह न्यूनाधिक बली हों तो अधिक बली ही जीतेगा, अर्थात् लग्न स्थित पापग्रह बली हो तो प्रश्नकर्त्ता की विजय और यदि सप्तमस्थ पापग्रह बलवान् हो तो शत्रु की विजय होगी। यदि लग्न सप्तमातिरिक्त स्थान में दो पापग्रहों की परस्पर पूर्ण दृष्टि हो तो वादी प्रतिवादी दोनों शस्त्रों से घायल होते हैं। प्रश्न काल में लग्नेश सप्तमेश परस्पर मित्र हों तो युद्ध छिड़ेगा, अन्यथा नहीं।

देशान्तर =दिल्ली से पूर्व+ पश्चिम−अन्तर

अक्षांशादि सारिणी

स्टैण्डर्ड अन्तर-स्थानीय टाइम और स्टैण्डर्ड टाइम का अन्तर

नगर नाम	उत्तर अक्षांश अं. कं.	पूर्व रेखांश अं. कं.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि.सै.	देशान्तर मि.सै.	नगर नाम	उत्तर अक्षांश अं. कं.	पूर्व रेखांश अं. कं.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि.सै.	देशान्तर मि.सै.	नगर नाम	उत्तर अक्षांश अं. कं.	पूर्व रेखांश अं. कं.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि.सै.	देशान्तर मि.सै.	नगर नाम	उत्तर अक्षांश अं. कं.	पूर्व रेखांश अं. कं.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि.सै.	देशान्तर मि.सै.
अंकलेश्वर	२१।३८	७३।०३	−३७।४८	१६/३६	आर्वी	२०।५९	७८।१३	−१७।०८	+०४।०४	एरनाकुलम	०९।५९	७६।१८	−२४।४८	+०३।३६	कालका	३०।४७	७६।५७	−२२।१२	−०१।००
अंजार	२३।०७	७०।०१	−४९।५६	−२८।४४	आर्द्रा	२३।३२	८६।४१	+१६।४४	+३७।५६	ऐरंडोल	२०।५५	७५।१९	−२८।४४	−०७।३२	कालीकट	११।१५	७५।४५	−२७।००	−०५।४८
अंबरनाथ	१९।१२	७३।१०	−३७।२०	−१६।०८	ओरवा	२२।२८	६९।०५	−५३।४०	−३२।२८	ऐल्लोर	१६।४३	८१।०५	−०५।४०	+१५।३२	कालीघाट	२२।३१	८८।२१	+२३।२४	+४४।३६
अंबाजी	२४।२२	७२।५६	−३८।१६	−१७/०४	अखनूर का.	३२।५४	७४।३५	−३१।४०	−१०।२८	एलिचपुर	२१।१८	७७।३३	−१९।४८	+०१।२४	कासगंज	२७।४८	७८।३९	−१५।२४	+०५।४८
अंबाला	३०।२३	७६।४६	−२२।५६	−०१।४४	अनूपशहर	२८।२१	७८।२३	−१६।२८	+४०।४४	ओरछा	२५।२१	७८।३८	−१५।२८	+०५।४४	किशनगंज	२६।०७	८७।५८	+२१।५२	+४३।०४
अंबिकापुर	२३।१०	८३।१५	+०३।००	+२४।१२	अलीगंज भो.	२७।२०	७९।१२	−१३।१२	+०८।००	औरंगाबाद	१९।५२	७५।१९	−२८।४४	−०७।४०	किशनगढ़	२७।५२	७०।३४	−४७।२८	−२६।१६
अकलकोट	१७।३३	७६।१३	−२५।१२	−०३।५२	अलीगंज ह.	२६।१२	८४।०८	+०६।३२	+२७।४४	ओरंगा वि.	२४।४५	८४।२५	+०७।४०	+२८।५२	किशनगढ़ अ.	२६।३५	७४।५१	−३०।३६	−०९।२४
अकोला	२०।४३	७७।०२	−२१।५२	−००।४८	अमेठी	२६।०७	८१।४७	−२०।५२	+१८।२०	कांकरोली	२५।०२	७३।५४	−३४।२४	−१३।१२	किशनगढ़ ज.	२७।१०	७५।२२	−२८।३२	−०७।२०
अगरतला	२३।५०	९१।२३	+३५।३२	+५६।३६	अगरतला त्रि.	२३।४९	९१।१७	+३५।०८	+५६।२०	कांडला	२३।०१	७०।१४	−४९।०४	−२७।५२	कुंभकोणम्	१०।५८	७९।२३	−१२।२८	+०८।४४
अचलगढ़	२४।३८	७२।४८	−३८।४८	−१७।३६	अमरोहा	२८।५४	७८।३४	−१५।४४	+०५।२८	कडपा	१४।२८	७८।४९	−१४।४४	+०६।२८	कुमठा	१४।२५	७४।२४	−३२।२४	−११।१२
अचलपुर	२१।१९	७७।३०	−२०।१०	+०१।१२	आसनसोल	२३।४२	८७।२०	+१९।२०	+४०।३२	कडी	२३।१८	७२।२०	−४०।४०	−१९।२८	करूड़वाड़ी	१८।०५	७५।२५	−२८।२०	−०७।०८
अजन्ता	२०।३६	७५।३६	−२७।३६	−०६।२४	इगतपुरी	१९।४२	७३।३५	−३५।४०	−१४।२२	कडोद	२१।१३	७३।१४	−३७।०४	−१५।५२	कुशलगढ़	२३।०८	७४।२७	−३२।१२	−११।००
अजमेर	२६।२७	७४।४०	−३१।२०	−१०।०८	इचलकरंजी	१६।४१	७४।२७	−३२।१२	−११।००	कटक	२०।२८	८५।५८	+१३।३६	+३४।४८	कूचबिहार	२६।२०	८९।२५	+२७।४०	+४८।५२
अनन्तपुर	१४।४०	७७।३५	−१९।४०	+०१।३२	इटारसी	२२।३७	७७।४६	−१८।५६	+०२।१६	कटनी	२३।५०	८०।२३	−०८।२८	+१२।४४	कृष्णा	१६।२५	७७।१९	−२२।४४	+००।२८
अनन्तनाग	३३।४४	७५।१०	−२९।२०	−०८।०८	इटावा	२६।४७	७९।०२	−१३।५२	+०७।२०	कटोमण	२३।२८	७२।१४	−४१।०४	−१९।५२	केशरीयाजी	२४।०५	७३।४०	−३५।२०	−१४।०८
अमरेली	२१।३६	७१।१२	−४५।१२	−२४।००	इटावा बीना	२४।१०	७८।११	−१७।१६	+०३।५६	कोण्णूर	११।५१	७५।२१	−२८।३६	−०७।२४	कोचीन	०९।५८	७६।१५	−२५।००	−०३।४८
अमरावती	२०।५६	७७।५१	−१८।३६	+०२।३६	इन्दरगढ़	२५।४४	७६।१२	−२५।१२	+०४।००	कन्याकुमारी	०८।०४	७७।३६	−१९।३६	+०१।३६	कोटा	२५।११	७५।५०	−२६।४०	−०५।२८
अमलनेर	२१।०३	७५।०३	−२९।४८	−०८।३६	इन्दौर	२२।४३	७५।५३	−२६।२८	+०५।१६	कन्नौज	२७।०२	७९।५८	−१०।०८	+१०।५६	कोटायम	०९।०५	७६।३२	−२३।५२	−०२।४०
अमृतसर	३१।३८	७४।५३	−३०।२८	−०९।१६	इलाहाबाद	२५।२८	८१।५२	−२।३२	+१२।४०	कपडवंज	२३।०२	७३।०५	−३७।४०	−१६।२८	कोडाइकेनाल	१०।१४	७७।२८	−२०।०८	+०१।०४
अयोध्या	२६।४८	८२।१४	−०१।०४	+२०।००	इलोरा	२०।०५	७५।१०	−२९।२०	−०८।०८	कपूरथला	३१।२२	७५।२२	−२८।३२	−०७।२०	कोल्हापुर	१६।४२	७४।१३	−३३।०८	−११।५६
अलवर	२७।३४	७६।३८	−२३।२८	−०२।१६	ईडर	२३।५०	७३।००	−३८।००	−१६।४८	करजत	१८।५५	७३।२०	−३६।४०	−१५।२२	कोन्नूर	११।२०	७६।४८	−२२।४८	−०१।३६
अल्लेपि	०९।३०	७६।२२	−२४।३२	−०३।२०	उज्जैन	२३।११	७५।४३	−२७।०८	−०५।५६	करमाला	१८।२४	७५।१२	−२९।१२	−०८।००	क्वीलोन	०८।५३	७६।३८	−२३।२८	−०२।१६
अलमोड़ा	२९।३७	७९।४०	−११।२०	+०९।५२	उधना	२१।१२	७२।५४	−३८।२४	−१७।१२	कर्णूल	१५।५०	७८।०३	−१७।४८	+०३।२४	कच्छभुज	२३।१५	६९।४०	−५१।२०	−३०।०८
अलीबाग	१८।३९	७२।५०	−३८।४०	−१७।३६	उमरखेड	१९।३६	७७।४१	−१९।१६	+०१।५६	करनाल	२९।४२	७७।०२	−२१।५२	−००।४०	कांगड़ा	३२।०९	७६।१८	−२४।४८	−०३।३६
अलीगढ़	२७।५४	७८।०५	−१७।४०	+०३।२८	उटकमंड	११।१७	७६।४४	−२३।०४	−०१।५२	करमसद	२२।३४	७२।५४	−३८।२४	−१७।१२	कालाबाग पा.	३२।५८	७१।३६	−४३।३६	−२२।२४
अहमदनगर	१९।०५	७४।४४	−३१।०४	−०९।५२	उदयपुर मेवा.	२४।३५	७३।४२	−३५।१२	−१४।००	करीमनगर	१८।२८	७९।०६	−१३।३६	+०७।३६	काबुल अफ.	२४।२७	६९।०६	−५३।३६	−३२।२४
अहमदाबाद	२३।०२	७२।३७	−३९।३२	−१८।२८	उन्नाव	२६।३३	८०।३०	−८०।००	+१३।०४	कलकत्ता	२२।३५	८८।२३	+२३।३२	+४४।४४	काशी	२५।२०	८३।००	+०२।००	+२३।१२
आँबलीयासण	२३।१७	७२।२५	−४०।२०	−१९।०८	उम्बरगाँव	२०।१२	७२।४४	−३९।०४	−१७।५२	कलोल	२३।१४	७२।२८	−४०।०८	−१८।५६	काडी लंका	०७।२०	८०।४५	−०७।००	+१४।१२
आगरा	२७।११	७८।०२	−१७।५२	+०३।२०	उमरकोट	२२।४७	७४।५०	−३०।४०	−०९।२८	कांचीपुरम	१२।५०	७९।४३	−११।०८	+१०।०४	कायमगंज	२७।३५	७९।२१	−१२।३६	+०८।३६
आगास	२२।३०	७२।५४	−३८।२४	−१७।१२	उमरेठ	२२।४२	७३।०८	−३७।२८	−१६।१६	काकीनाडा	१६।५९	८२।१३	−१ ।०८	+२०।०४	किश्तवाड़	३३।१२	७५।४८	−२६।४८	−०५।३६
आजमगढ़	२६।०५	८३।१२	+०२।४८	+२४।००	उल्लासनगर	१९।१३	७३।०७	−३७।३२	−१६।२०	कानपुर	२६।२७	८०।२१	−८ ।३६	+१२।३६	कुरुक्षेत्र	२९।५८	७६।४८	−२२।४८	−०१।३६
आणंद	२२।३५	७२।५८	−३८।०८	−१६।५६	उस्मानाबाद	१८।०८	७६।०५	−२१।४०	−००।२८	काठमांडू ने.	२७।४२	८५।१७	+११।०८	+३२।२०	कैम्बलपुर पा.	३३।४८	७८।१८	−४०।४८	−१९।३६
आदिलाबाद	१९।४०	७८।३१	−१५।५६	+०५।१६	ऊधमपुर	३२।५५	७५।०७	−२९।३२	−०८।२०	कानानोर	११।५२	७५।२५	−२८।२०	−०७।०८	कोलम्बो	०६।५६	७९।५६	−१०।२६	+१०।४६
आदोनी	१५।३४	७७।१८	−२०।४८	+००।२४	उडीपी	१३।२१	७४।४५	−३१।००	−०९।४८	कामठी	२१।१०	७९।१२	−१३।१२	+०८।००	खंडवा	२१।५०	७६।२०	−२४।४०	−०३।२८
आबू	२४।३७	७२।४३	−३९।०८	−१७।३६	ऊंझा	२३।४७	७२।२४	−४०।२४	−१९।१२	कारंजा	२०।२९	७७।२९	−२०।०४	+०१।०८	खंडाला	१८।४५	७३।२२	−३६।३२	−१५।२०
आमोद	२२।००	७२।५३	−३८।२८	−१७।१६	एकलिंगजी	२४।४६	७३।४३	−३५।०८	−१३।५६	कारबार	१४।४८	७४।०८	−३३।२८	−१२।१६	खंभात	२२।१९	७२।३६	−७९।३६	−१८।२४
आरकोणम	१३।०६	७९।४१	−११।१६	+०९।५६	एटाकासगंज	२७।३५	७८।४१	−१५।१६	+०५।५६	कालपी	२६।०८	७९।४५	−११।००	+१०।१२	खंभालिया	२२।१२	६९।४०	−५१।२०	−३०।०८

देशान्तर =दिल्ली से पूर्व+ पश्चिम—अन्तर

अक्षांशादि सारिणी

स्टैण्डर्ड अन्तर-स्थानीय टाइम और स्टैण्डर्ड टाइम का अन्तर

नगर नाम	उत्तर अक्षांश अं. कं.	पूर्व रेखांश अं. कं.	स्टैण्डर्ड अन्तर मि.सै.	देशान्तर मि.सै.
खड़गपुर	२२।२०	८७।१९	+१९।१६	+४०।२८
खाराघोड़ा	२३।१०	७१।४२	−४३।१२	−२२।००
खुर्जा	२८।१४	७७।५१	−१८।३६	+०२।३६
खेडब्रह्मा	२४।०३	७३।०४	−३७।४४	−१८।३२
खेडा	२२।४५	७२।४०	−३७।२०	−१८।०८
खेरालु	२३।५४	७२।३८	−३७।२८	−१८।१६
खैरपुर	२७।२८	६८।४७	−५४।५२	−२३।४०
गया	२४।४८	८५।०१	+१०।०४	+३१।१६
ग्वालियर	२६।१४	७८।१०	−१७।२०	+०३।५२
गाजीपुर	२५।३६	८३।३५	+०४।२२	+२५।३४
गिद्धौर	२४।५१	८६।०७	+१४।२८	+३५।४०
गिलगित्त	३५।५४	७४।२२	−३२।३३	−११।२१
गुरदासपुर	३२।०३	७५।२७	−१८।१२	−०७।००
गोरखपुर	२६।४७	८३।२४	+०३।३६	+२४।४८
गोण्डा	२७।१०	८१।५७	−०२।१२	+१९।००
गोवा	१५।२५	७३।४७	−३४।५२	−१३।४०
गोहाटी	२६।११	९१।४५	+३७।००	−५८।१२
चित्तौड़गढ़	२४।५४	७४।४२	−३१।१२	−१०।००
चित्रकूट	२५।१२	८०।५४	−०६।२४	+१४।४०
चेरापूंजी	२५।१६	९१।४५	+३७।००	+५८।१२
चम्बा	३२।२५	७६।१०	−२५।२०	−०४।०८
चण्डीगढ़	३०।४०	७६।५२	−२२।३२	−०१।२०
छतरपुर	२४।५५	७९।३६	−११।३६	+०९।३६
छपरा बिहार	२५।४७	८४।४१	+०८।४४	+२९।५६
छिबरा मऊ	२७।१०	७९।२९	−१२।०४	+०९।०८
जगन्नाथपुरी	१९।४८	८५।५०	+१३।२०	+३४।३२
जबलपुर	२३।१०	७९।५८	−१०।०८	+११।०४
जयपुर	२६।५५	७५।५०	−२६।४०	−०५।२२
जलपाई गुडी	२६।३२	८८।४६	+२५।०४	+४६।१६
जम्मू	३२।४४	७४।५४	−३०।२४	−०९।१२
जसवन्त नगर	२६।५१	७८।५५	−१४।२०	+०६।५२
जालन्धर	३१।१९	७५।३५	−२७।४०	−०६।२८
जामनगर	२२।२७	७०।०५	−४९।४०	−२८।२२
जैसलमेर	२६।५५	७०।५७	−४६।१२	−२५।०८
जोधपुर	२६।१८	७३।०२	−३७।५२	−१६।४०
जौनपुर	२५।४६	८२।५३	+००।५२	+२२।०४
भाव विचार- यह ग्रह ५-९-१०-११ वें स्थान में शुभ और अन्य स्थानों में अशुभ माना गया है। लग्न में हर्शल हो तो मनुष्य विलक्षण स्वभाव का होगा। किन्तु मिथुन, तुला, कुम्भ राशि का हो तो तीव्र बुद्धि और शोधक होगा। द्वितीय भाव में हो तो कौटुम्बिक सुख के लिए प्रतिकूल और अशुभ राशि का हो तो द्रव्य- हानि। तृतीय भाव में भ्रातृ सुख विघातक, सदा स्थानान्तर, यान्त्रिक वाहन से प्रवास योग। चतुर्थ भाव में आप्तवर्गों से शत्रुत्व, आयुष्य के अन्त समय में द्रव्य-हानि भूमि-सम्बन्धी कलह। पंचम भाव में सन्तति प्रतिबन्ध अथवा नाश, सन्तति सुख का अभाव। षष्ठ भाव में मातुल सुख का अभाव, रोग वृद्धि। सप्तम भाव में वैवाहिक जीवन दाम्पत्य सुख का नाश, परराष्ट्र सम्बन्ध। अष्टम भाव में आकस्मिक मृत्यु। नवम भाव में धार्मिक संस्था से सम्बन्ध, शास्त्रीय शोध में रुचि। दशम भाव में अधिकारी वर्ग से सम्बन्ध। ग्यारहवें भाव में कायदे कौंसिल देशी संस्था आदि से सम्बन्ध। बारहवें भाव में द्रव्य हानि, ऋण-योग, शत्रु के कारण कष्ट।

नेपच्यून का संक्षिप्त फल-विचार

सूर्य की प्रदक्षिणा करने में इस ग्रह को लगभग १६५ वर्ष का समय लगता है, अर्थात् एक राशि में लगभग १३$\frac{3}{4}$ वर्ष तक रहता है। यह जल राशि ग्रह है। अर्थात् मीन इसकी राशि है। इसका आशय यह नहीं है कि मीन राशि का स्वामी बृहस्पति नहीं है, प्रत्युत मेष और वृश्चिक का स्वामी मंगल होते हुए भी जैसे वृश्चिक का केतु स्वराशि का समझा जाता है वैसे ही मीन का नेपच्यून स्वगृही माना जाता है। इसका अर्थ, धर्म गुरु चन्द्रमा के समान शुभ है। जल में रंग मिलने से जिस प्रकार जल का रंग बदल जाता है- उसी प्रकार नेपच्यून से जो ग्रह युक्त होगा, वैसे ही वह फल देता है। इसका प्रभाव रुधिराभिसरण में अधिक होता है। यह ग्रह १-५-९वें स्थान में सत्वप्रधान, २-४-६-८-१२ वें में तम प्रधान, ३-७-१०-११वें स्थान में रज प्रधान समझा जाता है। किन्तु यदि अशुभ स्थान और राशि में हो तो मनुष्य का स्वभाव पापवृत्ति की ओर होता है। इस ग्रह को ११-७-३-४-१२ इस क्रम से राशि प्रियतर है। शेष राशियां अप्रिय हैं। यह ग्रह १-३-५-९-११वें स्थान में कर्क, वृश्चिक, मीन, मिथुन, तुला राशि में स्थित हो तो ऊँचा फल मिलना निश्चित है।

भावफल- लग्न में नेपच्यून हो तो जल प्रवासी, गौरवपूर्ण, निद्रारोगी। दूसरे भाव में हो तो साम्पत्तिक-हानि, कुटुम्ब-हानि। तीसरे भाव में १-३-५-९-११वें स्थान के स्वामी शुभ योग करता हो तो प्रवास से लाभ, मानसिक उत्कर्ष। चतुर्थ भाव में माता को कष्ट, सांपत्य मातृ योग, पापग्रह से युक्त हो तो कारावास, कृषि में हानि। पंचम भाव में पंचमेश और गुरु से युक्त हो तो पुत्र सन्तति, पंचमेश और शुक्र से युक्त हो तो कन्या सन्तति, शुक्र से अशुभ योग करता हो तो व्यभिचार वृत्ति। छठे भाव में र. चं. से युक्त या दृष्ट हो तो मूत्राशय रोग, अतिसार, संग्रहणी, विश्वासघात। ७वें भाव में सुन्दर रूप और स्वभाव की स्त्री का लाभ, स्त्री राशि या स्त्री ग्रह से युक्त हो तो स्त्री से लाभ, पापग्रह से पीड़ित हो तो स्त्री कष्ट। श. मं. रा. से युक्त और दृष्ट हो तो अत्यन्त अशुभ। अष्टम भाव में शुभ ग्रह से युक्त हो तो आकस्मिक लाभ पापग्रह से युक्त और दृष्ट हो तो गुह्य भाग में विकार, राज दरबार में हानि। नवम् भाव में चर राशि का हो तो प्रवासी। दशम भाव में हो तो पिता को कष्ट, व्यापार में हानि। ग्यारहवें भाव में हो तो मित्र, जामाता, बन्धु लाभ आदि विचार करें। बारहवें भाव में चन्द्र से युक्त हो तो जहाज में नौकरी का योग, मंगल से युक्त हो तो अस्पताल सम्बन्धी नौकरी, शनि से युक्त हो तो गुप्त विभाग की नौकरी। यह ग्रह हर्शल से अधिक सामर्थ्यवान है। संक्षिप्त परिचय यहाँ दिया गया है। इस भाव की राशि, स्वामी, ग्रह-दृष्टि ग्रहपूर्ति आदि का शुभाशुभ विचार कर फलादेश कहना चाहिए।

मंगली योग परिहार- यदि कन्या की जन्मकुण्डली में १-४-७-८-१२वें घर में मंगल हो और केन्द्र त्रिकोण १-४-५-७-९-१०वें वृहस्पति हो तो मंगली दोष न होकर वह कन्या सुख-सौभाग्य सम्पन्न रहती है। यथा-

"वाचस्पतौ नवमपंचमकेन्द्र-संस्थे जाताऽङ्गना भवति पूर्ण-विभूतियुक्ता।
साध्वी सुपुत्रजननी सुखिनी गुणाढ्या सप्ताष्टके यदि भवेदशुभग्रहोऽपि।।"

श्री शरभ यन्त्रार्चन-पद्धति

"भूपेन्द्र दत्त शर्मा"

शाक्त-सम्प्रदाय की विशेषता

भारतीय आगम-शास्त्रों के अध्ययन से परिचय प्राप्त करके यह मत प्रसन्नता पूर्वक प्रति-पादित किया जा सकता है कि "तन्त्र" ही एक ऐसी साधना-पद्धति है, जिसमें चतुवर्ण प्रवेश की सुविधा है। वैदिक कर्म-काण्डों की जटिलता व पात्रता के Controvertial सिद्धान्तों से त्राण देने के लिए "तन्त्र" एक सुगम-प्रणाली (System) है। वेद के अनाधिकारी तथा शुचिता का शास्त्रानुकूल व्यवहार करने में असफल मनुष्य तन्त्र के मार्ग से भोग व योग के ऐश्वर्य का अनुभव करता हुआ परमात्मा में लीन होने का अभ्यस्त हो मुक्ति का अधिकारी बन जाता है। यद्यपि तन्त्र एक "गुह्य-मार्ग" है। इस मार्ग का अनुसरण करने के लिए वैष्णव-शाक्त-शैव-गाणपत्यादि सम्प्रदायों में से किसी एक सम्प्रदाय को स्वीकार करना भी परमावश्यक है। इन सभी सम्प्रदायों में " शाक्त-सम्प्रदाय" इस विषय के प्रति अति-महत्वपूर्ण सम्प्रदाय माना गया है। इस तन्त्र-मार्ग के अति-गुह्य-सिद्धान्त-सूत्र-साधना का ज्ञानात्मक व प्रयोगात्मक दोनों रूपों का ज्ञान "शाक्त-सम्प्रदाय" में प्रविष्ट हुए बिना कदापि सम्भव नहीं बन पड़ता। "शाक्त-सम्प्रदाय" में मुख्यतः "दश-महाविद्याओं" की साधना प्रधान है। तन्त्र-शास्त्रों में स्पष्ट रूप से उद्घोष है कि विभिन्न देवता विभिन्न युगों में फल देते हैं, किन्तु चारों युगों में फल-प्रदान करने की सामर्थ्य एक मात्र "दश-महाविद्याओं" में ही है। आम्नाय-क्रम" के आधार पर जब शिष्य की दीक्षा, शाक्तभिषेक व पूर्णाभिषेक संस्कार श्री गुरूदेव करते हैं, तभी शिष्य तन्त्र-साधना का पूर्णाधिकारी समझा जाता है। " आम्नाय-क्रम" से साधक-शिष्य "दश-महाविद्याओं" में से अपनी इष्ट महाविद्या की क्रियात्मक रहस्यमयी "चक्र-पूजा" (निशार्चन) के रहस्य से परिचित होता है और इन्हीं महाविद्याओं के अन्तर्गत ही अन्य विशिष्ट देवी/देवता के परिचय साथ-साथ................ देहली-द्वार साधन, त्रि-पथ व चतुष्पथ-साधन, बिल्व-मूल-साधन, वीर-साधन एवं लता-साधना जैसी गुह्य-साधनाओं का ज्ञान-साधना-पद्धति की प्राप्ति भी सुलभता से कर लेता है (किन्तु इनकी साधना वीर-भावोक्त रूप से होती है। पहले साधक पशु-भाव में ही रहता है तत्पश्चात् वह वीर-भाव की प्राप्ति करता है। लेख-विस्तार के भय से यहाँ यह सब समझाना सम्भव नहीं। इसके लिए अपने श्री गुरूदेव का सान्निध्य व सद् तन्त्र-ग्रन्थों का अध्ययन करें)। इन्हीं साधना-पद्धतियों में ही भगवान् श्री शरभेश्वर की साधना भी है, जो अति-सामर्थ्यवान् शीघ्र फलदायी है। जिसकी साधना-शक्ति के बल पर साधक अभीष्ट कार्यों में सफलता, असाध्य रोगों पर विजय, वाह्य और आन्तरिक शत्रुओं का अचूकता से दमन करने में समर्थ हो जाता है। अस्तु ....

पद्धति-परिचय

गत सम्वत् श्री विश्वविजय-पञ्चांग में " निग्रह-दारूण-सप्तक" लेख-विधान के अन्तर्गत भगवान् श्री शरभेश्वर (पक्षीराज) के परिचय से प्रभावित हो स्नेही पाठकों से यह प्रेरणा प्राप्त हुई कि इस विषय पर अन्य कुछ और भी लिखा जाए (वैसे, भविष्य में इस लेखन-परम्परा के अन्तर्गत ही जिज्ञासु स्नेही पाठकों व साधकों के लाभार्थ क्रमशः " श्री क्रोधराज-साधन, श्री नृसिंह पूजा-पद्धति, श्री बटुक भैरव पूजा-पद्धति, श्री घण्टाकर्ण कल्प-विधान, वृहद शिवा बलि-विधान, बीज मन्त्रात्मक सप्तशती, श्मशान काली-सहस्रनाम, श्री त्वरिता मन्त्र-विधान, लता-स्तोत्र, योनि-कवच, योनि-स्तोत्र, रजस्वला-स्तोत्र, जालन्धरनाथ सम्प्रदायान्तर्गत पियाग-कपालिक मन्त्र-साधनादि" असंख्य साधना-विषयों को प्रस्तुत किया जाएगा)। श्री शरभेश्वर का साहित्य प्रायः कम ही रूप में प्रकाशित है। मेरे अल्प ज्ञान के अनुसार मात्र दो ही ग्रन्थ स्वतन्त्र रूप से इन पर प्रकाशित हैं। इनमें एक ग्रन्थ तो पूज्यपाद "राष्ट्र-गुरु" स्वामी जी

द्वारा संकलित एवं श्री पीताम्बरा–संस्कृत–परिषद् (दतिया) से प्रकाशित "शरभ–तन्त्र" और दूसरा ग्रन्थ श्री काया–माया–रिचर्स–संस्थान (दिल्ली) से प्रकाशित "आकाश–भैरव–कल्प"। दोनों ही ग्रन्थ अति–सुन्दर व विशिष्ट साधना–विषयों से सुसज्जित हैं। जिज्ञासु पाठकों को अवश्य ही इन ग्रन्थों का अध्ययन कर ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। महा–महोपाध्याय डा० श्री गोपीनाथ जी कविराज ने भी अपने "तान्त्रिक–साहित्य" नामक सुविख्यात ग्रन्थ में श्री शरभेश्वर साधना से सम्बन्धित अनेक ग्रन्थों का उल्लेख किया है, जो हस्त–लिखित अवस्था में कई संस्थानों में सुरक्षित हैं। कुछ ग्रन्थ हस्त–लिखित अवस्था में ही व्यक्तिगत पुस्तकालयों में संग्रहित हैं, जिनके विषयों का ज्ञान पुस्तकालय स्वामी ही जानते होंगे! इस अल्पज्ञ लेखक के व्यक्तिगत पुस्तकालय मे भी "श्री शरभ यन्त्रार्चन–पद्धति" नामक प्राचीन हस्त–लिखित ग्रन्थ है। जिसके विषय निम्न प्रकार से हैं– प्रातः कृत्य, अर्चन–पद्धति, काम्य प्रयोग, कवच, सहस्रनाम, शरभाष्टक, मन्त्र–विधान, निग्रह–दारूण–सप्तक, चित्कलाकर्षण मन्त्र, दिव्य शतनाम–स्तोत्र, शरभ–माला–मन्त्र एवं (पृथक रूप से) शरभ–षट् प्रयोग। "शरभ–तन्त्र" में कुछ ऐसे विषय है जो उक्त ग्रन्थ से मेल पाते हैं। जैसे अर्चन–पद्धति, काम्य प्रयोग किन्तु यह मेल शब्दाक्षर रूपी पाठ–भेद प्रकट कराता है। "आकाश–भैरव–कल्प"से भी सहस्रनाम, कवच व काम्य प्रयोगादि विषयों में काफी पाठ–भेद पाया गया। प्रस्तुत जो "अर्चन–पद्धति" है, वह संक्षिप्त है। भविष्य में इसी संक्षिप्त अर्चन–पद्धति को वृहद् पद्धति के रूप में दिशा–मार्ग निर्देशानुसार सहित श्री विश्वविजय–पञ्चांग में ही प्रस्तुत करेंगे। वैसे शाक्त–साधक (जो चक्र–पूजा के मर्मज्ञ हो अथवा शाक्त–सम्प्रदाय के रहस्यों–साधनों से परिचित हों) अपने साधन–अभ्यास के आधार पर प्रस्तुत अर्चन–पद्धति को सरलता पूर्वक पूर्ण–विधि सहित प्रयोग करने में दक्ष होते हैं। उनके स्वयं के लिए यह विषय सरल ही नहीं अपितु वह अन्यों को भी विधिवत् रूप से समझाने में प्रवीणता प्राप्त किए हुए होते हैं।

विद्जनों की दृष्टि में शरभ

जन साधारण को भगवान् श्री शरभेश्वर का परिचय–ज्ञान कम ही मात्रा में हैं। इसका मूल कारण इनके विषय में प्रकाशित साहित्य की कमी है। कुछ विद्वान इनके विषय साधनों का ज्ञान विशिष्ट रूप से रखते हैं। किन्तु जन साधारण अथवा जिज्ञासु साधकों के ज्ञान साधन लाभार्थ कुछ भी प्रकट करने का प्रयत्न नहीं करते। और कुछ विद्जन ऐसे भी हैं जो अपूर्ण अथवा भ्रमित परिचय देते हैं। प्रमाण स्परूप हमारे पास एक अति–विशिष्ट विद्वान का पत्र है, जिसमें उन्होंने लिखकर भेजा है कि शरभ ही एक मात्र आठ पैरों वाला ऐसा प्रबल जीव था, जो सिंह को भी पछाड़ सकता था। भगवान् श्री विष्णु ने ही (?) श्री नृसिंह भगवान् का क्रोध शान्त करने के लिए " शरभावतार" लिया था। इसीलिए शरभेश्वर के रूप में भगवान श्री विष्णु की ही पूजा होती है क्योंकि "सर्वदेव नमस्कारं केशवं प्रति गच्छन्ति"। अब इन विद्वान के विषय में क्या कहें? संस्कृत–हिन्दी शब्द–कोष के रचनाकार श्री वामन राम जी आप्टे भी शरभ के अर्थ को पूर्ण रूप से प्रकट नहीं कर पाए। उन्होंने "शब्द–कोष" में (पृष्ठ १००५ पर) शरभ का अर्थ इस प्रकार से दिया है, शरभः – (१) हाथी का बच्चा (२) आख्यायिकाओं में वर्णित आठ पैर का जन्तु ज़ो सिंह से भी बलवान होता है। किन्तु श्री आप्टे यदि यह भी उल्लेख कर देते कि "पुराणों में वर्णित श्रीनृसिंह के क्रोध–शमन हेतू भगवान् शिव का शरभावतार" तो अर्थ समझने में कठिनाई नहीं होती। ब्रह्माण्ड–पुराण के उत्तर भाग से उद्घृत श्री ललिता सहस्रनाम (जो शाक्त–साधकों का साधनात्मक तन्त्र–ग्रन्थ भी है) से प्रत्येक साधक–वर्ग परिचित है। श्री विद्या के परम साधक श्री भास्कर राय जी ने इस सहस्रनाम पर "सौभाग्य–भास्कर" भाष्य–टीका भी लिखी, जो परान्बा के रहस्यों को बड़े ही ज्ञान–वर्धक ढंग से प्रकट करती है। इसी सहस्रनाम के फलश्रुति भाग (श्लोक २६७ की टीका) में श्री विद्योपासक ने लिखा है –

शरभेश्वरस्तदाख्यः शिवस्यावतारः नृसिंहावतारस्य विष्णुरपनयनायेति लैंगे कालिका पुराणौ च प्रसिद्धम्।

"आकाश–भैरव–कल्प" के संशोधक व व्याख्याकार कविराज पं० नानक चन्द जी शर्मा ने ग्रन्थ के मंगलाचरण में एवं आचार्य डा० रूद्रदेव जी त्रिपाठी ने "श्री बटुक–भैरव–साधना" व "रूद्रयामल–तन्त्र" में बड़े ही सुन्दर–सैद्धान्तिक–मौलिक ढंग से भगवान् श्री शरभेश्वर की महत्ता व परिचय को साधक–समुदाय के मध्य प्रस्तुत किया है।

पुराणों व प्राचीन–अर्वाचीन–संकलित तन्त्र–ग्रन्थों में भगवान् श्री शरभेश्वर के मन्त्र, स्तुति–स्तोत्र, साधना व कथादि प्रसंगो का उल्लेख स्थान–स्थान पर प्राप्य है। मेरू–तन्त्र, पुरश्चर्यार्णवः तन्त्र, मन्त्र–शास्त्र, मन्त्र–कोष, श्री बगलामुखी–रहस्य, साधना–रहस्य, श्री बटुक–भैरव–साधना, शिवोपासनांक. आदि नवीन व प्राचीन, संकलित अथवा स्वतन्त्र विषयक तन्त्र–ग्रन्थों में, न्यूनाधिक रूप में इनके मन्त्र–साधन–प्रयोग अथवा विशिष्ट कार्य महत्ता का वर्णन प्राप्त होता है। प्रयाग से प्रकाशित "शाक्त–धर्म" की सु–प्रतिष्ठित पत्रिका "चण्डी" में भी समय–समय पर इनके दुर्लभ विषय प्रकाशित होते रहते हैं।

कार्य-महत्ता

जिस समय साधक को " वीर–भावोक्त" श्मशान–साधना करनी अनिवार्य होती है तो उस स्थिति में श्मशान–साधना से पूर्व साधक को "शरभ–अघोर–पाशुपात–सुदर्शन–खड्ग रावण–क्रोधराज" जैसे विशिष्ट मन्त्र–विधानों से स्वयं को संरक्षित कर लेना चाहिए। ऐसा निर्देश तन्त्र–शास्त्रों में स्पष्ट रूप से दिया गया है। इस विषय में "शक्ति–संगम–तन्त्र" का कथन है –

दुर्गा विघ्नं च शरभ घोरं च सुदर्शनं, एता समय– विद्यास्तु जपेत् प्रत्यूह– शान्तये।

उक्त कथन से श्री शरभेश्वर की महत्ता ज्ञात होती है। इतना ही नहीं इसी कथन के समान भगवान् श्री शरभेश्वर की कृपा अपने साधकों पर ही नहीं होती। अपितु ये अन्य देवी–देवताओं के साधकों का संरक्षण भी करते हैं और उन साधकों पर कृत्याभिचारादि करने वाले शत्रुओं को घोर दण्ड भी देते हैं। श्री ललिता सहस्रनाम में कहा भी गया है (फलश्रुति श्लोक २६७) –

यस्त्विदं नाम साहस्रं सकृत पठति भक्तिमान्। तस्य ये शत्रवस्तेषां निहन्ता शरभेश्वरः।।

परम सौभाग्य है उन साधकों का जिनके आराध्य देव भगवान श्री शरभेश्वर हैं। इनके साधकों के प्रति शत्रु स्वप्न में भी अहित करने का विचार नहीं रखते। यह बात भी पूर्ण सत्य है कि इनकी साधना कोई साधारण नहीं, कठोर व उग्र है। किन्तु है शीघ्र फल–प्रद। यही कारण है कि "आकाश–भैरव–कल्प" में जितने भी (इनसे सम्बन्धित) प्रयोग–विधान वर्णित हैं, उन सभी को प्रत्यक्ष सिद्धि–प्रद कहा गया है।

कुछ स्पष्टीकरण

१– इनके कई प्रकार के ध्यान तन्त्र–ग्रन्थों में उल्लेखित हैं। गत सम्वत् के पञ्चांग में जो ध्यान प्रकाशित किया गया था, वह वृहद् रूप में था। अधिकांश साधक "चन्द्रर्कााग्निस्त्रि–दृष्टिः .... शरभः शालुवः पक्षिराजः" तक ही ध्यान अपनाते हैं अथवा कुछ अन्य ध्यानों को स्वीकारते हैं। अन्य ध्यानों में एक ध्यान यह भी है "मृगरत्वर्ध–शरीरेण पक्षाभ्या .... अष्ट–पादाय रूद्राय नमः शरभ–मूर्तये" जो उसी वृहद्ध्यान के अन्तिम दो श्लोक हैं। पञ्चाग में जो ध्यान है, वही ध्यान प्रयाग (कल्याण मन्दिर प्रकाशन) से प्रकाशित बहु–प्रसंशित व अति–उपयोगी अनुसन्धानात्मक ग्रन्थ "मन्त्र–कोष" (पृष्ठ ७८) में भी दिया गया है। किन्तु "श्री बटुक–भैरव–साधना" (पृष्ठ १८८) मे यही ध्यान (कुछ पाठ भेद सहित) दो भागों मे करके दिया है। "पुरश्चर्यार्णवः तन्त्र (पृष्ठ ७०४, "मेरू तन्त्र" ३१ वें प्रकाश से उद्धृत) मे इस ध्यान का स्वरूप कुछ इस प्रकार है–

चन्द्रार्काग्निस्त्रि–नयनं काली–दुर्गा द्वि–पक्षकम्। विद्युज्जिह्वं वज्र–नखं वडवाग्न्युदरं तथा।।

व्याधि–मृत्यु–रिपुघ्नं चण्ड–वातातिवेगिनम्। रुद्र–भैरव–स्वरूपं च वैरि–वृन्द–निषूदनम्।।

मृगरस्त्वर्ध–शरीरेण पक्षाभ्यां चञ्चुना–द्विजः। अधो–वक्त्रश्चतुष्पादस्तूर्ध्व–वक्त्रश्चतुर्भुजः।।

कालान्त–दहन–प्रख्यो नील–जीमूत–निःस्वनः। अरिर्यद्–दर्शनादेव विनष्ट–बल–विक्रमः।।

सटाच्छटोग्र–रूपाय पक्ष–विक्षिप्त–भूभृते। अष्ट–पादाय रूद्राय नमः शरभ–मूर्तये।।

"आकाश–भैरव–कल्प" व "शरभ–तन्त्र" के अध्ययन से साधकों को यह निर्णय भी ज्ञात हो जायेगा कि प्रत्येक पाठ–विधान (कवच–सहस्रनाम–स्तोत्रादि) व काम्य–प्रयोगो के लिए पृथक–पृथक ध्यान करने चाहिए। प्रसंग वश यहाँ दो और मुख्य ध्यान प्रस्तुत करते हैं –

प्रथम ध्यान :-

महा–मेरू समाकारं अष्ट–पादं रवि–प्रभम्। द्वा–त्रिंशद् बाहु संयुक्तं सूर्य–सोमाग्नि–लोचनम्।।

दुर्गा–काली द्वि–पक्षं च सुतीक्ष्ण घन–गर्जितम्। ऊर्ध्व–केशं महा–बाहुं नानालंकार–भूषितम्।।

वज्रमुष्टय–भयं चक्रं–शक्तिं दण्डांकुशौ तथा। खड्ग–खट्वांग–परशूनक्ष–मालास्थि शूलकम्।।

धनुश्च–मुशलं चाग्नि दधानं दक्षिणैः करैः। वरदं–पाश–हस्तं च गदा बाण–ध्वजौ तथा।।

क्रक च क्रोड शंखौ च खेटं नागं च पंकजम्। कपालं–पुस्तकं कुन्तं दुर्गाश्लिष्ट कारम्बुजम्।।

हलं वामे दधानं च भीषणं कर– पंकजैः। दंष्ट्रोल्लासं महा–सिंहच्छटाच्छट–नि–पिड़ितम्।।

द्वितीय ध्यान :-

वन्देऽहं घोर–घोर–प्रबल–तर महा–गण्ड–भेरुण्ड–सिंहम्। व्याघ्राश्व–क्रौड़े शाखा–मृग–खग–वनराट्–भल्लुकाद्यष्ट–वक्त्रम्।।

द्वा–त्रिंशत्–कोटि–बाहु–ज्वल–मुशल–गदा–शंख–चक्रादि–हेतुम्। विभ्राणां भीम–दंष्ट्रं शरभ–खल–गजान् भक्षयन्तं नृसिंहम्।।

२– जिज्ञासुओं का प्रश्न है कि जब श्री शरभेश्वर वैष्णव–सम्प्रदाय में भी पूजित हैं तब इनका "निग्रह–दारूण–सप्तक" भगवान श्री विष्णु अथवा श्री नृसिंह के मन्दिर या समक्ष क्यों नहीं करना चाहिए ? उत्तर रूप में यहाँ यह स्पष्टीकरण है कि उक्त निर्देश उन व्यक्तियों के लिए है जो सविधि रूप से दीक्षित न हुए हों ! अथवा जिज्ञासुजन बिना विचार किए ही मात्र अभिचारिक प्रयोग के उद्देश्य से काम्य–कर्म हेतू इस स्तोत्र को माध्यम बनाते हों। सविधि–पूर्वक दीक्षित साधक के लिए यह नियम विचारणीय नहीं है। वैसे यही निर्देश कुछ विद्जनों ने "सहस्रनाम" पाठ के लिए भी दिया है। उदाहरण स्वरूप चौमूँ (राजस्थान) निवासी पं० श्री गोविन्द जी शास्त्री (जो श्री शरभेश्वर के गुह्य–विषयों के ज्ञाता भी हैं) ने अपनी "मन्त्र–विज्ञान" (पृष्ठ ११३) नामक कृति में स्पष्ट लिखा है कि "मारण–प्रयोग में पक्षीराज–सहस्रनाम का अनुष्ठान अचूक और अति–समर्थ है। इसका अनुष्ठान ही पांच दिन का होता है। पर यह अत्यन्त–उग्र

... प्रयोग होता है। इसका प्रयोग ... भी श्री नृसिंह के मन्दिर में नहीं करना चाहिए। आचार्य डा० रुद्रदेव जी त्रिपाठी ने तो कुछ इसी कथन के समान एक सत्य–घटना का उल्लेख "श्री बटुक–भैरव–साधना" में किया है। जिसके मनन से अनेक बातें सार्थक बन पड़ती है। सत्य तो यह है कि ऐसे निर्देश हमारे सिद्ध–साधकों ने अपनी साधना के बल पर स्वानुभूत कर साधक–समुदाय के हितार्थ प्रकट किए।

३– तीसरा स्पष्टीकरण विनियोग व ऋष्यादिन्यास से है। किसी भी देवता के मन्त्रादि के जप–पाठ से पूर्व विनियोग व ऋष्यादिन्यास का विशेष महत्व होता है। विनियोग में ऋषि, छन्द, देवता, बीज, शक्ति, कीलक और अभीष्ट फल–इन सबका उल्लेख रहता है और इन्हीं के माध्यम से ऋष्यादिन्यास सम्पन्न किया जाता है। कुछ विनियोग ऐसे भी हैं जिनमें यह सभी बातें पूर्ण–रूप से प्राप्त नहीं होती। उदाहरण स्वरूप "श्री शरभेश्वर मन्त्र व निग्रह–दारुण–सप्तक" का विनियोग देखें–

- अस्य श्री शरभेश्वर–मन्त्रस्य वामदेव ऋषिः, अति–जगती छन्दः, श्री शरभो देवता, ॐ खं बीजं, स्वाहा शक्तिः, मम कार्य सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

- अस्य श्री निग्रह–दारुण–सप्तक स्तोत्रस्य वासुदेवो ऋषिः, स्रग्धरा छन्दः, श्री शरभेश्वरो देवता, तत्प्रसाद सिद्ध्यर्थे सर्व–शत्रु नाशने विनियोगः।

उक्त कथन का तात्पर्य यह नहीं कि ऐसे विनियोग शक्ति–हीन होते हैं। यदि विनियोग में इन सभी का उल्लेख नहीं किन्तु ऋषि, छन्द और देवता का उल्लेख तो अवश्य ही रहता है। और किसी भी विनियोग में इन्ही तीनों की विशेष महत्ता भी है। कहा भी गया है– ऋषिच्छन्दो देवतानां विन्यासेन बिना, जप्यते साधितोऽप्येष तुच्छ–फलं भवेत्।

अर्थात, ऋषि, छन्द और देवता का विन्यास किए बिना जो मन्त्र जप किया जाता है या साधना की जाती है, उसका फल तुच्छ ही होता है। अतः स्पष्ट है कि विनियोग में यदि ऋषि, छन्द और देवता का उल्लेख होने से भी ऋष्यादिन्यास सम्पन्न किया जाता है।

४– चौथा स्पष्टीकरण श्री विक्रम सम्वत् २०५३ (पश्चिमोत्तर भारत के चण्डीगढ़ अक्षांश–रेखांश पर निर्मित) के पञ्चांग (पृष्ठ ३८ / ३९) मे प्रस्तुत दीक्षा के भ्रमित विषय से सम्बन्धित है। उक्त सम्वत् के पञ्चांग में "शत्रु–नाशक प्रमाणिक–प्रयोग" के प्रस्तुतकर्ता ने जिस प्रकार से दीक्षा के प्रकार व दीक्षा–ग्रहण का वर्णन किया है, वह नितान्त भ्रामक है। उन्होंने लिखा है कि "दीक्षा दो प्रकार की होती है – शाम्भवी व नादेयी।" स्पष्ट है कि प्रस्तुतकर्ता दीक्षित साधक नहीं हैं और न ही उन्होने गूढ़ता–पूर्वक "तन्त्र–ग्रन्थों" का अध्ययन किया है। प्रायः सभी "तन्त्र–ग्रन्थों" में दीक्षा–विशेष पर महत्व दिया गया है और इन्हीं मे दीक्षा के कई प्रकारों का वर्णन भी सविधिरूप से किया गया है। अध्ययनोपरान्त यह भी ज्ञात किया जा सकता है कि इन दीक्षा–प्रकारों में भी कितने ही भेद प्रकट होते हैं। उक्त प्रस्तुतकर्ता ने जिस प्रकार "शाम्भवी–दीक्षा" का वर्णन किया है, वह पूर्णतः भ्रामक विधि–युक्त है। जबकि "शाम्भवी–दीक्षा" का वर्णन कुछ इस प्रकार से "तन्त्र–ग्रन्थों" में किया गया हैं –

गुरोरालोक–मात्रेण, भाषणात् स्पर्शनादपि। सद्यः संजायते ज्ञानं, सा दीक्षा शाम्भवी मता।।

अर्थात् श्री गुरुदेव के कृपा–पूर्वक देखने से अथवा सम्भाषण (वार्तालाप) से तथा स्पर्श (प्रेम–पूर्वक शिष्य को छूने मात्र) से शिष्य के हृदय मे जो तत्काल ही ज्ञान होने लगता है, उसे "शाम्भवी–दीक्षा" कहते हैं। यही "शाम्भवी–दीक्षा" का प्रमाणिक वर्णन है। अतः जिज्ञासु साधकों–पाठकों से निवेदन है कि भ्रामक–उल्लेखों से दूर हो विषय का ज्ञान अपने श्री गुरुदेव व प्रमाणिक "तन्त्र–ग्रन्थों" से ही ज्ञात करें।

भूल-सुधार

श्री गुरूदेव की आज्ञा व दिशा–मार्ग–निर्देश के बिना किसी भी पुस्तक से प्रकाशित विधान को पढ़ "प्रयोग" अथवा "साधना" नहीं करनी चाहिए। सम्भव हो कि प्रकाशित विधान में (मनुष्य स्वभाव–वश) मुद्रण होते समय कहीं त्रुटि–दोष हो जाए! साधना से पूर्व साधक के लिए यह एक नियम–निर्देश "तन्त्र–शास्त्रों" में दिया गया है कि "ज्ञात्वा श्री गुरू वक्त्राब्जात् कृता पूजा महा–फला"। इस नियम–निर्देश को स्मरण रखते हुए अपने श्री गुरुदेव से प्रकाशित साधना विधान–विषय को अच्छी प्रकार समझ कर पश्चात् साधना आरम्भ करनी चाहिए। इससे साधक प्रकाशित विधान के मुद्रण समय में हुई त्रुटि–दोष का भी संशोधन कर सकेगा। गत् सम्वत् के पञ्चांग में कुछ त्रुटि–दोष सम्भव हो गये। पाठक–गण क्षमाकर, विधान में निम्न–प्रकार से संशोधन करने का कष्ट करें –

श्री विक्रम-सम्वत् २०५७, पृष्ठ १४७–४८

	अशुद्ध	शुद्ध
ध्यान की तीसरी पंक्ति में	अरुस्थौ	ऊरूस्थौ
ध्यान की चौथी पंक्ति में	शरभः पक्षिराजः	शरभः शालुवः पक्षिराजः
मानस–पूजा की छठी पांक्ति में	धापयामि	घ्रापयामि
मानस–पूजा की सातवी पंक्ति में	अनामिकांगुष्ठ	मध्यमांगुष्ठ
स्तोत्र की आठवी व उन्नीसवी पंक्ति में	त्वद्हस्त	त्वद्धस्त
स्तोत्र की चौदहवी पंक्ति में	माम	माम्
स्तोत्र की बीसवी पंक्ति मं	कुलष	कलुषं

अथ श्री शरभ यन्त्रार्चन-पद्धति

ॐ श्री गणेशाय नमः। ॐ रात्रि शेषे समुत्थाय गुरूं ध्यायेच्छिरोम्बुजे। वरदाभयदं शम्भुं पक्षीराज स्वरूपकम्। एवं ध्यात्वा पक्षिराजं गायत्र्यष्टोत्तरं जपेत्। पक्षिराजाय विद्महे शरभेश्वराय धीमाहि तन्नो रूद्रः प्रचोदयात्। तत्रासनमारत्तीर्ये ॐ ह्रीं आधार शक्ति कमलासनाय नमः इत्यासनं सम्पूज्योपविश्य भूतशुद्धि प्राण–प्रतिष्ठा मातृकान्यासांतां नित्य क्रियां कृत्वा गुं गुरूभ्यो नमः वाम कर्णे, गं गणपतये नमः दक्षे, क्षं क्षेत्रपालाय नमः पृष्ठे, श्री शरभेश्वराय नमः हृदिन्यसेत्। ॐ अस्य श्री शरभेश्वर महा–मन्त्रस्य कालाग्नि रूद्र ऋषये नमः शिरसि, जगती छन्दसे नमः मुखे, भगवते शरभेश्वर देवतायै नमः हृदि, खं बीजाय नमः गुह्ये, स्वाहा शक्तये नमः पादयोः, फट् कीलकाय नमः नाभौ, स्वेच्छा प्रयोग सिद्धयर्थे जपे विनियोगाय नमः सर्वांगे। ॐ खें खां खं फट् अं कं खं गं घं ङ. आं अंगुष्ठाभ्यां नमः, ॐ प्राणग्रहासि–प्राणग्राहासि हुं फट् इं चं छं झं ञं ईं तर्जनीभ्यां नमः, ॐ सर्वशत्रु संहारणाय उं टं ठं डं ढं णं ऊं मध्यमाभ्यां नमः, ॐ शरभ शालुवाय एं तं थं दं धं नं ऐं अनामिकाभ्यां नमः, ॐ पक्षिराजाय ओं पं फं बं भं मं औं कनिष्ठिकाभ्यां नमः, ॐ हुं फट् स्वाहा अं यं रं लं वं शं षं सं हं लं क्षं अः करतल कर पृष्ठाभ्यां नमः एवं हृदयादि न्यासः भूर्भुवः स्वरोमिति दिग्बन्धः। अथध्यानम्–

ऊरुस्थौ व्याधि–मृत्यू शरभ–वर–खगश्चण्ड–वातातिि–योगः। संहर्ता सर्व–शत्रून् स जयति शरभः शालुवः पक्षिराजः।।

इति ध्यात्वा पञ्चोपचारे पूजां कुर्यात्। अथ जप विधिः अविघ्नं कुरू माले त्वं जप काले सदा मम। सिद्धिं मे देहि सततं देवता प्रीति कारकम्।। ॐ ह्रीं सिद्धयै नमः सिद्धिं कुरू–कुरू इति मालां सम्पूज्य तार शब्देन सहित अष्टोत्तरशतं जपेत्। माला मन्त्रं प्रवक्ष्यामि रहस्यं शृणु शोभने। मन्त्र स्मरण मात्रेण करस्था सर्व सिद्धयः। ॐ नमः पक्षिराजायेति मालां मन्त्रं जपेत्। त्वं माले सर्वदेवानां प्रतिदा शुभदा मम। शुभं कुरूष्व मे भद्रे यशोवीर्यञ्च सर्वदा। इति मालां संस्थाप्य उत्तरं न्यासान्ते गुह्याति गुह्ये मन्त्रेण जप फलं देव दक्षिण करे समर्पयेदिति विधिः।

श्री देव्युवाच – देव–देव महा–देव गिरीश जगतः पते। त्राहि मां जगतां नाथ सच्चिदानन्द विग्रह।। मन्त्राणामपि यत्सारं सर्व लोकोपकारकम्। रक्षणं सर्व जन्तूनां ब्रूहिमे तद् विभो मम।।

श्री शिव उवाच – रहस्यंशृणु देविशि सर्वरक्षा करं नृणाम्। यस्य स्मरण मात्रेण वैरिणां कुल नाशनम्।। श्री शरभेश्वर मन्त्रस्य कालाग्नि रूद्र ऋषिः, जगती छन्दः, देवो भगवान् शरभेश्वरः, खंकार बीज मित्युक्तं स्वाहा शक्ति स्ततः परम्, फट्कारं कीलकं प्रोक्तनीरजायत लोचने, स्वेच्छा प्रयोग सिद्धयर्थे विनियोगस्तथाम्बिके। मन्त्राक्षरैः करन्यासं मातृका सहितं शिवे।। अंगन्यासं ततः कृत्वा ध्यात्वा वै शरभेरश्वरम्। तारं प्रथम मुद् धृत्य खें खां खं फट् तथैव च।। प्राण ग्रहासि द्वितयं हुं फट् च तदनन्तराम्। सर्वेति पदमाभाष्य शत्रु संहारणाय च।। शरभः शालुवायेति पक्षिराजाय तद्वदेत्। हुं फट् स्वाहेति मन्त्रोऽयं द्विचत्वारिंशदक्षरम्।। जपेद्वर्ण सहस्राणि समाहितेन साधकः। दशांश तर्पणं होमं तद्दशांश जितेन्द्रियः, अभ्यंग स्नान शुद्धान्तः, करणान्भोजये द्विजान् ।। इति जप विधिः।

अथ यन्त्रक्रमः – भस्म मध्ये लिखेद्विद्वान् शरभेश्वर यन्त्रकम्। रक्त पुष्पैश्च गन्धाद्यैः पूजां कुर्यात् विचक्षणः।। सप्तरात्रं जपेन्मन्त्रं सहस्त्रद्वय मानवः। तद्भस्म चैकी कृत्वा तु धारये द्यस्तु मानवः।। संग्रामे शत्रवो दृष्ट्वा पलायन्ते च तत्क्षणात्। एवं भस्म प्रभावेन कम्पतेऽखिल देवताः।। तत्कोपाद्भुवनं देवि नाशमेति च तत्क्षणात्। स्वर्ग–भूतल–पाताल वासिनोऽमर्त्य मर्त्यकाः।। शालुव स्मरणादेव मरणंयात्य हेतुकम्। शालुवस्य प्रयोगेन त्रि–मूर्तिनैव रक्षति।। षट् सप्त कोष्ठेषु विलिख्य शारभं, रेखाग्र शूलेषु तदग्र साध्यकम्। वाह्येषु मायावृत्त तार हेतुकं, समाधितं चक्रवर जयामिधम्।। पूर्वादितो यजेद्विद्वानिद्राद्रीन्परमेश्वरि। यन्त्रस्योभय पार्श्वे तु व्याधि मृत्यू यजेत्ततः।। भैरवं वाडवाग्निं च पुरतः परिपूजयेत्। भद्रकाली तथा दुर्गा सन्धि स्थाने यजेत्प्रिये।। तत्कोष्ठेषु च देवेशि मन्त्र वर्णान् समर्चयेत्। मध्य कोष्ठे यजेत्शालुं भावुकं शरभेश्वराम्।। आवाहनादि पूजान्तं मूल–मन्त्रेण पूजयेत्। धूप दीपैर्महादीपैः कुलदीपैर्विशेषतः।। क्रमणेवं वराहरोहे शरभं परिपूजयेत्। इत्येतत्कथितं देवि गुह्याद् गुह्यतरं महत्।। राज्यं देयं शिरो देयं न देयं यस्य कस्याचित्। गोपनीयं–गोपनीयं–गोपनीयं प्रयत्नतः।। इति पूजा यन्त्रम्।

अथातोन्य प्रकारेण पूजा यन्त्रं मयोच्यते। दिव्यगन्धयुते प्रशस्ते भस्मानि त्रि–कोणाष्टदल–द्वादशदल–षोडशदल–भूपुर द्वन्द्वात्मकं अरत्नि चक्रमुद धृत्य पुष्पाञ्जलि त्रयं दत्वा वक्ष्यमाणरीत्या छागबलिं दत्वा स्व वामभागे सामान्यर्घ्य स्थापनं कुर्यात्। चन्दनादिना चतुरस्रं विलख्य श्वासोर्ध्वनुद हस्ताभ्यां मत्स्य मुद्रया त्रि–कोण वृत्त चतुरस्त्रात्मकं मण्डलं कृत्वा ॐ आधार शक्तये नमः इति सम्पूज्य मुलमुच्चरन् श्री शरभेश्वर पूजायाः सामान्यार्घ्याधारं स्थापयामि इति संस्थापय तन्मध्ये नमः इति जलेनापूर्य तत्र गंगेचेति मन्त्रेण तीर्थान्यावाह्य ॐ इति गंगादिभिः सम्पूज्य मूलेनाष्ट वारं अभिमन्त्र्य धेनू–योनि मुद्रां प्रदर्शये इति सामान्यर्घ्य स्थापनम्।

अथ मन्त्रविशोधनम्। यथा यन्त्रात्मनोर्मध्य चन्दनमुत्क्षिप्य चतुरस्र भूमौ मत्स्य मुद्रया चतुरस्र वृत्त षट्कोण–त्रि–कोणं मण्डलं कृत्वा वामावर्तेन दक्षिणाग्रेषु सम्पूज्य षट्कोणेषु षडंगै सम्पूज्य पञ्चरत्नेन चतुरस्र कोणेषु सम्पूज्य यथा ग्लूं गगन लोकरत्नाय नमः। स्लूं स्वर्ग०। म्लूं मर्त्य०। प्लूं पाताल०। न्लूं नाग० इति सम्पूज्य। पूं पूर्णगिरि पीठाय नमः। उं उड्यान०। जां जालन्धर०। कां कामरूप० इति सम्पूज्य अप्रक्षालितमाधारं गृहीत्वा श्री शरभेश्वर विशेषार्घ्यामाधारं स्थापयामिति संस्थापयेत्। तत्र रं अग्नि मण्डलाय धर्मप्रद दशकलात्मने श्री शरभेश्वर विशेषार्घ्याधाराय नमः इति सम्पूजयेत्। हुं ब्रह्माण्ड चषकाय स्वाहेति पात्रं प्रक्षाल्य नमः इति गन्धादिना सम्पूज्य धूपयित्वा मुलमुच्चरन् श्री शरभेश्वर विशेषार्घ्य पात्रं स्थापेत्। ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं यं धूमार्चि कलायै नमः। ४ रं ऊष्म०। ४ लं ज्वलिनी०। ४ वं ज्वालिनी०। ४ शं विस्फुलिंगिनी०। ४ षं सुश्री०। ४ सं सुरूपा०। ४ हं कपिला०। ४ लं हव्य०। ४ क्षं कव्य०। ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं ऐं अग्निदूतं वृणिमहे होतारं विश्व वेदसं अस्य यज्ञस्य सुक्रतुम्। रां रीं रूं रैं रौं रः र म ल व र यूं इत्याधारे अ[illegible]नें कलाभिः सम्पूज्य पात्र संस्थापय।

अं सूर्यमण्डलाय धर्मप्रद द्वादश कलात्मने श्री शरभेश्वर विशेषार्घ्य पात्राय नमः इत्यभ्यर्च्य। ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं कं भं तपिनी कलायै नमः। ४ खं बं तापिनी०। [illegible] गं फं धूम्रा०। ४ घं पं मरीचि०। ४ ङं नं ज्वलिनी०। ४ चं धं रूचि०। ४ छं दं सुषुम्ना०। ४ जं थं भोगदा०। ४ झं तं विश्वा०। ४ ञं णं बोधिनी०। ४ [illegible] ढं धारिणी०। ४ ठ डं क्षमा०। क्लीं आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मृर्त्यञ्च। हिरण्येन सविता रथेन देवो याति भुवनानि [illegible]श्यन्। हां ह्रीं हूं [illegible]हैं हौं हः ह म ल व र यूं इति सूर्य कलाभिः सम्पूज्य श्री शरभेश्वर विशेषार्घ्याय नमः इति मूलेन द्रव्यमापूर्य।

[illegible] सोममण्ड[illegible]ाय कामप्रद षोडश कलात्मने श्री शरभेश्वर हेतू पात्रामृताय नमः इत्यभ्यर्च्य। ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं अं अमृता कलायै नमः। ४ आं मानदा०। [illegible]स[illegible]ष्टि०। ४ उं पुष्टि०। ४ ऊं रति०। ४ ऋं धृति०। ४ ॠं राशिनी०। ४ लृं चन्द्रिका०। ४ लॄं कान्ति०। ४ एं ज्योत्सना०। ४ ऐं श्री०। ४ इं पूषा०। ४ इ[illegible]ना०। ४ अं पूर्णा०। ४ अः पूर्णमृता०। ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं आप्यायस्व समेतु विश्वतः सोमब्रह्मभवा वाजस्य संगथे। सां सीं सूं सैं सौं ४ ओं प्रीति०। ४ औं अं[illegible] कलाभिः सम्पूज्य गन्ध पुष्पाक्षतैरभ्यर्च्चर्य हेतू योनि मुद्रां प्रदर्श्य पूजायाः द्रव्य पञ्चशोधनं कृत्वा चक्रोद्धारं कृत्वा पीठ सः स म ल व र यूं इति षोड[illegible] पूजां कुर्यात्।

अथ चक्रोद्धारः। त्रि–कोणं [illegible]लिखेत् पूर्वं तद्वहिर्वृत्तमालिखेत्।। तद्वहिश्चाष्ट पत्रन्तु द्वादशारं ततः परं षोडशारं ततः पश्चात् ततो भूपुर युग्मकम्। त्रि–कोणं मध्य देवेशं शरभं शालु[illegible]श्वरम्।। चिरध्यात्वा ततो मन्त्री गुरू पाद युगं स्मरेत्। आवाहनादि षोडशोपचार पूजां कृत्वा चन्द्रं–सूर्यं च वहि च त्रि–कोणे विलिखेत् क्रमात्।। भैरवं [illegible]दवग्निं च दुर्गा–काली च पृथक–पृथक त्रि–कोणे वृत्त मध्ये चतुर्दिक्षु लिखेत् क्रमात्। इन्द्रमाग्निं यमं चैव नैर्ऋतिं वरूणं सोमं तथेशानं दलेष्वष्टसु विन्यस[illegible]न।।

पार्श्वद्वये यजेद्देवि व्याधि–मृत्यू ततः परम्। मद[illegible]नां रक्त चामुण्डां मोहिनीं द्राविणीं तथा।।

शब्दाकर्षिणिकां वाणीं रमां मायां पुलिन्दिनीम्। शास्ता[illegible] क्षोभिणीं ज्येष्ठां द्वादशारे यथा क्रमम्।।

षोडशारे ततः पश्चात् षोडशस्वर देवताः। गणेश्वरं यमं स्क[illegible]न्दं भैरवञ्च महा–दिशाम्।।

त्वरितां वीरभद्रञ्च वडवानल भैरवम्। महा–माया यजेद्देवि वाय[illegible]व्यादि विदिक्षु च।।

आरभ्य चाग्रतो मन्त्री ब्राह्मयाद्याश्चाष्ट मातृकाः। परितस्तु यजेत् सर्वा[illegible] ककाराद्वर्ण देवताः।।

एतद्यन्त्रं महा–देवि सर्व कामार्थ सिद्धये। षोडशारे ततः पश्चात् षोडश स्वर देवताः।।
अणिमाद्याष्ट सिद्धिश्च प्रादक्षिण्येन् वै लिखेत्। इति यन्त्रम्।

त्रि–कोण मध्ये बीजं देवेशं मूल मन्त्रं चन्द्रं–सूर्यं–वह्निं श्रां श्रीं ऐं वृत्त मध्ये भैरवं वडवाग्निं च दुर्गां–कालीं भं भ्रूं क्षं दुं पार्श्वे व्याधि–मृत्यू हां हैं अष्टदलेषु इन्द्रादि लं० रं० यं० क्षं० वं० यं० सं० ह्रीं०। द्वादशारे मदनादि० क्लीं० ह्रीं० हूं० द्रां० हैं० सं० श्रीं० क्ष्यूं० क्ष्म्रूं० क्ष्म्रां० मं०। षोडशारे अकारादि स्वराधि दैवत बीजाः ऊँ सौं० श्रौं० हीं० घ्रां० घ्रैं० ज्यां० षं० क्यं० द्रैं० ऐं० अं० कं० ह्रौं० डं० हीं०। पूर्वादि० गं० यं० स्कं० भं०, वायव्यादि० त्रैं० घ्रीं० वं० ईं० इति देव स्थापनं कृत्वा पीठ–पूजां प्राण–प्रतिष्ठामावरण पूजां च कुर्यात् तद्यथा चक्रं प्रोक्षणी पात्र जलेन सम्प्रोक्ष्य पीठ–पूजां कुर्यात् मं मण्डूकाय नमः। कं कालाग्नि–रुद्राय०। अं आधार शक्तयै०। कूं कूर्माय०। धं धारायै०। सुं सुधा सिन्धवे०। श्वें श्वेत द्वीपाय०। सुं सुर वृक्षेभ्यो०। मं मणिमय हर्म्याय०। हैं हैममय पीठाय०। धं धर्माय०। ज्ञां ज्ञानाय०। वैं वैराग्य०। ऐं ऐश्वर्याय०। अं अधर्मयाय०। अं अज्ञानाय०। अं अवैराग्याय०। अं अनैश्वर्याय०। मध्ये अं अनन्ताय०। तं तत्वमयपद्माय०। आं आनन्द– कन्दाय०। सं सविन्नालाय०। विं विकारमय केसरेभ्यो०। पं प्रकृतिमय पत्रेभ्यो०। पं पञ्चाशद्वर्ण कर्णिकायै०। सूं सूर्य कलायै०। इं इन्द्र मण्डलाय०। सं सत्वे०। रं रजसे०। तं तमसे०। अं आत्मने०। अं अन्तरात्मने०। पं परमात्मने०। वां वामा शक्तयै०। जें ज्येष्ठा श०। कां कान्ति श०। कां काल श०। कं कलविकरण्यै श०। बं बलविकरण्यै श०। सं सर्वदमन्यै श०। मं मनोन्मन्यै श० इति पीठ सम्पूज्य। तन्मध्ये ऊँ नमो भगवते सकल गुणात्मक शक्ति युक्तायानन्ताय योग पीठात्मने नमः इत्यासनं सम्पूज्य तत्र मूलेन मूर्ति सम्पूज्य आवाहयेत्। प्राणायाम ऋष्यादि कर–षडंगन्यास ध्यानादिकं कृत्वा पुष्पाञ्जलिमानीय हृदय कमल मध्यस्थं सांगं सपरिवारं सायुधं सवाहनं शूलिनी दुर्गा सहितं श्री शरभेश्वरं आवाहयमिति यन्त्र मध्ये पुष्पाञ्जलि निक्षिप्य आवाहनादि मुद्रां प्रदर्श्य मूलमुच्चरन् चतुर्थ्यन्तेन् आवाहयामि आवाहितो भव स्थापितो भव सन्निहितो भव सन्निरुद्धो भव अवगुण्ठितो भव सकली कृतोभव इत्यावाह्य इति पीठ पूजा। अथ प्राण– प्रतिष्ठा कुर्यात् यन्त्रे तद्यथा लेलिहान मुद्रया हृदि हस्तं दत्वा त्रिर्जपेत् ततः पुष्पाञ्जलित्रयं दत्वा त्रिः सम्पूज्य सन्तर्प्य मूल मन्त्रेण उपचारान् कृत्वा तत्र पाद्यार्घ्याचामनीयं मधुपर्कार्घ्यं सामान्यार्घ्यवत्पात्राणि स्थापयित्वा मूलान्ते चतुर्थ्यन्तेन् इदं पाद्यं पादयोः पुनर्मूलान्ते इदमर्घ्यं हस्तयोः इदमाचमनीयं मुखे, इदं मधुपर्कं पुनराचमनीयं मुखे, इदं स्नानं सर्वांगे, इदं वस्त्रं, इदमुपवीतं, इदमाभूषणं, इदं गन्धं, इमे अक्षताः, इमानि पुष्पाणि, इदं दीपं, इदं नैवेद्यं, इदं ताम्बूलं, इदं फलं, इदं दक्षिणा समर्पयामि नमः इति षोडशोपचारैः सम्पूज्य। पुष्पाञ्जलित्रयं दत्वा आवरण पूजां कुर्यात् तद्यथा मध्ये मूलेन त्रिः सम्पूज्यसन्तर्प्यः ईशानासुर वायव्य मध्य दिक्ष षडंग पूजयेत् मूलेन त्रिः मूलमुच्चार्य एताः हृदयादि षडंग देवताः सागाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सन्तर्पिताः सन्तु नमः इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा – अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सलाः, भक्तया समर्पये तुभ्यं प्रथमावरणार्चनम् इति सामान्यार्घ्योदकेन् दक्ष हस्ते जलं समर्प्य मम शान्तिदाः शुभदाः सन्तु इति पुष्पाञ्जलिं समर्प्य नमेत् इति प्रथमावरणम्। ततः त्रि–कोण वामदक्षिणोर्ध्व कोणेषु ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं श्रां चन्द्रं पूजयामि नमः। ४ श्रीं सूर्यं पू०। ४ ऐं महा–वह्निं पू०। त्रिकोणान्ते चतुर्दिक्षु पुरतः ४ भं भैरवं पू० पश्चिम भागे। ४ भ्रूं वडवाग्नि पू० दक्षिण०। ४ क्षं कालीं पू० वाम०। ४ दुं शूलिनी दुर्गां पू० पार्श्वद्वये। ४ हां व्याधिं पू०। ४ हैं मृत्यूं पू० इति सम्पूज्य। मूलेन त्रिः मूलमुच्चार्य एताः चन्द्रादि देवताः सागाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सन्तर्पिताः सन्तुनमः इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा–अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सलाः, भक्तया समर्पये तुभ्यं द्वितीयावरणार्चनम्। इति सामान्यार्घ्योदकेन् दक्ष हस्ते जलं समर्प्य मम शान्तिदाः शुभदाः सन्तु इति पुष्पाञ्जलिं समर्प्य नमेत् इति द्वितीयावरणम्। ततो अष्टदलेषु पूर्वादि ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं लं इन्द्रं सवज्रं पू०। ४ रं अग्निं सशक्ति पू०। ४ यं यमं सदण्डं पू०। ४ क्षं नैर्ऋतिं सखड्गं पू०। ४ वं वरुणं सपाशं पू०। ४ यं वायुं सांकुशं पू०। ४ सं सोमं सगदां

पू०। ४ ह्रीं ईशानं सत्रिशूलं पू० इति सम्पूज्य। मूलेन त्रिः मूलमुच्चार्य एताः इन्द्राद्यष्ट दिग्देवताः सागाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सन्तर्पिताः सन्तु नमः इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा—अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणगात वत्सलाः, भक्तया समर्पयेतुभ्यं तृतीयावरणार्चनम्। इति सामान्यार्घ्योदकेन् दक्ष हस्ते जलं समर्प्य मम शान्तिदाः शुभदाः सन्तु इति पुष्पाञ्जलिं समर्प्य नमेत् इति तृतीयावरणम्। ततः द्वादश स्वाग्रादि प्रादक्षिण्येन् मदनाद्याः पूजयेत् ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं मदनं सबाणं पू०। ४ ह्रीं रक्त चामुण्डां सायुधां पू०। ४ हुं मोहिनीं सायुधां पू०। ४ द्रां द्राविणीं सांगं सपरिवारं सायुधं सवाहनं सशिवां पू०। ४ हैं शब्दाकर्षिणिकां पू०। ४ सं वाणी पू०। ४ श्री रमां पू०। ४ क्ष्यूं मायां पू०। ४ क्ष्म्रूं शत्रु पुलिन्दनीं पू०। ४ क्ष्म्रां शास्तारं पू०। ४ क्ष्म्रूं क्षोभिणीं पू०। ४ मं ज्येष्ठां पूं० इति सम्पूजय। मूलेन त्रिः मूलमुच्चार्य एताः मदनाद्याः देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सन्तर्पिताः सन्तु नमः इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा— अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सलाः, भक्तया समर्पये तुभ्यं चतुर्थावरणार्चनम्। इति सामान्यार्घ्योदकेन् दक्ष हस्ते जलं समर्प्य मम शान्तिदाः शुभदाः सन्तु इति पुष्पाञ्जलिं समर्प्य नमेत् इति चतुर्थावरणम्। ततः षोडश दले स्वाग्रादि प्रादक्षिण्येन् षोडश स्वरः देवताः पूजयेत्तद्यथा ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अं ब्रह्माणं सांगं सपरिवारं सायुधं सवाहनं सशक्तिकं पू० इति सर्वत्र पूजयेत्। ४ आं सौं परां० पू०। ४ इं श्रौं विष्णुं० पू०। ४ ईं ह्रीं मायां० पू०। ४ उं घ्रां वराहं० पू०। ४ ऊं द्रैं पृथ्वीं० पू०। ४ ऋं ज्यां० विधिं पू०। ४ ॠं षं शिवं० पू०। ४ लृं क्यं० नासत्यं. पू०। ४ लृं त्रैं द रं पू०। ४ एं ऐं वीरभद्रं० पू०। ४ ओं औं भारतीं० पू०। ४ अं कं शुकं० पू०। ४ अं ह्यौं शंकरं० पू०। ४ अं डं रूद्रं० पू०। ४ अः ह्रीं कालरूद्रं० पू० इति सम्पूज्य। मूलेन त्रिः मूलमुच्चार्य एताः ब्रह्माद्याः षोडश स्वरः देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सन्तर्पिताः सन्तु नमः इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा— अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सलाः, भक्तया समर्पयेतुभ्यं पञ्चमावरणार्चनम्। इति सामान्यार्घ्योदकेन् दक्ष हस्ते जलं समर्प्य मम शान्तिदाः शुभदाः सन्तु इति पुष्पाञ्जलिं समर्प्य नमेत् इति पञ्चमावरणम्। ततः प्रथमं भूपुरे पूर्वादि ॐ ऐं ह्रीं श्रीं गं गणपति पू०। ४ यं यमं पू०। ४ स्कं स्कन्दं पू०। ४ भं भैरवं पू०। विदिक्षु वायव्यादि ४ त्रैं त्वरितां पू०। ४ घ्रीं वीरभद्रं पू०। ४ बं वडवानलं भैरवं पू०। ४ ईं महा—मायां पू०। बाह्य भूपुरे स्वाग्रादि प्रादक्षिण्येन् ब्राह्माद्याः पूजयेत् ४ आं ब्राह्मीं पू०। ४ ईं माहेश्वरीं पू०। ४ ऊं कौमारीं पू०। ४ ॠं वैष्णवीं पू०। ४ लृं वाराहीं पू०। ४ ऐं माहेन्द्रीं पू०। ४ औं चामुण्डां पू०। ४ अः महा—लक्ष्मीं पू० इति सम्पूज्य। मूलेन त्रिः मूलमुच्चार्य एताः गणपत्याद्याः देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सन्तर्पिताः सन्तु नमः इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा—अभीष्ट सिद्धिं मे देहि शरणागत वत्सलाः, भक्तया समर्पयेतुभ्यं षष्ठमावरणार्चनम्। इति सामान्यार्घ्योदकेन् दक्ष हस्ते जलं समर्प्य मम शान्तिदाः शुभदाः सन्तु नमः इति पुष्पाञ्जलिं समर्प्य नमेत् इति षष्ठावरणम्। ततः परितोवृत्त क्रमेण ब्रह्माद्याः ककारादि वर्ण देवताः पूजयेत् ॐ ऐं ही श्रीं कं ब्रह्माणं पू०। ४ खं जान्हीं पू०। ४ गं गणेशं पू०। ४ घं भैरवं पू०। ४ ङं. कालीं पू०। ४ चं भद्रकालीं पू०। ४ छं जातवेदसं पू०। ४ जं अर्द्धनारीश्वरं पू०। ४ झं परमात्मनं पू०। ४ ञं पृथ्वीं पू०। ४ टं चण्डं पू०। ४ ठं शुकं पू०। ४ डं विष्णुं पू०। ४ ढं बलभद्रं पू०। ४ णं धनदं पू०। ४ तं पराशक्तिं पू०। ४ थं दुर्गां पू०। ४ दं निर्विकल्पं पू०। ४ धं अग्निं पू०। ४ नं० नासत्यं पू०। ४ पं फं दस्त्रं पू०। ४ बं भार्गवं पू०। ४ भं ईश्वरं पू०। ४ मं मदनं पू०। ४ यं वायुं पू०। ४ रं कृशानुं पू०। ४ लं शुक्रं पू०। ४ वं वरूणं पू०। ४ शं शंकरं पू०। ४ षं द्वादशादित्यान् पू०। ४ सं भारती पू०। ४ हं सदाशिवं पू०। ४ लं इन्द्रं पू०। ४ क्षं नृसिंह पू० इति सम्पूज्य। मूलेन त्रिः मूलमुच्चार्य एताः ब्रह्माद्याः ककारादि वर्ण देवताः सांगाः सपरिवाराः सवाहनाः सायुधाः सन्तर्पिताः सन्तु नमः इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा—अभीष्ट सिद्धिं में देहि शरणागत वत्सलाः, भक्तया समर्पये तुभ्यं सप्तमावरणार्चनम्। इति सामान्यार्घ्योदकेन् दक्ष हस्ते जलं समर्प्य मम शान्तिदाः शुभदाः सन्तु इति पुष्पाञ्जलिं समर्प्य नमेत् सप्तमावरणम्। इत्थमावरणं पूजनं कृत्वा पाद्यार्घ्याचमनीयं दद्यात्।

।। श्री वटुकादि पञ्च-बलि ।।

१. स्व गृह्योक्त विधिना–विधाय तत्रेशानाग्नेय नैर्ऋति–वायव्यादि कोणेषु सामान्यार्घ्य [illegible] चतुष्टयं कृत्वा। ॐ ऐं ह्रीं श्रीं व्यापक मण्डलाय नमः इति मण्डल चतुष्टयं सम्पूज्य। तत्र साधारं, सदीपं, सजलं, सर्वान्न पात्र चतुष्टयं विधाय। ॐ वं वटुकनाथाय नमः इति वटुक भैरवामावाह्यः। ॐ वं वटुकनाथ बलि द्रव्याय नमः इति बलि द्रव्यं सम्पूज्य। ॐ ॐ ॐ एह्येहि देवी पुत्र वटुकनाथ कपिल जटाभार भास्वर त्रि–नेत्र ज्वालामुख सर्व विघ्नान्नाशय–नाशय सर्वोपचार सहितं बलिं ग्रहण–गहण स्वाहा। एषः बलिर्वं वटुकाय नमः इति वामांगुष्ठानामिकाभ्यां धृत्वा द्वितीय खड्ग धारया बलिं हरेत्। ॐ बलि दानेन सन्तुष्टो वटुकः सर्व सिद्धिदः, शान्ति करोतु मे नित्यं भूत–वेताल सेवितः। इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा नमेत् इति वटुक बलिः।

२. अथ आग्नेय मण्डले यां योगिनीभ्यो नमः। भो सर्व योगिन्याः इहागच्छन्तु इत्यावाह्य गन्धादिभि सम्पूज्य ॐ योगिनी बलि द्रव्याय नमः इति बलि द्रव्यं सम्पूज्य ॐ ॐ ॐ ऊर्ध्वे ब्रह्माण्डतो वा दिवि गगन तले भू–तले निष्कले वा। पाताले वाऽतले वा सलिल–पवन–योर्यत्र कुत्र स्थितो वा।। क्षेत्रे पीठोपपीठादिषु च कृतपदा पुष्प–धूप–दीपदिकेन। प्रीताः देव्यः सदा नः शुभ–बलि–विधिना पान्तु वीरेन्द्र–वन्द्याः।। ॐ यां योगिनीभ्यो हुं फट् सर्व–वर्ण–योगिनीभ्यो हुं फट् स्वाहा इति वामांगुष्ठानामिकाभिः बलिं हरेत्। ॐ या काचिद् योगिनी रौद्री सौम्या घोर–तरा परा। भूचरी–खेचरी–व्योमचरी प्रीतास्तु मे सदा।। इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा नमेत् इति योगिनी बलिः।

३. अथ नैर्ऋति मण्डले क्षं क्षेत्रपालाय नमः इति क्षेत्रपालमावाह्य गन्धादिभिः सम्पूज्य ॐ क्षेत्रपाल बलि द्रव्याय नमः इति बलि द्रव्यं पूजयेत्। ॐ क्षां क्षीं क्षूं क्षैं क्षौं क्षः स्थान क्षेत्रपाल इहागच्छ इमं धूप–दीपादि–सहितं बलिं गृहण–गृहण आपय आपय सिद्धिं में प्रयच्छ प्रयच्छ स्वाहा। एष बलिः क्षेत्रपालाय नमः इति वामांगुष्ठ तर्जनीभ्यां बलिं हरेत्। ॐ योऽस्मिन् क्षेत्रे निवारी च क्षेत्रपालस्य किंकरः। प्रीतोऽयं बलि–दानेन शान्तिं रक्षां करोतु मे।। इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा नमेत् इति क्षेत्रपाल बलिः।

४. अथ वायव्य मण्डले गं गणपतये नमः इति गणपतिमावाह्य गन्धादिभिः सम्पूज्य ॐ गणपति बलि द्रव्याय नमः इति बलि द्रव्यं पूजयेत्। ॐ गां गीं गूं गैं गौं गः गणपतये वर वरद सर्व–जनं मे वशमानय सर्वोपचार सहितं बलिं गहण–गृहण स्वाहा। एषः बलिर्गं गणपतये नमः इति वामांगुष्ठ–मध्यमाभ्यां बलिं हरेत्। ॐ सर्वदा सर्व कार्याणि निर्विघ्नानी सुसाधय। सन्निधिं कुरू मे नित्यं गण–राज स–शक्तितः।। इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा नमेत् इति गणपति बलिः।

५. ततः स्ववाम भागे सर्वभूत बलिं दद्यात्। सां सर्वभूतेभ्यो नमः। सुरासुर गणद्वा सर्वभूतगणा इहागच्छन्तु इत्यावाह्य गन्धादिभिः सम्पूज्य ॐ सर्वभूत बलि द्रव्याय नमः इति बलि द्रव्यं पूजयेत्। ॐ ह्रीं सर्व–विघ्न–कृद्भ्यो सर्व–भूतेभ्यो हुं फट् स्वाहा। एष बलिःसर्व–भूतेभ्यो नमः इति वामांगुष्ठादि सर्वांगुलीभ्यः बलिं हरेत्। ऐं भूता ये विविधाकारा दिव्य भूम्यन्तरिक्षगाः। पातालातल–संस्थाश्च शिव–योगेन भाषिताः।। क्रूराद्याः सप्त–सन्धाश्च इन्द्राद्येषु व्यवस्थिताः। ध्रुवाद्याः सर्व–गन्धर्वा ऐन्द्राद्या सर्व–देवताः।। ते सर्वे प्रीति–मनसो भूत्वा गृहणन्त्विमां बलिम्। इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा नमेत् इति सर्व–भूत बलिः।

ॐ सर्वाभ्यो बलि–देवताभ्यो नमः इति सर्वभ्यर्च्य नाराच मुद्रां बध्वा बलिदानेन सन्तुष्टा क्षमध्वं बलि–देवताः। यथा सुखं विहरन्तु यथेच्छा सुदिशासु च।। वटुकाद्याः सुराः सर्वे सर्व विधायिनः। शान्तिं पुष्टिं प्रयच्छन्तु ते प्रसादात् सदाशिवः।। स्तुत्वा मुद्रां विसर्ज्य प्रोक्षणी जलेन आत्मानं

प्रोक्षयेदिति बलिदान विधिः।।

ततः उत्तरापोषणं दत्वा नैवेद्यं विसृज्य कर प्रक्षालनाचमनादि दद्यात् नीराञ्जनं कुर्यात् ततः स्वर्णादि पात्रे अष्टदलं विरच्य गोधूम पिष्ट रचितानि नव दीपानि पात्रे संस्थाप्य मूलेन प्रज्वाल्य अष्टदिक्षु ब्राह्मयाद्याः मध्ये मूलेन सम्पूज्य अमृतीकृत्य अवगुण्ठ्य चक्रेण संरक्ष्य मूलेनाष्टधाभि मन्त्र्य जानुभ्यामवनीं गत्वा नीराञ्जनं कुर्यात्।

समस्त देव–देवेश–परिवार गणावृत्त आरार्त्तिकमिदं देव गृहाण मम सिद्धये इति आरार्त्तिक मन्त्रेण परिवर्त्य भूमा कारेण परिभ्रामयेत् इत्यारार्त्तिक विधिः। ततः मूलमष्टोत्तरशतं जपेत् ततः कवचं स्तोत्र सहस्रनामादि परायणं कुर्यात्।

श्री शरभ-कवच

।।श्री देव्युवाच।।

सर्वज्ञ सर्वमन्त्रस्य सर्वाचार्य शिव प्रभो। शरभं कवचं दिव्यं सर्वरक्षाकरं परम्।।
वज्रपञ्जर नामाख्यं वद मे करुणाकर।

।।श्री ईश्वरोवाच।।

वक्ष्यामि शृणु देवेशि सर्वं लक्षणमद्भुतम्। शरभं कवचं नाम्ना चतुर्वर्ग फलप्रदम्।।

विनियोग :-

ऊँ अस्य श्री शरभ–शालुव–पक्षिराजाख्य कवचस्य सदाशिव ऋषिः, बृहस्पति छन्दः, श्री शरभेश्वरो देवताः, प्रणवो बीजं, प्रकृतिः शक्तिः, अव्यक्तं कीलकं, चतुर्वर्ग फल प्राप्त्यर्थे जपे (पाठ) विनियोगः।

ऋष्यादिन्यास :-

शिरसि सदाशिवाय ऋषये नमः
मुखे बृहस्पत्यै छन्दसे नमः
हृदि श्री शरभेश्वराय दैवतायै नमः
गुह्ये ऊँ बीजाय नमः
पादयोः प्रकृत्यै शक्तये नमः

नाभौ अव्यक्त कीलकाय नमः

सर्वांगे चतुर्वर्ग फल प्राप्त्यर्थं विनियोगाय नमः

करन्यास व अंगन्यास :-

खां खीं खूं खैं खौं खः से पूर्व की भांति करें।

ध्यान :-

रत्नाभं सुप्रसन्नं त्रि–नयनममृतोन्मत्त भूषाभिरामम्। कारूण्याम्बोधिमीशं वरदमभयदं चन्द्र रेखावतंशम्।।

शंखाध्माताखिलाशा प्रतिहतविधिना भासमानात्मभासम्। सर्वेशं शालुवेशं प्रणतभयहरं पक्षिराजं नमामि।।

मानस-पूजन :-

पूर्व की भांति करें।

।।श्री महा-रूद्राय नमः।।

ॐ श्री शिवः पुरतः पातु मायाधीशस्तु पृष्ठतः। पिनाकी दक्षिणं पातु वामपार्श्वं महेश्वरः।।१।।

शिखाग्रं पातु मे शम्भु निर्टिलं पातु शंकरः। ईश्वरो वदनं पातु भ्रुवोर्मध्यं पुरान्तकः।।२।।

भ्रुवौ पातु मम स्थाणुः कपर्दी पातु लोचने। शर्वो मे श्रोत्रयोः पातु वागीशः पातु लम्बिकाम्।।३।।

नासयोर्मे वृषारूढो नासाग्रं वृषभध्वजः। स्मरारिः पातु मे तालुर्वरोष्ठयोर्भक्त वत्सलः।।४।।

जिह्वां मम सदा पातु सर्व–विद्या प्रदायकः। पातु मृत्युञ्जयो दन्ताश्चिबुकं पातु भूतराट्।।५।।

परमेशः कपोलौ मे त्रिकं पातु कपालभृत्। कण्ठं पशुपतिः पातु शूली पातु हनू मम।।६।।

स्कन्धद्वयं हरः पातु धूर्जटिः पातु मे भुजौ। भुजद्वयं महा–देवं ईशानो मम कूर्परम्।।७।।

मुष्टि सन्धि जगन्नाथ प्रकोष्ठौ चन्द्रशेखरः। मणिबन्धं त्रि–नेत्रो मे भीमः पातु करस्तलम्।।८।।

करपृष्ठं मृडः पातु रूद्रोऽङ्गुष्ठद्वयं मम। उमासहायस्तर्जन्यौ भर्गो मे पातु मध्यमे।।९।।

अनामिके करालस्य कालकण्ठः कनिष्ठिके। गंगाधरोऽङ्गुलीपर्वाण्य प्रमेयो नखानि मे।।१०।।

ईशानः पातु दोर्मूलं मेदो मे स्वस्तिदोऽवतु। वक्षस्तत्पुरूषः पातु कक्षौ दक्षाध्वरान्तकः।।११।।

अघोरो हृदयं पातु वामदेव स्तनद्वयम्। भालदृक् जठरं पातु नाभिं नारायण प्रियः।।१२।।
कुक्षिं प्रजाकरः पातु कुक्षिं पार्श्वं महा–बलः। सद्योजातः कटि पातु पृष्ठ भागं तु भैरवः।।१३।।
मोहनोजघनं पातु गुदं मम जितेन्द्रियः। ऊर्ध्वरेता लिंगदेशे वृषणं वृषभध्वजः।।१४।।
ऊरूद्वयं भवः पातु जानुयुग्मं भवान्तकः। हुंकार पातु मे जंघे फट्कारो मम गुल्फके।।१५।।
वषट्कारः पाद पृष्ठं वौषट्कारोंऽघ्रिणस्तले। स्वाहाकारोंऽगुलीर्पार्श्वे स्वधाकारोंऽगुलीर्मम।।१६।।
त्वरितः सर्व सन्धिन्मे रोमकूपे नृसिंहाजित्। त्वचं पातु मनोवेगः कालजिद् रुधिरं मम।।१७।।
पुष्टिदः पातु मे मांस मेदो मे स्वस्तिदोऽवतु। सर्वात्मास्थिञ्चयं पातु मज्जां मम जगत्प्रभुः।।१८।।
शुक्रं वृद्धिकरः पातु बुद्धिं वाचामधीश्वरः। मूलाधाराम्बुजं पातु भगवान् शरभेश्वरः।।१९।।
स्वाधिष्टानमजः पातु मणिपूरं हरिप्रियः। अनाहतं शालुवेशो विशुद्धं जीवनायकः।।२०।।
सर्वज्ञानप्रदो देवो ललाटं मे सदाशिवः। ब्रह्मरन्ध्रं महा–देवः पक्षिराजोऽखिलाकृतिम्।।२१।।
सर्वलोक वशीकारः पातु मां खरगर्वजित्। वज्र–मुष्टि–वराभीति हस्तः कालाग्नि सन्निभः।।२२।।
विजया सहितःपातु चैन्द्रीं ककुभमाग्निजित्। शक्ति–शूल–कपालासिहस्तः सौदामिनी प्रभः।।२३।।
जयायुतो महा–भीमः पातु वैश्वानरीं दिशाम्। दण्डासि–शूल–मुसलं–हाल–पाशांकुश–कराम्बुजः।।२४।।
यमान्तकोऽजितायुक्तोयाम्यीं पातु दिशं यमीम्। खड्ग–खेटाग्नि–परशु हस्तः शत्रु विमर्दनः।।२५।।
अपराजितया युक्तः सदाव्यान्नैर्ऋतिं दिशम्। पाशांकुश–धनुर्बाण–पाणिः श्रेणी मुखाग्रगः।।२६।।
हरिद्राभौऽनिशं पायाद्वारूणीं दिशमात्मजित्। ध्वजाग्र कवचोदार भुजो दुर्गायुतः खगः।।२७।।
चण्डवेगः शिवः पायात्सततं मारुतीं दिशम्। गदाक्षस्रग्वराभीति करम्भोजः शिवायुतः।।२८।।
कनकाभो महा–तेजाःपातु कौबेरकी दिशम्। त्रि–शूलहि–कपालाग्निदोः स्तलो विद्ययायुतः।।२९।।
भस्मोद्धूलित सर्वांगो दिशं पात्वपराजिताम्। जपाक्ष–पुस्तकां भोज कमण्डलुं कराम्बुजः।।३०
ऊर्ध्वं पातु गिरायुक्तः सर्वभूत हितेरतः। शंख–चक्रं गदाऽभीति–हस्तः पद्मायुतोऽव्ययः।।३१
नीलाञ्जन समोनीलः पातालं पात्वनारतम्। अनुक्त विदिशः पातु शालवो नृसिंहजित्।।३२।।
शरभः पातु संग्रामे युद्धे वैरिकुलान्तकः। सर्व सौभाग्यदः पातु जाग्रत्स्वप्न–सुषुप्तिषु।।३३।।
सर्व सम्पत्प्रदः पातु धनाध्यक्षादिकं मम। सन्तानदः सुतान्पातु पुत्रानायुष्करोऽनिशम्।।३४।।

बन्धून्वृद्धिकरः पातु गृहं मम वशं करः। ग्रामं ग्रामेश्वरः पातु राज्यं मम दिगम्बरः।।३५।।
राष्ट्रं शान्तिकरः पातु राजानं धर्मदायकः। मार्गं दुष्टहरः पातु मम कार्याणि भैरवः।।३६।।
बटुकः पातु मे सर्वं त्र्यवस्थासु भयेषु च। स्पर्श–वीक्षण–संयुक्तः प्राणरक्षां मनोजवः।।३७।।
प्रधानमूर्तिभावश्च प्रासादेष्वाशु सिद्धिकृत्। साधकः प्रणवं माया बीजं नमो भगवतेति च।।३८।।
प्रतिनाम चतुर्थ्यतं स्पर्श इत्यभिधीयते। द्विर्ज्वल–प्रज्वले साध्यं साधय द्विर्द्विरक्ष तत् ।।३९।।
सर्वदुष्टेभ्यो हुं फट् स्वाहान्तं युग्–वीक्षणम्। स्पृशन् पश्यन् जपं कृत्वा प्रतिस्थानं समाहितः।।४०।।
प्रार्थयेदखिलं स्वेष्टं हृदिस्थं शालुवेश्वरम्। ये ग्रामघातकाः क्रूराः कपटा दौष्टिका भटाः।।४१।।
तस्कराः शत्रवो क्रुद्धा वधे सक्ताः पलाशनाः। छदमचारः विदोभ्रष्टा दिवाचर–निशाचराः।।४२।।
ते सर्वे पक्षिराजस्य पक्षवात पराहताः। स्त्री–बाल–सहिताः क्षिप्रं पितृ–मातृ कुलान्विताः।।४३।।
भग्नचित्ता गतप्राणाः यान्तु देशान्तरं स्वयम्। ये च दुष्टग्रहाः शक्ताः पिशाचा देवयोनयः।।४४।।
चतुः षष्टिगणाः सप्तसप्तत्युन्मादका ग्रहाः। अष्टाशीति महा–भूताः सप्तकोटि महा–ग्रहाः।।४५।।
नवति ज्वर भेदाश्च शत–भेदाश्च कृत्तिकाः। पञ्चाशद् गणनाथाश्च नियुताः कृत्रिम ग्रहाः।।४६।।
प्रेतारूढास्त्रयस्त्रिंशत्पिण्डदान परायणाः। अयुतं क्षुद्र–भेदाश्च चत्वारिंशच्छिवाह्वयाः।।४७।।
द्वात्रिंशद्वह्निवक्त्राश्च विंशन्मार्जार वक्त्रकाः। चतुः षष्टयाखुरूपाश्च ये चान्ये क्षुद्रयोनयः।।४८।।
ते सर्वे शालुवेशस्य शखं–निःस्वन–मोहिताः। विषण्णाः स्खलिताः शान्ताः प्राण–त्राण–परायणाः।।४९।।
गच्छन्तु सम्प्रयोक्तारो देशान्तरमनिच्छया। ये चान्येवनजा ग्राम्याः शुनकोरगवृश्चिकाः।।५०।।
आशीविषाः शिवा व्याला व्याघ्र–ऋक्षेभ सूकराः। गृध्राः श्येनाः खगाः काकाः दंशका भ्रन्शका मृगाः।।५१।।
एते शरभहस्ताग्र–नख–क्षत–विमोक्षगाः। स्रवद्रक्त छटासिक्ताः शिलातल निताडिताः।।५२।।
सम्भेदिता नखैः शीघ्रं नश्यंत्वखिल दुश्चराः। न दंशत्पुरगाः क्वापि वातोतिवक्षितु।।५३।।
न दहत्वसवो वह्निरायात्वापो न चाधिकाः। न वर्षत्वतिवृष्टिश्च न पतत्व शनिः क्वचित्।।५४।।
नाक्रामत्वपमृत्युश्च न रोगानाशुभं क्वचित्। न म्रियते भञ्जनो न भवत्वशुभं क्वचित्।।५५।।
न वदन्त्वसहो वाक्यं जन्तवो मम देशके। नास्याद्वैरं च जन्तूनां अन्येषां राजके मम।।५६।।
भवन्तु सुखिनः सर्वे–सर्वे सन्तु पतिव्रताः। सर्वाः सूयन्तां सत्पुत्रान्पुत्रीश्च शुभ लक्षणाः।।५७।।

सर्वे सर्वाश्च नंदन्तु सन्तु सम्कल्याणकारकाः। राजन्वती मही चास्तु राजा भवतु धार्मिकः।।५८।।
सम्स्रवन्तु पयोगावः फलंत्वोषध्योऽधिकम्। भवन्तु फलदा वृक्षाः सिद्धिर्भवतु मेऽखिला।।५६।।
ममास्तु तरसा नूनमात्माज्ञानं चञ्चलम्। काम–क्रोध–महा–मोहा लोभ सम्मोह मत्सराः।।६०।।
न सन्तु भगवन्क्वापि सर्वेश करूणानिधे। श्री शरभेश्वर विश्वेश पक्षिराज दयानिधे।।६१।।
देहि मे निश्चलां भक्तिं प्रणतोऽस्मि पुनः पुनः। गौरी वल्लभ कामारे कालकूटविषादन।।६२।।
मामुद्धरापदंभोधेस्त्रिपुरहनांतकान्तक। शालुवेश जगन्नाथ सर्वभूतहिते रत।।६३।।
पाहि मां तरसा चौरान् दुष्टान्नाशय नाशय। कालभैरव विश्वेशं विश्वरक्षापरायण।।६४।।
रक्ष मूषक–चौरेभ्यो धान्यराशिमिमं प्रभो। पक्षिराज महा–देव प्रणतार्ति विनाशन।।६५।।
मदीयानि पदार्थानि नित्यं पालय–पालय। सर्वज्ञ सर्वलोकेश सर्वदुष्ट विनाशका।।६६।।
तस्करेण हृतं वस्तु द्रुतं दापय दापय। ये च मे वादिनो दिक्ष क्षद्रोपद्रवकारकाः।।६७।।
सर्वाचार–परिभ्रष्टा मानहीनाश्च रोधकाः। ते सर्वे शालुवेशस्य मुसलायुध चूर्णिताः।।६८।।
नश्यन्तु निमिषार्धेन पावकावृत्ततूलवत्। ये जन द्रोहिणोल्पाश्च तत्कालेऽहित भाषिणः।।६६।।
सत्कर्म विघ्नकर्तारः शान्त भक्षपरायाणाः। तु शालुवेश हस्ताग्र–खड्गनिर्भिन्नदेहिनः।।७०।।
पतन्तु भूतले याम्यां प्राणास्तेषां प्रयांत्वलम्। त्वदंघ्रि ध्यान निर्दग्धान्पायत्क्रेशार्थ मन्त्रिणः।।७१।।
मह्यं द्रुह्यन्ति ये तेषां विभवानि क्षयंत्वरम्। त्वदाचार परं भक्तं साधकानां विवेकिनम्।।७२।।
ये चाक्रमन्ति संग्रामे ते'गच्छन्तु पराहताः। त्वदीयेनैव मार्गेण संचरन्तं जपातुरम्।।७३।।
ये वदन्ति परीवादं भ्रान्ताः शीघ्रं भवन्तु ते। त्वद्दसममलं वीरं ये मां तर्जते बलात्।।७४।।
मनसा ये न मन्यन्ते तत्स्वान्तं भ्राम्यतु क्षणात्। मनसा कर्मणा वाचा ये इत्यंत्पतिदुःसहम्।।७५।।
ते महा–रोग शोकाघैः पतंत्वाशु शिवाज्ञया। मदीयानि पदार्थानि गृहीन्तु योऽवलोकते।।७६।।
तत्क्षणादेव नष्टार्थो भवत्वादीश्वराज्ञया। मदीयं द्रव्यमादय ये गच्छन्तिह तस्कराः।।७७।।
सिंहारि–पाश–सम्बद्धास्ते गच्छन्तु प्रदक्षिणम्। सीमातीताश्च ये चौरा गृहीतद्रव्य संचयाः।।७८।।
अवशावयवास्तेन तु आगछन्तु शिवाज्ञया। तस्करा निम्नगास्वान्त–धान्य–वस्त्र–धनादिकाः।।७६।।

पक्षिराज पराकृष्टाः समागच्छन्तुतेद्रुतम्। समाहृत पदार्था ये देशातीताश्च तस्कराः।।८०।।

शरभेश–हलाकृष्टा तस्यागच्छन्तु सानुगाः। चौरा गृहीतुमुद्युक्ताः समागच्छन्ति मां गृहे।।८१।।

ते शालुवेशपक्षोत्थ वातैर्गच्छन्तु सत्वरम्। शान्तं विवेकिनं भक्तं त्वदांघ्रि ध्यानतत्परम्।।८२।।

दुह्यन्ति ये सहप्राणास्तेसं यान्तु यमां पुरीम्। षट्त्रिंशत्कोष्ठके यन्त्रे रेखाशूलाग्र मध्यमे।।८३।।

स्वेच्छा मन्त्रं लिखित्वा तु जपेदाराध्य साधकः। मध्ये पाशांकुशे वहि साध्य नाम लिखेत्क्रमात्।।८४।।

उदङ्. मुखः सहस्रन्तु रक्षणाय जपेन्निशि। नष्टाहरणके पञ्चरात्रं पश्चिमादिङ्. मुखः।।८५।।

मारणे सप्तरात्रं तु दक्षिणाभिमुखो जपेत्। रोगानिग्रहणे चाष्टरात्रमाग्नेयदिङ्. मुखः।।८६।।

इति गुह्यं महा–मन्त्रं परमं सर्वसिद्धिदम्। शरभेशाख्य–कवचं चतुर्वर्ग फल–प्रदम्।।८७

प्रत्यहं प्रतिपक्षं वा प्रतिमास मथापि वा। यो जपेत्प्रतिवर्षं वा वरेण्यः स शिवो भवेत्।।८८।।

एवं हि जपतः पुंसः पातकं चोपातकम्। सर्वं विलयमाप्नोति रविणा तिमिरं यथा।।८९।।

दशाब्दं यो जपेन्नित्यं प्रातरूत्थाय साधकः। सर्वसिद्धि समाश्रित्य देहान्ते स शिवो भवेत् ।।९०।।

त्रि–कालं ध्यानपूर्वं तु जपेद् द्वादश–वार्षिकम्। कायेनानेन सो देवि जीवन्मुक्तो भवेन्नरः ।।९१।।

शतवारं जपेन्नित्यं मण्डलं यो वरानने। सोऽणिमादि गुणान् प्राप्य विचरेत्स्वेच्छया सदा ।।९२।।

अतलादिधरण्यादि भुवनानि चतुर्दश। विचरेत्कामवित्सर्वैः पूज्यमानो यथासुखम् ।।९३।।

त्रि–मासं यो जपेन्नित्यमष्टोत्तर सहस्रकम्। सहसा शरभेशस्य स्वरूपं लभतेऽम्बिके ।।९४।।

षण्मासं यो जपेद्देवि प्रयतस्तु दृढव्रतः। मद्रूपधारकैर्मर्त्यैः सह सिद्धि प्रदायकैः।।९५।।

मम लोके च सम्पूज्यो विष्णुलोके तथैव च। ब्रह्मलोके च रमते सर्वत्र न निवार्य्यते ।।९६।।

इन्द्राग्नियम रक्षेश जलेश पवनैः सदा। सोमेशानक लक्ष्मीशैर्दिशांपालैश्च पूज्यते ।।९७।।

आदित्य–सोम–पृथ्वीश–बुध–श्री–गुरू–भार्गवैः। पूज्यते स ग्रहैः सर्वैः शनि–राहु–केतुभिः।।९७।।

भृग्वंगिरः पुलस्त्यैश्च पुलहात्रि–मरीचिभिः। दक्ष–काश्यप–भृगवादियोगिभिश्च पूज्यते ।।९९।।

भैरवैर्वसुभी रूद्रैरादित्यैर्गाणपत्यकैः। दिग्गजैश्च महा- नागैर्दिव्यास्त्रैर्दिव्य वाहनैः।।१००।।

माहेश्वरैर्महा-रत्नैः कामधेनू सुरद्रमैः। सरिद्भिः सागरैः शैलैर्देवताभिस्तपोधनैः।।१०१।।

दानवै राक्षसैः क्रूरैः सिद्ध-गन्धर्व-किन्नरैः। यक्षैर्विद्याधरैर्नागैरप्सरोभिः प्रपूज्यते ।।१०२।।

अपस्मार ग्रहैर्भीमैरुन्मत्तैर्ब्रह्मराक्षसैः। वेतालैः खेचरैर्मर्त्यैः कूष्माण्डै राक्षस ग्रहैः।।१०३।।

व्यालवत्क्रतमोहारैः स्त्रीग्रहैः पापविग्रहैः। भूत-प्रेत-पिशाचाद्यैर्ग्रहैः सर्वत्र पूज्यते ।।१०४।।

ब्राह्मणैः क्षत्रियैर्वैश्यैः शूद्रैरन्यैश्च जातिभिः। पशु-पक्षि-मृग-व्यालैः पूज्यते सर्वजन्तुभिः।।१०५।।

किमत्र बहुना देविः तव वक्ष्ये यथा तथम्। मया च विष्णुना चैव विश्वकर्त्रा च पाल्यते।।१०६।।

भवान्या च गिरा लक्ष्म्या ब्रह्माण्याद्यष्ट मातृभिः। प्राणेश्वरादि योगीन्द्रैर्योगिनीभिः स पाल्यते ।।१०७।।

य इदं पूजयेद्भक्त्या तस्यासाध्यं न विद्यते। कवचेन्द्रं महा-मन्त्रं जपेत्तस्मादनुत्तमम् ।।१०८।।

उच्चाटने मरूद्वक्त्रो विद्वेषे राक्षसाननः। प्रागाननोऽभिवृद्धौ तु सर्वेष्वीशानदिङ्. मुखः।।१०६।।

यो जपेत्कवचं नित्यं त्रिं-काल ध्यान-पूर्वकम्। सर्वसिद्धिमवाप्नोति सहसा साधकोत्तमः।।११०।।

।।श्री देव्युवाच।।

देव-देव महा-देव शिव कारूण्यवारिधे। पाहि मां प्रणतं स्वामिन्प्रसीद परमेश्वर।। १११।।

सर्वार्थसाधनोपाय सर्वेश्वर्य-प्रदायक। समस्तापत्प्रतीकार चन्द्रशेखर ते नमः ।। ११२।।

(ङ) शुक्रवार व्रत (१) शुक्र ग्रह के शान्त्यर्थ (२) संतोषी माता के प्रीत्यर्थ (३) श्रवण शुक्रवार का व्रत लक्ष्मी व्रत (४) देवी गीता का पाठ एवं शुक्रवार को देवी पूजन विशेष (देवी भागवत)

(च) गणेश चतुर्थी व्रत गणेश पूजन विशेष गणेश अथर्व शीर्ष का १०८ पाठ एवं सहस्त्रार्चन

(छ) सप्तमेश ग्रह का व्रत पूजन एवं दान यदि सप्तमेश नीच, वक्र, पापाक्रान्त हो तो जपानुष्ठान भी।

(ज) कात्यायनी देवी का व्रत एवं पूजन (श्रीमद् भागवत महापुराण)

••••••

दाम्पत्य जीवन–सुखी या दुःखी

-ओम प्रकाश पालीवाल, एम.ए., एल. एल. बी.

विवाह के लिये कुंडली मिलान कराते समय वर कन्या के अभिभावक यह भी पूछते हैं कि क्या इनका विवाहित जीवन सुखमय रहेगा ? उन्हें यह ज्ञात नहीं होता कि विवाहित जीवन के सुख दुःख का विवाह मेलापक से कोई सीधा संबंध नहीं होता। दाम्पत्य जीवन कैसा रहेगा इसका निर्णय तो जातक की जन्म कालीन ग्रह-स्थिति पर निर्भर करता है। कुंडली-मिलान तो यह बताता है कि दाम्पत्य जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव को मिलकर सहन करने की क्षमता उनमें है। ज्योतिष ग्रंथों में इस विषय पर विशद वर्णन मिलता है। इस लेख में उनके सार की समीक्षा की जाती है।

विवाह का विचार वर कन्या दोनों की कुंडलियों में समान रूप से सप्तम भाव से किया जाता है। स्त्री जातक में पति की आयु का विचार तथा वैधव्य का विचार अष्टम भाव से करते हैं।

"पत्युः कलत्रतो रन्ध्राद वैधव्यस्य" *(बृ. पा. हो. शा. ८०/४)*

जो स्त्रियां नौकरी या स्वतंत्र व्यवसाय नहीं करती उनकी कुंडली में नवम स्थान भी विचारा जाता है जो उनके सौभाग्य को दर्शाता है। इस प्रकार स्त्री जातक में सप्तम, अष्टम तथा नवम भाव इस संबंध में विचारणीय हैं। इनमें सप्तम स्थान पति का भाग्य, अष्टम मांगल्य तथा नवम सौभाग्य दर्शाता है। अधिक सूक्ष्म विचार के लिए नवांश कुंडली भी देखी जाती है। पराशर का निर्देश है- **"नवमांशे कलत्राणां"।**

प्रत्येक भाव का विचार करते समय भाव, भावेश, भाव कारक तथा इनसे युति अथवा दृष्टि करने वाले ग्रहों का विचार किया जाता है। यदि ये शुभ सुस्थानस्थ, बली हैं तो भाव संबंधी शुभ फल देते हैं। अन्यथा होने पर अशुभ फल।

इस संबंध में 'जातक तत्व' में महादेव ने कहा है

"लग्नाच्चंद्राद्वा द्यूनं शुभेन स्व पतिना वा युतं दृष्टं कलत्र संपत"

(जा.त. प्रकीर्ण तत्व सप्तम विवेक सूत्र १६०)

अर्थात् लग्न से अथवा चंद्रमा से सप्तम भाव अपने स्वामी से अथवा शुभ ग्रह से युत दृष्ट हो तो स्त्री का सुख अच्छा रहेगा। इस प्रकार लग्न और चंद्रमा दोनों से विचार करने को कहा है।

'जातकादेश मार्ग' में इसे अधिक स्पष्ट शब्दों में निम्न प्रकार कहा है :

"द्यूने बलोद्रिक्त शुभेश मित्र प्राप्तेक्षिते द्यून पतौ सिते वा।
सद्वर्ग संस्थे सबले च भार्या भवन्ति तत्खेट गुणानुरूपाः।।" *(जा आ.भा. १३/१)*

(१) यदि सप्तम भाव अपने बली स्वामी से, बलवान शुभ ग्रह, से बलवान मित्र से

(सप्तमेश के मित्र से) युत या दृष्ट हो;

(२) यदि सप्तमेश बलवान हो, तथा बली शुभ ग्रहों और बली मित्र ग्रहों से युत या दृष्ट हो;

(३) यदि स्त्री कारक शुक्र बलवान हो; बली शुभ ग्रहों और बली मित्र ग्रहों से युत या दृष्ट हो;

(४) यदि सप्तम भाव मध्य शुभ वर्गों में हो;

(५) यदि सप्तमेश शुभ वर्गों में हो; और

(६) यदि शुक्र भी शुभ वर्गों में हो

तो जातक को दाम्पत्य सुख पूर्ण मात्रा में मिलता है। दूसरे शब्दों में उसका दाम्पत्य-जीवन सुखी होता है। यह सुख ग्रह के गुण के अनुरूप होता है। परंतु ऐसा पूर्णरूप से होना संभव नहीं कि भाव, भावेश तथा कारक तीनों ही पूर्ण बली हों, शुभ ग्रह तथा मित्रों से युत अथवा दृष्ट हों और शुभ (बुध, गुरु, शुक्र और शुक्ल पक्षीय चंद्र) ग्रहों के वर्गों (सप्तवर्ग) में भी हों। यहां बली का अर्थ षड्बल में बली होना है। महर्षि पराशर के अनुसार सूर्य तथा गुरु प्रत्येक ६१/२ रूप; मंगल तथा शनि प्रत्येक ५ रूप; चंद्र ६ रूप; बुध ७ रूप तथा शुक्र ५१/२ रूप बल पाकर सुबली माने गए हैं। इससे कम बल होने पर उन्हें बलहीन माना गया है। यहां पर ग्रंथकार का अभिप्राय ग्रह के अति बली होने से है। (बलोद्रिक्त=बल+उद्रिक्त; का अर्थ 'बढ़ा हुआ, अत्यधिक, अतिशय' आदि है) बली ग्रह शुभ फल देता है इसके प्रमाण-वाक्य फलित ग्रंथों में अनेकत्र हैं। उपरोक्त शुभता के ऊपर ही दाम्पत्य-जीवन सुखी होता है। दोनों की शुभता तथा सुखमयता में सीधा संबंध है।

दुःखी दाम्पत्य जीवन :

(अ) सप्तम में ग्रह : निम्न ग्रहों के सप्तम भाव में होने पर दाम्पत्य-जीवन दु:खी होता है।

१. पाप ग्रह (सूर्य, मंगल, शनि, राहु, केतु तथा इनसे युत बुध)

२. पाप दृष्ट ग्रह

३. बल हीन (उपरोक्त रुप बल से कम बल वाले ग्रह) तथा पाप वर्गों में स्थित ग्रह

४. पंचमेश

५. अष्टमेश

६. पाप युत शुक्र (शुक्र को विवाह कारक माना गया है। कारक ग्रह का भाव में होना उस भाव संबंधी फल का नाश करता है।)

इनमें से जितने भी अधिक और जितनी अधिक मात्रा में दोष युक्त ग्रह सप्तम भाव में होंगे उतना ही दाम्पत्य जीवन दु:खी होगा।

(ब) सप्तमेश : निम्न स्थितियों में दाम्पत्य जीवन दु:खी बनाता है :

१. सप्तमेश शत्रु-क्षेत्र या नीच राशि गत अथवा अस्त होकर पाप ग्रह से दृष्ट हो।

२. सप्तमेश बल-हीन हो।

३. सप्तमेश ६, ८ या १२ में स्वोच्च, स्वक्षेत्री या स्व वर्गोत्तमी न होकर स्थित हो।

४. सप्तमेश के नवांश का स्वामी पाप ग्रह हो। यदि सूर्य सप्तमेश होकर पाप ग्रह की राशि या नवांश में गया हो और पाप ग्रह से दृष्ट या युत हो।

२. सप्तमेश क्रूर षष्टयंश में गया हो।

(स) कारक (शुक्र):

१. यदि वह नीच राशि या नीच नवांश में हो।

२. ६, ८ या १२ में स्थित हो।

नवांश कुंडली :-

इसके पश्चात् सूक्ष्म अध्ययन के लिये नवांश कुंडली को देखते हैं। यद्यपि **'पाराशर होरा शास्त्र में'** वर्ग कुंडलियों से फलादेश करने की विधि प्रचलित नहीं मिलती फिर भी विद्वान ज्योतिषी निम्न तथ्यों को देखते हैं:-

१. नवांश कुंडली के लग्न से ग्रहों की स्थिति देखते हैं। यदि ग्रह केन्द्र (१, ४, ७, १०) त्रिकोण (५, ९) तथा लाभ (११) में है तो अपनी दशा में शुभ फल देता है। ३, ६, ८, १२ में होने पर अशुभ फल तथा २ में सम फल देता है।

२. नवांश लग्न का जन्म-लग्न की राशि में पड़ना उत्तम माना गया है क्योंकि तब लग्न वर्गोत्तमी होता है। यह दाम्पत्य जीवन को सुखी बनाता है। यदि नवांश कुंडली का लग्नेश भी वर्गोत्तमी है तो सोने में सुहागे वाली कहावत चरितार्थ होती है।

३. इस कुंडली में ग्रह का उच्च, स्वक्षेत्री तथा वर्गोत्तमी होकर सुस्थानस्थ होना सुखी दाम्पत्य जीवन देता है, नीच होने से दु:खी।

४. ग्रह का दिग्बली होना भी शुभफलप्रद है।

५. इस कुंडली में ३, ८ में स्थित ग्रह अपनी दशा में दाम्पत्य जीवन को नष्ट करने में सक्षम है।


६. स्त्री कारक शुक्र का इस कुंडली में लग्न में होना अच्छा नहीं।

विषय को स्पष्ट करने के लिए कुछ उदाहरण देते हैं:-


उदाहरण १ : जन्म १३ जनवरी, १९२८ प्रात: काल ९ बजकर १२ मिनट पर (सूर्योदय से पूर्व)। उत्तर अक्षांश २९/१ पूर्व रेखांश ७७/४५ चित्रापक्षीय अयनांश २२/५१/७/ जन्म-कुंडली और नवांश कुंडली निम्न प्रकार है :

जातकादेश मार्ग के उपरोक्त सिद्धांतों को प्रथम जन्म लग्न कुंडली पर लागू करते हैं। यह कुंडली पुरुष की है।

जन्म लग्न ८/२७/९



नवांश कुंडली



सुखी दाम्पत्य जीवन :-

१. धनु लग्न है। सप्तम भाव मिथुन राशि में है जो अपने स्वामी बुध से दृष्ट नहीं। शुभ ग्रह चंद्र, गुरु और शुक्र से भी पूर्ण दृष्टि से नहीं देखी जाती। (यहां पूर्ण दृष्टि का ही विचार करते हैं) यह बलवान मित्र ग्रह सूर्य से दृष्ट है जिसका षड्बल ७ ३/४ रूप से अधिक है। अत: सूर्य दृष्टि का शुभ फल-सुखी दाम्पतय जीवन।

२. सप्तमेश बुध बलवान नहीं है उसका षड्बलैक्य ७ रूप से कम है। अत: दाम्पत्य-जीवन में सुख नहीं देता।

३. स्त्री कारक शुक्र बलवान है उसका षड्बल ५१/२ रूप से अधिक है। बली शुभ ग्रह गुरु (८/१८ रूप बल) से दृष्ट है। बली मित्र ग्रह शनि (५/२६ रूप बल से युत है। अत: सुखी दाम्पत्य-जीवन देता है।

४. सप्तम भाव मध्य २/२७/९ है।यह शुभ वर्गों में है। सप्त वर्ग में ६ वर्ग शुभ हैं केवल द्वादशांश ही मेष राशि में होने से अशुभ वर्ग में है। यहां वर्ग गणना पराशर के परिवृत्ति सिद्धांत द्वारा की गई है जिससे होरा, द्रेष्काण तथा त्रिशांशं प्रचलित पद्धति से भिन्न आते हैं। शुभ वर्गों में होने से दाम्पत्य जीवन सुखी।

५. सप्तमेश बुध (स्पष्टांश ९/१/१६) सप्तवर्ग में केवल ३ शुभ वर्गों में है और दाम्पत्य सुख में कमी करता है।

६. शुक्र (स्पष्टांश ७/१७/५२) सप्तवर्ग में ५ शुभ वर्गों में है जिससे वह सुखी दाम्पत्य जीवन देता है।

अब चंद्र लग्न से देखते हैं :-

१. सप्तम भाव अपने स्वामी बली गुरु (८/१८ रूप बल)से युत हैं बलवान शुभ ग्रह चंद्र (६/४० रूप बल) से दृष्ट है। यह भाव गुरु के मित्र बली मंगल (८/२० रूप बल) से दृष्ट है। इस प्रकार सप्तम भाव सभी प्रकार से सुखी दाम्पत्य जीवन दर्शाता है।

२.सप्तमेश गुरु ८/१८ रूप बल प्राप्त करके पूर्ण बली है। वह बली शुभ ग्रह चंद्र तथा बलशाली मित्र ग्रह मंगल से दृष्ट है। इस प्रकार सप्तमेश गुरु भी सभी प्रकार से सुखी दाम्पत्य जीवन दर्शाता है।

३. स्त्री कारक शुक्र ही रहेगा तथा वह जन्म लग्न में वर्णित कारणों से बली होने से सुखी दाम्पत्य जीवन देता है।

४. सप्तम भाव मध्य ११/८/२१ है तथा उसे ५ शुभ वर्ग मिले हैं, शेष २ अशुभ है। अत: सुखी दाम्पत्य जीवन।

५. सप्तमेश गुरु के स्पष्टांश ११/५/२५/४३ हैं। इस प्रकार उसे ४ शुभ तथा ३ अशुभ वर्ग मिले हैं। यह भी सुखी दाम्पत्य जीवन दर्शाता है।

६. शुक्र को सप्तवर्ग में ५ शुभ वर्ग मिले हैं जिससे सुखी दाम्पत्य-जीवन के संकेत हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि जन्म लग्न से सप्तमेश बुध षड्बल में निर्बल है तथा वर्गों में भी केवल ३ शुभ वर्ग मिले हैं। इस प्रकार वह सुखी दाम्पत्य जीवन देने में असमर्थ है। शेष तथ्य सुखी दाम्पत्य जीवन दर्शाते हैं। चंद्र लग्न से सभी प्रकार से सुखी दाम्पत्य जीवन है। यह गुरु के गणों के अनुरूप होगा।

दु:खी दाम्पत्य जीवन :-

(अ) कोई पाप ग्रह सप्तम भाव में नहीं है।

(ब) सप्तमेश बुध अस्त है और पाप ग्रह शनि से दृष्ट होने से दाम्पत्य जीवन दु:खी बनाता है। बुध बलहीन है उसका षड्बल ७ रूप से कम है। इसके नवांश का स्वामी शनि पाप ग्रह है।

(स) कारक शुक्र १२ में स्थित होने से दाम्पत्य जीवन को दु:खी बनाता है।

बुध और शुक्र आंशिक रूप से दु:खी दाम्पत्य जीवन दर्शाते हैं।

नवांश कुंडली द्वारा सूक्ष्म अध्ययन :-

१. नवांश कुंडली का लग्न धनु राशि में होने से वर्गोत्तमी लग्न है जिसका शुभ फल दाम्पत्य जीवन में सुख देता है।

२. नवांश कुंडली का लग्नेश ९ वें भाव में राहु के साथ है। गुरु यहां से नवांश कुंडली के लग्न को पूर्ण दृष्टि से देखकर शुभता प्रदान करता है।

३. स्वक्षेत्री शनि तथा वर्गोत्तमी बुध २ में सम फलदायक हैं।

४. स्त्री कारक शुक्र का नवांश कुंडली के लग्न में होना स्त्री सुख में कमी करता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि दाम्पत्य जीवन को सुखी बनाने वाले योग अधिक हैं। जातक की पत्नी अधिकतर किसी न किसी रोग से ग्रस्त रहती है परंतु गृहस्थी को संभाले हुए है। विवाहित जीवन की स्वर्ण जयन्ती मना चुके हैं।


उदाहरण २ :-

कन्या का जन्म १२ नवंबर, १९३४ प्रात: ४ बज. ६ मिनट पर (सूर्योदय से पूर्व)। उत्तर अक्षांश २८/२४, पूर्व रेखांश ७७/५४; चित्रा पक्षीय अयनांश २२/५६/५१ / जन्म कुंडली और नवांश कुंडली निम्न प्रकार है :-


सुखी दाम्पत्य जीवन के योग :-

(अ) लग्न से : १. कन्या लग्न से सप्तम भाव मीन राशि में पड़ता है। यह अपने

जन्म लग्न ५/२२/१४



नवांश कुंडली



स्वामी गुरु से दृष्ट नहीं है परंतु मित्र मंगल से दृष्ट है। मंगल का षड्बल ७/१५ होने से मंगल अति बली है। इस कारण दाम्पत्य जीवन में सुख देता है।

२. सप्तमेश गुरु ६¹/₂ रूप से अधिक बल पाकर बलशाली है। बली शुभ ग्रह बुध से युत है। शुक्र षड्बल में निर्बल है। बुधयुत होने से शुभ फल दायक।

३. यह कुंडली स्त्री की है। पर दाम्पत्य जीवन का कारक शुक्र ही रहेगा। शुक्र षड्बल में हीन बली होने से शुभ फल देने में असमर्थ। परंतु दो बली शुभग्रह बुध, गुरु से युत होने के कारण अशुभता में कमी आई है।

४. सप्तम भाव मध्य (११/२२/१४) को सप्त वर्ग में ३ शुभ वर्ग तथा ४ अशुभ वर्ग मिले हैं। (वर्ग शोधन पाराशर के परिवृत्ति सिद्धान्त के अनुसार है। इसमें प्रचलित होरा, द्रेष्काण तथा त्रिशांश से भिन्न वर्ग आते हैं। इस सिद्धांत में वर्ग राशियों को ही दिये जाते हैं तथा हर वर्ग में १२ राशियों को मिलते हैं प्रचलित होरा में केवल सूर्य, चंद्र को वर्ग देते हैं तथा त्रिशांश में शेष ५ ग्रहों को। प्रत्येक वर्ग में मेष से प्रारम्भ करते हैं तथा क्रमानुसार मीन तक जाते हैं। फिर मेष से प्रारम्भ करके समाप्ति तक यही क्रम चलता है।) इस प्रकार सप्तम भाव मध्य में अशुभ वर्गों की अधिकता से दाम्पत्य जीवन के सुख में न्यूनता आती है।

५. सप्तमेश गुरु (६/१३/५७/३८ को भी सप्त वर्ग में ३ शुभ तथा ४ अशुभ वर्ग प्राप्त होने से दाम्पत्य जीवन के सुख में कमी ।

६. शुक्र(६/२४/९/५६) को सप्तवर्ग में ६ शुभ वर्ग तथा १ अशुभ वर्ग मिला है। इस कारण दाम्पत्य-जीवन में सुख देता है।

(ब) चंद्र लग्न से :

१. चंद्रमा धनु राशि में होने से सप्तम भाव मिथुन राशि में पड़ता है। यह अपने स्वामी बुध से पूर्ण दृष्टि से नहीं देखा जाता। बलवान शुभ ग्रह गुरु से दृष्ट होने से सुखी दाम्पत्य जीवन देता है।

२. सप्तमेश बुध का षड्बल लगभग ७ ¹/₂ रूप है। इस कारण वह बली होकर दाम्पत्य जीवन में सुख देता है।

३. कारक शुक्र ही रहेगा अत: उपरोक्त लग्न (३) में वर्णित सारे तथ्य यहां पर भी लागू होंगे।

४. सप्तम भाव मध्य २/२७/२४/२६ है। इसे ६ शुभ वर्ग तथा १ अशुभ वर्ग मिला है। शुभ वर्गों की अधिकता से सुखी दाम्पत्य जीवन है।

५. सप्तमेश बुध (६/१०/१८/३४) को ४ शुभ तथा ३ अशुभ वर्ग मिले हैं। शुभ वर्गों की अधिकता से सुखी दाम्पत्य-जीवन।

(६) शुक्र (६/२४/९/५६) को सप्तवर्ग में ६ शुभ वर्ग तथा १ अशुभ वर्ग मिला है। इस कारण दाम्पत्य जीवन में सुख देता है।

दु:खी दाम्पत्य–जीवन के योग :–

(अ) लग्न तथा चंद्र दोनों ही से सप्तम भाव में कोई ग्रह नहीं।

(ब) सप्तमेश : लग्न कुंडली में सप्तमेश गुरु शत्रु-क्षेत्री है तथा पाप ग्रह शनि से दृष्ट है। गुरु के नवांश का स्वामी शनि पाप ग्रह है।

चंद्र कुंडली से सप्तमेश बुध मित्र क्षेत्री है। परंतु इसके नवांश मकर का स्वामी शनि पाप ग्रह है।

(स) कारक शुक्र का स्वराशि तथा स्व नवांश में होना अच्छा है। परंतु अस्त होने से दोषी है तथा हीनबली भी है। षड्बल में लगभग ४ ³/४ रूप बल मिला है।

अष्टम भाव :- यह कुंडली स्त्री की है अत: इसका अष्टम भाव भी विचारना होगा।

जन्म लग्न से अष्टम भाव मेष राशि में पड़ता है। यह भाव अपने स्वामी मंगल से दृष्ट नहीं है। परंतु दो मित्र ग्रहों सूर्य तथा गुरु से दृष्ट है। तीन शुभ ग्रह बुध, गुरु और शुक्र से भी दृष्ट हैं। इस कारण पति का सुख देता है।

चंद्र लग्न से अष्टम भाव कर्क राशि में पड़ता है। यह भाव अपने स्वामी से दृष्ट नहीं। दो पाप ग्रहों-शनि, राहु से दृष्ट है। अष्टम में केतु की स्थिति मांगल्य में बाधा डालती है।

सूक्ष्म अध्ययन के लिये नवांश कुंडली को देखते हैं। इस कुंडली का लग्न कर्क है जिसका स्वामी चंद्रमा इसमें छठे स्थित है जो अशुभ फलदायी है। परंतु सप्तम में बुध तथा अष्टम में गुरु होने से यह चंद्रमा लग्नाधि योग का एक घटक हो जाता है। लग्न से ६, ७, ८ में शुभ ग्रहों के होने से यह योग बना जो शुभ फल देता है।

नवांश कुंडली में मंगल, बुध, राहु और केतु केन्द्र में हैं तथा सूर्य शुक्र लाभ स्थान में। अत: ये ग्रह अपनी दशा/अंतर्दशा में शुभ फलदाई। जातक का विवाह चंद्र महादशा के सूर्य अंतर में हुआ।

तृतीयस्थ शनि और अष्टमस्थ गुरु अपनी दशा/अंतर्दशा में अशुभ फल दे सकते हैं। इस समय शनि महादशा में शुक्र का अंतर चल रहा है।

दोनों उदाहरण एक पति-पत्नि के हैं जिनका विवाह मार्च १९५० में हुआ था।


सम्पर्क सूत्र : ३२७८, सेक्टर १५ डी, चंडीगढ़-१६००१५

पाकिस्तान का लोकतंत्र बनाम सैनिक शासन

रमेश चन्द्र जैन, ज्योतिष अनुसंधान केन्द्र,
बिजौलियाँ- ३११६०२ (राज.), फोन : ०१४८९-३६१३६

भारत और पाकिस्तान दोनों एक ही साथ १४/१५ अगस्त १९४७ की महानिशा में अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त होकर विभाजित होने के साथ जब स्वतंत्र हुए तब दोनों देशो की ग्रह स्थितियां तो समान थी लेकिन लग्न की राशियों में अन्तराल था। इसी महत्वपूर्ण अन्तर की वजह से दोनों देशों के राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास में जमीन आसमान का अन्तर हैं। जब भारत आजाद हुआ स्थिर लग्न राशि वृषभ उदय हो रही थी और तृतीय पराक्रम भाव में पंचग्रही योग चल रहा था। इसी के विपरीत पाक में चर लग्न राशि मेष का उदय हो रहा था और चतुर्थ भूमिभाव में पंचग्रही योग विद्यमान था। जो दोनों देशों के उद्देश्यों में असमानता का प्रमुख कारण है। जहां एक और भारत विश्व के उन्नतिशील देशों में अग्रणी लोकतंत्रीय प्रणाली से विख्यात राष्ट्र हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान अभी तक अनेक विवादों से ग्रसित अल्पविकसित सैनिक शासित और आंतककारी (उग्रवादी) राष्ट्र के नाम से ख्यात हैं।

पाक कुंडली



प्रत्येक कुंडली में लग्न लग्नेश का विशेष महत्व होता है। ये दोनों राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। पाक की लग्न राशि मेष और इसका स्वामी अंगारक मंगल अग्नितत्व प्रधान क्रूर संज्ञक हैं।इस राशि और ग्रह से प्रधान व्यक्ति पुरूषार्थी, महत्वाकांक्षी, धैर्यशील, आज्ञाकारी, साहसिक कार्यों में अग्रणी, और महत्वपूर्ण पदों को शोभित करने वाले नेतृत्व प्रधान होते हैं। साथ ही हिंसा, भय, लूट, आतंक, अपहरण, बलात्कार, रक्तपात, क्रूरता, हिंसा व युद्धादि कार्यों में भी इस ग्रह की विशेष भूमिका रहती है। विशेषतया भूमि विवाद में अग्रणी रहता है। राशि व ग्रह पर शुभ ग्रहों का प्रभाव जातक को ख्याति प्रसिद्धि प्रदान करते हैं। इसी के विपरीत पाप ग्रहों का प्रभाव जातक को कुख्यात व अपयश के भागीदार बनाते हैं।

पाक की लग्न राशि व लग्नेश मंगल और लाभ भाव पर गुरु की शुभ दृष्टि का प्रभाव है। जो पाक का अस्तित्व बनाने में सहायक है। लेकिन साथ ही लग्न पर शनि की दृष्टि पाक के दीर्घकालीन अस्तित्व में बाधक हैं। तृतीय भाव में मिथुन राशि का मंगल राहु नक्षत्र का पाप ग्रहों के मध्य स्थित हैं। जो पाक के नेतृत्व को दुर्बल करता है, लेकिन सैनिक शासकों के वर्चस्व को बरकरार रखता है

क्रूरा महाक्रूरा की लोकोक्ति के अनुसार जब पापग्रह पाप प्रभावित हो तो उसकी शुभता क्षीण हो जाती है। मंगल क्रोध व नेतागिरी करने में अत्यन्त आतुरता करता है। दूषित मंगल का ऐसा स्वभाव सा बन जाता है कि वह किसी नियम कानून या शासक को अधिक दिन तक नहीं देख सकता है। ऐसे वातावरण में जो भी व्यक्ति शासन करता है या शासन के विरूद्ध आवाज उठाता है या राष्ट्रहित की बात करता है तो उसे पदच्युती का सामना करना पड़ता है और किसी भी प्रकार की सजा देने में हिचकिचाहट नहीं होती है। पाकिस्तान के अपदस्थ शासकों को व सेना प्रमुखों का लम्बा इतिहास इसका प्रमाण है।

द्वितीय वाणी कुटुम्ब व धन भाव में राहु स्थित हैं। ज्योतिष के मान्य ग्रन्थों के अनुसार दूसरे घर का मालिक पाप ग्रहों से युत हो और दूसरे घर में पापग्रह बैठे हों तो नि:स्वयोग होता हैं। पाक का द्वितीयेश शुक्र पापयुक्त और द्वितीय में पापी राहु स्थित हैं। जिसके पास अपना कुछ नहीं होता है; दांत और नेत्र खराब होते हैं; अच्छे वचन नहीं बोलता और कुटुम्ब भी विफल होता है। अच्छी संगति में नहीं रहता; बुद्धि पुत्र, विद्या और वैभव से हीन होता है। जिसके धन को शत्रु लोग हर लेते हैं। यह नि:स्वयोग का अर्थ है? जो पाक राष्ट्र में न्यूनाधिक रूप से लागू होता है। चन्द्र राशि से राहु लाभ में और गुरु की लाभ भाव पर दृष्टि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को येन केन प्रकारेण मजबूत रखता है। लेकिन सूर्य नक्षत्र का राहु पाक की आन्तरिक स्थिति व एकता में विविध बाधाओं का उत्पादक हैं। पाकिस्तान में अनेक पार्टियों व नेताओं पठानों का वर्चस्व है। प्रान्तों में भी विरोध, वैमनस्यता, उपद्रव, अशान्ति व झगड़े चलते रहते हैं। दूसरे भाव का राहु कपट की वाणी या दो अर्थ की बात बोलने वाला होता है। पाकिस्तान भारत के खिलाफ सर्वत्र और सभी माध्यमों से दुष्प्रचार जारी रखता है और झूठे वक्तव्य देता ही रहता है।

राजनीतिकारक राहु इस्लाम का प्रतिनिधि ग्रह है। लग्न स्वामी मंगल राहु नक्षत्र का धार्मिक उन्माद उत्पन्न करता है। इस्लाम खतरे में है। इसी एक मात्र औजार से पाक के शासक राजनैतिक शक्ति प्राप्त करते हैं। जेहाद का उद्घोष करते हैं और वहां के धार्मिक नेता जनता व सैनिक प्रमुखों पर प्रभाव बनायें रखते हैं।

चतुर्थ भाव जनमत, मातृभूमि, गृहशान्ति व शिक्षा का भाव होता है। जहां चन्द्र राशि पाप ग्रहों से प्रभावित लोकतंत्र में बाधक है तथा विश्व के अन्य राष्ट्रों से भिन्न इस राष्ट्र की पृथक छवि बनाने में सहायक हैं। चन्द्रमा जन जन का मन होता है। लेकिन क्षीण है। जनमानस को दूषित करता है और शिक्षा का प्रतिशत घटाता है। बुध तृतीय षष्ठ का स्वामी होने से हानिकारक है। पाकिस्तान में सैनिकों का हस्तक्षेप करता है और पड़ोसी राष्ट्र भारत से नियमित रूप से शत्रुता का भाव रखता है। शुक्र द्वितीय सप्तम का स्वामी होने से आर्थिक विषमताएं, क्रयशक्ति का ह्रास, कुटुम्बियों

में विरोधाभास, महिला अधिकारों की हानि, मिथ्या और झूठे वक्तव्य की उत्पत्ति करता हैं। पंचमेश सूर्य शुभ हैं, लेकिन अशुभ शनि के साथ हो जाने से पांचों ग्रहों का सहवास चतुर्थ भाव को बिगाड़ रहा है।। जिसकी वजह से भूस्वर्ग कश्मीर के भाग को लेकर भारत से शत्रुता व बदले की भावना पाल रखी है।

पाप ग्रह जहां भी स्थित होते हैं उस भाव को और जिसे देखते हैं उस भाव को खराब करते हैं। पाक कुंडली का चतुर्थ भूमि भाव पाप ग्रहों से प्रभावित होने से पाकिस्तान कश्मीर को अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दा बनाने पर आमदा है और इसी भाव से सूर्य शनि की दृष्टि राज्य भाव पर होने से शासन संचालन में कुशल नैतृत्व का पाकिस्तान में अभाव हैं। चन्द्र कुंडली से भी सातवें भाव पर मंगल शनि की दृष्टि पाकिस्तान में अत्यधिक और अनावश्यक सैन्य सामग्री और सैनिक शासन की मनोवृत्ति बनाते हैं। शनि लोकतंत्र व राजनीति का ग्रह हैं। लेकिन पाकिस्तान की कुंडली में योग कारक न होकर राजयोग भंग करता है। इसलिये पांच दशक व्यतीत हो जाने पर भी पाकिस्तान में लोकतांत्रिक सरकारें अकालग्रस्त रही हैं और सेनापतियों का बोलबाला चलता आ रहा हैं।

किसी भी जातक की कुण्डली में जब तक अनुकूल दशा का आगमन नहीं होता तो उसका सारा जीवन उथल-पुथल में ही व्यतीत हो जाता है। लगभग यही स्थिति पाक कुण्डली में विद्यमान हैं। वृहस्पति का लग्न व मंगल पर शुभ प्रभाव तथा चन्द्र से केन्द्र में गुरु के होने से पाकिस्तान का अस्तित्व बना हुआ है। लेकिन आठवें भाव का केतु मंगल से षडाष्टक होने से अकाल मृत्यु में सहायक बनता है। राष्ट्र को विविध संकटों की ओर धकेलता है। जन्म का शनि चन्द्र राशि और लग्न दोनों पर अशुभ प्रभाव रखता है।

पाकिस्तान अपने जन्म से अगस्त १९६५ तक शनि महादशा के प्रभाव में रहा। शनि शत्रु भाव के बुध नक्षत्र का है। दशा आरम्भ से ही प्रथम युद्ध भारत के साथ किया। सितम्बर ४९ से मई ५२ बुध अवधि शनि दशा में सितम्बर ५१ में प्रधानमंत्री लियाकत खाँ की हत्या हुई। उपरान्त जून ५३ से अगस्त ५६ शुक्र अवधि शनि दशा में नजरुद्दीन और मोहम्मद अली प्रधानमंत्री बने और अगस्त सितम्बर ५५ में अपदस्थ कर दिये गये। अगस्त ५७ से फरवरी ५९ मनकारक चन्द्र अवधि दशा में अक्टूबर ५७ में सुहरावर्दी सरकार का पतन हुआ और अक्टूबर ५८ में सैनिक शासक अयूबखां ने पाकिस्तान की सत्ता संभाली और सैनिक शासन लागू कर दिया।

सितम्बर १९६५ से अगस्त १९८२ तक पाक बुध महादशा के प्रभाव में रहा। बुद्धि कारक बुध शनि नक्षत्र का जिन ग्रहों के साथ होता है उसी के अनुरूप फल देता है। पाकिस्तान की कुण्डली में तृतीय व शत्रु भाव का स्वामी होने से पापी व अशुभ है। तृतीय से पड़ोसी राष्ट्र का विचार होता है। ज्यों ही दशा आरम्भ हुई सितम्बर ६५ में भारत के साथ दूसरा युद्ध किया और पराजित हुआ। जनवरी ६९ से नवम्बर ७१ शुक्र अवधि बुध दशा में मार्च ६९ में सैनिक शासक याह्या खां ने अयूब खां को सत्ता से हटाकर सैनिक शासन संभाला। और इसी अवधि में ७ दिसंबर १९७० को पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार आम चुनाव हुए और जुल्फीकार भुट्टो प्रधानमंत्री बने। दिसम्बर ७१ से सितम्बर ७२ सूर्य अवधि बुध दशा में तीसरी बार भारत के साथ युद्ध किया और पराजित हुआ। सूर्य आत्मकारक होने से पाकिस्तानी की आत्मा पीड़ित हुई। पाकिस्तान का एक और विभाजन हुआ। पूर्वी पाकिस्तान स्वतन्त्र हुआ। याह्या खां ने पाकिस्तान की सारी शक्ति भुट्टों को सौंपी और जुलाई ७२ में भारत पाकिस्तान के मध्य महत्वपूर्ण शिमला समझौता हुआ। अक्टूबर ७२ से फरवरी ७४ मनकारक चन्द्र अवधि बुध दशा में १९७३ में पाकिस्तान में लोकतान्त्रिक संविधान लागू हुआ और आम चुनाव हुए। भुट्टो प्रधानमंत्री बने। मार्च ७५ से सितम्बर ७७ राहु अवधि बुध दशा में मार्च ७७ में (दूसरी बार) आम चुनाव हुए और भुट्टो पुनः सत्ता में आये। लेकिन जुलाई ७७ में सैनिक शासक जिया उल हक ने प्रधानमंत्री भुट्टों को अपदस्थ कर जेल में डाल दिया और पुनः शक्तिपूर्वक पाकिस्तान की सत्ता संभाल ली। और सैनिक शासन लागू कर दिया और सितम्बर ७७ से दिसम्बर ७९ के मध्य गुरु अवधि बुध महादशा में अपदस्थ प्रधानमंत्री भुट्टों पर मुकदमा चलवाकर फांसी पर लटका दिया।

सितम्बर ८२ से अगस्त ८९ तक केतु महादशा का प्रभाव रहा। केतु शनि नक्षत्र का आयु भाव में स्थित हैं। सितम्बर ८७ से अक्टूबर ८८ शनि अवधि केतु दशा में अगस्त ८८ में जिया उल हक की विमान दुर्घटना में अकाल मृत्यु हुई और नवम्बर ८८ से अक्टूबर ८९ बुध अवधि केतु महादशा में श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो विश्व की पहली युवा महिला प्रधानमंत्री बनी।

सितम्बर ८९ से शुक्र महादशा चल रही हैं शुक्र शत्रु राशि का सूर्य बुध शनि चन्द्र से पाप प्रभावित होकर केन्द्र में स्थित है। ज्योतिष के पंचग्रही योगानुसार जातक धनहीन, दीर्घाकृति, शरीर में अनेक रोग, पुत्र नष्ट हो जाये ऐसी स्थिति रहती हैं। ज्योतिष ग्रन्थों का यह भी मत है कि सूर्य चन्द्र दोनों कर्क या सिंह राशि में हो तो मनुष्य का शरीर कृश होता है। पापदृष्ट और अन्य दुर्योग होने से यक्ष्मा भी हो जाता है। पाकिस्तान की तुलना उक्त दोनों योगों से की जा सकती है। सितम्बर ८९ से दिसम्बर ९२ शुक्र अवधि शुक्र दशा में बेनजीर को पद छोड़ना पड़ा और १९९०-१९९१ में नवाज शरीफ प्रधानमंत्री बने। जनवरी ९३ से दिसम्बर ९३ सूर्य अवधि शुक्र दशा में नवाज शरीफ अयोग्य घोषित हुये; पुनः प्रधानमंत्री बने; और बर्खास्त हुये और अस्पष्ट बहुमत से बेनजीर भुट्टो पुनः प्रधानमंत्री बनी। नवम्बर ९६ से अक्टूबर ९९ राहु अवधि शुक्र महादशा में पाकिस्तान की राजनीति में आश्चर्यजनक मोड़ आया।

नवम्बर ९६ में बेनजीर बर्खास्त हुई और फरवरी ९७ में नवाज शरीफ दो तिहाई बहुमत से पुनः प्रधानमंत्री बने और फरवरी ९९ में भारत पाक के मध्य लाहौर समझोता हुआ। मई ९९ में चतुर्थ कारगिल युद्ध हुआ। सेना और सरकार के मध्य मतभेद उजागर हुए। जिसकी परिणति स्वरुप १२ अक्टूबर ९९ को आर्मी चीफ परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ को सत्ता से अपदस्थ कर जेल में डाल दिया और पाकिस्तान की सत्ता बलपूर्वक संभाल ली। यह घटनाक्रम ठीक उसी प्रकार से घटित हुआ जब १९७७ में राहु अन्तरदशा में जिया उल हक ने भुट्टो को अपदस्थ कर जेल में डाल दिया था।

उपरोक्त ज्योतिषीय विश्लेषण से यह जाहिर है कि ग्रहों के दूषित प्रभाव से पाकिस्तान में लोकतान्त्रिक सरकारें अकालग्रस्त रही और सैनिक शासन और इस्लाम कट्टरपंथिता का बोलबाला पाकिस्तान में हावी रहा।

पाकिस्तान की कुंडली में शुभ ज्योतिष योग और ग्रहस्थितियों का अभाव है और पापग्रहों का वर्चस्व हैं। पापग्रह अनिष्ट कारक और संहारक होते हैं। लग्न राशि मेष युद्धप्रिय हैं और मंगल युद्ध का देवता है। पाकिस्तान अपने जन्म से ही भारत से बदले की भावना से प्रेरित होकर चार युद्ध कर चुका है और छद्म युद्ध सदैव जारी रखता है। राहु पृथकतावादी आणविक अस्त्र-शस्त्र, बम विस्फोट, भय आतंक, निर्दयता में सहयोगी की भूमिका निभाने में सहायक हैं। शनि लग्न व चन्द्र राशि को प्रभावित करते हुये राष्ट्र की सुख शान्ति व सुशासन में बाधक हैं। यद्यपि चन्द्र, बुध, शुक्र नैसर्गिक शुभ ग्रह हैं जो पाक राष्ट्र की पहचान बनाये हुए हैं लेकिन भाव अधिपत्य से तथा सूर्य शनि के संसर्ग से दूषित है जिसकी वजह से पाक की धरती पर अनेक उग्रवादी और आतंककारी संगठन पाकिस्तान में सक्रिय हैं राहु केतु जोखिम भरे कार्यों, मादक तस्करी, हत्या, अपहरण में विशेष भूमिका निभाते हैं। एक मात्र बृहस्पति पाकिस्तान के भाग्य में सहायक है।

शुक्र भोग विलास सुन्दरता राजनैतिक गतिविधियाँ और स्त्रीयोचित गुणों का ग्रह है। चतुर्थ भाव में दिशा बली है। पाकिस्तान की कुंडली में द्वितीय धन कुटुंब और सप्तम सैन्य शक्ति, व्यापार, वादविवाद भाव का स्वामी है और बुध नक्षत्र का होकर पाप प्रभाव में हैं। जो पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को आशाजनक नहीं रखेगा। अनुचित कार्यों में अधिक लिप्त करेगा। सप्तमेश होने से मारकता का प्रभाव रखता है। फलस्वरूप पाकिस्तान का अधिकांश व अत्यधिक व्यय मारणात्मक सामग्री सैनिक संसाधन व सैन्य शक्ति बढ़ाने पर होगा। जिससे पाक ऋणग्रस्त और दिवालिया भी हो सकता है। शुक्र महादशा के दस वर्ष व्यतीत हुए हैं और दस वर्ष अभी भोगने शेष हैं। विगत एक दशक में पाकिस्तान ने सैन्य संसाधन, नशीले पदार्थों की तस्करी, व्यापार आणविक अस्त्र शस्त्र बढ़ाने व अनेक आतंकवादी और उग्रवादी संगठनों को कश्मीर भारत और विश्व के अन्य भागों में सक्रिय व संचालन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी हैं। शुक्र द्वितीयेश होने से भी मारक हैं। जो वहां के कुटुम्बियों में परस्पर विरोधाभास और आन्तरिक एकता में विघटन का प्रमुख कारण हैं। नवम्बर ९९ से जून २००२ तक शुक्र महादशा में गुरु की अन्तरदशा रहेगी। गुरु पाक की कुंडली में भाग्य-धर्म-न्याय और बारहवें व्यय हानि, दो भाव का स्वामी होकर लग्न लाभ और मंगल पर शुभ दृष्टि रखता है। प्रमुख त्रिकोण का स्वामी होने से योगकारक है। शुक्र और गुरु नैसर्गिक शुभ ग्रह हैं। लेकिन गुरु देवताओं का और शुक्र राक्षसों का आचार्य है परस्पर शत्रु भाव रखते हैं। शुक्र राशि तुला भी गुरु की शत्रु राशि हैं। इसलिये इस महान ग्रह की शुभता में अशुभता भी विलीन हैं। शुभता की वजह से यदाकदा लोकतांत्रिक सरकारें प्रभाव में आती हैं और भारत से मैत्रीपूर्ण संवाद कायम करने में सफल होती हैं। लेकिन अशुभता की वजह से पाक की राजनीति में धार्मिक कट्टरवाद और सेना हावी रहती है। न्यायापालिकाओं का हनन होता है। कुशल नेतृत्व प्रसिद्धि में विविध व्यवधान उपस्थित होते हैं और भारत के प्रति सहानुभूति की जगह कट्टर विरोध प्रदर्शित करने की भावना सदैव जागृत रहती है। नवम्बर ९९ से गुरु की अन्तरदशा लगते ही २४ दिसम्बर ९९ को भारत का विमान अपहरण कांड इसका ज्वलंत उदाहरण है। गुरु महादशानाथ शुक्र का शत्रु है और शुक्र लग्नेश मंगल का शत्रु है। मई २००० तक शनि भी पाक की नीच लग्न राशि मेष में भ्रमण करेगा। इसलिये इस अवधि में पाकिस्तान भारत के विरूद्ध और अधिक शत्रुतापूर्ण वातावरण उत्पन करेगा। आतंककारी और उग्रवादी गतिविधियों में तेजी लायेगा। कश्मीर में भय आतंक फैलायेगा और निरपराध लोगों की हत्या करेगा। भारत के महत्वपूर्ण व्यक्तियों का अपहरण या हत्या करने का प्रयास करेगा और अनेक संवेदनशील और महत्वपूर्ण ठिकानों को नष्ट भ्रष्ट करने की साजिश में लिप्त रहेगा। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI का जाल विश्वव्यापी दृष्टिगोचर होने लगेगा।

गुरु की लग्न पर दृष्टि सैनिक शासन को बल प्रदान करेगी और भारत विरोधी घोषित और अघोषित युद्ध के लिये प्रेरित करती रहेगी। परवेज मुशर्रफ मुजाहिदीनो के माध्यम से सैनिक शक्ति का विस्तार करेंगे और लोकतंत्र की जड़ें कमजोर करेंगें। पाकिस्तान में पुनः शीघ्र ही लोकतंत्र स्थापित हो जाए इसकी संभावनाएं लगभग क्षीण सी रहेगी।

जून व अगस्त २००० से शनि गुरु का वृष में और राहु का मिथुन राशि में भ्रमण होगा। जो पाक की आन्तरिक स्थिति को दूषित करेगा। असाधारण गतिविधियाँ जन्म लेने लगेंगी। जो पाकिस्तान के भविष्य के लिये प्रश्नवाचक चिन्ह लगायेगीं। महत्वपूर्ण प्रान्तों में अराजकता और राजद्रोह की स्थिति उत्पन्न होगी। यद्यपि पाक की जनता पर सैनिक सरकार का नियंत्रण रहेगा। लेकिन असंतोष अशान्ति की ज्वालाएं भी भभकने लगेगी। सितम्बर से जनवरी २००१ के मध्य गुरु शनि के वक्रत्व काल में और जून २००२ तक पाकिस्तान का एकमात्र उद्देश्य भारत विरोधी षडयंत्रों को अंजाम देने का ही रहेगा। इस अवधि में पाकिस्तान द्वारा छद्म युद्ध, महायुद्ध, आतंक,

उग्रवाद, छल-कपट इत्यादि चरम सीमा पर रहेंगे। गुरु की मंगल पर दृष्टि परमाणु युद्ध भी करवा सकती हैं। विश्व की महाशक्तियाँ अमेरिका, चीन, ब्रिटेन इत्यादि महाराष्ट्र भी पाकिस्तान के अस्तित्व एवं गतिविधियों को लेकर चिंतित होंगे। लेकिन ये राष्ट्र स्वार्थों के अभिप्रेत पाकिस्तान के विरुद्ध ठोस कार्यवाही करने में असमर्थ ही रहेंगे।

जुलाई २००२ से अक्टूबर २००५ शुक्र महादशा में शनि की अन्तरदशा पाकिस्तान के अस्तित्व के लिये अशुभ सूचक रहेगी। इस अवधि में गृह युद्ध या देश विप्लव की स्थिति उत्पन्न होनी संभव रहेगी। पाकिस्तान का तीसरा और अन्तिम विभाजन होने की पूर्ण संभावना है। पूर्वोत्तर और दक्षिण भाग खंडित हो सकते हैं।

पाकिस्तान की कुंडली दूषित मंगल प्रधान है। इसलिये भारत से संवाद या द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से कोई सुलह समझौता हो जाय इसकी कतई संभावना नहीं है। भूमि भाव पाप ग्रहों से प्रभावित होने से पाकिस्तान वर्तमान अस्तित्व में नहीं रह पायेगा और न ही लोकतंत्र और सैनिक सरकार स्थायी रूप से स्थापित हो पायेंगी। अस्तित्व रहने तक अस्थिरता अशान्ति बनी रहेगी। प्रत्येक वर्ष के अगस्त सितम्बर और अक्टूबर मास शुभ व अशुभ घटनाओं से ओतप्रोत रहेंगे।

पृष्ठ २१७का शेष

यूरेनस, नेप्च्यून, प्लूटो के क्रांति शर
(प्रातः ५ घं. ३० मि. भा. स्टें. टा.) संवत् २०५८ वि.

मास ता.	यूरेनस,				नेप्च्यून,				प्लूटो			
	क्रांति		शर		क्रांति		शर		क्रांति		शर	
	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.
अप्रैल १	द. १४	२०	द. ०	४१	द. १८	२	उ. ०	९	द. ११	५७	उ. १०	४४
मई १	१४	१	०	४२	१७	५५	०	९	११	४८	१०	४९
जून १	१३	५६	०	४४	१७	५७	०	९	११	४३	१०	५०
जुलाई १	१४	५	०	४५	१८	५	०	९	११	४२	१०	४५
अगस्त १	१४	२५	०	४५	१८	१८	०	८	११	४९	१०	३५
सितंबर १	१४	४९	०	४५	१८	३०	०	८	१२	१	१०	२२
अक्टू. १	१५	७	०	४५	१८	३८	०	८	१२	१६	१०	९
नवम्बर १	१५	१३	०	४४	१८	३९	०	७	१२	३२	९	५९
दिसंबर १	१५	४	०	४३	१८	३२	०	७	१२	४५	९	५३
जनवरी १	१४	४९	०	४२	१८	१८	०	६	१२	५४	९	५२
फरवरी १	१४	९	०	४२	१८	१	०	६	१२	५५	९	५५
मार्च १	द. १४	[illegible]	द. ०	[illegible]	द. १७	[illegible]	उ. ०	६	द. १२	५२	उ. १०	१

।। श्री नाथजी ।।

हनुमानजी की साधना से धन ऐश्वर्य सुख समृद्धि की प्राप्ति

- रमेश चन्द्र नामधर श्री नव दुर्गा ज्योतिष अनुसंधान केन्द्र

प्राचीन शास्त्रों, तांत्रिक ग्रन्थों में हनुमान साधना के ऐसे चमत्कारी मन्त्र-तन्त्र स्तोत्र दिये गये हैं जिसका श्रद्धापूर्वक अनुष्ठान या पाठ करने से धनं, ऐश्वर्य, सुख, समृद्धि, प्रतिष्ठा के साथ साथ मानव की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। भगवान शंकर के ग्यारहवें रुद्र अंजनी नन्दन पवन सुत हनुमानजी आज भी पृथ्वी पर विद्यमान हैं और भक्तों के दुःख दूर करने में सक्षम हैं। अनेकों साधु-सन्तों, सिद्ध साधकों- योगियों- उपासकों को इस घोर कलियुग में मारुति नन्दन के दर्शन भी हुए हैं।

आज की विषम परिस्थिति, आर्थिक मन्दी और भयंकर मंहगाई में मनुष्य का मन दुर्बल या पंगु बन गया है। रात दिन चिन्ता, भविष्य की आशंका, दरिद्रता, मृत्यु का डर, शोर-शराबा, मानहानि, गुण्डागर्दी, नौकरी, व्यापार में अस्थिरता, भ्रष्टाचार, परिवार में कलह, आपस में मुठभेड़, एक दूसरे के प्रति अविश्वास, शासन की अस्थिरता, मारकाट, आतंकवाद, लूटपाट, चोरी-डकैती, बलात्कार तथा अन्य विभिन्न असाध्य रोगों के कारण मनुष्य का मन भयभीत, शक्तिहीन, असहाय सा हो गया है। हर व्यक्ति सुख-शान्ति की खोज में भटक रहा है लेकिन शान्ति कहीं नहीं दिखाई दे रही है। जब मानव का मानवीय बल समाप्त हो जाए तो हर प्राणी को हनुमानजी की साधना का सहारा लेना चाहिये जिससे बल, बुद्धि, विद्या, अतुलनीय साहस, पराक्रम, शक्ति प्राप्त हो सके।

भगवान शंकर के अवतार राम भक्त अतुलित बलधाम हनुमानजी की नियमित साधना से शारीरिक, मानसिक, आर्थिक चिन्ताओं से मुक्ति, शक्ति, बल, तेज, पराक्रम, साहस की प्राप्ति, धन, ऐश्वर्य, सुख-समृद्धि, व्यापार-व्यवसाय, उद्योग-धन्धे, कल कारखाना में आश्चर्य जनक उन्नति, भय, व्याधि, पीड़ा, भूत-प्रेत, पिशाच, डाकिनी-शाकिनी, यक्षिणी, वीर-बेताल, अन्य शक्तियों से मुक्ति, राजभय, शत्रुभय, मृत्युभय, दारुण संकट से मुक्ति, बुद्धिहीन विद्यार्थियों को बल-बुद्धि, विद्या की प्राप्ति, समस्त सांसारिक कष्टों और विपत्तियों का नाश नियमित साधना से दूर किया जा सकता है।

मेरा छोटा भाई अफसरों की अनबन, भयंकर शत्रुता के कारण सरकारी सर्विस खो चुका था और फिर से नौकरी पाने के लिए न्यायालय के चक्कर काट रहा था। मैंने परामर्श दिया कि हनुमान चालीसा, संकटमोचन हनुमानाष्टक और बजरंग बाण को प्रातः रात्रि श्रद्धा भक्ति- विश्वास से मेंहदीपुर बालाजी और सालासर हनुमानजी का चित्र स्थापित करके पाठ करो फिर से सरकारी सर्विस लग जायेगी। मुकदमे में विजय मिलेगी और

भ्रष्ट अधिकारियों को हनुमानजी दंड भी देंगे। हनुमानजी की कृपा से एक वर्ष बाद सरकारी सर्विस का आदेश मिला और भ्रष्ट अधिकारी असाध्य रोग से ग्रसित हो गये।

विश्व प्रसिद्ध विष्णु स्वरूप श्रीनाथजी की तीर्थ नगरी नाथद्वारा में शाक्त, शैव, वैष्णव, जैन सम्प्रदाय के लोग, बड़े-बड़े धनपतियों, उद्योगपतियों, सिद्ध साधकों उपासकों, साधु-सन्त, योगियों का आगमन होता रहता है। उनका मानना है कि कलियुग में हनुमान, भैरव गणपति, लक्ष्मी-काली-दुर्गा-अन्नपूर्णा, शिव-शक्ति की साधना शीघ्र फलदायी होती है। साधना सिद्ध गुरु से मंत्र दीक्षा लेकर करनी चाहिये जिससे साधना में विघ्न बाधा उपस्थित न हो।

हनुमानजी की असीम अनुकम्पा धन, ऐश्वर्य, सुख-शान्ति-समृद्धि, व्यापार-व्यवसाय-उद्योग-धन्धे से निरन्तर उन्नति चाहने वाले साधक मूल मंत्र का जाप या हनुमान चालीसा- संकट मोचन हनुमानाष्टक का पाठ स्वयं करे और अपने नाम से मारुति स्तोत्र- राम रक्षा स्तोत्र या रुद्रयामलोक्त सम्पुटित श्री सूक्त का पाठ भगवान श्रीनाथजी की नगरी नाथद्वारा कम से कम तीन वर्ष या पाँच वर्ष तक श्रद्धा से करवायें। श्रीनाथजी और सुदर्शन चक्र की रक्षार्थ चारों दिशाओं के सिद्ध हनुमानजी का स्वरूप नाथद्वारा में विराजमान है वे आपके समस्त मनोरथ पूर्ण करेंगे।

मैं पाठकों की सेवा में सिद्ध अमोघ गुरु गम्य- सिद्ध हनुमान साधकों के चमत्कारी मन्त्र प्रयोग बता रहा हूँ आप श्रद्धा- भक्ति- विश्वास से नियमित एक माला जप करे और अधिक से अधिक इष्ट मित्रों को भी मंत्र प्रयोग बताएं। आप पर मारुति नन्दन हनुमानजी की असीम अनुकम्पा होगी। जब हनुमान जी की कृपा हो गई तो भगवान राम-सीता शिव-शक्ति की कृपा स्वतः हो जायेगी।

हनुमानजी के चमत्कारी मन्त्र प्रयोग

मंत्र न. १ :-

"ॐ नमो चिंतामणि हनुमते आयुष्य आरोग्य ऐश्वर्यादि वांछित सकल मम् अष्ट सिद्धि नव निधि देहि देहि स्वाहा"

इस मंत्र को श्रद्धा भक्ति विश्वास से राम पंचायत मेहंदीपुर बालाजी या सालासर हनुमानजी का रंगीन चित्र के पास प्राण प्रतिष्ठित श्री यन्त्र, लक्ष्मी यन्त्र, कुबेर यन्त्र, गणपति यन्त्र ताम्र पत्र या फोटोग्राफ के यन्त्र स्थापित करके स्वयं ऊन के आसन पर पूर्व या उत्तर मुँह बैठकर रुद्राक्ष या लाल चंदन की माला से १०८ बार जप करे हनुमानजी की साधना के पूर्व रामनाम का स्मरण 'ॐ नमः शिवाय' के जप से हनुमानजी शीघ्र प्रसन्न होते हैं। हनुमानजी को नैवेद्य में तुलसी पत्र चढ़ायें। इस मंत्र के प्रभाव से आयुष्य आरोग्य- धन ऐश्वर्य सुख- समृद्धि की वृद्धि होगी। मंत्र जप प्रातः या रात्रि में घर में कर सकते हैं।

मंत्र न. २ :-

"ॐ ऐं ह्रीं श्रीं नमो भगवते हनुमते मम कार्येषु ज्वल ज्वल प्रज्जवल प्रज्जवल असाध्यं साधय साधय मां रक्ष रक्ष सर्व दुष्टेभ्यो हुँ फट् स्वाहा"

इस मंत्र को प्रथम मंत्र की विधि के अनुसार कम से कम एक माला या पाँच माला जप करें। इस मंत्र के प्रभाव से भूत-प्रेत-पिशाच, अदृश्य शक्तियों से रक्षा, रोग निवृत्ति, शत्रुओं का विनाश, इच्छित लक्ष्मी प्राप्ति, व्यापार-व्यवसाय, उद्योग-धन्धे में आश्चर्य जनक उन्नति कठिन से कठिन कार्य में सफलता मिलती है। इस मंत्र की नियमित साधना से दुष्ट शत्रुओं द्वारा व्यापार में किया गया तांत्रिक प्रभाव या भेली विद्या का प्रकोप समाप्त होकर, व्यापार धन्धा भाग्य बन्धा हो तो खुल जाता है। हनुमानजी के श्रद्धा भक्ति से इन मंत्रों का जप करने से असमर्थ व्यक्ति आर्त भाव से हनुमान चालीसा, संकट मोचन हनुमानाष्टक, बजरंग बाण, हनुमान साठिका का नियमित पाठ कर सकते हैं।

मन्त्र ३ :-

ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं अंजनी सुताय विद्महे वायु पुत्राय धी महि तन्नो हनुमत प्रचोदयात"

विधि :- इस मंत्र को सिद्ध हनुमानजी की प्रतिमा या घर में एकान्त स्थल में मेहंदीपुर बालाजी के रंगीन फोटो के पास ताम्रपत्र के श्रीयन्त्र, लक्ष्मी यन्त्र, कुबेर यन्त्र, गणपति यन्त्र स्थापित करे।

हनुमानजी सहित सिद्ध यन्त्रों की पंचोपचार पूजन करके स्वयं ऊन के आसन पर पूर्व मुख बैठकर लाल चंदन या रुद्राक्ष की माला से २१ दिन में सवा लाख जप करें। प्रसाद मालपूवों का चढ़ाये फिर वे मालपुवे स्वयं भोजन करें। भोजन एक समय ही करना है। २१वें दिन स्वप्न में नाग के दर्शन होंगे मंत्र साधना की सिद्धि का सूचक होगा। जप दिन की १० बजे या रात्रि को १० बजे बाद ही करना चाहिये। हनुमानजी की कृपा से स्वप्न में नाग दर्शन के बाद धीरे-धीरे धन, ऐश्वर्य, सुख-समृद्धि, व्यापार-व्यवसाय में आश्चर्यजनक उन्नति होगी। अगर आपके अशुभ बाधक ग्रह के प्रकोप से धन हानि, भयंकर कर्जदारी बढ़ी हो तो ग्रह जप के साथ महामृत्युंज्य जाप करना कर साधन शुभ मुहूर्त पर करें। साधना काल में २१ दिन तक ब्रह्मचर्य का पालन करें क्षौर नहीं करवाये। अगर कोई साधक किसी कारणवश २१ दिन में सवा लाख जप करने में असमर्थ हो तो नियमित एक माला या पाँच माला या ग्यारह माला श्रद्धा से जप कर सकते हैं मारुति नन्दन की कृपा से धन-ऐश्वर्य समृद्धि धीरे-धीरे बढ़ेगी।

नाथद्वारा भगवान श्रीनाथजी की ध्वजा और सुदर्शन चक्र में अदृश्य रूप से साक्षात् हनुमानजी का पहरा है और नगर के चारों दिशाओं में सिद्ध चमत्कारी- चैतन्य हनुमानजी का स्वरूप विद्यमान हैं। पाठक गण नियमित रुद्रयामालोक्त सम्पुटित श्री सूक्त का पाठ मेरी देख रेख में करवा सकते हैं जिससे राम भक्त हनुमानजी की कृपा से समस्त

मनोकामना के साथ साथ धन ऐश्वर्य सुख समृद्धि- व्यापार व्यवसाय उद्योग-धन्धे में आश्चर्यजनक उन्नति होगी।

आज से ३० वर्ष पूर्व मेरे घनिष्ठ मित्र अर्थाभाव से अत्यन्त दु:खी- दारिद्र-संकट ग्रस्त भयंकर कर्जदारी से त्रस्त थे। भगवान श्री नाथजी के दर्शनाथ ज्योतिष-तांत्रिक विद्या के सिद्ध-उपासक सन्त का आगमन हुआ। उन्होंने मेरे मित्र की जन्म पत्रिका हस्त रेखा का अवलोकन करके परामर्श दिया कि शनि राहु-केतु ग्रह जप के साथ महामृत्युंज्य जप हर वर्ष श्रद्धा से योग्य विद्वान से करवाकर हनुमानजी की साधना करो और अपने नाम से कम से कम ५ वर्ष रुद्रयामालोक्त श्री सूक्त का पाठ श्री नाथजी- सुदर्शन चक्र की साक्षी में करवाओ जिससे पूर्व जन्म के पाप नाश होकर- साधना द्वारा लक्ष्मी कृपा व व्यापार- व्यवसाय में उन्नति होगी समस्त दु:ख दूर होंगे। मेरे मित्र ३० वर्षों से नियमित साधना कर रहे हैं। हनुमानजी की कृपा से आज लाखों का बैंक बैलेन्स, करोड़ों की जमीने, कारें, बंगले, आलीशान मारबल का व्यवसाय है। वे स्वयं इतने व्यस्त रहते हुये भी नियमित प्रात: रात्रि ११-११ माला श्रद्धा से जप करते हैं। मेरे मित्र का मानना है कि पुण्य से भाग्य परिवर्तन होता है रोग-शोक-संकट दूर होते हैं। मासिक वेतन से पंडितों को नियुक्त कर रखा है वे रुद्रयामालोक्त श्री सूक्त के साथ अन्य पूजा पाठ करते रहते हैं।

मंत्र ४ :- "ॐ नमो हनुमंताय आवेशय आवेशय स्वाहा"

मंगलवार को साधक स्नान कर लाल वस्त्र धारण करके लाल ऊन के आसन पर बैठकर उपर लिखे प्रथम मंत्र की विधि अनुसार जप करे। शारीरिक बल, असाध्य रोग से छुटकारा, बैरोजगार को रोजगार की प्राप्ति होगी।

मंत्र ५ :- "ॐ ह्रीं मर्कट मर्कटाय सत्यं दर्श दर्शाय स्वाहा"

इस मंत्र का नियमित जप से स्वप्न में हनुमानजी धन रोजगार के मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रथम विधि अनुसार मंत्र जप करे।

मंत्र ६ :- "ॐ नमो हनुमते भय भजंनाय सुखं कुरु कुरु स्वाहा"

प्रथम विधि के अनुसार मंत्र जप से समस्त भय का नाश- सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

विचित्र वीर हनुमान स्त्रोत्रम्

ॐ ह्रीं नमो भगवते विचित्रवीर हनुमते प्रलय कालानल प्रभा- प्रज्वलनाय, प्रताप वज्र देहाय, अंञ्जनीगर्भ संभूताय, प्रकट वीर दैत्य दानव यक्षरक्षोगण ग्रह बंधनाय, भूतग्रह बंधनाय प्रेतग्रह बंधनाय- पिशाचग्रह बंधनाय, शाकिनी डाकिनी ग्रह बंधनाय- काकिनी ग्रह बंधनाय, ब्रह्म ग्रह बंधनाय- ब्रह्म राक्षस ग्रह बंधनाय, चौर ग्रह बंधनाय- मारिग्रह बंधनाय, एहि एहि आगच्छ आगच्छ, आवेशय आवेशय, मम हृदये प्रवेशय प्रवेशय, स्फुर स्फुर, प्रस्फुर प्रस्फुर, सत्यं कथय- व्याघ्रमुख बंधन, सर्प मुख बंधन, राजमुख बंधन- नारी मुख बंधन, सभामुख बंधन- शत्रुमुख बंधन- सर्व मुख बंधन- लंका प्रसाद भञ्जन, अमुकं में वशमानय क्लीं क्लीं क्लीं श्रीं श्रीं राजान वश मानय। श्रीं ह्रीं क्लीं स्त्रीणां आकर्षय आकर्षय शत्रून मर्दय मर्दय मारय मारय चूरय चूरय खे खे श्री राम चन्द्राज्ञया मम कार्य सिद्धि कुरु ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं हें ह्रौं ह्रः फट् स्वाहा"

मेहंदीपुर बालाजी के रंगीन फोटोग्राफ के सामने विचित्र वीर हनुमान स्तोत्र के ११०० जप करने से समस्त शत्रुओं का नाश, इच्छित लक्ष्मी प्राप्ति, भूत-प्रेत, पिशाच, डाकिनी-शाकिनी, काकिनी से रक्षा होती है। जब जब मैं संकट में पड़ा विचित्र वीर हनुमान के स्त्रोत्र से समस्त विघ्न बाधा संकटों से मुक्ति मिली।

इस हनुमान साधना संबंधित विशेष जानकारी जवाबी पत्र भेजकर प्राप्त कर सकते हैं।

सम्पर्क सूत्र:- रमेश चन्द्र नामधर, श्रीनव दुर्गा ज्योतिष अनुसंधान केन्द्र
९ श्री जी मार्केट नाथ द्वारा, जिला राजसमन्द (राजस्थान) ३१३३०१

पृष्ठ १७ का शेष

ग्रहों के उदयास्त

वि. सम्वत् २०५८ में मंगल अस्त नहीं होगा।

बुध	अप्रैल	११	पूर्वास्त
बुध	मई	५	पश्चिमोदय
बुध	जून	७	पश्चिमास्त
बुध	जून	२६	पूर्वोदय
बुध	जुला.	२४	पूर्वास्त
बुध	अग.	१९	पश्चिमोदय
बुध	अक्टू.	७	पश्चिमास्त
बुध	अक्टू.	२०	पूर्वोदय
बुध	नव.	१२	पूर्वास्त
बुध	दिस.	२९	पश्चिमोदय
बुध	जन.	२१ (२००२)	पश्चिमास्त
बुध	फर.	३	पूर्वोदय
बुध	मार्च	२५	पूर्वास्त
गुरु	जून	४	पश्चिमास्त
गुरु	जून	२८	पूर्वोदय
शुक्र	मार्च	२८	पश्चिमास्त
शुक्र	अप्रैल	१	पूर्वोदय
शुक्र	दिस.	२१	पूर्वास्त
शुक्र	फर.	८ (२००२)	पश्चिमोदय
शनि	मई	७	पश्चिमास्त
शनि	जून	१३	पूर्वोदय

पंचांगुली साधना का प्रत्यक्ष चमत्कार

हमने, 'सामुद्रिक शास्त्र के सन्दर्भ में हाथ की रेखाओं एवं पर्वतों के बारे में स्पष्ट वर्णन किया है। परंतु पंचांगुली साधना के विषय में वर्णन नहीं किया गया है। इस अध्याय में पंचांगुली साधना का प्रत्यक्ष चमत्कार एवं इसकी पूरी जानकारी प्रदान करने के लिए हम यह प्रयास कर रहे हैं। क्योंकि शास्त्र का मत है कि गुरु बिना गत नहीं शाह बिना पत नहीं। अर्थात् मैं अपने पूर्वजों के बताये हुए गोपनीय रहस्य को आज विश्व के सामने व्यवहारिक हस्त रेखा शास्त्र नामक इस पुस्तक में वर्णन कर रहा हूँ कि सफल भविष्य वक्ता बनने के लिए तथा ज्योतिष शास्त्र में विश्व विख्यात बनने के लिए पंचांगुली साधना अति आवश्यक है। क्योंकि हस्त रेखाओं की पुस्तकों का अध्ययन करने से सफल भविष्य वक्ता बनना असम्भव है, न ही उस भविष्यवाणी की सटीक आवाज होती है। ज्योतिष एवं हस्त रेखा विशेषज्ञ को अपने ईष्ट के बल पर डंके की चोट से भविष्यवाणी करनी चाहिए। इसलिए इस युग में साधक गुरु मिलना दुर्लभ है। जो किसी को विद्या का उच्च मार्ग दिखा दिखा सके। विश्व विख्यात कीरो जिसका आज भी नाम हस्त रेखाओं के क्षेत्र में विश्व की धरोहर बन कर गूंज रहा है परन्तु कीरो हस्त रेखाओं के विषय में इतना अनुभवी नहीं था। पंचांगुली साधना पूर्ण करने से उसका नाम विश्व में विख्यात हुआ पंचांगुली देवी की जिस भविष्य वक्ता के ऊपर पूर्ण कृपा हो उसके कहे हुए वचन कभी असत्य नहीं हो सकते। ऐसा भविष्य वक्ता त्रिकालदर्शी बन सकता है। अर्थात् तीनों कालों का भविष्य कथन स्टीक रूप में समय से पहले कर सकता है। आप लोगों ने हर किस्म के देवी देवताओं के चित्र तो देखे होंगे परन्तु पंचांगुली देवी का चित्र कुछ प्रमुख भविष्यवक्ताओं के पास ही उपलब्ध हो सकता है। यदि कोई व्यक्ति नियम पूर्वक पंचांगुली देवी की साधना करता है, तो वह शीघ्र ही सफल भविष्य वक्ता बन सकता है। किसी भी व्यक्ति का हाथ देखने से उसका भूत, वर्तमान, भविष्य, भविष्य वक्ता के सामने साकार हो उठता है। ऐसे भविष्यवक्ता शुभ तथा अशुभ तथा सूक्ष्म रहस्यों से भी भलिभांति परिचित हो जाता है। यह साधना प्राचीन योगियों तथा सिद्ध पुरुषों के पास आज भी विराजमान है। परन्तु इस साधना का प्रयोग सिर्फ पात्र को ही देना चाहिये अपात्र को नहीं। सही गुरु के मिलने से वह व्यक्ति सफल भविष्यवक्ता बन जाता है, उसे ज्योतिष का ज्ञान तथा अंक विद्या एवं जन्म पत्री ज्ञान की आवश्यकता ही नहीं होती।

पंचांगुली देवी की साधना कैसे करें?

सन् १९७५ में मैंने पंचांगुल देवी की साधना युवावस्था में की थी। इस साधना के लिए सिद्ध पुरुष एवं ज्योतिष शिरोमणि स्व. पं दुर्गानन्द ज्योतिर्विद, ग्राम तलवाडा निवासी नंगल डैम जिला रोपड़ (पंजाब) के द्वारा मुझे पंचांगुली साधना का चमत्कार प्रयोग कराया गया। परन्तु यह साधना इतनी कठिन है कि आम व्यक्ति इस साधना को नहीं कर सकता। तपस्या का अर्थ है कि तपाना तथा उस तपस्या की कृपा से व्यक्ति आनन्द विभोर हो उठता है। फिर उसके ऊपर भूख, प्यास, सुख, दुख, जागना सोना, सब चीजों पर मनुष्य का अधिकार हो जाता है तो यह समझ लेना चाहिए कि पंचांगुली साधना की जागृति हो चुकी है। परन्तु जब इस साधना में लीन होता है तो उन्हीं दिनों में मनुष्य के ऊपर बड़े बड़े संकट तथा नयी नयी परेशानियां आनी शुरु हो जाती हैं तथा मार्ग में ऐसे कांटे पड़ जाते हैं कि उनको पार करना आम आदमी के वश की बात नहीं होती। यह साधना २७ दिन की जाती है। परन्तु जो मैं स्पष्ट लेखनी से लिख रहा हूँ, वह आज तक किसी भी भविष्यवक्ता ने नहीं लिखा है। मैं जन हित के लिए पूर्ण ज्ञान के तौर पर इसका वर्णन कर रहा हूँ कि इस पंचांगुली साधना का हस्त नक्षत्र अर्थात् हाथों का नक्षत्र में कार्तिक के महीने में हस्त नक्षत्र से शुरु करके हस्त नक्षत्र तक जातक करें। यह जप सिर्फ २७ दिन का होता है तथा एक माला प्रतिदिन जाप करें तथा उसी माला का दशांश हवन पंचमेवा एवं देशी घी से करें। जप करते समय काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को त्याग दें एवं पंचांगुली जप रुद्राक्ष से या तुलसी माला से करें। जप करने से पहले माला का पूजन करें। तथा गणित मंत्र 'ॐ गणगणपति नमः' की एक माला प्रतिदिन करें। जप करते समय कुशासन या ऊनी कम्बल का आसन रखें। पूर्वाभिमुख होकर के साधना करें। साधना करते समय गुरु की साक्षी में ही साधना करनी चाहिए या गुरु के परामर्श के अनुसार ही साधना करनी चाहिए तभी उसमें पूर्ण सफलता प्राप्त होगी। जप करने से पहले आसन शुद्धि नवग्रहों का पूजन, गणपति पूजन तथा गणपति की माला प्रतिदिन करें उसके पश्चात पंचांगुली मन्त्र का जाप करें। जाप के दिनों में अपने सभी कार्य त्याग दें तथा घर में ही रहें, घर से बाहर कहीं न जायें। घर मे ही शयन करें। २८ दिन लगातार अन्न का त्याग करें तथा फलाहार ही करें।

जपकाल के नियम

जपकाल में निम्न नियमों का पालन करना अति आवश्यक है।

भूमि शयन, ब्रह्मचर्य का पालन, नित्य स्नान, मौन, नित्य दान, गुरु सेवा, पापकर्म का त्याग, नित्य पूजा अर्चना, ईष्ट देव तथा गुरु में श्रद्धा, जप निष्ठा, पवित्रता

इस साधना में कुछ बातों का ध्यान अति आवश्यक है।

१. स्त्री संसर्ग तथा स्त्री चर्चा साधना काल में त्याज्य है। २. क्षौर कर्म न करें। ३. संध्या गायत्री स्मरण निश्चित हो। ४. नग्न अवस्था में, बिना स्नान किये, अपवित्र हाथ से तथा सिर पर कपड़ा रखकर भी जप करना निषेध है। ५. जप के समय माला पूरी किये बिना बातचीत नहीं करनी चाहिए। ६. जप के समय में छींक, नींद, थूकना, डरना, अपवित्र वस्त्र, बातचीत, क्रोध आदि जप काल में वर्जित हैं। ७. आलस्य, जम्भाई, छींक, अप्रश्य, अपान वायु होने पर हाथ धोवें तथा कानों को जल से स्पर्श करें। ८. पहले दिन जितना जप किया जाये रोज उतना ही जप करें। इसे घटाना या बढ़ाना नहीं चाहिए। ९. जप काल में शौच जाने पर पुनः स्नान करें तथा साफ वस्त्र पहनें।

पंचांगुली साधना में कई ऐसे गूढ रहस्य हैं जो आज तक किसी भी भविष्यवक्ता ने हस्त रेखा शास्त्रों में वर्णित नहीं किये हैं। जब तक पंचांगुली साधना की जानकारी न हो जावे तथा इसका जप हवन, जप संख्या, जप में बैठने का समय, जप से उठने का समय हमेशा एक ही होना चाहिए तथा जप का आसन तथा स्थान भी एक ही होना चाहिए। जप करते समय पंचांगुली माता पर पूर्ण विश्वास तथा निष्ठा होनी चाहिए, यह शंका न करें कि, कि 'मैं जो साधना कर रहा हूँ तथा इतना

हमेशा के लिए ही मन से निकाल देनी चाहिए। जप करने से पहले अपने इष्ट देव तथा गुरु देव को साक्षी रख कर मन ही मन सच्चे मन से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि मैं जो पंचांगुली साधना कर रहा हूँ, वह आपकी प्रेरणा द्वारा कर रहा हूं। आप ही इस अनुष्ठान को करने वाले हैं तथा आप की इस अनुष्ठान को कराने वाले हैं। आप ही इसको पूर्ण करने वाले हैं।

पंचांगुली यन्त्र

हमने विगत वर्षों में ज्योतिष की कई प्रमुख पुस्तकों का अवलोकन किया परन्तु उन पुस्तकों में पंचांगुली यन्त्र को पूर्ण रूप से छिपाकर रखा गया है। जो सही रूप में पंचांगुली यन्त्र है वह किसी भी पुस्तक में उपलब्ध नहीं है। कुछ लेखकों ने अपनी पुस्तक का सर ऊँचाा करने के लिए मन घड़ण्त पंचांगुली यन्त्र प्रकाशित कराये हैं। ऐसे यन्त्र की पूजा करने से साधक को स्वप्न मात्र में भी सिद्धि प्राप्त नहीं हो सकती। आज मैं विश्व के हित के लिए पंचांगुली साधना यन्त्र अवलोकन हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ। इस यन्त्र का इतना कमाल है कि जिसको इस यन्त्र की पूर्ण रूप से सिद्धि प्राप्त हो जाती है तब, इस यन्त्र का जल से स्नान कराकर किसी भी पीड़ित प्राणी को पिलाया जाये तो उसका दैविक, भौतिक एवं आध्यात्मिक किसी भी प्रकार का दोष हो या कोई बाहरी छाया हो या दवाईयां काम न कर रही हों रोग बिगड़ चुके हों, बड़े बड़े विशेषज्ञ फेल हो चुके हों तो इस यन्त्र के पानी के प्रयोग से उनके असाध्य रोग दूर होकर मनुष्य स्वस्थ हुये हैं तथा भूत, प्रेत छाया भी दूर हुई है। जप करने से पहले संकल्प करें।

सबसे पहले श्री गणेश का पूजन एवं नवग्रह पूजन विधि-विधान से करें तथा ब्रह्मा, विष्णु महेश आदि का पूजन तथा इष्ट देवता तथा कुल देवता एवं गुरु देवता का श्रद्धा से पूजन करें। उसके पश्चात कलश का पूजन करें। नव ग्रहो के लिए नवग्रह का चित्र सामने रखकर एक साथ थाली में प्रतिदिन रोली से नवग्रहो का चित्र बनायें तथा सभी नवग्रहों का जल तिलक, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य तथा मोली से अलग अलग पूजन करें। यदि साधक को नवग्रहों के मन्त्र पढ़ने का ज्ञान नहीं है तो ऊपर लिखित सामग्री चढ़ाते समय, 'ॐ गण गणपते नमः', कह कर सारी सामग्री गणपति भगवान पर चढ़ावें एवं नमस्कार करें। ऐसे ही ॐ काराय नमः कह कर सारी सामग्री चढ़ा कर नमस्कार करें। ऐसे ही सूर्य चन्द्र मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहू, केतू आदि को अलग अलग कह करके सारी सामग्री चढ़ावें तथा हर मंत्र की सामग्री चढ़ाते समय ओम सूर्य नारायणाय नमः सूर्य के लिए तथा इसी प्रकार अन्य के लिए भी नाम लेंवे। ऐसे ही कलश का पूजन करने के लिए ओम वरुणाय नमः मंत्र का जाप करें। उसके पश्चात हाथ में चावल एवं पुष्प लेकर सभी नवग्रहों से प्रार्थना करें।

ओम ब्रह्मामुरारीः त्रिपुरान्तकारी भानु शशि भूमि सुतो बुधश्च
गुरुश्च शुक्रः शनि राहु केतवः सर्वेग्रहा शान्ति कराः भवन्तु।

इसके पश्चात हाथ जोड़कर साधक प्रार्थना करे कि हे नवग्रहों मेरे ऊपर से सभी ग्रहों का अनिष्ट दूर हो तथा नवग्रहों की शान्ति हो उसके पश्चात दोनों हाथ जोड़कर निम्न मंत्र पढ़ कर प्रार्थना करे।

ओम आकाशात्पतितम् तोयं यथा गच्छति सागरः। सर्वदेव नमस्कारं केशवम्प्रतिगच्छति। नमो ब्रह्मण्यदेवाय गो ब्राह्मण हिताय च। जगद्हिताय कृष्णाय गोविन्दाय नमो नमः

अर्थात् सभी देवताओं से प्रार्थना करें कि मैं जो श्रद्धा भावना से इस साधना को आपकी कृपा से कर रहा हूं इस साधना रुपी अनुष्ठान से मुझे पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त हो। इसके पश्चात अंग न्यास करें।

ॐ परशरि मूर्तये नमः शिरसि।	साधक अपने सिर को हाथ लगाये।
मंयगले नमः मुखे।	साधक अपने मुख पर हाथ लगाये।
सुन्दरयै नमः हृदि।	साधक अपने हृदय पर हाथ लगाये।
ऐं बीजाय नमः गुह्ये	साधक अपने कमर पर हाथ लगाये
सौः बीजाय नमः पादयो।	साधक अपने पैर पर हाथ लगायें।
क्लीं कीलकाय नमः नाभौ।	साधक अपने नाभि पर हाथ लगायें।
विनियोगाय नमः सर्वांगे।	साधक शरीर के सारे अंगों को हाथ लगाये।

कर शुद्धि न्यास

हाथ की रेखाओं को शुद्ध करने के लिए मंत्र

ॐ ह्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः।	ॐ श्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा।
ॐ क्रीं मध्माभ्यां वषट्।	ॐ आं अनामिकाभ्यां हुम्।
ॐ सौः कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।	ॐ ह्रीं श्रीं सौः करतल कर पृष्ठाभ्यां फट्।

हृदयादिन्यास

ॐ ह्रीं हृदयाय नमः।	ॐ श्रीं शिरसे स्वाहा।
ॐ क्रीं शिखायै वषट्।	ॐ आं कवचाय हुम्।
ॐ सौः नेत्रत्रयाय वौषट्।	ॐ ह्रीं श्रीं सौः अस्त्रायफट्।

संकल्प

ओम् अस्य श्री कस्या-चित सच्चिदानन्द रुपस्य ब्रह्मणो अनिर्वाच्य मायाशक्ति विजृमिता विद्या योगात् कालकर्म स्व-भावाविर्भूत महत्तवा दिताहं कारोद्भूत वियदादि पंच महाभूतेन्द्रिय देवता निर्मिते अंडकटाहे चतुर्दश लोकात्मके लीलया तन्तध्यवावर्तिनी भगवतः श्री नारायणस्य नाभि कमलोद्भूत सकल लोक पितामहस्य ब्रह्मणः सृष्टिं कुर्वतस्तदद्धरणाय प्रजापति प्रार्थितस्य श्री सित वाराह वतारेण ध्रिय मायाणां यस्यां धरित्र्याम् भुवर्लोके संहितायां सप्तद्वीप मंडितायां क्षीरोदार्धाब्ध द्विगुणतीय वलयिकृत लक्ष्योजन विस्तीर्ण जम्बूद्वीपे स्वर्गस्थिता अमराद्या-सा शितवतारे गंगादि सरिद्विः प्राविते: निखिल जन मुनिकृत निर्वसतिके नैमिषारण्ये कन्या कुमारिके क्षेत्रे पुष्कराण्ये श्री मन्मार्तण्डस्य कृपापात्र कालत्रित यज्ञ गर्गवाराह गणितायां संख्यायां श्री ब्रह्मणो द्वितीय प्रहरार्ध श्री श्वेत वाराह नाम्नि प्रथम कल्पे,

